ऋग्वेद

[प्रथम—खण्ड]

(सायण-भाष्यावलम्बी सरल हिन्दी भावार्थ सहित)

सम्पादक:

वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ

पं० श्रीराम शर्मा आचार्य

चारों वेद, १०८ उपनिषद्, षट्दर्शन, योग वशिष्ठ,
२० स्मृतियाँ, व १८ पुराणों
के प्रसिद्ध भाष्यकार

प्रकाशक:

संस्कृति संस्थान

...ेली २४३००१ (उ०प्र०)

भूमिका

'वेद ही समस्त धर्मों का मूल है'– यह घोषणा अब से हजारो वर्ष पहले ऋषि महर्षियो ने की थी और आज सब प्रकार की वैज्ञानिक उन्नति कर लेने पर भी हम उस प्राचीन सत्य से इन्कार नही कर सकते। वेदो का ज्ञान नित्य है और उसे ईश्वरीय प्रेरणा से उन ज्ञानी जनो ने प्रकट किया है जो काम, क्रोध, लोभ, मोह आदि पर पूर्ण विजय प्राप्त करके मनुष्य मात्र को आत्मवत देखते थे और इसलिये जो कुछ वे कहते थे उसमे मानवमात्र ही नही, समस्त सृष्टि के कल्याण और सुख की भावना सन्निहित रहती थी। उन्होने जो उपदेश दिये हैं, जीवन का जो मार्ग प्रदर्शित किया है, आचार-विचार व्यवहार के जो नियम बतलाये हैं, वे सब त्रिकालबाधित सत्य सिद्धान्तो पर आधारित है। उन्होंने समाज और व्यक्तियों के आचरण और पारस्परिक सम्बन्धों के लिये जो विधान बनाया है, उसके मूल तत्व अपरिवर्तनीय है और जब कभी मनुष्य उन तत्वो से दूर हटता है अथवा उनके विपरीत चलने लगता है, तभी ससार के ऊपर कष्ट और नाश की काली घटायें छा जाती हैं। वेदो के नियम स्वाभाविक और प्राकृतिक हैं, और वे पूर्णतया परमात्मा के आदेशो के आधार पर निश्चित किये गये हैं, इसलिये वे किसी भी दशा मे मनुष्य के लिए हानिप्रद सिद्ध नही होते। इसके विपरीत जो धर्म-ग्रन्थ या धर्म प्रचारक केवल अपने समुदाय या समाज के हित का ध्यान रखकर उपदेश देते हैं और नियम बनाते हैं, उनमे स्वार्थ की भावना किसी न किसी रूप मे सन्निहित हो जाती है और उसका अन्तिम परिणाम राग द्वेष की उत्पत्ति होना है जिसमे लोगों को कष्ट सहन करना पडता है। कहना नही होगा कि ससार के अन्य सभी धर्म एक-एक विशेष सम्प्रदाय या समुदाय के हितो की दृष्टि से बनाये गये हैं, इसलिये मनुष्य मात्र के लिये एक समान उपयोगी सिद्ध नही हो

सकते। इतना ही नहीं उनके द्वारा प्रायः बड़े-बड़े वैमनस्यों और कलह की उत्पत्ति होते हुए भी हम देख चुके हैं। पर वेदों में कहीं एक विशेष धर्म या सम्प्रदाय को दृष्टिगोचर रखकर उपदेश नहीं दिया गया है, वरन् स्थान स्थान पर प्राणीमात्र के कल्याण और हित-साधन का ही उपदेश दिया है। यही कारण है कि वेद अनादिकाल से एक ही रूप में चले आए हैं और उनकी शिक्षायें निरन्तर एक-सी कल्याणकारी रही हैं।

पर यह देखकर प्रत्येक धर्माभिमानी के मन मे एक प्रकार के खेद का भाव उदय होगा कि इतना महत्वपूर्ण होने पर भी वेद का प्रचार नाम मात्र को ही है। ईसाइयों की "बाईबिल" की प्रतिवर्ष कई करोड़ प्रतियाँ बिक जाती हैं और ससार की डेढ़-दो सौ भाषाओं में उनके अनुवाद करके घोर जङ्गलो तथा बर्फिस्तानों और रेगिस्तानों के मुट्ठी भर निवासियों तक उसका सन्देश पहुँचाया जा रहा है। कुरान का प्रचार भी कम नहीं है और प्रत्येक धार्मिक मुसलमान अपना यह कर्तव्य समझता है कि कुरान को नित्य पढ़े और उसे पास रखे। एक लेखक ने तो लिखा है कि कुरान के ऊपर गीता से भी अधिक संख्या में भाष्य हो चुके हैं। कुरान का अनुवाद भी ससार की समस्त प्रमुख भाषाओं में हो चुका है और उसका सर्वत्र प्रचार है। पर वेदो के सम्बन्ध मे हमको संकोच पूर्वक स्वीकार करना पड़ता है कि उनका जैसा होना चाहिये वैसा प्रचार तो दूर रहा, अधिकांश हिन्दुओं ने आज तक वेदों के दर्शन भी नहीं किये। विदेशी लेखकों ने वेदों पर किसी जमाने में बड़ी खोज-बीन की थी, पर सब आलोचनात्मक साहित्य है। इनमे से अनेक लेखकों ने वेदों के अर्थ का अनर्थ करके उनको बदनाम करने की चेष्टा की है। हम विदेशी और विधर्मी लोगों से यह आशा भी नहीं कर सकते कि वे धार्मिक श्रद्धा के साथ वेदों का [illegible] पाठ करेंगे। उन्होंने किसी भी [illegible] "बी [illegible] ससार" में फैला दिया अ [illegible] न कर

किया, इतना ही उनके लिए बहुत है और वे हमारे धन्यवाद के पात्र हैं। पर प्रश्न तो यह है कि वेदों की संरक्षता के नीचे पले हुए हम हिन्दुओं ने उनके प्रचारार्थ क्या किया ? यह सत्य है कि वेद की मूल संहिताएँ कई जगह छप चुकी हैं और पूरा या अधूरा हिन्दी अनुवाद भी दो-चार जगह से प्रकाशित किया गया है, पर इनमें से अधिकांश पुस्तकें बीसियों वर्षों तक रहकर अब अप्राप्य हो चुकी हैं। न उनके प्रचार का यथोचित उद्योग किया गया और न पुनर्मुद्रण की कोई व्यवस्था हो सकी। पुस्तकालयों में भी जहां जो पुस्तक पड़ी है उसे शायद ही कभी कोई खोलकर देखता हो। इस दुरवस्था का मात्र कारण यही है कि न तो जनता को ही किसी ने वेदों का महत्त्व ठीक ढङ्ग से समझाने का प्रयत्न किया और न उनको सुलभ रूप में उनके पास पहुंचाने की व्यवस्था की गई। इसलिये सब प्रकार से मनुष्यमात्र के लिये बहुमूल्य और कल्याणकारी होने पर भी वेद एक छिपे हुए खजाने की तरह अभी तक अधिकांश में अज्ञात जैसे अवस्था में पड़े हुए हैं।

वेदों का भाष्य—

इसमें सन्देह नहीं कि उपर्युक्त अवस्था का एक कारण वेदों के अर्थ की दुरूहता और उसके सम्बन्ध में फैला हुआ मतभेद भी है। आज की बात छोड़ दीजिये, हजारों वर्ष पूर्व भी विद्वानों में वेदार्थ के विषय में वाद विवाद हुआ करता था और उनके सम्बन्ध में कई प्रकार के मत प्रचलित थे। सांख्य योग, न्याय, वैशेषिक, मीमांसा आदि सभी दर्शन शास्त्रों में वेद के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न मत प्रकट किये हैं। कोई उनके ज्ञान को ही नित्य मानता है और कोई शब्दों को भी नित्य कहतो है। मीमांसा दर्शन के कर्ता जैमिनि ने तो वेदों के प्रत्येक शब्द और उनके अर्थ को अनादि और अटल रूप से निश्चित बतलाया है।

यही कारण है कि अब वेदों पर अनेक भाष्य किये गये हैं और उनमें काफी मतभेद हैं। प्राचीन ग्रन्थों में स्कन्द, भास्कर मिश्र, भरत स्वामी, वेंकट माधव, उद्गीथ स्कन्द स्वामी नारायण, रावण, मुद्गल

महीधर उव्वट आदि कितने ही भाष्यकारों के भाष्य मिलते हैं। पर न तो उनके कोई प्रामाणिक ग्रन्थ मिलते हैं और न यही कहा जा सकता है कि उन्होंने चारों वेदों पर विस्तारपूर्वक भाष्य किया था। ऐसी दशा में प्राचीन समय के विद्वानों में केवल एक सायणाचार्य ही ऐसे हैं जिनके चारों वेदों के भाष्य पूर्णरूप में मिल सके हैं और जिनका आधार लेकर ही देश-विदेश के विद्वानों ने आधुनिक वेद सम्बन्धी साहित्य की रचना की है। सायण भाष्य पर्याप्त विस्तृत है और उसमें सर्वत्र प्राचीन परम्परा के अनुकूल अर्थ किया गया है। वेदों के प्राचीन भाष्यकार स्कन्द स्वामी, भट्ट भास्कर आदि के मत का भी उन्होंने ध्यान रखा है और बीच में उनके भाष्यों से अपने भाष्य का समर्थन किया है।

आजकल कुछ लोग यह आक्षेप करने लगे हैं कि सायण को वेदार्थ की कुन्जी-स्वरूप पानिनी के अष्टाध्यायी और यास्क के निरुक्त आदि का ज्ञान न था और इसलिये उन्होंने केवल पौराणिक कथाओं के अनुकूल ही वेद-भाष्य कर दिया है। पर यह विचार निराधार है। अभी हाल में आर्य समाज के एक मानवीय विद्वान तथा नेता पं० गङ्गाप्रसाद जी उपाध्याय ने अपनी "सायण और दयानन्द" नामक पुस्तक में इस विषय पर विचार करते हुए लिखा है—

"साधारण आर्यसमाजी समझता है कि सायणाचार्य पानिनी की अष्टाध्यायी और यास्क के निरुक्त से परिचित नहीं थे और न उन्होंने वेद-भाष्य का आधार इन प्राचीन ग्रन्थों को माना है। उन्होंने केवल पौराणिक आख्यायिकाओं के आधार पर ही मन्त्रों का भाष्य कर दिया है। पर जिन्होंने सायण के भाष्य का अवलोकन किया है वे जानते हैं कि सर्व साधारण की यह धारणा निराधार है। सायण के भाष्य में पाणिनि के सूत्रों तथा यास्क के वचनों की भरमार है। सायण की इन प्राचीन मौलिक ग्रन्थों पर श्रद्धा है। इस विषय में सायण भाष्य में वेद के समझने के लिए पर्याप्त सामग्री विद्यमान है।

वेदार्थ की शैली—

हमने अपने इस संस्करण मे वेद मन्त्रो का जो संक्षिप्त अर्थ दिया है वह सायण भाष्य के आधार पर ही है। सायण ने सर्व साधारण के समझने लायक अधिकांश मन्त्रो का अर्थ आदिभौतिक दृष्टि से ही किया है क्योंकि बहुसंख्यक जनता द्वारा वेदो का उपयोग विविध प्रकार के काम्य यज्ञो के लिए ही होने लगा था और लोग उसी आधिभौतिक दृष्टि से किये गये अर्थ को स्वाभाविक मानने लगे थे तो भी सायण ने जहां उचित प्रसङ्ग समझा है, वहां मन्त्रों का अर्थ आधिदैविक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी किया है। हमने भी यथाशक्ति इसी शैली का अनुसरण किया है और आशा है कि इसके द्वारा पाठकों को वेद मन्त्रों के स्थूल अर्थ का सामान्य बोध हो सकेगा।

इसके साथ ही हम यह भी कह देना चाहते हैं कि वेदार्थ अत्यन्त गूढ़ विषय है और वह इतने संक्षेप में स्पष्ट रूप से कदापि प्रकट नहीं किया जा सकता। वेद के अधिकांश मन्त्रो के आदिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक अर्थ होते हैं जिनको हम स्थूल, सूक्ष्म और कारणरूप भी कह सकते है। स्थूल मे बाह्य क्रियाकाण्ड, पूजा, उपासना, प्रार्थना, भिक्षा आदि का समावेश होता है। सूक्ष्म से प्रत्येक पदार्थ या कार्य के वैज्ञानिक रहस्य प्रकट होते हैं और उनकी शक्ति रूप मे परिणत करके सांसारिक उन्नति के नये-नये मार्गों का ज्ञान होता है। तीसरा कारण रूप अर्थ सबसे अधिक गूढ़ है, क्योंकि बिना आत्मज्ञान के वह भली प्रकार हृदयङ्गम नही हो सकता। हर तरह के शाप, वरदान अणिमा महिमा, लघिमा आदि अष्ट सिद्धियां इत्यादि कारण शक्ति के अन्तर्गत आते हैं। इस प्रकार वेदार्थ का जितना अधिक विस्तार किया जायेगा, उतने ही उसके नये-नये और गूढ़ रहस्य प्रकाशित होते चले जायेंगे। पर प्रस्तुत ग्रन्थ मे इसके लिए कोई साधन नही है। अत्यन्त संक्षिप्त भावार्थ देने पर भी वह चार हजार पृष्ठ के लगभग हो गया है। यदि वेद मन्त्रों के आधिदैविक और आध्यात्मिक दृष्टि से अर्थ किए जायें और उनका

विस्तारपूर्वक स्पष्टीकरण किया जाय तो इसके दस, बीस पृष्ठ भी पर्याप्त नहीं हो सकता। यदि पाठकों ने इस प्रथम प्रयत्न को सराहा और इससे लाभ उठाया तो समय आने पर विस्तृत भाष्य प्रस्तुत करने का भी प्रयत्न किया जायेगा।

वैदिक स्वर चिन्ह—

वेदों की ऋचाओं में अक्षरों के ऊपर और नीचे कई प्रकार की खड़ी और आड़ी रेखायें देकर उनके अनुसार उन अक्षरों के उच्च मध्यम और मन्द स्वर में बोलने के नियम बनाये गये हैं, इनको "स्वर" कहा जाता है। इनके मुख्य तीन भेद तीन माने हैं, अर्थात् उदात्त, अनुदात्त, और स्वरित। पर इनमें से भी प्रत्येक स्वर अधिक अथवा न्यून रूप में बोला जा सकता है, इसलिये प्रत्येक के दो भेद हो जाते हैं, जैसे उदात्त, उदात्ततर, अनुदात्त, अनुदात्ततर, स्वरित स्वरितोदात्त। इनके अतिरिक्त एक स्वर और माना गया है 'एक श्रुति' जिसमें तीनों का तिरोभाव हो जाता है। इस प्रकार सब मिलाकर सात स्वर माने गये हैं। इसकी व्याख्या महाभाष्यकार महामुनि पतंजलि ने इस प्रकार की है—

"स्वयं राजन्त इति स्वरा। आयामो दारुण्यमणुता खस्येत्युच्चैः कराणि शब्दस्य। आयामो गात्राणां निग्रहः दारुण्यं स्वरस्य दारुणता रूक्षता अणुता कण्ठस्य संवृतता, उच्चैः कराणि शब्दस्य।

'अन्ववसर्गो गात्राणां शिथिलता, मार्दवं स्वरस्य मृदुता, स्निग्धता, उरुता खस्य महत्ता कण्ठस्येति नीचैः कराणि शब्दस्य।

त्रैस्वर्येणाधीमहे, त्रिप्रकारैरज्भिरधीमहे, कैश्चिदुदात्तगुणैः, कैश्चिदनुदात्तगुणैः, कैश्चिदुभयगुणैः। तद्यथा शुक्लगुण, शुक्लः कृष्ण-[illegible] य इदानीमुभयगुण. स तृतीयामाख्यां लभते, कल्माष इति वा [illegible] वा।"

[illegible] जो बिना दूसरे की सहायता के स्वयं ही प्रकाशमान [illegible] स्वर कहे जाते हैं। अङ्गों का रोकना या वाणी को

ये सब बातें शब्द के 'उदात्त" करने वाली हैं अर्थात उदात्त स्वर इन्हीं नियमो के अनुकूल बोला जाता है।

"शरीर के अङ्गो या गात्रो का ढीला पन, स्वर की कोमलता, कण्ठ को फैला देना यह सब बातें शब्द को अनुदात्त' करने वाली है। इस प्रकार हम सब तीन प्रकार के स्वरो मे बोलते हैं,अर्थात कहीं उदात्त,कहीं अनुदात्त और कहीं उदात्तानुदात्त अर्थात स्वरित। जैसे श्वेत और काले रङ्ग अलग होते हैं, परन्तु इन दोनो को मिला देने से जो रङ्ग पैदा होता है, उसका नाम तीसरा ही होता है अर्थात खाकी अथवा आसमानी। इसी प्रकार उदात्त और अनुदात्त के गुण अलग-अलग हैं पर इन दोनो के मिला देने से एक तीसरा ही स्वर पैदा हो जाता है,

"एक श्रुति" मे भी उदात्त और अनुदात्त दोनो का सम्मिश्रण होता है,इसलिये 'स्वरित" और "एक श्रुति" का भेद करने मे कठिनाई पड़ती है। इस सम्बन्ध मे प्राचीन व्याख्याकारो ने यह मत प्रकट किया है कि 'स्वरित' मे उदात्त और अनुदात्त का सम्मिश्रण इस प्रकार होता है जैसे काठ और लाख का जोड़। ये दोनो एक जान पड़ने पर भी अलग अलग दिखलाये जा सकते हैं और अनुभव किये जा सकते है। पर एक श्रुति मे दोनो प्रकार के स्वरो का मेल इस प्रकार होता है जैसे दूध और पानी का, जिनको न अलग अलग किया जा सकता है और न अनुभव मे लाया जा सकता है।

इन सात भेदो मे भी एक दूसरे का सयोग होने से कई प्रकार के भेद पैदा होते है, जिसके लिये स्वर चिन्हो मे पुनः परिवर्तन किया जाता है।

'स्वरित के ही नौ भेद बतलाये है —

(१) सहितज, (२) जात्य, (३) अभिनिहित, (४) क्षैप्र, (५) प्रश्लिष्ट, (६) तैरोव्यञ्जन, (७) वैवृत्त अथवा पादवृत्त, (८) तैरोविराम, (९) प्रतिहित।

कई प्राचीक ग्रन्थो मे स्वरो के अठारह भेद लिखे हैं और कहते हैं कि आरम्भिक काल मे लोग उन सबका स्पष्ट उच्चारण कर लेते थे। पर जैसे-जैसे लोगों के रहन-सहन मे कृत्रिमता आती गई और उनका खान पान प्राकृतिक फल, मूल आदि के बजाय तरह तरह के स्वादिष्ट व्यजन और पकवान होने लगे, वैसे-वैसे ही उनके कण्ट स्वर में भी परिवर्तन होने लगा। इनके फल से विभिन्न प्रकार की सूक्ष्म ध्वनियों के निकालने मे उनको कठिनाइ होने लगी। तब स्वरो की सख्या सात करदी गयी। फिर जब इनका उच्चारण भी लोग ठीक-ठीक करने मे असमर्थ हो गये तब स्वर संख्या घटाते-घटाते तीन ही रह गई। पर वर्तमान समय में इनको भी शुद्ध रूप मे उच्चारण कर सकें, ऐसे वेदपाठी इने-गिने रह गये है। इसलिये अब हाथ को ऊपर नीचे करके ही स्वरो का बोध कराया जाता है।

स्वरो के लिए जिन चिन्हों का प्रयोग किया जाता है, उनके सम्बन्ध में भी बडा मतभेद दृष्टिगोचर होता है। साधारणतया अनुदात के लिये अक्षर के नीचे आडी लकीर देने तथा स्वरित के लिए अक्षर के ऊपर खडी रेखा बनाने का नियम है, उदात्त का कोई चिन्ह नहीं उसका इन्ही दो स्वरो के आधार पर उच्चारण किया जाता है। पर ये चिन्ह भी प्रत्येक स्थान मे एक से नही हैं। भिन्न-भिन्न वैदिक शाखा वालो ने उसमे बड़ा अन्तर कर रखा है। जिसमें साधारण पाठक को बडा भ्रम हो जाता है। इस विषय मे स्वर शास्त्र की खोज करने वाले एक विद्वान श्री युधिष्ठिर मीमांसक ने अपनी पुस्तक में लिखा है:—

"वैदिक वाङ्‌मय के जितने ग्रन्थ उपलब्ध होते हैं, उनमे उदात्त अनुदात और स्वरित स्वरो का अङ्कन सकेत अथवा चिन्ह) एक प्रकार का नहीं है। उनमें परस्पर अत्यन्त वैलक्षण्य हैं। एक ग्रन्थ मे जो स्वरित का चिन्ह देखा जाता है, वही दूसरे ग्रन्थ में उदात्त का चिन्ह माना जाता है। इसी प्रकार किसी ग्रंथ मे जो अनुदात्त का चिन्ह है, वह अन्य ग्रन्थों मे उदात्त का चिन्ह हो जाता है। 'साम संहिता' का स्वराङ्कन

प्रकार सबसे विलक्षण है । उनके वेदपाठ का स्वराङ्कन संहिता के स्वराङ्कन से भी पूर्णतया मेल नही खाता । इसलिए वेद के विद्यार्थी को पदे-पदे सन्देह और कठिनाई उपस्थित होती है ।"

इन बातो के अतिरिक्त स्वर चिन्ह युक्त छपी वेद की पुस्तको मे एक नई कठिनाई प्रेस सम्बन्धी हमारे अनुभव में आई है । इनके कारण एक साधारण पाठक के लिए मन्त्रो के पढने मे असुविधा होती है और अनेक बार वे गल्ती कर जाते हैं । प्रेस के कर्मचारी अक्षरो के ऊपर लगी छोटी रेखा को प्राय.अनुस्वार का चिन्ह समझकर वैसी ही कम्पोज कर देते हैं । इसी प्रकार जिस अक्षर के नीचे 'अनुदात्त'की आडी रेखा लगाई गयी है और उसमे छोटे न' की मात्रा भी लगी हो तो वह भी प्राय निगाह से ओझल हो जाती हैं ।

इन कारणो से हमने इस संस्करण में स्वर चिन्हो का प्रयोग नही किया है । इनकी आवश्यकता सस्वर वेद पाठ करने में होती है और इस कार्य के लिये कई स्थान से मूल संहिता की पुस्तक छपी है । हमारा मुख्य उद्देश्य वेदो के पठन-पाठन की प्रेरणा देने का है जिससे साधारण लोग भी हिन्दू धर्म के इस मूल को स्वय पढ सकें और उसका साधारण तात्पर्य समझ सकें । इस प्रकार 'स्वरो का परित्याग' कोई नवीन बात नही है । अब लगभग तीस वर्ष पूर्व बिहार की एक धार्मिक सस्था की तरफ से 'ऋग्वेद' का भाष्य-आठ खण्डो मे प्रकाशित किया गया था, जिसके लेखक 'भारतधर्म' महामडल' के महोपदेशक प० रामगोविन्द वेदान्तशास्त्री थे, उन्होने असामयिक जानकर उनमे स्वरों का प्रयोग नही किया था । इसी प्रकार अभी कुछ वर्ष पूर्व अहमदाबाद के परमहंस परिव्राजक श्री भगवदाचार्य ने सामवेद संहिता भाष्य प्रकाशित कराया । उसमे 'स्वरो को छोड दिया गया था । स्वामी जी ने स्पष्ट रूप मे लिखा था कि मैं वेदो के अक्षरो को अविकृत मानता हूँ । तभी 'अनन्ता वै वेदा.' की ध्वनि चरितार्थ हो सकती है स्वर मेरे साथ चल नहीं सकते ।" प्राचीन काल के विद्वानो ने भी उपनिषद् आदि ग्रन्थो

में जहां वेदमन्त्रों के उदाहरण दिये है, वहाँ स्वर चिन्ह नहीं लगाये हैं। इसका स्पष्ट उदाहरण यो 'ईशावास्योपनिषद्, है जो पूर्णतः 'यजुर्वेद' के अन्तिम अध्याय की प्रतिलिपी है और जिसे सर्वत्र बिना स्वर चिन्हों के लिखा व छापा गया है।

वेदों के ऋषि देवता और छन्द–

वेदो के प्रत्येक मन्त्र का कोई न कोई ऋषि माना गया है। अनेक लोग ऋषियो और देवताओ का एकीकरण करने की चेष्टा किया करते हैं, पर 'ऋग्वेद' के अध्ययन से स्पष्ट प्रकट होता है कि उसकी ऋचायें अवश्य ही कुछ प्रधान ऋषियो और उनके वंशजो द्वारा प्रकट की गई है। ऋग्वेद' मे दश मण्डल है, इनमे पहले और दसवें सबसे बडे हैं, इनमे से प्रत्येक मे १६१ सूक्त है और ये दोनो मिलकर इस वेद के एक तिहाई भाग के बराबर है। इन दोनो मण्डलो मे विविध ऋषियों द्वारा प्रगट किये गये सूक्तो का संग्रह किया गया है। अधिकांश सूक्त एक एक ऋषि के ही है, कहीं-कहीं ऐसे सूक्त भी मिलते हैं जिनके द्रष्टा एक से अधिक ऋषि है। इन दो मण्डलों के सिवाय दो से सात तक के मण्डलो मे तो प्राय एक ही ऋषि के द्वारा प्रकट किये गए सूक्त दिये गये है, अगर दो चार नाम और हैं तो बस उनके ही वंश वालो के हैं। इस प्रकार द्वितीय मण्डल में गृत्समद, तीसरे में विश्वामित्र, चौथे में वामदेव, पाचवें मे अत्रि, छठे मे भारद्वाज तथा सातवें मे वसिष्ठ के सूक्तों का संग्रह है। आठवें मे यद्यपि और भी बहुत से ऋषियो के सूक्त है, पर उसमे कण्व ऋषि के वंश की प्रधानता दिखाई पड़ती है। नौवें मण्डल मे भी अनेक ऋषियों का संग्रह ही है। इसका अर्थ यह नहीं समझ लेना चाहिये कि अन्य ऋषि जिनके सूक्त कम संख्या में हैं वे किसी भी दृष्टि से न्यून महत्व रखते है। इस प्रकार केवल ऋग्वेद के ऋषियो की संख्या लगभग ३०० है। अन्य वेदो के मन्त्रो के रचयिता भी लगभग ये ही हैं, यजुर्वेद और अथर्ववेद मे इसके अतिरिक्त बहुत थोडे नये नाम मिलते हैं। हमने प्रत्येक सूक्त पर उसके ऋषि का नाम दिया है, तो भी

यहाँ ऋषियों की नामावली देते हैं जिससे पाठकों को इस विषय का सादर परिचय प्राप्त हो सकेगा —

मधुच्छन्दा, जेत, मेधातिथि शुनःशेप, हिरण्यस्तूप, कण्व, सव्य, नोध, पराशर, गौतम, कुत्स, कश्यप, ऋज्राश्व कक्षीवन, परुच्छेप, दीर्घतमस, अगस्त्य, सोमाहुति, कूर्म, ऋषभ, उत्कील देवश्रवा, देवव्रत, प्रजापति, बुध, गविष्ठ, कुमार, ईश, सुतम्भरा, धरुण, पुरु, विश्वसाम, द्युम्न, विश्वचर्षणि, वसुयु विश्ववार, बभ्र, अवस्यु, पृथु, वसु, प्रतिरथ, प्रतिभानु, पुरुमीढ, गोपवन, सप्त वध्रु विप्र, उरुचक्रि, कृष्ण विश्वक, सुमेध, अपाला, श्रुतकक्ष, सुकक्ष, बिन्दु, पूतदक्ष जमदग्नि, नेम, प्रस्कण्व, त्रित, पर्वत, नारद, त्रिशोक, हविर्धान, अग्नि, दाम, दमन, मथित, विमद, वसुक्र, ऐलूष, मोजवान, पानाक, अमितपा, घोष, विश्ववारा, वत्सप्रि, सप्तगु, वैकुण्ठ, दुहदुक्थो गोपायन, मानव, प्लात, वसुकर्ण, अयास्य सुमित्र, बृहस्पति, गौरिवीति, जरत्कर्ण, स्यूमिरश्मि, सौचीक, विश्वकर्मा सूर्या, सावित्री, वायु, रेणु, नारायण, अरुण, शार्यात, तान्व, अर्बुद, वरु, भिषग्, मुद्गल अष्टक, भूताश, पणयोऽसुर, सरमा, अष्टादंष्ट्र, उपस्तु, भिक्षु, बृहद्दिव, चित्रमह, कुशिक, विहव्य, सुकीर्ति, शकपूत, मान्धाता अङ्ग, श्रद्धा, यामायिनी, यमी, शिरम्बिठ, केतु, भुवन, चक्षु, शची, पौलोमी, रक्षोहा, कपोत, अनिल, शबर, सवत, ध्रुव, पतग, अरिष्टनेमि, जय, प्रथ, उलो, सुपर्ण देवता, श्यावाश्व, रहूगण, भृगु, कर्णश्रुत, अम्बरीष, च्यवन, उर्वशी, द्रोण, राम, धर्म, शतहव्य, सुनहोत्र, सुनहोत्र, नर, गर्ग, कश्यप, नाभाग, त्रिशोक आदि आदि।

× × × ×

वैदिक देवताओं की सूची भी काफी लम्बी है। ऋग्वेद' में तो परमात्मा की शक्ति के विभिन्न अङ्ग रूप प्रकृति की संचालक शक्तियों की ही अधिकांश में स्तुति और प्रार्थना की गई है, पर अथर्ववेद में जहाँ ओषधियों, जड़ी-बूटियों, व्याधियों के निवारण के अन्य उपायों अथवा आध्यात्मिक विषयों का वर्णन किया है, वहाँ उन्हीं की अधिष्ठात्री शक्ति

को देवता मानकर उसी का नाम दिया गया है। यजुर्वेद और सामवेद में प्राय सभी देवता ऋग्वेद के ही हैं। नीचे ऋग्वेद के देवताओं की सूची दी जाती है

अग्नि, वायु, इन्द्र, वरुण, अश्विनीकुमार, विश्वेदेव, मरुत, सोम, ब्रह्मणस्पति, अर्यमा, आदित्य, सविता, त्वष्टा, सरस्वती, द्यावा-पृथिवी, ऋभुगण, सूर्य, रुद्र, विष्णु, उषा, वैश्वानर, ऋतु दक्षिणा पूषा, इन्द्राणि, अग्नपेयि, सिन्धु, स्वनय, बृहस्पति, वाक्, काल, रति, अन्न, वनस्पतिराका सिनीवाली, आप्यलयत, कपिञ्जल, यूप, पर्वत, उच्चैःश्रवस, क्षेत्रपति, सीता, पर्जन्य, धेनुः, प्रस्तोक, पण्डि, वास्तोष्पति, सोमयनमान, पितृ, मृत्यु धाता, वैकुण्ठ, आत्मा, निमृति ज्ञान, श्रद्धा, शचि, तदर्य आदि।

अथर्ववेद में इनमें ये सभी मुख्य-मुख्य देवताओं के स्तोत्रों के अतिरिक्त इन देवताओं के नाम भी मिलते हैं—

वाचस्पति, आप, असुर, यक्ष्म, नाशनम्, विद्युत, योषित, आसुरी, वनस्पति, यातुधान, मधुवनस्पति, हिरण्यम्, गन्धर्व और अप्सरायें, जङ्गडमणि, चन्द्र, पाश्विनपर्णी, पशु, दम्पति, पशुपति, पर्णमणि, अश्वत्थ, हरिण, अप्सरा, शाला, गोष्ठ, योनि, कामिनी, काम, सामनस्य, व्याघ्र, वृषभ, संयमणि, रोहिणी, वनस्पति, दिशायें, अपामार्ग, भव और शर्व, मन्यु, ब्रह्मौदन, जातवेद, लाक्षा, सवम, नाशनम्, सर्प, विषनाशनम्, ब्रह्मगवी, दुन्दुभिः, गर्भ कृत्या, प्रतिहरणम् ईर्ष्या विनाशनम् पाप्मा, शमी अन्ना, अर्क (मदार), वाजी (अश्व) काशा (खांसी), मेधा, पिप्पली, भग, स्मर, वश, दुःस्वप्न नाशनम् दशा, अक्षि, मन, कुहू, अरिनाशनम्, सुखम् अमावास्या पौर्णमासी, ब्रह्म वेदी, भेषज विराट, अध्यात्म, व्रात्य, अतिथि, विद्या, ब्रह्मचारी, शतौदन, आञ्जनम् आदि आदि।

'अथर्ववेद' का मुख्य विषय अध्यात्म तथा ब्रह्मज्ञान के साथ-साथ जीवन के विविध विषयों का ज्ञान प्रदान करना है। उसमें विविध प्रकार की व्याधियों को हटाने के लिए औषधियों और मन्त्र-तन्त्र का विधान है और इन्हीं सबको उसमें देवता मान लिया गया है। अनजान व्यक्ति औषधियों

तथा शारीरिक और मानसिक व्याधियों के निवारण के उपायों को देव-श्रेणी में देखकर आश्चर्य करते हैं, पर जैसा हम लिख चुके हैं प्रत्येक पदार्थ और विधान के जड़ और चेतन दो विभाग होते हैं। आत्मज्ञानी पुरुष मुख्यतः प्रत्येक पदार्थ में चेतन शक्ति को ही देखता है, क्योंकि वास्तविक कार्य और प्रभाव उसी का होता है। इसी तत्व को लक्ष्य करके एक विद्वान ने लिखा है—

"अभी भी यहाँ के या किसी भी अन्य देश के महात्मा ऐसे ही अनुभव करते हैं और जड़ पदार्थों से भी बातें मारते हैं। जो 'आत्मवत सर्व भूतेषु' को जीवन में ढाल लेते हैं, वे पशु, पक्षी, पत्थर मिट्टी से भी बातचीत करते हैं। भला जो वैद्य अपनी औषधियों से बातें करना नहीं जानता, वह भोजन का मार्ग क्या जानेगा ? जो वीर अपनी तलवार से बातें नहीं करता वह भी कोई वीर है ? सच्चाई तो यह है कि अपने से चेतना का जितना अधिक विकास होगा, मनुष्य उतना ही जड़ वस्तुओं से चेतनवत व्यवहार करेगा। इसके विपरीत जिसमें चेतनतत्व का विकास नहीं हुआ है, जिसके मन, मस्तिष्क और प्राण जड़ानुगत है, वह तो जघन्य व्यवहार करेगा। महात्माओं और जड़वादी मनुष्यों का यह भेद प्रतिदिन प्रत्यक्ष देखा सुना जाता है। फलतः वेदमन्त्रों की चैतन्यानुगत होना उनकी अद्भुत अध्यात्म-भूमिका का परिचायक है।"

वैदिक ऋषि भली प्रकार जानते थे कि शरीर की शक्ति से मन की शक्ति अनेक गुनी प्रबल है और उसकी अपेक्षा आत्मा की शक्ति बहुत अधिक प्रभावशाली है। इसलिये उन्होंने सभी मनुष्यों को मानसिक शक्ति के विकास कराने और सांसारिक कार्यों में उसका उपयोग करने का मार्ग दिखलाया और उसमें सन्देह नहीं कि आज भी वे ही मनुष्य वास्तविक सफलता प्राप्त करते हैं, जिनकी मानसिक शक्ति प्रबल है और उसी के द्वारा वे अन्य मनुष्यों को अभिभूत करके अपना अनुगामी बना सकते हैं।

× × × ×

सात्मा या अनन्त है । यह विश्व विराट, अनादि और अनन्त है, इसका स्रोत अविनाशी है । देश और काल, अथवा नाम और रूप के परिवर्तनशील स्वस्तिक मे इसका नित्य नया रूप प्रकट हो रहा । इस प्रकार ऋषि और वैज्ञानिक दोनो ही विश्व के रहस्य की व्याख्या करते हैं । पर ऋषियो का दर्शन इस ध्रुव विश्वासमे भरा हुआ है कि यह व्यक्त विश्व किसी अव्यक्त मूल स्रोत से उद्गत हुआ है । वह अव्यक्त मूल इस व्यक्त की सृष्टि करके इसी मे अनुप्रविष्ट हो रहा है—समाया हुआ है ।'

देवतवाद--

वेदो मे अनेक देवताओ की स्तुतिया और प्रार्थनायें मिलती हैं । वैदिक ऋषियो के मतानुसार प्रत्येक जड़ अथवा भौतिक पदार्थ का एक चेतन आत्मा भी होता है वही उसका देवता है । इस दृष्टि से वैदिक सृष्टि-विद्या दो भागो मे विभाजित ह, एक देव तत्व जिसे शक्ति तत्व भी कह सकते है और दूसरा 'भूत' अथवा स्थूल पदार्थ । बिना देवता अथवा शक्ति के किसी 'भूत' या भौतिक पदार्थ की स्वतन्त्र सत्ता सम्भव नही । जिस प्रकार मृत शरीर मे भी नेत्र रहते हैं, पर वे इस कारणनही देख सकते कि उनकी चेतन शक्ति पृथक हो गई है इसी प्रकार बिना देव-तत्व के केवल जड पदार्थ निरर्थक है । इस बात को जो व्यक्ति नही समझते वे इस बात पर सन्देह प्रकट करते है कि वेदों मे अग्नि, पानी वनस्पति, ओषधि, स्रुवा, चमस आदि सब पदार्थों की मनुष्यो के समान स्तुति क्यो की है और उनसे धन, सौभाग्य, वरदान आदि की याचना करने का क्या परिणाम हो सकता है ? इसका स्पष्टीकरण करते हुए एक प्राचीनता के पोषक लेखक ने कहा—

"ऋषियो ने जिन प्राकृत शक्तियो की स्तुति व प्रशसा की है वह उनके स्थूल रूप की नही है, प्रत्युत्त उनकी शासिका अथवा अधिष्ठात्री चेतन शक्ति की है । इस चेतनशक्ति को वे परमात्मा से पृथक नही मानते थे । परमात्मा रूप ही मानते थे । उन्होंने 'ऋग्वेद' के प्रथम मंत्र मे ही अग्नि की स्तुति की है, परन्तु अग्नि को परमात्मा से भिन्न मानकर नही

वे स्थूल अग्नि में रूप को जानते हुये भी सूक्ष्म अग्नि-परमात्मा शक्ति-रूप के स्तोता और प्रशंसक थे। वे मरणशील नाशवान) अग्नि मे व्याप्त अमरता के उपासक थे। वेद मे कहा गया है-"अपश्यमह महतो महित्वम् मर्त्यस्य विभु" म १०-७६-१) अर्थात "मरणशील मनुष्यो मे मैंने अमर अग्नि की महिमा को देखा।' इसी तरह 'इन्द्र' में भी वे परमात्मा शक्ति को देखते थे। कहा गया है कि "जो सृष्टिकर्ताओ के भी सृष्टिकर्ता हैं मैं उनकी स्तुति करता हूं (म० १०-१२८-७)। जितने देवता हैं उन सबको वे उसी प्रकार परमात्मा रूप समझते थे जिस प्रकार एक ही सूत्र मे माला के समस्त दाने ओत-प्रोत रहते हैं और सब मिलकर केवल एक माला ही समझे जाते हैं।"

वास्तविक बात यही है कि वैदिक ऋषिगण अध्यात्मवादी थे और सर्वदा चैतन्य जगत मे ही विचरण किया करते थे। अपने को किसी दशा मे केवल हाड-मास का पुतला समझने को तैयार न थे। इसलिये उन्होंने अपने सासारिक जीवन को पूर्णतया आधिदैविक और अध्यात्मिक रङ्ग मे रङ्ग दिया था और वे सर्वत्र सर्दव अपने को देवशक्तियो से घिरा हुआ अनुभव करते थे। वे उन शक्तियो से मौतिक मनुष्यो की तरह ही बातचीत और व्यवहार करते थे और उनको भी अपने जीवन और समाज का एक अविच्छिन्न अङ्ग मानते थे। इसका परिणाम यह होता था कि ससार मे रहते और उसके सब व्यवहारो को करते हुए भी उनकी भावनायें बहुत उच्च धरातल पर रहती थी और उसी के फलस्वरूप वे जीवन के परम सत्य को देख सकने मे समर्थ हो सकते थे। यही कारण था कि सब देवताओ के एक ही विराट शक्ति के अश होने पर भी वे उनमे पृथक-पृथक शक्तियो के रूप मे भी लाभ उठा सकते थे।

वैदिक समन्वयवाद—

उपर्युक्त विवेचन से वेदकालीन ऋषियो की समन्वयवादी प्रवृत्ति पर प्रकाश पड़ता है। समन्वयवाद भारतीय सस्कृति का एक बहुत बड़ा

गुण और यही कारण है कि जहाँ संसार की अन्य संस्कृतियाँ एक दो हजार वर्षों के भीतर ही लोप हो गई, वर्तमान भारतीय संस्कृति, विदेशी इतिहासज्ञों के हिसाब से भी, कम से कम आठ-दस हजार वर्ष पुरानी अवश्य हो चुकी हैं। इसमे सन्देह नहीं कि इसका श्रेय प्रधानता वैदिक आदर्शों को ही है। मनुष्य की आध्यात्मिक प्रगति के लिये जिन तीन बातो अर्थात ज्ञान, उपासना और कर्म की आवश्यकता होती है, उनका पूर्ण समन्वय वेदो मे पाया जाता है। विद्वानो में 'ऋग्वेद' को ज्ञान 'यजुर्वेद' को कर्म 'सामवेद' को उपासना और अथर्ववेद को अध्यात्म का विवेचन करने वाला माना है, पर स्वय वेदो में स्थान-स्थान पर यही घोषणा की गई है कि चारो वेद और उनका ज्ञान एक ही है—

तस्माद् यज्ञात् सर्वहुत ऋच सामानि जज्ञिरे।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद् यजुस्तस्मादजायत ॥ ऋ० १०।१।६

अर्थात—ऋक् यजु साम, अथर्व चारो वेद एक ही ईश्वरीय ज्ञान मे प्रादुर्भूत हुए है, उनमे किसी का अन्तर करना अथवा भेदभाव प्रकट करना अनुचित और अनावश्यक है। पर मनुष्यो के प्राय: स्वार्थ बुद्धि की प्रधानता रहती है, जिसके कारण वे अपनी ढाई चावल की खिचड़ी अलग पकाकर मतभेद और फूट का बीज बो देते है। यही कारण था कि बाद मे इसी देश मे ऐसे कितने विद्वान पैदा हो गये जिन्होंने वेद की इस सामन्जस्यवादी शिक्षा के मूलधार ज्ञान,उपासना और कर्म मे केवल एक को पकड़ कर दूसरे की निन्दा करनी आरम्भ कर दी शङ्कराचार्य जैसे महान व्यक्ति भी लोगो को ऐसा ही उपदेश देने लगे कि इन तीनों मे "ज्ञान ही उद्धार का मार्ग है। कर्म बन्धन मे डालने वाला है इसलिए ज्ञानी व्यक्ति को कभी कर्म नहीं करना चाहिये।" इधर उपासना का डङ्का पीटने वालों ने भक्ति को ही सर्वश्रेष्ठ बतला कर ज्ञान और कर्म की उपेक्षा करने की प्रेरणा दी गीताकार ने वेदो के आदर्श पर ज्ञान, कर्म और उपासना के समन्वय का उपदेश दिया पर इन प्रतिद्वन्दी मनोवृति के आचार्यों ने उनके भी बीसियो तर

अपने-अपने सिद्धान्त का पोषण करने वाले तैयार कर दिये। इसी सम्प्रदायवाद ने भारतीय समाज में फूट और निर्बलता को उत्पन्न किया जिसका अन्तिम परिणाम देश का पतन और विदेशियों की पराधीनता के रूप में प्रकट हुआ। यदि सङ्गठित, शक्तिशाली और कार्यक्षम बनाना है तो इसके लिए सर्वश्रेष्ठ आदर्श वेदों का समन्वय ही है। जिसका मार्ग 'वेद' ने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर दिया है—

सगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्।
देवा भागं यथापूर्वे सञ्जानाना उपासते॥
समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः॥
समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥ऋ० १०।१९१।२।

इसका आशय यह है कि सब मनुष्य भली प्रकार मिल कर रहें, प्रेमपूर्वक आपस में वार्तालाप करें। सब के मनों में ऐक्य भाव हो और वे अविरोधी ज्ञान प्राप्त करें। जिस प्रकार विद्वान लोग सदा से ईश्वरीय ज्ञान प्राप्त करते हुये उनकी उपासना करते रहे हैं उसी प्रकार तुम भी ज्ञान और उपासना में दत्तचित्त रहो। सब लोगों के सङ्कल्प, निश्चय, अभिप्राय एक से हों सबके मन में एक सी उच्च भावना पाई जाय और सब लोग सहयोगपूर्वक अच्छी तरह से कार्यों को करें।

'अथर्ववेद' में यह भी समन्वययुक्त भावों और सहयोग का आदेश असंदिग्ध रूप से दिया गया है—

संज्ञानं नः स्वेभिः संज्ञानमरणेभिः।
संज्ञानमश्विना युवमिहास्मासु नि यच्छताम्॥
सं जानामहै मनसा सं चिकित्वा मा युष्महि मनसा दैव्येन।
मा घोषा उत्स्थुर्बहुले विनिर्हते मेषुः पप्तदिन्द्रस्याहन्यागते॥

अर्थात्—सब लोग एक मत हो [illegible]
[illegible]

पराये, दोनों प्रकार के मनुष्यों की समान मनोवृत्तियाँ हों। हम अपने मन को दूसरे के मन के साथ जोड़ मिलकर सत्कार्य करें।"

पाठकों को अनेक मन्त्र इसके विपरीत भी मिलेंगे, जिनमे शत्रुओं के नाश की उनका धन और पशु छीन लेने की, उनकी हर तरह से दुर्गति की बात कही गई है। विशेष रूप से 'अथर्ववेद' में तो 'शत्रुनाश' के अनेक मन्त्र तन्त्र और गूढ़ उपायों का वर्णन किया है। पर वहा उनका आशय विशेष परिस्थिति और विशेष व्यक्तियो से ही हैं। उनको सार्वजनिक रूप से ग्रहण करने और प्रचार करने की बात नही है। जैसे अन्यायो और अत्याचारी कौरवो के साथ युद्ध करने का समर्थन सबसे अधिक भगवान् कृष्णने किया और युद्ध-काल मे स्वय तरह-तरह की गुप्त योजनाओ, चालाकियो और असत्यपूर्ण दिखलाई पड़ने वाली युक्तियो से भी काम निकाला, उसी प्रकार वेद मे धर्म विरुद्ध आचरण करने वाले शत्रुओं, यातुधानो, राक्षसों के विरुद्ध ही प्राय. शत्रु भाव के उद्गार प्रकट किये गये है। अन्यथा ससार के सामान्य मनुष्यों को वेद भगवान् का उपदेश समन्वय, सहयोग, सङ्गठन, न्याय और सत्य के अनुकूल आचरण का ही है।

वेद और पशुहिंसा--

अनेक लोग वेदो के पशुहिंसा होने का आक्षेप करते हैं। कुछ भाष्यकारो ने वैदिक सूक्तों का अर्थ करते हुये, पशुओ के मास आदि से आहुति देने की बात लिखी है। पर जब हम मूल संहिताओं पर विचार करते हैं तो यही मानना पडता है कि वेदों ने तो हिंसा के बजाय अहिंसा का उपदेश दिया है और असहाय प्राणियो, पशुओं की रक्षा को परम धर्म माना है। इसलिये अगर किसी भाष्यकार ने अथवा किसी शाखा-वालों ने वैदिक मत्रो का पशुहिंसात्मक अर्थ किया है तो इसका कारण उसका व्यक्तिगत या साम्प्रदायिक विचार ही रहा होगा। जिस प्रकार वर्तमान समय मे हम भगवद्गीता के ज्ञान, भक्ति, कर्म, वैराग्य, अहिंसा के समर्थक विभिन्न भाष्य देख रहे हैं उसी प्रकार वेदो के भी लोगों ने

स्वमतानुयायी अलग-अलग तरह से भाष्य बनाये थे। मध्यकाल में भारत मे तांत्रिक सम्प्रदायो का बडा जोर रहा था और वे बलिदान आदि को अपने धर्म का अङ्ग मानते थे। उन्होने अपने सम्प्रदाय के समर्थन के लिये वेद मन्त्रों के वैसे ही अर्थ कर दिये हैं। प्राचीन काल मे रावण को वेदानुयायी लिखा है पर वह कदाचित वाममार्गी भी था, इसलिये जहाँ वेद मे सर्वत्र घृत, सोम जौ, तिल आदि की आहुति देने को बतलाया है, वहाँ मेघनाद आदि राक्षसो के लिये रामायण मे सदैव पशु अङ्गो द्वारा ही हवन करने की बात लिखी है। ऐसे व्यक्तियो को 'अथर्ववेद' मे एक स्थान पर साफ शब्दो मे 'मूर्ख' और 'निन्दनीय' लिखा है।

मुग्धा देवा उत शुनायजन्तोत गोरङ्गैः पुरुधायजन्त।
य इमं यज्ञं मनसा चिकेत प्रणो वोचस्तमिहेह ब्रवः॥
(काण्ड ७५-५)

"अविवेकशील और मूढ यजमान पशु अंगो से हवन करते है, यह निश्चय ही मूर्खता पूर्ण और निन्दनीय है। अपने से आत्मयज्ञ को करने वाले महापुरुष को बतलाइये। वे ही परमात्मा के सत्य स्वरूप का उपदेश करने योग्य हो सकते हैं।"

यज्ञ विषय का विशेष रूप से विवेचन करने वाले "यजुर्वेद" मे कहा है—

पशुभि. पशूनाप्नोति पुरोडाशैर्हवींष्या।
छन्दोभिः सामिधेनीर्याज्याभिर्वषटकारान्॥ (अध्याय १९-२०)

"पशुओ द्वारा पशुओ अर्थात् पशुत्व को प्राप्त होता है। पुरोडाशों से हवियो (अन्नादि) को प्राप्त होना है। इसी प्रकार छन्दो वेद मन्त्र से छन्द को, सामधेनियो (समिधा आदि) से सामधेनियो को, याज्यो से याज्यों को और वषटकारो से वषटकारो को प्राप्त होना है।"

एक अन्य स्थान पर कहा गया है—

पशुन पाहि गां मा हिंसी, अजा, मा हिंसी ।
अविं मा हिंसी, इमं मा हिंसी द्विपादं पशु ॥
मा हिंसीरेक शफ पशु मा हिंस्यात् सर्वाभूतानि ॥

"पशुओं की रक्षा करो, गाय को मत मारो, बकरी को मत मारो भेड़ को मत मारो, दो पैर वाले (मनुष्य पक्षी आदि) को मत मारो एक खुर वाले पशुओं (घोड़ा, गधा आदि) को मत मारो, किसी भी प्राणी की हिंसा मत करो।"

"ऋग्वेद" मे गौ की उपयोगिता बतला कर उसकी रक्षा का इन शब्दों में आदेश दिया है

सूयवसाद भगवती हि भूयाः अथो वय भगवन्तः स्याम ।
अद्धि तृणमध्न्ये विश्वदानीं पिब शुद्धमुदकमाचरन्ति ॥
(१-१६४-४०)

हे अघ्न्ये (हिंसा के अयोग्य) भाग्यवती धेनु ! तू तृण (घास) सेवन करने वाली है। हमको भी भाग्यशाली बना। तू घास खाती हुई निर्मल जल पीने वाली हो।"

यः पोरुषेयेण क्रविषा समङ्क्ते यो अश्व्येन पशुना यातुधानः ।
यो अघ्न्याया भरति क्षीरमग्ने तेषां शीर्षाणि हरसापि वृश्च ॥
(ऋ० १०-८७ १६)

जो राक्षस मनुष्य का घोड़े का और गाय का मांस खाता है, तथा दूध की चोरी करता हो उसके सिर को कुचल देना चाहिये।"

'अथर्ववेद' (काण्ड १२ सूक्त ५) मे गौहिंसक की दुर्गति का ऐसा भीषण और रोमांचकारी चित्र खींचा है, कि उसे पढ़कर पापी से भी पापी व्यक्ति का दिल कांप जाता है। सर्वोपयोगी गौ आदि पशुओं के घातक का सर्वस्व नाश हो जाता है और उसे तीन लोक में कहीं भी टिकने के लिये स्थान नहीं मिलता।

वेदो में स्थान-स्थान पर इस प्रकार के सैकडो स्पष्ट आदेश होते हुए और प्राणीमात्र को आत्मवत देखने का उपदेश होने पर भी यह कहना कि वेद ने 'यज्ञ' जैसे समाज के आधार-स्वरूप परम-पवित्र कृत्य हिंसा का विधान किया है,विवेक के विरुद्ध बात है। इस विषय मे अनेक लोगों को भ्रम होने का यह भी कारण है कि वेद-भाषा मे एक एक शब्द के अनेक अर्थ लिये जाते है, अर्थात् उसके शब्द बहुत व्यापक आशय रखने वाले होते है। उदाहरणार्थ गौ या गाय (गो) शब्द का प्रयोग केवल गाय (पशु) के लिए नही किया गया है, पर उससे उत्पन्न घी, दूध, दही गोबर, गौमूत्र, बछड़ा बछिया आदि सबके लिये प्रयोग मे आ सकता है। इसी प्रकार 'अज' का अर्थ बकरा, पुराना अन्न और अजन्मा अर्थात् आत्मा भी माना गया है। इसके सिवा विशेष उद्देश्यों की पूर्ति के लिए तरह-तरह की जडी-बूटियो से हवन करने का भी विधान है और आयुर्वेद के ग्रन्थों मे बहुसंख्यक जडी बूटियों के ऐसे नाम दिये गये है जिनका अर्थ पशु भी होता है जैसे वृषभकन्द नाम की औषधि का नाम केवल वृषभ (बैल) लिखा है। अश्वगधा का उल्लेख 'अश्व' (घोड़े) के नाम से ही किया गया है। इसी प्रकार कुमारी घास के लिए 'श्वान' महिषाक्ष या गुग्गुल के लिए महिष' वाराहीकन्द के लिए वाराह' मुद्गपर्णी के लिए 'मूषक' आदि शब्द लिख दिए गए है। फलों और औषधियों के गूदे के लिए 'मांस' शब्द लिखा है। 'भाव प्रकाश' मे एक स्थान पर आम के 'मांस' अस्थि, मज्जा' का जिक्र किया गया है। ऐसे कारणो से भी प्राचीन ग्रन्थो में अनेक वाक्यो के अर्थ करने मे हिंसा की कल्पना करनी से बह दी जाती है। इस विवेचन से हम इसी निष्कर्ष पर पहुंचते है कि वेदो का मूल उपदेश हिंसा का नही हो सकता। उनके मन्त्रों का जहां कही हिंसात्मक अर्थ किया गया है वह या तो हिंसाकारी स्वार्थवादों द्वारा शब्दो की खींचातानी करके निकाला गया है, शब्दो के अर्थ मे भ्रम हो जाने के कारण उत्पन्न हो गया है वास्तव में वेदो के मन्त्रो में पोषण करना गया और उनके हित करने का ही आदेश दिया है।

चरित्र और नीति

चरित्र और नीति के सम्बन्ध मे वेदो का आदर्श बहुत ऊँचा है। यह ठीक है कि उस समय भी ऋषियो, महात्माओ और सज्जन पुरुषों के साथ राक्षस, दस्यु, तस्कर, चोर, घातक आदि दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति पाये जाते थे, पर वेद मे सर्वत्र उनकी निन्दा पाई है और उनको समाज का शत्रु मान कर उनके नाश की प्रार्थना की गई है। वैदिक काल मे सभी धार्मिक व्यक्तियो का दृढ़ विश्वास रहता था कि देवगण सदैव उनके आस-पास रहते है इसलिए अगर वे कोई पाप-कर्म करेंगे तो उसका दण्ड उनको अवश्य भुगतना पड़ेगा। इस भावना के फलस्वरूप उनका जीवन अधिकांश में सत्य, न्याय, दया, धर्म के नियमों के अनुकूल ही रहता था। समाज में सुख तथा शान्ति का वातावरण बना रहता था। समाज के व्यक्तियों मे समानता और प्रेम का भाव पाया जाता था और वे एक दूसरे की हर प्रकार से सहायता करना अपना कर्तव्य समझते थे। 'ऋग्वेद में कहा गया है।

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेता सत्यं ब्रवीम वध इत्स तस्य।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी॥

(ऋ० १०-११७-६)

'जिसका मन उदार नहीं है उसका भोजन करना वृथा है। उसका भोजन उसकी मृत्यु के समान है। जो न तो देवगण को (परोपकारार्थ) देता है और न मित्रों को देता है और स्वयं ही भोजन करता है, वह केवल पाप ही खाता है।

वेदकालीन आर्यों ने मोक्ष को प्रधान मानते हुए भी सांसारिक जीवन की उपेक्षा नहीं की थी, क्योंकि वे भली प्रकार जानते थे कि जो व्यक्ति इस जीवन को सुव्यवस्थित और कार्यक्षम रूप से व्यतीत नहीं कर सकता वह परलोक जीवन को किस प्रकार श्रेष्ठ बनाने का प्रयत्न कर सकता है। [illegible]

न्याय पर आधारित थे जिससे समाज के सब व्यक्तियों को प्रगति करने में समान रूप से सुविधा प्राप्त हो सके। यजुर्वेद में कहा गया है—

ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्या जगत् ।
तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृध कस्य स्विद्धनम् ॥
कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छतं समाः ।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नरे ॥

(४० । २-२)

अर्थात् "इस जगत् में परमात्मा को सर्वत्र उपस्थित समझकर किसी के भी धन की इच्छा न करो, किन्तु उसने से ही निर्वाह करो जितना उसने न्यायानुकूल तुम्हारे लिये स्थिर किया है। आजीवन इसी मार्ग पर चलने और आचरण करने से ही मोक्ष प्राप्त हो सकता है, और कोई दूसरा उपाय नहीं।

संसार में प्रत्येक प्राणी को भोजन और निवास स्थान की आवश्यकता होती है। मनुष्यों को इन दो चीजों के अतिरिक्त वस्त्र तथा गृहस्थी सम्बन्धी कुछ सामग्री जैसे बर्तन आदि की भी अनिवार्य रूप से आवश्यकता मानी गई है। अपने अस्तित्व को स्थिर रखने तथा विकसित करने के लिए इन चारों वस्तुओं की प्रत्येक मनुष्य को समान रूप आवश्यकता है। पर आज देखा जा रहा है कि मनुष्य की प्राथमिकता और अनिवार्य आवश्यकता के पदार्थों पर कुछ चालाक लोगों ने छल, बल, कौशल से अधिकार जमा लिया है और वे उसका दुरुपयोग करते हैं। इसी के फलस्वरूप इस समय समाज में असन्तोष और अशान्ति का साम्राज्य छाया हुआ है और तरह-तरह के दोषों की वृद्धि हो रही है। पर वैदिक-युग में आरम्भ से ही प्रत्येक व्यक्ति को सत्य और न्याय के अनुकूल आचरण की शिक्षा दी जाती थी और उनके सामने 'असतो मा सद्गमय-(हे परमात्मन ! मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो) का आदर्श रखा [illegible] लोग बिल्कुल सीधे सादे ढंग

चरित्र और नीति

चरित्र और नीति के सम्बन्ध मे वेदो का आदर्श बहुत ऊंचा है। यह ठीक है कि उस समय भी ऋषियों, महात्माओ और सज्जन पुरुषों के साथ राक्षस, दस्यु, तस्कर, चोर, घातक आदि दुष्कर्म करने वाले व्यक्ति पाये जाते थे, पर वेद मे सर्वत्र उनकी निन्दा पाई है और उनको समाज का शत्रु मान कर उनके नाश की प्रार्थना की गई है। वैदिक काल मे सभी धार्मिक व्यक्तियो का दृढ विश्वास रहता था कि देवगण सदैव उनके आस-पास रहते है इसलिए अगर वे कोई पाप-कर्म करेंगे तो उसका दण्ड उनको अवश्य भुगतना पडेगा। इस भावना के फलस्वरूप उनका जीवन अधिकांश मे सत्य, न्याय, दया, धर्म के नियमों के अनुकूल ही रहता था। समाज में सुख तथा शान्ति का वातावरण बना रहता था। समाज के व्यक्तियों मे समानता और प्रेम का भाव पाया जाता था और वे एक दूसरे की हर प्रकार से सहायता करना अपना कर्तव्य समझते थे। ऋग्वेद मे कहा गया है।

मोघमन्नं विन्दते अप्रचेता. सत्यं ब्रवीम वध इत्स तस्य।
नार्यमणं पुष्यति नो सखायं केवलाघो भवति केवलादी॥

(ऋ० १०-११७-६)

'जिसका मन उदार नहीं है उसका भोजन करना वृथा है। उसका भोजन उसकी मृत्यु के समान है। जो न तो देवगण को (परोपकारार्थ) देता है और न मित्रों को देता है और स्वयं ही भोजन करता है, वह केवल पाप ही खाता है।

वेदकालीन आर्यों ने भोग
जीवन की उपेक्षा नहीं की
क्योंकि उनका जीवन को
[illegible]
कर सकता है। इन

दृते दृंह मा मित्रस्य मा चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षन्ताम् । मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे । मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ।

(यजु० ३६ १८)

'हे परमात्मन ! मेरी दृष्टि दृढ कीजिए जिसमें सब प्राणी मुझे मित्र दृष्टि से देखें । इसी तरह मैं भी सब प्राणियों को मित्र दृष्टि से देखूं और हम सब प्राणी परस्पर एक दूसरे को मित्र दृष्टि से देखें ।"

इस प्रकार वेदो मे स्थान-स्थान पर काम, क्रोधादि मानसिक विकारो तथा सकीर्णता को त्याग कर सत्य और उदारता व्यवहार करने का विद्वान् लोग अपनी वाणी को मन से शुद्ध करके बोलते है, वही पर लक्ष्मी और मित्रता ठहरती है । विद्वान् लोग भली प्रकार जानते हैं कि सत्य और असत्य वचन एक दूसरे के विपरीत होते है । इनमे से सत्य सरल और सीधे स्वभाव से कहा जाता है और कल्याणकारी होता है ।" (ऋग्वेद १० । ७ । १ । २ तथा ७ । १० । ४ । २) वेदो मे मोह, लोभ कामवासना नशा, जुआ आदि दुर्गुणो की जगह-जगह निन्दा की गई है और ऐसे व्यक्ति को लोक तथा परलोक मे दण्डनीय बतलाया है । व्यक्तिगत स्वार्थ और लालच को त्याग कर समाज के सब व्यक्तियो के साथ प्रेम, सहानुभूति, सहयोग और परोपकार के व्यवहार को ही प्रशसनीय और आचरणीय बतलाया गया है । स्वार्थी, इन्द्रियपरायण और दूसरो को हानि पहुँचाने वाले व्यक्ति को बहुत निन्दनीय और हेय कहा है।

सच पूछा जाय तो वेदो का वास्तविक आदर्श 'आत्मवत सर्व भूतेषु, अथवा वसुदैव कुटुम्बम्' का ही है । वेदो से तत्कालीन धार्मिक सामाजिक आर्थिक स्थिति का जो कुछ विवरण ज्ञात होता है, इससे हम इसी निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि उस काल का चारित्रिक और नैतिक मापदण्ड बहुत ऊँचा था और लोगो मे त्याग की उच्च कोटि की भावना पाई जाती थी । वेदों मे सर्व प्रधान कर्म 'यज्ञ' बतलाया गया है और इसका आशय केवल कर्मकाण्ड, से नही है । 'यज्ञ' का सबसे बड़ा उद्देश्य समाज सेवा या परोपकार के 'स्वार्पण' की भावना थी यजुर्वेद

मे कई जगह 'रायंस्त्र दक्षिणा' वाले यज्ञों का उल्लेख है। पिछले जमाने मे चाहे इस प्रकार के यज्ञों को स्वार्थी लोगो ने अपने लाभ का व्यवसाय बना लिया हो पर आरम्भ मे वेदो मे इस सम्बन्ध मे जो आदेश दिया गया था उसमे समाज के सब व्यक्तियो के कल्याण, सेवा और हित की भावना ही निहित थी। इसीलिए उस युग मे यज्ञ को सबसे बड़ा 'धार्मिक कार्य' माना गया था और जो लोग स्वय 'यज्ञ' द्वारा समाज का सचालन, पालन और अभ्युदय साधित करते थे वही ब्राह्मण के पूजनीय पद के अधिकारी होते थे। इसके विपरीत जो धन के लोभी थे और उचित अथवा अनुचित सब प्रकार के उपायो से छल कपट का सहारा लेकर भी अपने लिए सम्पत्ति बटोर कर रखना ही अपना मुख्य उद्देश्य बना लेते थे उनको 'पणि' (वणिक या बनिया) के नाम से पुकारा जाता था, जो उस समय एक घृणित शब्द माना जाता था। वेदानुयायी लोगो का तीसरा वर्ण 'वैश्य' इन 'पणियो' या 'बनियो' से भिन्न था। 'वैश्य' वह था जो समाज की आर्थिक व्यवस्था को ठीक रखने के लिए खेती, शिल्प और वितरण के कार्यों की न्यायानुकूल पूर्ति करता था। इसके विपरीत पणि' का अर्थ था बेईमान और ठग व्यापारी जैसा कि ऋग्वेद मे कहा गया है—

न्यक्रतून ग्रथिनो मृध्रवाच पणीर श्रद्धां अवृधा अयज्ञान।
प्र प्र तान्दस्यूं रग्निर्विवाय पूर्वश्चकारापरां अयज्यून ॥
(७-६-३)

"हे अग्नि देव ! तुम यज्ञशून्य, ठगी का व्यवहार करने वाले, हिंसायुक्त वचन कहने वाले श्रद्धा रहित, ज्ञानहीन यज्ञ से विमुख पणि रूप दस्युओ को दूर हटाओ और उनको सब प्रकार से हेय बनाओ।"

इस प्रकार दस्युओं राक्षसो को निन्दा, नाश और उनकी सम्पत्ति को छीन लेने वाले वाक्य वेदो मे बहुत अधिक संख्या मे मिलते हैं जिससे अनेक पाठको को तत्कालीन व्यक्तियो के घोर स्वार्थी और ईर्ष्यालु होने

का देह हो जाना है। पर इसका वास्तविक कारण यही है कि उस युग में वेदों के ईश्वरीय आदेशों को समझने और पालन करने का प्रयत्न एकमात्र आर्य जाति ने ही किया था। उनमें से भी अनेक स्वार्थी और लोलुप वृत्ति के व्यक्ति त्याग और परोपकार के मार्ग को कठिन समझ कर समाज से पृथक होकर नीच कर्मों में प्रवृत्त हो गये थे। इनके सिवाय पृथ्वी पर अन्य अनेकों जनसमुदाय थे जो केवल पशुओं की तरह खाना, सोना, और सन्तानोत्पादन के सिवा अन्य मानवोचित कर्त्तव्यों से अनजान और विमुख थे। ये स्वयं विधिपूर्वक कार्य कर सकने में असमर्थ थे और दूसरे परिश्रमी तथा पुरुषार्थी मनुष्यों की कमाई को लूट-खसोट कर भक्षण कर जाना ही सबसे सहज और सामञ्जस्य काम समझते थे। ये पशुओं से भी अधम लोग अन्य सभ्य मनुष्यों और गौ आदि पशुओं को मार कर अपना पेट भरने में भी कुछ बुराई नहीं समझते थे। ऐसे ही निकृष्ट और अत्याचारी लोगों को वेद में समाज का शत्रु बतलाया गया और मानव-जीवन के हित और प्रगति के लिए उनको नष्ट करने की आज्ञा दी है।

× × × ×

जैसा हमने आरम्भ में लिखा है वेदों के अधिकांश मन्त्रों के आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक दृष्टि से विभिन्न अर्थ होते हैं और इस कारण हमारे इस वर्तमान संस्करण में लौकिक अर्थ की प्रधानता होने पर भी, हम यह असंदिग्ध रूप से कह सकते हैं कि वेदों का मूल लक्ष्य मनुष्यों की आध्यात्मिक उन्नति और आत्मकल्याण ही है। वेद के सत्य उपदेश, जाति धर्म, सम्प्रदाय और समुदाय आदि से बहुत ऊपर हैं। वे मनुष्य को सृष्टि के मूल स्वरूप का ज्ञान प्रदान करते हैं और उसी के अनुसार आत्मज्ञान के अनुकूल जीवन व्यतीत करने का मार्ग प्रदर्शित करते हैं।

× × × ×

वेदों का प्रकाशन कार्य बहुत भारी है, और बिना एक लम्बी साधना के उसकी पूर्ति हो सकना सम्भव नहीं। इतने विशाल ग्रन्थ का लिखकर तैयार करना और छाप सकना किसी अकेले व्यक्ति की शक्ति से बाहर की बात है। हमने अपने सीमित साधनों से जहाँ तक सम्भव था इसे उपयोगी रूप में पूरा करने का प्रयत्न किया है। इस कार्य में हमको अपने जिन सहयोगियों तथा अन्य विद्वान पुरुषों से सहायता प्राप्त हुई है उन सबके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना अपना कर्त्तव्य समझते हैं। लेखन कार्य में सबसे अधिक सहयोग श्री दाऊदयालजी गुप्त से प्राप्त हुआ है उनके सतत परिश्रम के बिना इसका इतने अल्प समय में तैयार हो सकना सम्भव न था, जिसके लिए गुप्ता जी हमारे हार्दिक धन्यवाद के पात्र हैं। इसके संशोधन और मुद्रण कार्य का भार श्री सत्यभक्त जी को दिया गया था। इतना बड़ा कार्य किसी एक स्थानीय प्रेस द्वारा शीघ्र सम्पन्न नहीं हो सकता था, इसलिए तीन विभिन्न प्रेसों में इसे छपाने की व्यवस्था करनी पड़ी। इन सबकी देखभाल करना और ग्रन्थ को ठीक समय पर सुन्दर रूप में तैयार करा देना एक बहुत श्रमसाध्य कार्य था, जिसे उन्होंने दिन रात परिश्रम करके पूर्ण किया अतः उन्हें भी धन्यवाद देना हमारा कर्त्तव्य है। इसके अतिरिक्त जिन अनेक ग्रन्थों से प्रस्तुत संस्करण को तैयार करने में सहायता मिली है उन सबके लेखकों के प्रति भी हम अपनी आन्तरिक कृतज्ञता प्रकट करते हैं।

—श्रीराम शर्मा आचार्य

गायत्री तपोभूमि
मथुरा।

॥ ॐ ॥

प्रथम अष्टक

प्रथम अध्याय

१ सूक्त [प्रथम अनुवाक]

(ऋषि—मधुच्छन्दा । देवता—अग्ने । छन्द—गायत्री)

अग्निमीले पुरोहितयज्ञस्य देवमृत्विजम् । होतारं रत्नधातमम् ।१।
अग्नि. पूर्वेभिर्ऋषिभिरीड्यो नूतनैरुत । स देवां एह वक्षति ।२।
अग्निना रयिमश्नवत् पोषमेव दिवेदिवे । यशसं वीरवत्तमम् ।३।
अग्ने यं यज्ञमध्वरं विश्वतः परिभूरसि । स इद्देवेषु गच्छति ।४।
अग्निर्होता कविक्रतु. सत्यश्चित्रश्रवस्तमः । देवो देवेभिरागमत्
।५।१।

अग्रणि, प्रकाशित, यजनकर्त्ता, देव दूत, रत्नयुक्त अग्नि का स्तवन करता हूँ ।१। पूर्वकाल मे जिसकी ऋषियो ने उपासना की थी तथा अब भी ऋषिगण जिसकी स्तुति करते हैं, वह अग्नि देवगण को यज्ञ मे बुलाता है ।२। अग्नि धनो को दिलाने वाला, पोषक तथा वीरत्व प्रदान करने वाला है ।३। हे अग्ने तू जिस यज्ञ मे सर्वत्र विराजमान है उसमे विघ्न सम्भव नहीं । वह यज्ञ स्वर्गस्थ देवगण को तृप्त करता है ।४। हे अग्ने ! तू हवि वाहक, ज्ञान-कर्म का प्रेरक, अमर यशस्वी देवताओ सहित यज्ञ को प्राप्त हो ।५। [१]

यदङ्ग दाशुषे त्वमग्ने भद्रं करिष्यसि । तवेत्तत् सत्यमङ्गिरः ।६।
उपत्वाग्ने दिवेदिवे दोषावस्तर्धिया वयम् । नमो भरन्त एमसि ।७।
राजन्तमध्वराणां गोपामृतस्य दीदिविम् । वर्धमानं स्वे दमे ।८।
स नः पितेव सूनवेऽग्ने सूपायनो भव । सचस्वा नः स्वस्तये ।९।२

हे अग्ने ! तू हविदाता का कल्याण करने वाला है। अवश्य ही वह कर्म तुझे प्राप्त होता है।६। हे अग्ने ! हम दिन रात अपनी बुद्धि और हृदय से नमस्कार पूर्वक तेरा सामीप्य प्राप्त करते है।७। हे अग्ने तू यज्ञ को प्रकट करने वाला, सत्य-रक्षक, स्वयं प्रकाशित तथा सहज ही वृद्धि को प्राप्त होता है।८। हे अग्ने ! पुत्र जैसे पिता के पास स्वयं ही पहुँच जाता है, वैसे ही तू हमको सुगमता से प्राप्त हो जाता है। इसलिए तू हमारे लिए मङ्गलदाता बन।६। (१)

२ सूक्त

(ऋषि —मधुच्छन्दा। देवता—वायु, इन्द्रव यू मित्रावरुणौ। छन्द —गायत्री)

वायवा याहिदर्शतेमे सोमा अरङ्कृता तेषां पाहि श्रुधी हवम्।१।
वाय उक्थेभिर्जरन्ते त्वामच्छा जारितार। सुतसोमा अहर्विद।२।
वायो तव प्रपृञ्चती धेना जिगाति दाशुषे। उरूची सोमपीतये।३।
इन्द्रवायू इमे सुता उप प्रयोभिरा गतम्। इन्दवो वामुशन्ति हि।४।
वायविन्द्रश्च चेतथ. सुतानां वाजिनीवसू। तावा यातमुप द्रवत्।५।३

हे प्रिय दर्शन वायो ! यहाँ आ ! तेरे निमित्त यह सुसिद्ध सोम रखा है, उसे पीते हुए हमारे वचनों पर ध्यान दो।१। हे वायो ! यह सोम निष्पन्न करने वाले और इसके गुणो को जानने वाले स्तोता तेरा गुण-गान करते हुए स्तवन करते हैं।।२।। हे वायो ! तुम्हारी मर्मस्पर्शी वाणी सोम की कामना से दाता को शीघ्र प्राप्त होती है।।३।। हे इन्द्र, वायो ! यहाँ सोमरस प्रस्तुत है। यह तुम्हारे ही लिए है। अत अन्नादि सहित आओ।४। हे वायो ! हे इन्द्र ! तुम अन्न सहित सोमो के ज्ञाता हो। अत शीघ्र ही यहाँ आओ।५।

वायविन्द्रश्च सुन्वत आ यातमुप निष्कृतम्। मक्षि्व तथा धिया नरा।६।

मित्रं हुवे पूतदक्षं वरुण च रिशादसम्। धियं घृताचीं साधन्ता।७।
ऋतेन मित्रावरुणावृतावृधावृतस्पृशा। क्रतुं बृहन्तमाशाथे।८।
कवी नो मित्रावरुणा तुविजाता उरुक्षया। दक्षं दधाने अपसम्।९।४

हे वायो और इन्द्र ! इस सिद्ध किये हुए सोम रस के पास शीघ्र आओ। तुम दोनों ही योग्य पदार्थ को प्राप्त करते हो ।६। पवित्र बल वाले मित्र और शत्रु नाशक वरुण का मैं आह्वान करता हूँ । यह ज्ञान और कर्म को प्रेरित करने वाले हैं ।७। ये मित्र, वरुण सत्य से वृद्धि को प्राप्त होने वाले सत्य स्वरूप तथा सत्य से विशालता को प्राप्त यज्ञ को सम्पन्न करने वाले हैं ।८। ये मित्र वरुण, शक्तिशाली, सर्वत्र व्याप्त हैं और बल द्वारा कर्मों में प्रेरित करते हैं । सब कर्मों और अधिकारों को बल में करने वाले हैं ।९।४।

३ सूक्त

(ऋषि—मधुच्छन्दा । देवता-अश्विनौ, इन्द्र- विश्वेदेवा सरस्वती। छन्द-गायत्री)

अश्विना यज्वरीरिषो द्रवत्पाणी शुभस्पती पुरुभुजा चनस्यतम् ।१।
अश्विना पुरुदंससा नरा शवीरया धिया । धिष्ण्या वनतं गिरः ।२।
दस्रा युवाकवः सुता नासत्या वृक्तबर्हिषः । आ यातं रुद्रवर्तनी ।३।
इन्द्रा याहि चित्रभानो सुता इमे त्वायवः । अण्वीभिस्तना पूतासः ।४।
इन्द्रा याहि धियेषितो विप्रजूतः सुतावतः । उप ब्रह्माणि वाघतः ।५।
इन्द्रा याहि तूतुजान उप ब्रह्माणि हरिवः । सुते दधिष्व नश्चनः ।६।१

ओमासश्चर्षणीधृतो विश्वे देवास आगत। दाश्वांसो दाशुषः सुतम् ।७। विश्वे देवासो अप्तुरः सुतमा गन्त तूर्णयः। उस्रा इव स्वसराणि ।८। विश्वे देवासो अस्रिध एहिमायासो अद्रुहः। मेधं जुषन्त वह्नयः ।९। पावका नः सरस्वती वाजेभिर्वाजिनीवती। यज्ञं वष्टु धियावसुः ।१०। चोदयित्री सूनृतानां चेतन्ती सुमतीनाम्। यज्ञं दधे सरस्वती ।११। महो अर्णः सरस्वती प्र चेतयति केतुना। धियो विश्वा वि राजति ।१२।६

हे विश्वेदेवाओ ! तुम रक्षक, धारक और दाता हो। अतः इस हविदाता के यज्ञ को प्राप्त होओ ।७। हे विश्वेदेवाओ ! तुम कर्मवान् और शीघ्रता करने वाले हो, आप सूर्य किरणों के समान ज्ञान प्रदान करने को आओ ।८। हे विश्वेदेवाओ ! तुम किसी से भी न मारे जाने वाले, चतुर, निर्वैर तथा सुख-साधक हो। हमारे यज्ञ को प्राप्त होकर अन्न ग्रहण करो ।९। हे पवित्र करने वाली सरस्वती ! तू बुद्धि द्वारा अन्न धन को देने वाली है। हमारे इस यज्ञ को सफल कर ।१०। सत्य कर्मों की प्रेरक, उत्तम बुद्धि को प्रशस्त करने वाली यह सरस्वती हमारे यज्ञ को धारण करने वाली है ।११। यह सरस्वती विशाल ज्ञान-समुद्र को प्रकट करने वाली है। यही सब बुद्धियों को ज्ञान की ओर प्रेरित करती है ।१२। [६]

४ सूक्त [दूसरा अनुवाक]

(ऋषि—मधुच्छन्दा। देवता—इन्द्र। छन्द—गायत्री)

सुरूपकृत्नुमूतये सुदुघामिव गोदुहे। जुहूमसि द्यविद्यवि ।१। उप नः सवना गहि सोमस्य सोमपाः पिब। गोदा इद्रेवतो मदः ।२। अथा ते अन्तमानां विद्याम सुमतीनाम्। मा नो अति ख्य आ गहि ।३। परेहि विग्रमस्तृतमिन्द्रं पृच्छा विपश्चितम्। यस्ते सखिभ्य आ वरम् ।४। उत ब्रुवन्तु नो निदो निरन्यतश्चिदारत। दधाना इन्द्र इद्दुवः ।५।७

दोहन के लिए गाय को बुलाने वाले के समान, अपनी रक्षा के लिए हम उत्तमकर्मा इन्द्र का आह्वान करते हैं ।१। हे सोमपायी इन्द्र ! सोमपान के लिए हमारे यज्ञ का सामीप्य करो। तुम ऐश्वर्यवान् प्रसन्न होकर हमको गवादि

धन देने वाले हो ।१। तुमने निकट सम्पर्क प्राप्त बुद्धिमानो के आश्रय मे रहकर हम तुम्हे जाने तुम हमारे विरुद्ध न होओ, हमे त्याग न कर तुम हमे प्राप्त हो ।३। हे मनुष्यो तुम अपराजित, कर्मवान् इन्द्र के पास जाकर अपने बान्धवो के लिए श्रेष्ठ ऐश्वर्य को प्राप्त करो ।४। इन्द्र के उपासक उसी की उपासना करते हुए इन्द्र के निन्दको को देश से दूर जाने को कहे जिससे वे दूर से भी दूर भाग जावें ।५। [७]

उत नः सुभगाँ अरिर्वोचेयुर्दस्म कृष्टयः। स्यामेदिन्द्रस्य शर्मणि ।६। एमाशुमाशवे भर यज्ञश्रियं नृमादनम्। पतयन्मन्दयत सखम् ।७। अस्य पीत्वा शतक्रतो घनो वृत्राणामभव प्रावो वाजेषु वाजिनम् ।८ त त्वा वाजेषु वाजिनं वाजयामः शतक्रतो। धनानामिन्द्र सातये ।६। यो रायो ऽवनिर्महान्त्सुपारः सुन्वतः सखा। तस्मा इन्द्राय गायत ।१०।८

हे शत्रुनाशक इन्द्र ! तुम्हारे आश्रय मे रहने से शत्रु और मित्र सभी हमको ऐश्वर्यवान् बताते हैं ।६। यज्ञ को शोभित करने वाले, आनन्दप्रद, प्रसन्नता दायक तथा यज्ञ सम्पन्न करने वाले सोम को इन्द्र के लिए अर्पित करो।७। हे सैकडो यज्ञ वाले इन्द्र ! इस सोम-पान से बलिष्ठ हुए तुम दैत्यों के [illegible] हुए। इसी के बल से तुम युद्धो मे सेनाओ की रक्षा करते हो ।८। हे [illegible] इन्द्र ! युद्धो मे [illegible] ने वाले तुमको हम ऐश्वर्य के निमित्त [illegible] [illegible] ओ को दूर करने वाले यज्ञ करने [illegible] ।१०।

हे स्तुति करने वाले मित्रो ! यहाँ आकर बैठो और इन्द्र के गुणो का गान करो ।१। सब इकट्ठे होकर सोम-रस को सिद्ध करो और इन्द्र की स्तुतियाँ गाओ ।२। वह इन्द्र प्राप्त होने योग्य धन को हमें प्राप्त करावे तथा सुमति दे वह अपनी विभिन्न शक्तियो सहित हमको प्राप्त हो ।३। जिसके अश्व-जुते रथ के सम्मुख डट नही सकते, उसी इन्द्र के गीत गाओ ।४। यह शोधित सोमरस, सोमपायी इन्द्र के पीने के लिए स्वत ही प्राप्त हो जाता है ।५। (६)

त्वं सुतस्य पीतये सद्यो वृद्धो अजायथाः । इन्द्रः ज्यैष्ठ्याय सुक्रतो ।६। आ त्वा विशन्त्वाशव सोमास इन्द्रगिर्वणः । शं ते सन्तु प्रचेतसे ।७। त्वां स्तोमा अवीवृधन् त्वामुक्था शतक्रतो । त्वां वर्धन्तु नो गिरः ।८। अक्षितोतिः सनेदिम वाजमिन्द्र सहस्रिणम् । यस्मिन् । विश्वानि पौंस्या ।९। मा नो मर्ता अभिद्रुहन् तनूनामिन्द्र गिर्वण । ईशानो यवया वधम् ।१०।

हे उत्तमकर्मा इन्द्र ! तू सोम पान द्वारा उन्नत होने के लिए सदा तत्पर रहता है ।६। हे स्तुत्य ! यह सोमरस मेरे शरीर मे रम जाय और तुझे प्रसन्नता प्रदान करे । ज्ञानीजन तुझे सुखकारक हो ।७। हे शतकर्मा इन्द्र ! तू इन स्तोत्रमयी वाणियों से प्रतिष्ठा को प्राप्त हुआ वह ।८। जिसकी सामर्थ्य में कभी कमी नही आती, जिसमे सभी बलो का समावेश है, वह इन्द्र सहस्रों के पालन करने की सामर्थ्य हमको प्रदान करे ।९। हे स्तुत्य इन्द्र ! हमारे शरीरो को कोई भी शत्रु हानि न पहुँचा सके, हमारी कोई हिंसा न कर सके । तू सभी प्रकार समर्थ है ।१०। (१०)

६ सूक्त

(ऋषि—मधुच्छन्दा । देवता—इन्द्र, मरुत इन्द्रश्च । छन्द—गायत्री)

युञ्जन्ति ब्रध्नमरुषं चरन्तं परि तस्थुषः । रोचन्ते रोचना दिवि ।१
युञ्जन्त्यस्य काम्या हरी विपक्षसा रथे । शोणा धृष्णू नृवाहसा ।२।
केतुं कृण्वन्नकेतवे पेशो मर्या अपेशसे । समुषद्भिरजायथाः ।३।
आदह स्वधामनु पुनर्गर्भत्वमेरिरे । दधाना नाम यज्ञियम् ।४।
वीलु चिदारुजत्नुभिर्गुहा चिदिन्द्र वह्निभि । अविन्द उस्रिया अनु ।५।।११

इन्द्रो दीर्घाय चक्षस आ सूर्यं रोहयद् दिवि । वि गोभिरद्रिमैरयत् ।३।

एन्द्र वाजेषु नोऽव सहस्रप्रधनेषु च । उग्र उग्राभिरूतिभिः ।४।
इन्द्रं वयं महाधन इन्द्रमर्भे हवामहे । युजं वृत्रेषु वज्रिणम् ।५।१३

साम-गायकों और विद्वानों ने मन्त्रों द्वारा इन्द्र की पूजा की । हमारी वाणी भी इन्द्र का स्तवन करती है ।१। इन्द्र अपने वचन मात्र से दोनों घोड़ों को एक साथ जोड़ते हैं । वह वज्र को धारण करने वाला और सुवर्ण के समान रूपवान् है ।२। दूर तक दिखाई पड़ने के लिए इन्द्र और सूर्य को स्थापित किया और उसकी किरणें अँधेरे रूप दैत्य को मिटाया ।३। हे प्रचण्ड योद्धा इन्द्र ! तू सहस्रों प्रकार के भीषण युद्धों में अपने रक्षा-साधनों द्वारा हमारी रक्षा कर ।४। हमारे साथियों की रक्षा के लिए इन्द्र वज्र धारण करता है । वह इन्द्र हमको धन अथवा बहुत से ऐश्वर्य के निमित्त प्राप्त हो ।५।　　　　[१३]

स नो वृषन्नमुं चरुं सत्रादावन्नपा वृधि । अस्मभ्यमप्रतिष्कुतः ।६।
तुञ्जे तुञ्जे य उत्तरे स्तोमा इन्द्रस्य वज्रिणः । न विन्धे अस्य सुष्टुतिम् ।७।

वृषा यूथेव वंसगः कृष्टीरियर्त्योजसा । ईशानो अप्रतिष्कुतः ।८।

य एकश्चर्षणीनां वसूनामिरज्यति । इन्द्रः पञ्च क्षितीनाम् ।९।
इन्द्रं वो विश्वतस्परि हवामहे जनेभ्यः । अस्माकमस्तु केवलः ।१०।१४।

हे वीर एवं दाता इन्द्र ! हमारे निमित्त उस मेघ को छिन्न-भिन्न कर । तुम कभी भी हमारे लिए 'नहीं' नहीं कहते ।६। वज्रित इन्द्र के दान की उपमा मुझे कहीं नहीं मिलती । उसकी अधिक उत्तम स्तुति किस प्रकार करें ? ।७। गौओं के झुण्ड में चलने वाले बैल के समान, वह सर्वेश्वर इन्द्र अपने बल से मनुष्यों को प्रेरित करते हैं ।८। वह इन्द्र पाँचों श्रेणियों के मनुष्यों और ऐश्वर्यों का एक मात्र स्वामी है ।९। साथियो ! हम तुम्हारे कल्याण के निमित्त सबके अग्र पुरुष इन्द्र का आह्वान करते हैं, वह केवल हमारे हैं ।१०।　[१

हे इन्द्र ! तुम्हारी सामर्थ्य पूर्ण उपासक के लिए सुन्दर रक्षा करने वाली और यशोदायी है ।६। इन्द्र का गुणगान और स्तुतियाँ सोम-पान के लिए गायी जाती हैं ।१०।

६ सूक्त

(ऋषि—मधुच्छन्दा । देवता—इन्द्र । छन्द—गायत्री)

इन्द्रेहि मत्स्यन्धसो विश्वेभिः सोमपर्वभिः महाँ अभिष्टिरोजसा ।१।
एमेनं सृजता सुते मन्दिमिन्द्राय मन्दिने । चक्रिं विश्वानि चक्रये ।२।
मत्स्वा सुशिप्र मन्दिभिः स्तोमेभिर्विश्वचर्षणे । सचैषु सवनेष्वा ।३।
असृग्रमिन्द्र ते गिरः प्रति त्वामुदहासत । अजोषा वृषभं पतिम् ।४।
सं चोदय चित्रमर्वाग्राध इन्द्र वरेण्यम् असदित्ते विभु प्रभु ।५।१७

हे इन्द्र ! आओ । सोम-पान कर प्रसन्न होओ । तुम अपने बल के द्वारा पूजनीय हो ।१। इस प्रसन्नता-प्रद सोम को समस्त कार्यों और पुरुषार्थों के करने वाले इन्द्र के निमित्त सिद्ध करो ।२। हे सुन्दर रूप वाले सर्वेश्वर इन्द्र ! इस सोम के उत्सव में पधारो और स्तोत्रों से प्रसन्नता को प्राप्त हो ।३। हे इन्द्र तुम्हारे लिए जो स्तुतियां की गई हैं, वे सभी तुमको प्राप्त हुई हैं ।४। हे इन्द्र ! विभिन्न उत्तम ऐश्वर्यों को हमारी ओर प्रेरित करो । क्योंकि तुम भी पर्याप्त स्वामी हो ।५। (१७)

अस्मान्त्सु दत्र चोदयेन्द्र राये रभस्वतः । तुविद्युम्न यशस्वतः ।६।
स गोमदिन्द्र वाजवदस्मे पृथु श्रवा बृहत् । विश्वायुर्धेह्यक्षितम ।७।
अस्मे धेहि श्रवो बृहद्द्युम्नं सहस्रसातमम् । इन्द्र ता रथिनी रष. ।८।
वसोरिन्द्रं वसुपतिं गीर्भिर्गृणन्त ऋग्मियम् । होम गन्तारमूतये ।९।
सुतेसुते न्योकसे बृहद् बृहत एदरिः । इन्द्राय शूषमर्चति ।१०।१८

हे अनन्त ऐश्वर्य वाले इन्द्र ! बल-वीर्य से सम्पन्न पुरुषों को कर्म मे उचित प्रेरणा दो ।६। हे इन्द्र ! गौ, बल, आयु से पूर्ण, अमर कीर्ति को हमें प्रदान करो ।७। हे इन्द्र महान् यश, सहस्र संख्यक धन और रथों से पूर्ण ऐश्वर्य हमको दो ।८। हम ऐश्वर्य-स्वामी, स्तुत्य, गतिशील इन्द्र का स्तुति-पूर्वक धन-रक्षा के

लिए आह्वान करते हैं।६। सोम के सिद्ध करने वाले स्थान में उपासक-गण इन्द्र को बुलाते हैं।१०।   (१८)

१० सूक्त

(ऋषि – मधुच्छन्दा। देवता – इन्द्र। छन्द – अनुष्टुप्)

गायन्ति त्वा गायत्रिणोऽर्चन्त्यर्कमर्किणः।
ब्रह्माणस्त्वा शतक्रत उद्वंशमिव येमिरे।१।
यत्सानोः सानुमारुहद् भूर्यस्पष्ट कर्त्वम्।
तदिन्द्रो अर्थं चेतति यूथेन वृष्णिरेजति।२।
युक्ष्वा हि केशिना हरी वृषणा कक्ष्यप्रा।
अथा न इन्द्र सोमपा गिरामुपश्रुतिं चर।३।
एहि स्तोमाँ अभि स्वराभि गृणीह्या रुव।
ब्रह्म च नो वसो सचेन्द्र यज्ञं च वर्धय।४।
उक्थमिन्द्राय शंस्यं वर्धनं पुरुनिष्षिधे।
शक्रो यथा सुतेषु णो रारणत् सख्येषु च।५।
तमित् सखित्व ईमहे तं राये तं सुवीर्ये।
स शक्र उत नः शकदिन्द्रो वसु दयमानः।६।१९

और सामर्थ्य के लिए हम इन्द्र की ही कामना करते हैं। वही इन्द्र हमको
धनवान् और बलवान् बनाता हुआ रक्षा करता है।६।

सुविवृतं सुनिरजमिन्द्र त्वादातमिद्यशः ।
गवामप व्रजं वृधि कृणुष्व राधो अद्रिवः ॥७॥
नहि त्वा रोदसी उभे ऋघायमाणमिन्वतः ।
जेषः स्वर्वतीरपः सं गा अस्मभ्यं धूनुहि ॥८॥
आश्रुत्कर्ण श्रुधी हवं नू चिद्दधिष्व मे गिरः ।
इन्द्र स्तोममिमं मम कृष्वा युजश्चिदन्तरम् ॥९॥
विद्मा हि त्वा वृषन्तमं वाजेषु हवनश्रुतम् ।
वृषन्तमस्य हूमह ऊतिं सहस्रसातमाम् ॥१०॥
आ तू न इन्द्र कौशिक मन्दसानः सुतं पिब ।
नव्यमायुः प्र सू तिर कृधी सहस्रसामृषिम् ॥११॥
परि त्वा गिर्वणो गिर इमा भवन्तु विश्वतः ।
वृद्धायुमनु वृद्धयो जुष्टा भवन्तु जुष्टयः ॥१२॥२०

हे इन्द्र ! तुम्हारा दिया हुआ यश सब ओर फैल गया है। हे वज्रिन् !
गोशालाओं को खोलकर हमको बहुत-सा गोधन प्राप्त कराओ।७। हे इन्द्र !
आपको क्रोधितावस्था में आकाश या पृथिवी कोई भी तुमको धारण करने में
समर्थ नहीं होते। तुम आकाश से वृष्टि करो और हमको गौएँ दो।८। हे सबकी
स्तुति सुनने वाले इन्द्र ! मेरी भी सुनो। इन स्तुतियों को स्वीकार करो।
स्तोत्र को अपने मित्र से भी अधिक निकटस्थ मानो।९। हे इन्द्र ! हम जानते
हैं कि तुम महान् पुरुषार्थी हो। तुम युद्धकाल में हमारी स्तुतियों को सुनते हो।
अपनी रक्षा के लिए हम तुम्हारा आह्वान करते हैं।१०। हे
हे अभीष्टसाधक ! कुशिक के पुत्र तुम निष्पन्न सोम के पीने को यहाँ आओ। मेरी आयु की वृद्धि
करते हुए इस ऋषि को सहस्र संख्यक धन का स्वामी बनाओ।११। हे स्तुत्य
इन्द्र ! हमारी ये स्तुतियाँ तुम्हारे सब ओर व्याप्त हैं। तुम बढ़ी हुई आयु
वाले हो ... तुम्हारी प्रीति हो।१२। (२०)

हे वज्रिन् ! वृत्र की गौओं वाली गुफा के खोले जाने पर पीड़ित देवताओं ने तुमसे प्रथम प्रकार किया ।५। हे इन्द्र ! निष्पन्न सोम का गुण सबको बताकर तुम्हारे धन-दान के प्रभाव से फिर आया हूँ । हे स्तुत्य इन्द्र ! तुम्हारा सामीप्य प्राप्त करने वाले तुमको भले प्रकार जानते हैं ।६। हे इन्द्र ! तुमने अपनी माया से ही उस मायावी शुष्ण पर विजय प्राप्त की । तुम्हारी इस महिमा को जो बुद्धिमान् जानते हैं, उनकी वृद्धि करो ।७। अपने बल से संसार पर शासन करने वाले इन्द्र का स्तोताओं ने यश गान किया । वे सहस्रों प्रकार से भी अधिक ऐश्वर्यों के दाता हैं ।८। (२१)

१२ सूक्त [चौथा अनुवाक]

(ऋषि—मेधातिथि काण्व ; देवता अग्नि । छन्द गायत्री)

अग्नि दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम् । यज्ञस्य सुक्रतुम् ।१।
अग्निमग्निं हवीमभि सदा हवन्त विश्वपतिम् । हव्यवाहं पुरुप्रियम् ।२।
अग्ने देवाँ इहा । वह जज्ञानो वृक्तबर्हिषे । असि होता न ईड्य. ।३।
ताँ उशतो वि बोधय यदग्ने यासि दूत्यम् । देवैरा सत्सि बर्हिषि: ४।
घृताहवन दीदिव: प्रतष्व परिषतो दह । अग्ने त्व रक्षस्विन: ।५।
अग्निनाग्नि: समिध्यते कविर्गृहपतिर्युवा । हव्यवाड् जुह्वास्य. ६।२१

हम देवदूत आह्वानकर्त्ता, सब ऐश्वर्यों के स्वामी, यज्ञ के सम्पादन करने वाले अग्नि वरण करते हैं ।१। प्रजा-पालक, हवि-वाहक, बहुतों के प्रिय अग्नि का मन्त्रों द्वारा यजमान आह्वान करते हैं ।२। हे अग्ने ! कुश बिछाने वाले यजमान के लिए प्रदीप्त हुए तुम देवताओं को बुलाओ । क्योंकि तुम हमारे पूज्य होता हो ।३। हे अग्ने ! तुम देवताओं के दौत्य कर्म में नियुक्त हो, इसलिए हव्य चाहने वाले देवों को बुलाओ और उनके साथ इस कुशासन पर प्रतिष्ठित होओ ।४। हे देदीप्यमान अग्ने ! तुम घृत से प्रदीप्त हुए, हमारे शत्रुओं को भस्म करो ।५। मेधावी, गृह रक्षक, हवि-वाहक, और जुहू मुख वाले अग्नि को अग्नि से ही प्रज्वलित करते हैं ।६। (२१)

कविमग्निमुप स्तुहि सत्यधर्माणमध्वरे। देवममीवचातनम् ।७।
यस्त्वामग्ने हविष्पतिर्दूतं देव सपर्यति। तस्य स्म प्राविता भव ।८।
यो अग्निं देववीतये हविष्माँ आविवासति। तस्मै पावक मृळय ।९।
स नः पावक दीदिवोऽग्ने देवाँ इहा वह। उप यज्ञं हविश्च नः ।१०।
स न स्तवान आ भर गायत्रेण नवीयसा रयिं वीरवतीमिषम् ।११।
अग्ने शुक्रेण शोचिषा विश्वाभिर्देवहूतिभिः इमं स्तोमं जुषस्व नः ।१२।

मेधावी, सत्यनिष्ठ, शत्रुनाशक अग्नि की यज्ञ-कर्म मे निकट मे स्तुति करो ।७। हे अग्ने ! तुम देवदूत की जो यजमान सेवा करता है, उसकी तुम रक्षा करने वाले होओ ।८। हे पावक ! जो यजमान हवि देने के लिए अग्नि के समीप जाकर उपासना करे उसका कल्याण करो ।९। हे पवित्र अग्नि ! तुम प्रदीप्त हुए हमारे यज्ञ मे हवि ग्रहण करने के लिए देवताओ को यहाँ लाओ ।१०। हे अग्ने ! नवीन स्तोत्रो से स्तुति किये जाते तुम हमको धन पुत्र और अन्न के प्रदाता बनो ।११। हे अग्ने ! तुम कान्तिमान् और देवताओ को बुलाने मे समर्थ हो। हमारे इस स्तोत्र को स्वीकार करो। १२। (२३)

१३ सूक्त

(ऋषि—मेधातिथि काण्व। देवता - अग्नि प्रभृति। छन्द—गायत्री)

सुसमिद्धो न आ वह देवाँ अग्ने हविष्मते। होतः पावक यक्षि च ।१।
मधुमन्तं तनूनपाद्यज्ञं देवेषु नः कवे। अद्या कृणुहि वीतये ।२।
नराशंसमिह प्रियमस्मिन् यज्ञ उपह्वये। मधुजिह्वं हविष्कृतम् ।३।
अग्ने सुखतमे रथे देवाँ ईळित आ वह। असि होता मनुर्हितः ।४।
स्तृणीत बर्हिरानुषग्घृतपृष्ठं मनीषिणः। यत्रामृतस्य चक्षणम् ।५।
वि श्रयन्तामृतावृधो द्वारो देवीरसश्चतः। अद्या नूनं च यष्टवे ।६।४

हे समिद्ध हुए अग्निदेव ! हमारे यजमान के निमित्त देवताओ को यज्ञ मे लाकर उनका पूजन कराओ ।१। हे मेधावी अग्ने ! तुम शरीर की रक्षा करने वाले हो, हमारे यज्ञ को देवताओं के उपभोग के लिए उत्तम

इन्द्रवायु बृहस्पतिं मित्राग्नि पूषणं भगम् । आदित्यान् मारुतं गणम् ।३।
प्र वो भ्रियन्त इन्दवो मत्सरा मादयिष्णवः । द्रप्सा मध्वश्चमूषदः ।४।
ईळते त्वामवस्यवः कण्वासो वृक्तबर्हिषः । हविष्मन्तो अरङ्कृतः ।५।
घृतपृष्ठा मनोयुजो ये त्वा वहन्ति वह्नयः । आ देवान्त्सोमपीतये ।६।२६

हे अग्ने ! इन देवताओं को साथ लेकर सोम पीने के लिए आओ। हमारी पूजा और स्तुतियाँ तुम्हें प्राप्त हों। हमारे यज्ञ में देवताओं की पूजा करो ॥१॥ हे अग्ने ! तुमको कण्व वंशी बुलाते रहे हैं। वे अब भी तुम्हारे गुण गाते हैं। तुम देवताओं के सहित आओ ॥२॥ इन्द्र, वायु, बृहस्पति, मित्र, अग्नि, पूषा, भग, आदित्य और मरुद्गण का आह्वान करो ॥३॥ तृप्त करने वाले प्रसन्नता पात्रों में ढके हुए बिन्दु रूप सोम यहाँ उपस्थित हैं ॥४॥ कण्व वंशी तुमसे रक्षा याचना करते हुए, कुश बिछाकर हव्यादि सामग्री से युक्त हुए तुम्हारा स्तवन करते हैं ॥५॥ तुम्हारी इच्छा मात्र से रथ में जुड़ने वाले अश्व तुम्हें ले जाते हैं। ऐसे तुम सोम-पान के निमित्त यहाँ आओ ॥६॥ [२६]

तानयजत्राँ ऋतावृधोऽग्ने पत्नीवतस्कृधि । मध्वः सुजिह्व पायय ।७।
ये यजत्रा य ईड्यास्ते ते पिबन्तु जिह्वया । मधोरग्ने वषट्कृति ।८।
आकीं सूर्यस्य रोचनाद् देवाँ देवा उषर्बुधः । विप्रो होतेह वक्षति ।९।
विश्वेभिः सोम्यं मध्वग्न इन्द्रेण वायुना । पिबा मित्रस्य धामभिः ।१०।
त्वं होता मनुर्हितोऽग्ने यज्ञेषु सीदसि । सेमं नो अध्वरं यज ।११।
युक्ष्वा ह्यरुषी रथे हरितो देव रोहितः । ताभिर्देवाँ इहा वह ।१२।१७।

हे अग्ने ! उन पूज्य तथा यज्ञ को बढ़ाने वाले देवताओं को पत्नी सहित मधुर सोम-रस का पान कराओ ॥७॥ हे अग्ने ! पूज्य और स्तुत्य देवगण तुम्हारी जिह्वा के द्वारा मधुर सोम-रस का पान करें ॥८॥ हे मेधावी अग्नि रूप होता ! प्रातःकाल जगने वाले विश्वेदेवताओं को सूर्यमण्डल से पृथक कर यहाँ ले आओ ॥९॥ हे अग्ने ! तुम, मित्र इन्द्र, वायु के तेज के सहित, सोम-रस का पान करो ॥ १० ॥ हे अग्ने ! हमारे द्वारा प्रतिष्ठित होता

रूप तुम यज्ञ में विराजमान होते हो । अतः इस यज्ञ को सम्पन्न करो ॥११॥ हे अग्ने ! तुम स्वर्णिम और रक्त वर्ण वाले अश्वों को अपने रथ में जोड़कर देवताओं को यज्ञ में ले आओ ॥१२॥ (२७)

१५ सूक्त

(ऋषि-मेधातिथिः काण्वः । देवता—ऋतव प्रभृति । छन्द—गायत्री)

इन्द्र सोमं पिब ऋतुना त्वा विशन्त्विन्दवः । मत्सरासस्तदोकसः ।१।
मरुतः पिबत ऋतुना पोत्राद् यज्ञं पुनीतन । यूयं हि ष्ठा सुदानवः ।२।
अभि यज्ञं गृणीहि नो ग्नावो नेष्टः पिब ऋतुना । त्वं हि रत्नधा असि ।३।
अग्ने देवाँ इहा वह सादया योनिषु त्रिषु । परि भूष पिब ऋतुना ।४।
ब्राह्मणादिन्द्र राधसः पिबा सोममृतूँरनु । तवेद्धि सख्यमस्तृतम् ।५।
युवं दक्षं धृतव्रत मित्रावरुण दूळभम् । ऋतुना यज्ञमाशाथे ।६।२८

हे इन्द्र ! ऋतु सहित सोम पान करो । यह सोम तुम्हारे शरीर में प्रविष्ट होकर तृप्ति के साधन बनें ॥१॥ हे मरुद्गणो ! ऋतु के सहित पोतापात्र से सोम पान करो । तुम कल्याणदाता मेरे यज्ञ को पवित्र करो ॥२॥ हे त्वष्टा देव-पत्नियों सहित हमारे यज्ञ की भले प्रकार प्रशंसा करो और ऋतु सहित सोम पान करो । तुम अवश्य ही रत्नों के देने वाले हो ॥३॥ हे अग्ने ! देवताओं को यहाँ लाकर तीनों यज्ञ-स्थानों में बैठाओ । उनको विभूषित करते हुए सोम-पान करो ॥ ४ ॥ हे इन्द्र ! ब्रह्मणाच्छंसि के पात्र से ऋतुओं के अनुसार सोम-पान करो । क्योंकि तुम्हारी मित्रता कभी टूटती नहीं ॥ ५ ॥ हे अटल व्रत वाले मित्र वरुण ! दोनों कर्मों में शीघ्र दृढ़ ऋतु के सहित हमारे यज्ञ में आते हो ॥६॥ (२८)

द्रविणोदा द्रविणसो ग्रावहस्तासो अध्वरे । यज्ञेषु देवमीळते ।७।
द्रविणोदा ददातु नो वसूनि यानि शृण्विरे । देवेषु ता वनामहे ।८।
द्रविणोदाः पिपीषति जुहोत प्र च तिष्ठत । नेष्ट्रादृतुभिरिष्यत ।९।
यत्त्वा तुरीयमृतुभिर्द्रविणोदो यजामहे । अध स्मा नो ददिर्भव ।१०।
अश्विना पिबतं मधु दीद्यग्नी शुचिव्रता । ऋतुना यज्ञवाहसा ।११।

गार्हपत्येन सन्त्य ऋतुना यज्ञनीरसि । देवान् देवयते यज ।१२।२६

धन की इच्छा वाले यजमान सोम तैयार करने के लिए पाषाण धारण कर धनदाता अग्नि की पूजा करते है ॥ ७ ॥ हे द्रविणोदा अग्ने ! हमको सभी सुने गये धनो को दो, हम उन धनो को देवार्पण करते है ॥८॥ वह धनदाता अग्नि सोम-पान के इच्छुक हैं । उन्हे आहुती दो और अपने स्थान को प्राप्त होओ । शीघ्रता करो । ऋतुओ सहित नेष्टा के पात्र से सोम पिलाओ ॥ ९ ॥ हे धनदाता ! ऋतुओ सहित आपको चतुर्थ बार अर्पित करते है । तुम हमारे लिये धन प्रदान करने वाले होओ ॥ १० ॥ अग्नि से प्रकाशित, नियमो मे दृढ, ऋतु के साथ यज्ञ के निर्वाहक अश्विनीकुमारो ! इस मधुर सोम का पान करो ॥ ११ ॥ हे दाता अग्ने ! तुम ऋतु के साथ-साथ घर के पालक यज्ञ का निर्वाह करने वाले हो । इन देवताओ की कामना करने वाले यजमान के लिए देवार्चन करो ॥१२॥ (२६)

१६ सूक्त

(ऋषि—मेधातिथि काण्व देवता—इन्द्रावरुणौ छन्द—गायत्री)

आ त्वा वहन्तु हरयो वृषण सोमपीतये । इन्द्र त्वा सूरचक्षस ।१।
इमा धाना घृतस्नुवो हरी इहोप वक्षत । इन्द्र सुखतमे रथ ।२।
इन्द्र प्रातर्हवामह इन्द्र प्रयत्यध्वरे । इन्द्र सोमस्य पीतये ।३।
उप न: सुतमा गहि हरिभिरिन्द्र केशिभि: । सुते हि त्वा हवामहे ।४।
सेमं न: स्तोममा गह्युपेद सवन सुतम् । गौरो न तृषित पिब।५।३०

हे अभीष्ट वर्षक इन्द्र ! तुम अपने प्रकाशित रूप वाले अश्वो को सोम-पान के लिये यहाँ लाओ ॥ १ ॥ इन्द्र के दोनो घोड़े उन्हे सुखदायक रथ से विस्तार घी से स्निग्ध धान्य के निकट ले आवें ॥२॥ हम उषाकाल मे इन्द्र का आह्वान करते है । यज्ञ-सम्पादन काल मे सोम-पान करने को इन्द्र का आह्वान करते है ॥३॥ हे इन्द्र ! अपने लम्बे केश वाले अश्वो के साथ यहाँ आओ । सोमरस छनकर तैयार हो जाने पर हम तुम्हारा आह्वान करते है ॥४॥ हे इन्द्र ! इस सोम-रस के लिए हमारे स्तोत्रो से यहाँ आकर प्यासे मृग के समान सोम पान करो ।

[३०

इमे सोमास इन्दवः सुतासो अधि बर्हिषि । तां इन्द्र सहसे पिब ।६।
अयं ते स्तोमो अग्रियो हृदिस्पृगस्तु शंतमः । अथा सोमं सुतं पिब ।७।
विश्वमित्सवनं सुतमिन्द्रो मदाय गच्छति । वृत्रहा सोमपीतये ।८।
सेमं नः काममा पृण गोभिरश्वैः शतक्रतो । स्तवाम त्वा स्वाध्यः ।९।३१

हे इन्द्र ! यह परम शक्ति वाले, निष्पन्न सोम कुशासन पर रखे हैं, तुम उन्हें शक्ति-वर्द्धन के निमित्त पिओ ।।६।। हे इन्द्र ! यह श्रेष्ठ स्तोत्र मर्मस्पर्शी और सुख का कारणभूत है । तुम इसे सुनकर तुरन्त ही इन निष्पन्न सोम का पान करो ।।७।। जहाँ सोम छाना जाता है वहाँ सोम पान के निमित्त उससे उत्पन्न प्रसन्नता प्राप्ति के लिए दुष्टों को मारने वाले इन्द्र अवश्य पहुँचते है ।।७।। हे महाबली इन्द्र ! गाय और अश्वादि युक्त धनों वाली हमारी सब कामनाएँ पूर्ण करो । हम ध्यानपूर्वक तुम्हारा स्तवन करते हैं ।।९।। [३१]

१७, सूक्त

(ऋषि - मेधातिथि काण्व । देवता — इन्द्रावरुणौ । छन्द — गायत्री)

इन्द्रावरुणयोरहं सम्राजो रआ वृणे । ता नो मृलात ईदृशे ।१।
गन्तारा हि स्थोऽवसे हवं विप्रस्य मावतः । धर्तारा चर्षणीनाम् ।२।
अनुकामं तर्पयेथामिन्द्रावरुण राय आ । ता वां नेदिष्ठमीमहे ।३।
युवाकु हि शचीनां युवाकु सुमतीनाम् । भूयाम वाजदाव्नाम् ।४।
इन्द्रः सहस्रदाव्नां वरुणः शंस्यानाम् । क्रतुर्भवत्युक्थ्यः ।५।३२

मैं, सम्राट् इन्द्र और वरुण से रक्षा चाहता हूँ । वे दोनों हम पर कृपा करें ।।१।। तुम मनुष्यों के स्वामी ! हम ब्राह्मणों के बुलाने पर रक्षा के लिए अवश्य आओ ।।२।। हे इन्द्र और वरुण ! हमको अभीष्ट धन देकर सन्तुष्ट करो । हम तुम्हारा सामीप्य चाहते है ।। ३ ।। बल तथा सुबुद्धि प्राप्ति की इच्छा से हम तुम्हारी कामना करते हैं ! हम अन्न दान करने वालों में आगे रहें ।।४।। सहस्रों धनदाताओं में इन्द्र ही श्रेष्ठ है और स्तुति ग्रहण करने वालों में वरुण श्रेष्ठ है ।।५।। [३२]

तयोरिदवसा वय सनेम नि च धीमहि । स्यादुत्त प्ररेचनम् ।६।
इन्द्रावरुण वामह हुवे चित्राय राधसे । अस्मान्त्सु जिग्युपस्कृतम् ।७।
इन्द्रावरुण नू नु वां सिपासन्तीषु धीष्वा । अस्मभ्य शर्म यच्छतम् ।८।
प्र वामश्नोतु सुष्टुतिरिन्द्रावरुण या हुवे । याभृधाथे सधस्तुतिम ।९।३३

उनकी रक्षा से हम धन को प्राप्त कर उसका उपभोग करें। वह धन प्रचुर परिमाण में सचित हो ॥ ६ ॥ हे इन्द्र और वरुण ! विभिन्न प्रकार के धनों के लिए तुम्हारा आह्वान करते है। हमको भले प्रकार जय लाभ कराओ ॥ ७ ॥ हे इन्द्र और वरुण ! तुम दोनो स्नेह भाव रखते हुए हमको अपना आश्रय प्रदान करो ॥८॥ हे इन्द्र और वरुण ! जो सुन्दर स्तुति तुम्हारे निमित्त करता हूँ और जिस स्तुति की तुम पुष्टि करते हो, उन स्तुतियो को ग्रहण करो ॥९॥ [३३]

१८ सूक्त

(ऋषि-मेधातिथि काण्व । देवता-ब्रह्मणस्पति । छन्द—गायत्री ।

सोमानं स्वरणं कृणुहि ब्रह्मणस्पते । कक्षीवन्त य औशिज ।१।
यो रेवान् यो अमीवहा वसुवित पुष्टिवर्धनः । स न सिषक्तु यस्तुर.।२।
मा नः शसो अररुषो धूर्ति. प्रणङ् मर्त्यस्य । रक्षा णो ब्रह्मणस्पते ।३।
स घा वीरो न रिष्यति यमिन्द्रो ब्रह्मणस्पति. सोमो हिनोति मर्त्यम्।४।
त्व तं ब्रह्मणस्पते सोम इन्द्रश्च मर्त्यम् । दक्षिणा पात्वंहसः ।५।३४

हे ब्रह्मणस्पते ! मुझ सोम निचोड़ने वाले को उशिज के पुत्र कक्षीवान् के समान प्रसिद्धि प्रदान करो ॥१॥ धनवान् रोगनाशक, धनो के ज्ञाता, पुष्टि—वर्द्धक, शीघ्र फल देने वाले ब्रह्मणस्पति हम पर कृपा करें ॥२॥ नास्तिक हमको वश मे न कर सकें। हम मरणधर्मा प्राणी हिंसित न हो अत हे ब्रह्मणस्पते ! हमारी रक्षा करो ॥ ३ ॥ इन्द्र, सोम और ब्रह्मणस्पति द्वारा प्रेरणा प्राप्त मनुष्य कभी दुःखित नहीं होता ॥ ४ ॥ हे ब्रह्मणस्पते ! तुम सोम, इन्द्र और दक्षिणा उस मनुष्य की पापों से रक्षा करो। [३४]

सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम् । सनि मेधामयासिषम् ।६।
यस्माद्दृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन । स धीनां योगमिन्वती ।७।
आदृध्नोति हविष्कृतिं प्राञ्चं कृणोत्यध्वरम् । होत्रा देवेषु गच्छति ।८।
नराशंसं सुधृष्टमपश्यं सप्रथस्तमम । दिवो न सद्ममखसम् ।९।३५

अद्भुत रूप वाले, इन्द्र के प्रिय तथा पालक अग्नि, से धन और सुमति की याचना करता हूं ॥६॥ जिसकी कृपा के विना ज्ञानी का यज्ञ पूर्ण नहीं होता, वह अग्नि हमको उचित प्रेरणा देते हैं ॥७॥ अग्नि ही हवियों को प्राप्त समृद्ध कर यज्ञ की वृद्धि करते है । यजमान की स्तुतिया देवताओ को प्राप्त होती है ॥८॥ प्रतापी, विख्यात तथा यशस्वी मनुष्यो द्वारा स्तुति किये और पूजे गये अग्नि को मैंने देखा है ॥९॥ (३५)

१९ सूक्त

(ऋषि—मेधातिथि काण्वः । देवता—अग्नि और मरुत छन्द—गायत्री ।

प्रति त्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्र हूयसे । मरुद्भिरग्न आ गहि ।१।
नहि देवो न मर्त्यो महस्तव क्रतुं परः । मरुद्भिरग्न आ गहि ।२।
ये महो रजसो विदुर्विश्वे देवासो अद्रुहः । मरुद्भिरग्न आ गहि ।३।
य उग्रा अर्कमानृचुरनाधृष्टास ओजसा । मरुद्भिरग्न आ गहि ।४।
ये शुभ्रा घोरवर्पसः सुक्षत्रासो रिशादसः । मरुद्भिरग्न आ गहि ।५।३६

हे अग्नि ! उस सुशोभित यज्ञ मे सोम पीने के लिए तुम्हारा आह्वान करता हूँ । मरुद्गणों के साथ यहाँ आओ ॥१॥ हे अग्ने ! तुम्हारे समान कोई देवता या मनुष्य महान नहीं है, जो तुम्हारे बल की समता कर सके । तुम मरुतों के साथ पधारो ॥ २ ॥ जो विश्वेदेवा किसी से वैर नहीं रखने और महान् अन्तरिक्ष के ज्ञाता हैं, हे अग्ने ! उनके साथ आओ ॥ ३ ॥ हे अग्ने ! जिन उग्र और अजेय, बलशाली मरुतों ने वृष्टि की थी [illegible] हुये उन मरुतों के साथ यहाँ आओ ॥ ४ ॥ हे अग्ने ! जो शोभा

युक्त और उग्र रूप धारण करने वाले हैं जो बहुत बलशाली और शत्रुओं के संहारकर्ता हैं, उन्हीं मरुद्गणों के साथ आओ ॥५॥   (३६)

ये नाकस्याधि रोचने दिवि देवास आसते । मरुद्भिरग्न आ गहि ।६।
य ईङ्खयन्ति पर्वतान् तिरः समुद्रमर्णवम् । मरुद्भिरग्न आ गहि ।७।
आ ये तन्वन्ति रश्मिभिस्तिरः समुद्रमोजसा । मरुद्भिरग्न आ गहि ।८।
अभि त्वा पूर्वपीतये सृजामि सोम्यं मधु । मरुद्भिरग्न आ गहि ।९।३७

हे अग्ने ! स्वर्ग से ऊपर प्रकाशित लोक में जिन मरुतों का निवास है उन्हें साथ लेकर आओ ॥६॥ हे अग्ने ! बादलों का सञ्चालन करने वाले और जल को समुद्र में गिराने वाले मरुतों के साथ यहाँ पधारो ॥७॥ हे अग्ने ! सूर्य किरणों के साथ सर्वत्र व्याप्त और समुद्र को बलपूर्वक चलायमान करने वाले मरुतों के साथ पधारो ॥८॥ हे अग्ने ! आपके पीने के लिए मधुर सोम रस प्रस्तुत कर रहा हूँ । अतः तुम मरुतों के साथ आओ ॥९॥   (३७)

॥ प्रथम अध्याय समाप्त ॥

२० सूक्त [पाँचवा अनुवाक]

(ऋषि—मेधातिथि काण्व । देवता—ऋभव छन्द—गायत्री)

अयं देवाय जन्मने स्तोमो विप्रेभिरासया । अकारि रत्नधातमः ।१।
य इन्द्राय वचोयुजा ततक्षुर्मनसा हरी । शमीभिर्यज्ञमाशत ।२।
तक्षन्नासत्याभ्यां परिज्मानं सुखं रथम् तक्षन्धेनुं सबर्दुघाम ।३।
युवाना पितरा पुनः सत्यमन्त्रा ऋजूयवः ऋभवो विष्ट्यक्रत ।४।
सं वो मदासो अग्मतेन्द्रेण च मरुत्वता । आदित्येभिश्च राजभिः ।५।

यह स्तोत्र विद्वानों ने ऋभु देवों के निमित्त रत्नोत्कृष्ट छन्द से रचा है ॥ १ ॥ जिन ऋभुओं ने अपने मन, से इन्द्र के वचन मात्र से जुड़ जाने वाले अश्वों की रचना की, वे हमारे यज्ञ में स्वतः हो व्याप्त हैं ॥२॥ उन्होंने अश्विनीकुमारों के लिए सुख देने वाले रथ की रचना की तथा दूध देने वाली धेनु को बनाया ॥ ३ ॥ सत्यमन्त्र, सरल स्वभाव वाले, ऋभुओं

सदसस्पतिमद्भुतं प्रियमिन्द्रस्य काम्यम् । सनिं मेधामयासिषम् ॥६॥
यस्माहृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्चन । स धीनां योगमिन्वति ॥७॥
आदृध्नोति हविष्कृतिं प्राञ्चं कृणोत्यध्वरम् । होत्रा देवेषु गच्छति ॥८॥
नराशंसं सुधृष्टमपश्यं सप्रथस्तमम । दिवो न सद्ममखसम् ॥९॥३५

अद्भुत रूप वाले, इन्द्र के प्रिय तथा पालक अग्नि, से धन और बुद्धि की याचना करता हूँ ॥६॥ जिसकी कृपा के बिना ज्ञानी का यज्ञ पूर्ण नहीं होता, वह अग्नि हमको उचित प्रेरणा देते हैं ॥७॥ अग्नि ही हवियों को पूर्ण समृद्ध कर यज्ञ की वृद्धि करते है। यजमान की स्तुतियां देवताओं को प्राप्त होती है ॥८॥ प्रतापी, विख्यात तथा यशस्वी मनुष्यों द्वारा स्तुति किये और पूजे गये अग्नि को मैंने देखा है ॥९॥ (३५)

१९ सूक्त

(ऋषि—मेधातिथि काण्व । देवता—अग्नि और मरुत् । छन्द—गायत्री ।

प्रति त्यं चारुमध्वरं गोपीथाय प्र हूयसे । मरुद्भिरग्न आ गहि ॥१॥
नहि देवो न मर्त्यो महस्तव क्रतुं परः । मरुद्भिरग्न आ गहि ॥२॥
ये महो रजसो विदुर्विश्वे देवासो अद्रुहः । मरुद्भिरग्न आ गहि ॥३॥
य उग्रा अर्कमानृचुरनाधृष्टास ओजसा । मरुद्भिरग्न आ गहि ॥४॥
ये शुभ्रा घोरवर्पसः सुक्षत्रासो रिशादसः । मरुद्भिरग्न आ गहि ॥५॥१

ड और उग्र रूप धारण करने वाले हैं जो बहुत बलशाली और शत्रुओं के
ारकर्ता हैं, उन्हीं मरुद्गणों के साथ आओ ॥५॥ (३६)

नाकस्याधि रोचने दिवि देवास आसते । मरुद्भिरग्न आ गहि ।६।
ईङ्खयन्ति पर्वतान् तिर समुद्रमर्णवम् । मरुद्भिरग्न आ गहि ।७।
ये तन्वन्ति रश्मिभिस्तिर समुद्रमोजसा । मरुद्भिरग्न आ गहि ।८।
भि त्वा पूर्वपीतये सृजामि सोम्य मधु । मरुद्भिरग्न आ गहि ।९।३७

हे अग्ने ! स्वर्ग से ऊपर प्रकाशित लोक में जिन मरुतों का निवास है,
न्हें साथ लेकर आओ ॥६॥ हे अग्ने ! बादलों का सचालन करने वाले और
ल को समुद्र में गिराने वाले मरुतों के साथ यहाँ पधारो ॥७॥ हे अग्ने !
र्य किरणों के साथ सर्वत्र व्याप्त और समुद्र को बलपूर्वक चलायमान करने
ाले मरुतों के साथ पधारो ॥८॥ हे अग्ने ! आपके पीने के लिए मधुर सोम
रस प्रस्तुत कर रहा हूँ । अतः तुम मरुतों के साथ आओ ॥९॥ (३७)

॥ प्रथम अध्याय समाप्त ॥

२० सूक्त [पाँचवा अनुवाक]

(ऋषि—मेधातिथि काण्व । देवता—ऋभव. छन्द—गायत्री)

अयं देवाय जन्मने स्तोमो विप्रेभिरासया । अकारि रत्नधातमः ।१।
य इन्द्राय वचोयुजा ततक्षुर्मनसा हरी । शमीभिर्यज्ञमाशत ।२।
तक्षन्नासत्याभ्यां परिज्मानं सुखं रथम् तक्षन्धेनुं सबर्दुघाम ।३।
युवाना पितरा पुनः सत्यमन्त्रा ऋजूयवः । ऋभवो विष्ट्यक्रत ।४।
स वो मदासो अग्मतेन्द्रेण च मरुत्वता । आदित्येभिश्च राजभिः ।५।१

यह स्तोत्र विद्वानों ने ऋभु देवों के निमित्त रमणीक छन्द में रचा है
॥ १ ॥ जिन ऋभुओं ने अपने मन से इन्द्र के वचन मात्र से जुत जाने वाले
अश्वों की रचना की, वे हमारे यज्ञ में स्वतः ही व्याप्त हैं ॥२॥ उन्होंने
अश्विनीकुमारों के लिए सुख देने वाले रथ की रचना की दूध रूप अमृत
देने वाली धेनु को बनाया ॥ ३ ॥ सत्यशाय, सरल स्वभाव वाले, स्नेही,

निः स्वार्थी ऋभुओं ने अपने माता पिता को पुनः युवावस्था दी ।४। हे इन्द्र! मरुद्गण और आदित्य के सहित तुम्हारे निमित्त यह सोम रस प्रस्तुत है। ॥ ५ ॥　　　　[१]

उत त्यं चमसं नवं त्वष्टुर्देवस्य निष्कृतम् । अकर्त चतुरः पुनः ।६।
तेनो रत्नानि धत्तन त्रिरा साप्तानि सुन्वते । एकमेकं सुशस्तिभिः ।७।
अधारयन्त वह्नयोऽभजंत सुकृत्यया । भागं देवेषु यज्ञियम् ।८।

त्वष्टा ने जो नया चमस पात्र प्रस्तुत किया था, ऋभुओं ने उसके स्थान पर चार चमस बना दिए ॥ ६ ॥ वे उत्तम प्रकार से स्तुति किये जाते हुए ऋभुगण सोम सिद्ध करने वाले यजमान को एक-एक कर इक्कीस रत्न प्रदान करें ॥७॥ ऋभुगण अविनाशी आयु प्राप्त कर देवताओं के मध्य रहते हुए यज्ञ-भाग प्राप्त करते है ॥८॥　　　　[२]

२१ सूक्त

(ऋषि—मेधातिथि काण्व । देवता—इन्द्र और अग्नि । छन्द गायत्री)

इहेन्द्राग्नी उप ह्वये तयोरित्स्तोममुश्मसि । ता सोमं सोमपातमा ।१।
ता यज्ञेषु प्र शंसतेन्द्राग्नी शुम्भता नरः । ता गायत्रेषु गायत ।२।
ता मित्रस्य प्रशस्तय इन्द्राग्नी ता हवामहे । सोमपा सोमपीतये ।३।
उग्रा संता हवामह उपेदं सवनं सुतम् । इन्द्राग्नी एह गच्छताम् ।४।
ता महान्ता सदस्पती इन्द्राग्नी रक्ष उब्जतम् । अप्रजाः सन्त्वत्रिणः ।५।
तेन सत्येन जागृतमधि प्रचेतुने पदे । इन्द्राग्नी शर्म यच्छतम् ६।३

इन्द्र और अग्नि का इस यज्ञ-स्थान में आह्वान करता हूँ । उन्हीं का स्तवन करता हुआ सोम-पान के लिए दोनों से निवेदन करता हूँ ॥१॥ हे मनुष्यों ! इन्द्र और अग्नि का स्तवन करो, उन्हें अलंकृत कर स्तोत्र गान करो ॥२॥ इन्द्र और अग्नि को मित्र की प्रशंसा के लिए तथा सोम-पान करने के लिए आमन्त्रित करते हैं ॥ ३ ॥ उग्र देव इन्द्र और अग्नि का सोम-याग में आह्वान करते हैं । वे दोनों यहाँ पधारें ॥ ४ ॥ हे महान, सभा

गर्भ की स्तुति करो। वे अत्यन्त सुशोभित हैं ॥८॥ हे अग्ने ! अभिलाषा करने वाली देव पत्नियों को यज्ञ में लाओ। सोमपान के लिये त्वष्टा को यहाँ लाओ ॥९॥ हे युवावस्था प्राप्त अग्ने ! हमारे रक्षण के लिये होत्रा, भारती, वरूत्री और धिषणा देवियों को यहाँ लाओ ॥१०॥

अभि नो देवीरवसा महः शर्मणा नृपत्नीः ।
अच्छिन्नपत्राः सचन्ताम् ॥११॥

इहेन्द्राणीमुप ह्वये वरुणानीं स्वस्तये । अग्नायीं सोमपीतये ॥१२॥

मही द्यौ पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम् ।
पिपृतां नो भरीमभिः ॥१३॥

तयोरिद् घृतवत्पयो विप्रा रिहन्ति धीतिभिः गन्धर्वस्य ध्रुवे पदे ॥१४॥

स्योना पृथिवी भवानृक्षरा निवेशनी । यच्छा नः शर्म सप्रथः ॥१५॥

वीर पत्नी द्रुतगामिनी देवियाँ अपार रक्षण-सामर्थ्यों से हमको आश्रय प्रदान करें ॥११॥ अपने मङ्गल के लिये इन्द्राणी, वरुण पत्नी और अग्नि की पत्नी का सोम पीने के लिये आह्वान करता हूँ ॥१२॥ महान् आकाश और पृथिवी ऐसे यज्ञ को सींचने की कामना करते हुए हमको पोषण सामर्थ्य प्रदान करें ॥१३॥ आकाश, पृथिवी के मध्य गन्धर्वों के स्थान में ज्ञानी जन ध्यान से घी के समान जल पीते हैं ॥१४॥ हे पृथिवी ! तू सुखदायिनी बाधारहित और उत्तम बास देने वाली हो तथा हमको आश्रय प्रदान कर ॥१५॥

अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णुर्विचक्रमे ।
पृथिव्याः सप्त धामभिः ॥१६॥

इदं विष्णुर्विचक्रमे त्रेधा नि दधे पदम् । समूहलमस्य पांसुरे ॥१७॥

त्रीणि पदा वि चक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः
अतो धर्माणि धारयन् ॥१८॥

विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पशे ।
इन्द्रस्य युज्यः सखा ॥१९॥

है। वे पवित्र और दाता हैं ॥ ४ ॥ सत्य में यज्ञ को बढ़ाने वाले के ज्ञापक मित्र और वरुण का मैं आह्वान करता हूं।

वरुणः प्राविता भुवन्मित्रो विश्वाभिरूतिभिः करतां नः सुराधसः ।६।
मरुत्वन्तं हवामह इन्द्रमा सोमपीतये । सजूर्गणेन तृम्पतु ।७।
इन्द्रज्येष्ठा मरुद्गणा देवासः पूषरातयः विश्वे मम श्रुता हवम् ।८।
हत वृत्रं सुदानव इन्द्रेण सहसा युजा । मानो दुःशंस ईशत ।६।
विश्वान्देवान्हवामहे मरुतः सोमपीतये । उग्रा हि पृश्निमातरः ।१०।६

वरुण मेरे रक्षक हों, मित्र भी रक्षा करें और ये दोनों मुझे धनवान बना दें ॥६॥ मरुतों के सहित इन्द्र का हम आह्वान करते हैं। वे सोमपान के लिये यहाँ आकर तृप्त हों ।७। पूषा दाता हैं और इन्द्र दाताओं के मुख्य हैं। ये मरुद्गण हमारे आह्वान को सुनें ॥८॥ हे सुशोभित दानी मरुतो! तुम बली और सहायक इन्द्रके सहित शत्रुओं को नष्ट कर डालो। कहीं दुष्ट लोग हम पर शासन न करने लगें ॥ ६ ॥ सब मरुत नाम वाले देवों को हम सोम पान के लिये बुलाते हैं। वे उग्र और अन्तरिक्ष की संतान है ॥१०॥　[६]

जयतामिव तन्यतुर्मरुतामेति धृष्णुया । यच्छुभं याथना नरः ।११।
हस्काराद्विद्युतस्पर्यतो जाता अवन्तु नः । मरुतो मृलयन्तु नः ।१२।
आ पूषञ्चित्रबर्हिषमाघृणे धरुणं दिवः आजा नष्टं यथा पशुम् ।१३।
पूषा राजानमाघृणिरपगूलहं गुहा हितम् । अविन्दच्चित्रबर्हिषम् ।१४।
उतो स मह्यमिन्दुभिः षड्युक्ताँ अनुसेषिधत् ।
गोभिर्यवं न चर्कृषत् ।१५।१०

मरुतों का गर्जन विजय-नाद के समान है, उससे मनुष्यों का मङ्गल होता है ॥११॥ विद्युत के प्रकाश पर हँसमुख (सूर्य) से उत्पन्न मरुद्गण हमारे रक्षक हों और हमारा कल्याण करें ॥१२॥ हे दीप्तियुक्त पूषा! जैसे खोये हुये पशु को ढूंढ लाते हैं, वैसे ही तुम कुशा से युक्त, यज्ञ धारक सोम को ले आओ ॥ १३ ॥ सब ओर से प्रकाशित पूषा ने गुफा में छिपे

हुए कुशयुक्त राजा सोम को प्राप्त किया ॥ १४ ॥ वह पूषा सुघटित छःओ ऋतुओं को सोमों द्वारा प्राप्त करता रहे, जैसे किसान जौ को बार-बार प्राप्त करता है ॥१५॥ [१०]

अम्बयो यन्त्यध्वभिर्जामयो अध्वरीयताम् । पृञ्चतीर्मधुना पयः ।१६।
अमूर्या उप सूर्ये याभिर्वा सूर्यः सह । ता नो हिन्वन्त्वध्वरम् ।१७।
अपो देवीरुप ह्वये यत्र गावः पिबन्ति नः । सिन्धुभ्यः कर्त्वं हविः ।१८।
अप्स्वन्तरमृतमप्सु भेषजमपामुत प्रशस्तये । देवा भवत वाजिनः ।१९।

यज्ञ की इच्छा करने वालों का मातृ-भूत जल हमारा बन्धु रूप है और वह दूध को पुष्ट करता हुआ यज्ञ-मार्ग से चलता है ॥१६॥ जो जल सूर्य के पास स्थित है अथवा सूर्य जिनके साथ हैं वे हमारे यज्ञ को सींचें ॥ १७ ॥ जिन जलों को हमारी गौऐं पीती हैं उन जलों को हम चाहते हैं। जो जल बह रहा है, उसे हवि देनी है ॥१८॥ जलों में अमृत है जलों में औषध है जलों की प्रशंसा से उत्साह प्राप्त करो ॥१९॥ सोम के कथनानुसार जल ही औषधि-तत्व है। उसने सर्व सुखदाता अग्नि और आरोग्यता देने वाले जलों का गुण वर्णन किया है ॥२०॥ [११]

अप्सु मे सोमो अब्रवीदन्तर्विश्वानि भेषजा ।
आपः पृणीत भेषजं वरूथं तन्वे मम । ज्योक् सूर्यं दृशे ।२१
इदमापः प्र वहत यत्किं च दुरितं मयि ।
यद्वाहमभिदुद्रोह यद्वा शेप उतानृतम् ।२२।
आपः अद्यान्वचारिषं रसेन समगस्महि ।
पयस्वानग्न आ गहि तं मा सृज वर्चसा ।२३।
सं माग्ने वर्चसा सृज सं प्रजया समायुषा ।
विद्युर्मे अस्य देवा इन्द्रो विद्यात्सह ऋषिभिः ।२४।१२

हे जलो ! चिरकाल तक सूर्य-दर्शन के निमित्त, निरोग रहने के लिए शरीर-रक्षक औषध को मेरी देह में स्थित करो ॥ २१ ॥ जलो ! मुझ में

स्थित पाप को बहा दो । मेरे द्रोह-भाव, अपशब्द और मिथ्याचरण को प्रवाहित करो ।२२। आज मैंने जलों को पाया है । उन्होंने मुझे रसयुक्त किया है । हे अग्ने ! जलों के सहित आकर मुझे तेजस्वी बनाओ ।२३। हे अग्ने ! मुझे तेजस्वी करो । प्रजा और आयु से युक्त करो देवगण, ऋषिगण और इन्द्रदेव मेरे स्तवन को जान लें ।२४।   (२४)

२४ सूक्त [छठा अनुवाक]

(ऋषि—शुन शेप आजीगर्ति, कृत्रिमो वैश्वामित्रो देवरात । देवता-प्रजापति प्रभृति । छन्द—त्रिष्टुप्, गायत्री ।)

कस्य नूनं कतमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम ।
को नो मह्या अदितये पुनर्दात्पितरं च दृशेयं मातरं च ।१।
अग्नेर्वयं प्रथमस्यामृतानां मनामहे चारु देवस्य नाम ।
स नो मह्या अदितये पुनर्दात्पितरं च दृशेयं मातरं च ।२।
अभि त्वा देव सवितरीशानं वार्याणाम् । सदावन्भागमीमहे ।३।
यश्चिद्धि त इत्था भगः शशमानः पुरा निदः । अद्वेषो हस्तयोर्दधे ।४।
भगभक्तस्य ते वयमुदशेम तवावसा । मूर्धानं राय आरभे ।५।१३

मैं किस देवता के सुन्दर नाम का उच्चारण करूँ ? कौन मुझे महती अदिति को देगा, जिससे मैं पिता और माता को देख सकूँ ॥१॥ अमरत्व प्राप्त देवताओं में सर्व प्रथम अग्नि का नामोच्चार करें । वह मुझे महती अदिति को देवें और मैं पिता माता को देख पाऊँ ॥ २ ॥ हे सतत रक्षणशील एवं वरणीय धनों के स्वामी सविता देव ! तुमसे हम सभी ऐश्वर्यों की साधना करते हैं ॥ ३ ॥ हे सूर्य ! सत्य, अनिन्द्य, स्तुत्य, द्वेष रहित तथा सेवनीय धन को तुम धारण करने वाले हो ॥४॥ हे ऐश्वर्यशाली सूर्य ! तुम्हारी रक्षा में आश्रित हुए हम तुम्हारे सेवक ऐश्वर्य-साधनों की वृद्धि में लगे रहते हैं । आप हमारी रक्षा करें ॥५॥   (१३)

नहि ते क्षत्रं न सहो न मन्युं वयश्चनामी पतयन्त आपुः ।
नेमा आपो अनिमिषं चरन्तीर्न ये वातस्य प्रमिनन्त्यभ्वम् ।६।

अबुध्ने राजा वरुणो वनस्योर्ध्वं स्तूपं ददते पूतदक्षः ।
नीचीनाः स्थुरुपरि बुध्न एषामस्मे अन्तर्निहिताः केतवः स्युः ।७।
उरुं हि राजा वरुणश्चकार सूर्याय पन्थामन्वेतवा उ ।
अपदे पादा प्रतिधातवेऽकरुतापवक्ता हृदयाविधश्चित् ।८।
शतं ते राजन्भिषजः सहस्रमुर्वी गभीरा सुमतिष्टे अस्तु ।
बाधस्व दूरे निर्ऋतिं पराचैः कृतं चिदेनः प्र मुमुग्ध्यस्मत् ।९।
अमी य ऋक्षा निहितास उच्चा नक्तं ददृश्रे कुह चिद्दिवेयुः ।
अदब्धानि वरुणस्य व्रतानि विचाकशच्चन्द्रमा नक्तमेति ।१०।१४।

हे वरुण ! तुम्हारे अखण्ड राज्य, बल और क्रोध को यह उड़ते हुए पक्षी नहीं पहुँच पाते। निरन्तर चलते हुए और वायु को प्रबल वेग भी तुम्हारी गति को नहीं रोक पाता ।६। पवित्र पराक्रमयुक्त वरुण आकाश के ऊपर की ओर तेज समूह को स्थापित करते हैं। इस तेज समूह का मुख नीचे और जड़ ऊपर है। यह हमारे भीतर स्थिर होकर बुद्धि रूप से वास करें ।७। वरुण ने सूर्य के गमन करने के लिये विस्तृत मार्ग बनाया है तथा निराश्रय आकाश में सूर्य के पाव रखने की व्यवस्था की। वे वरुण मेरे हृदय को कष्ट देने वाले को भी हटाने में समर्थ है ।।८।। हे वरुण तुम्हारे पास असख्य उपाय हैं। तुम्हारी कल्याण बुद्धि गम्भीर और दूर तक जाने वाली है। तुम पाप के बल को नष्ट करो। किये हुये हमारे पापों से हमको छुड़ाओ ।९। यह तारेरूप सप्तर्षि उन्नत स्थान में बैठे हुए रात्रि में दीखते थे। वे दिन में कहां विलीन हो गये ? चन्द्रमा भी रात्रि में ही प्रकाशित होता हुआ चलता है। वरुण के नियम अटल हैं ।१०।   [१४]

तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः ।
अहेलमानो वरुणेह बोध्युरुशंस मा न आयुः प्र मोषीः ।११।
तदिन्नक्तं तद्दिवा मह्यमाहुस्तदयं केतो हृद आ वि चष्टे ।
शुनःशेपो यमह्वद्गृभीतः सो अस्मान् राजा वरुणो मुमोक्तु ।१२।
शुनःशेपो ह्यह्वद्गृभीतस्त्रिष्वादित्यं द्रुपदेषु बद्धः ।

अवंन राजा वरुण ममृज्याद्विद्वां अदब्धो विमुमोक्तु पाशान् ॥१३॥
अव ते हेलो वरुण नमोभिरव यज्ञेभिरीमहे हविर्भिः ।
क्षयन्नस्मभ्यमसुर प्रचेता राजन्नेनांसि शिश्रथः कृतानि ॥१४॥
उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं वि मध्यमं श्रथाय ।
अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम ॥१५॥१५

हे वरुण ! मन्त्रयुक्त वाणी से स्तवन करता हुआ तुमसे ही याच करता हूँ । हवि वाला यजमान, क्रोध न करने की आप से प्रार्थना करता हु आयु माँगता है ॥ ११ ॥ रात और दिन यही बात मेरे हृदय में उठती है कि बन्धन में पड़े शुनः शेप ने वरुण को बुलाया था, वह हमको भी बन्धन से मुक्त करें ॥१२॥ पकड़े जाकर काठ के तीन खम्भों से बाँधे गये शुन: शेप ने अदिति पुत्र वरुण का आह्वान किया । वे वरुण विद्वान् और क धोखा न खाने वाले हैं । वे मेरे पाशों को काट कर मुक्त करें ॥१३॥ । वरुण ! हमारे स्तुति वचनों से अपने क्रोध का निवारण करो । तुम प्रख वृद्धि वाले हमारे यहाँ वास करते हुए हमारे पापों के बन्धन को ढीला करो ॥१४॥ हे वरुण ! हमारे ऊपर के पास को ऊपर और नीचे के पाश को नीचे खींचकर, बीच के पाश को काट डालो । हम तुम्हारे नियम में चलते हुये निरपराध रहें ॥१५॥

२५ सूक्त

[१५]

(ऋषि—शुन.शेप आजीगर्ति देवता—वरुण । छन्द – गायत्री)

यच्चिद्धि ते विशो यथा प्र देव वरुण व्रतम् । मिनीमसि द्यविद्यवि ॥१॥
मा नो वधाय हत्नवे जिहीलानस्य रीरधः मा हृणानस्य मन्यवे ॥२
वि मृलीकाय ते मनो रथीरश्वं न सन्दितम् । गीर्भिर्वरुण सीमहि ॥३॥
परा हि मे विमन्यवः पतन्ति वस्यइष्टये । वयो न वसतीरुप ॥४॥
कदा क्षत्रश्रियं नरमा वरुणं करामहे । मृलीकायोरुचक्षसम् ॥५॥१६॥

हे वरुण ! जैसे तुम्हारे व्रतानुष्ठान में मनुष्य प्रमाद करते हैं, वैसे ही हम भी तुम्हारे नियमादि का उल्लङ्घन कर बैठते हैं ॥१॥ हे वरुण ! निरा-

दूर करने वाले को दण्ड उसकी हिंसा है। हमको वह दण्ड मत दो हम पर क्रोध न करो।२। हे वरुण! स्तुतियों द्वारा हम आपकी कृपा चाहते हैं। उसी प्रकार जैसे अश्व का स्वामी उसके घावों पर पट्टियां बांधता है।३। घोंसलों की ओर दौड़ने वाली चिड़ियाओं के समान हमारी क्रोध रहित बुद्धियां धन-प्राप्ति के लिये दौड़ती हैं।४। अखण्ड ऐश्वर्य वाले दूरदर्शी वरुण की कृपा प्राप्त के लिये कर उन्हें अपने अनुष्ठान में ले आवेंगे।५६। [१६]

तदित्समानमाशाते वेनन्ता न प्रयुच्छतः। धृतव्रताय दाशुषे।६।
वेदा यो वीनां पदमन्तरिक्षेण पतताम्। वेद नावः समुद्रियः।७।
वेद मासो धृतव्रतो द्वादश प्रजावतः। वेदा य उपजायते।८।
वेद वातस्य वर्तनिमुरोर्ऋष्वस्य बृहतः। वेदा ये अध्यासते।९।
नि षसाद धृतव्रतो वरुणः पस्त्या स्वा। साम्राज्याय सुक्रतुः।१०।१७।

हवि की इच्छा वाले मित्र वरुण, निष्ठावान यजमान की साधारण हवि को भी नहीं त्यागते।६। हे वरुण! आप उड़ने वाले पक्षियों के आकाश मार्ग और समुद्र के नौका मार्गों के पूर्ण ज्ञाता हैं।७। वे धृत-नियम वरुण, प्रजाओं के उपयोगी बारह मासों को तथा तेरहवें अधिक मास को भी जानते हैं।८। वे मूर्धा रूप से स्थित, विस्तृत, उन्नत, महान वायु के मार्ग को भले प्रकार जानते हैं।९। नियमों में दृढ़, सुन्दर प्रज्ञावन वरुण प्रजाजनों में साम्राज्य स्थापित करने के निमित्त बैठते हैं।१०। [१७]

अतो विश्वान्यद्भुता चिकित्वां अभि पश्यति। कृतानि या च कर्त्वा।११
स नो विश्वाहा सुक्रतुरादित्यः सुपथा करत्। प्रण आयूंषि तारिषत्।१२
बिभ्रद्द्रापिं हिरण्ययं वरुणो वस्त निर्णिजम्। परि स्पशो नि षेदिरे।१३।
न यं दिप्सन्ति दिप्सवो न द्रुह्वाणो जनानाम्। न देवमभिमातयः।१४।
उत यो मानुषेष्वा यशश्चक्रे असाम्या। अस्माकमुदरेष्वा।१५।१८।

जो घटनायें हुई अथवा होने वाली हैं, उन सबको वे मेधावी वरुण इस स्थान से देखते हैं।११। वे श्रेष्ठ बुद्धि वाले वरुण हमको सदा सुन्दर मार्ग दें और हमको आयुष्मान करें।१२। सोने के कवच में उन्होंने अपना

मर्म-भाग ढक लिया है, उनके चारों ओर समाचार ग्राहक उपस्थित हैं। ॥१३॥ जिन्हें शत्रु धोखा नहीं दे सकते, विद्रोही जिनसे द्रोह करने में समर्थ नहीं हो सकते, उस वरुण से कोई शत्रुता नहीं कर सकता ॥१४॥ जिस वरुण ने मनुष्य के लिये अन्न की भरपूर स्थापना की है, वह हमारे उदर में अन्न ग्रहण करने को सामर्थ्य देता है ॥१५॥

परा मे यन्ति धीतयो गावो न गव्यूतीरनु । इच्छन्तीरुरुचक्षसम् ।१६।
स नु वोचावहै पुनर्यतो मे मध्वाभृतम् । होतेव क्षदसे प्रियम् ।१७।
दर्श नु विश्वदर्शतं दर्शं रथमधि क्षमि । एता जुषत मे गिरः ।१८।
इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृलय । त्वामवस्युरा चके ।१९।
त्वं विश्वस्य मेधिर दिवश्च ग्मश्च राजसि । स यामनि प्रति श्रुधि ।२०।
उदुत्तमं मुमुग्धि नो वि पाशं मध्यमं चृत । अवाधमानि जीवसे ।२१।

दूरदर्शी वरुण की कामना करती हुई मन वृत्तियाँ निवृत्त हुए बिना वैसे ही पहुँचती हैं, जैसे चरने के स्थानों की ओर गौयें जाती हैं ॥१६ मेरे द्वारा सम्पादित मधुर हवि को अग्नि के समान प्रीति पूर्वक भक्षण करो फिर हम दोनों वार्तालाप करेंगे ॥ १७ ॥ सबके देखने योग्य वरुण को, उनके रथ सहित भूमि पर मैंने देखा है। उन्होंने मेरी स्तुतियाँ स्वीकार कर ली हैं, ॥१८॥ हे वरुण ! मेरे आह्वान को सुनो । मुझ पर आज कृपा करो । मुझ पर कृपा करने की इच्छा वाले तुम्हें मैंने पुकारा है ॥१९॥ हे मेधावी वरुण ! तुम आकाश और पृथिवी के स्वामी हो । तुम हमारे आह्वान का उत्तर दो ॥२०॥ हे वरुण ! ऊपर के पाश को खींचो, बीच के पाश को काटो और नीचे के पाश को भी खींचकर हमको जीवन दो ॥२१॥

२६ सूक्त (१६

(ऋषि—शुनःशेप आजीगर्ति । देवता—अग्नि । छन्द—गायत्री)

वसिष्वा हि मियेध्य वस्त्राण्यूर्जां पते । सेमं नो अध्वरं यज ।१।
नि नो होता वरेण्यः सदा यविष्ठ मन्मभिः । अग्ने दिवित्मता वचः ।२।
आ हि ष्मा सूनवे पितापिर्यजत्यापये । सखा सख्ये वरेण्यः ।३।

आ नो बर्हीं रिशादसो वरुणो मित्रो अर्यमा । सीदन्तु मनुषो यथा ।४।
पूर्व्यं होतरस्य नो मन्दस्व सख्यस्य च । इमा उषु श्रुधी गिरः ।५।२०।

हे पूज्य, योग्य, बली ! अग्ने तुम अपने तेज रूप वस्त्र को धारण कर हमारे यज्ञ को सम्पन्न करो ॥ १ ॥ हे अग्ने ! तुम सतत युवा, उत्तम तेजस्वी हो । इस यजमान के स्तुति वचनो से प्रतिष्ठित होओ ॥२॥ हे वरणीय अग्ने ! जैसे पिता पुत्र को, भाई-भाई, को तथा मित्र-मित्र को वस्तुयें देते हैं वैसे ही तुम हमको दाता बनो ॥ ३ ॥ शत्रुओ को मारने वाले वरुण, मित्र और अर्यमा मनुष्यों के समान कुशों पर विराजमान हो ॥ ४ ॥ हे पुरातन होता ! तुम इस यज्ञ और हमारे मित्र भाव से प्रसन्न होओ । हमारी स्तुतियों को भले प्रकार सुनो ॥५॥ (२०)

यच्चिद्धि शश्वता तना देवं देवं यजामहे । त्वे इद् धूयते हविः ।६।
प्रियो नो अस्तु विश्पतिर्होता मन्द्रो वरेण्यः प्रियाः स्वग्नयो वयम् ।७।
स्वग्नयो हि वार्यं देवासो दधिरे च नः । स्वग्नयो मनामहे ।८।
अथा न उभयेषाममृत मर्त्यानाम । मिथः सन्तु प्रशस्तयः ।९।
विश्वेभिरग्ने अग्निभिरिमं यज्ञमिदं वचः ।
चनो धाः सहसो यहो ।१०।२१

हे अग्ने ! नित्य प्रति विभिन्न देवताओं को पूजते हुए भी हम तुमको ही हवि देते है ॥६॥ प्रजा पालक, होता, वरणीय, अग्नि हमको प्रिय हों । हम भी शोभायुक्त अग्नि वाले होकर उनके प्रिय बनें ॥७॥ शोभनीय अग्नि सहित देवताओं ने जैसे हमारे लिए ऐश्वर्य धारण किया है, वैसे ही हम सुन्दर अग्नियों से युक्त हुए तुमको पूजते है ॥ ८ ॥ हे मरण धर्म रहित अग्ने ! तुम्हारी ओर हम मरणशील मनुष्यों की प्रशंसायुक्त वाणियाँ परस्पर स्नेह वाली हों ॥ ९ ॥ हे बल पुत्र अग्ने तुम सब अग्नियों से युक्त हुए और हमारी वाणी से प्रसन्न होओ ॥१०॥ (२१)

मर्यादा में बहने वाले जल के समान तुम यजमान के लिये तुरन्त प्रवाहमान होते हो ।६। अग्ने ! तुमने युद्धों में जिसकी रक्षा की तथा युद्धों की ओर जिसको प्रेरित किया, वह अटल ऐश्वर्य प्राप्त करने वाला मनुष्य सदा स्वाधीन रहता है ।७। हे विजयशील ! उस पूर्वोक्त मनुष्य को कोई वश नहीं कर सकता क्योंकि उसका बल वर्णन करने योग्य हो जाता है ।८। यह अग्नि मनुष्यों के स्वामी हैं । हमको अश्वों द्वारा युद्ध से पार करते हैं तथा ज्ञान द्वारा धन देते हैं ।९। हे स्तुतियों के ज्ञाता अग्ने ! हमको मनुष्यों के पूज्य रुद्र के निमित्त सुन्दर स्तोत्र की प्रेरणा दो ।१०। [२३]

स नो महाँ अनिमानो धूमकेतुः पुरुश्चन्द्रः । धिये वाजाय हिन्वतु ।११।
स रेवाँ इव विश्पतिर्दैव्यः केतुः शृणोतु नः ।
उक्थैरग्निर्बृहद्भानुः ।१२।
नमो महद्भ्यो नमो अर्भकेभ्यो नमो युवभ्यो नमो आशिनेभ्यः ।
यजाम देवान्यदि शक्नवाम मा ज्यायसः शंसमा वृक्षि देवाः ।१३।[२४]

वह अपरिमित धूम्र-ध्वज वाले अग्नि अत्यन्त प्रकाशित हैं । हमको बुद्धि और बल प्रदान करें ।११। प्रजाके स्वामी, देवताओं से सम्बन्धित, ज्ञानदाता, महान् प्रकाश वाले वह अग्नि हमारे स्तोत्रों को ऐश्वर्यवानों के समान सुनें ।१२। बड़े, छोटे, युवक, वृद्ध सभी को हम नमस्कार करें । हम सामर्थ्यवान हों । देवताओं को पूजन वाले हों । हे देवगण ! मैं अपने से बड़ों का सदा आदर करूं ।१३। [२४]

२८ सूक्त

(ऋषि – शुनःशेप आजीगर्ति । देवता-इन्द्रयज्ञसोमा. ।
छन्द-गायत्री, अनुष्टुप्)

यत्र ग्रावा पृथुबुध्न ऊर्ध्वो भवति सोतवे ।
उलूखलसुतानामवेद्विन्द्र जल्गुलः ।१।
यत्र द्वाविव जघनाधिषवण्या कृता ।
उलूखलसुतानामवेद्विन्द्र जल्गुलः ।२।

करते हुए अश्व के समान उच्च स्वर से खेलते हैं ॥ ७ ॥ हे ऊखल-मूसल रूप वनस्पते ! तुम सोम सिद्ध करने वालों के लिये मधुर सोमों का इन्द्र के निमित्त निष्पीडन करो ॥ ८ ॥ ऊखल और मूसल द्वारा कूटे गये सोम को पात्र से निकाल कर पवित्र कुश पर रखो, अवशिष्ट को चर्म-पात्र में रखो ॥९॥

२९ सूक्त

(ऋषि—शुन शेप आजीगर्ति । देवता-इन्द्र । छन्द पंक्ति)

यच्चिद्धि सत्य सोमपा अनाशस्ता इव स्मसि ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥१॥
शिप्रिन्वाजानां पते शचीवस्तव दंसना ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥२॥
नि ष्वापया मिथूदृशा सस्तामबुध्यमाने ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥३॥
ससन्तु त्या अरातयो बोधन्तु शूर रातय ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥४॥
समिन्द्र गर्दभं मृण नुवन्तं पापयामुया ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥५॥
पताति कुण्डृणाच्या दूरं वातो वनादधि ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥६॥
सर्वं परिक्रोशं जहि जम्भया कृकदाश्वम् ।
आ तू न इन्द्र शंसय गोष्वश्वेषु शुभ्रिषु सहस्रेषु तुवीमघ ॥७॥२३॥

हे सत्य स्वरूप, सोमपायी इन्द्र ! यद्यपि हम निराश से हुए पड़े हैं, फिर भी तुम अत्यन्त सुन्दर पुष्ट हजारों गाय-घोड़े देकर हमको सन्तुष्ट करो ॥ १ ॥ हे ऐश्वर्यान्वित, हे सुन्दर नासिकायुक्त इन्द्र ! आपकी दया हमको सदा मिली है । हमको हजारों गाय घोड़े प्रदान करो ॥ २ ॥ हे

इन्द्र ! परस्पर देखने वाली दोनों, विपत्ति और दरिद्रता को अचेत कर दो। ये कभी जागरणशील न रहें। हमको असंख्य गाय और अश्वों से युक्त करो।३। हे इन्द्र ! हमारे शत्रु सोते रहें और मित्र जागरणशील हों हमको सहस्रों गौ और घोड़े दो।४। हे इन्द्र ! इस पापपूर्ण स्तुति करने वाले गधे के समान हमारे शत्रु को मार डालो। हमको सहस्र संख्यक गौ, अश्व प्रदान करो।५। कुटिल गति वाली वायु जङ्गल से भी दूर रहे। तुम हमारे गौ धन आदि के दाता होओ।।। हे इन्द्र ! हमारा अशुभ चिन्तन करने वालों को मार डालो। हिंसकों को नष्ट करो असंख्य गौ, अश्व प्रदान करो।७।

३० सूक्त

(ऋषि—शुनःशेप आजीगर्ति । देवता—इन्द्र, उषा । छन्द—गायत्री)

आ व इन्द्रं क्रिविं यथा वाजयन्तः शतक्रतुम् ।
मंहिष्ठं सिञ्च इन्दुभिः ।१।
शतं वा यः शुचीनां सहस्रं वा समाशिराम् ।
एदु निम्नं न रीयते ।२।
सं यन्मदाय शुष्मिण एना ह्यस्योदरे । समुद्रो न व्यचो दधे ।३।
अयमु ते समतसि कपोत इव गर्भधिम् । वचस्तच्चिन्न ओहसे ।४।
स्तोत्रं राधानां पते गिर्वाहो वीर यस्य ते ।
विभूतिरस्तु सूनृता ।५।२८।

हे मनुष्यो ! तुमको बहु बल प्राप्त कराने की इच्छा से महाबली इन्द्र को हम गढ़े के समान सब ओर से सींचते हैं।१। नीचे की ओर जाने वाले जल के समान हजारों कलश दूध मे मिलाने के लिये सैकड़ों कलश गिरते हुए सोमों को इन्द्र प्राप्त करते हैं।२। जल के लिये विस्तृत हुए समुद्र के समान इन्द्र बलकारी सोम के लिए अपने पेट को विस्तृत करता है।३। हे इन्द्र ! यह सोम तुम्हारे लिए है। तुम इसे कबूतर द्वारा अपनी कबूतरी को प्राप्त करने के समान प्रेम से प्राप्त करते हो। हमारी

वाणी भी पहुँचती है ।४। हे धनेश्वर ! जिसके मुख मे आपकी स्तुतिमय वाणी है, उनकी स्तुतियो से प्राप्त होने वाले तुम उसके घर मे ऐश्वर्य भर दो उसकी वाणी-मधुर और सत्य हो ।५। [२८]

ऊर्ध्वं स्तिष्ठा न ऊतयेऽस्मिन्वाजे शतक्रतो । समन्येषु ब्रवावहै ।६।
योगेयोगे तवस्तरं वाजेवाजे हवामहे । सखाय इन्द्रमूतये ।७।
आ घा गमद्यदि श्रवत्सहस्रिणीभिरूतिभि । वाजेभिरुप नो हवम ।८।
अनु प्रत्नस्यौकसो हुवे तुविप्रतिं नरम् । य ते पूर्वं पिता हुवे ।९।
तं त्वा वयं विश्ववारा शास्महे पुरुहूत ।
सखे वसो जरितृभ्य ।१०।२९।

हे महाबली इन्द्र ! इस युद्ध मे हमारी रक्षा के लिये उठो । हम दोनो भले प्रकार मन्त्रणा करें ।६। हे सखे ! हम प्रत्येक कार्य अथवा युद्ध के आरम्भ मे महाबली इन्द्र का आह्वान करते है ।७। यदि इन्द्र ने हमारी पुकार सुन ली तो वे असंख्य रक्षण साधनो और शक्तियो के साथ अवश्य आवेंगे ।८। मैं अपने अग्रणी, शक्ति स्वरूप इन्द्र को पूर्वजों की भांति बुलाता हूँ । हे इन्द्र हमारे पिता भी तुमको बुलाते थे ।९। हे वरणीय इन्द्र ! बहुतो से बुलाये गये तुम स्तोताओं के शरणदाता मित्र हो । हम तुम्हारे आह्वान की कामना करते हैं ।१०। [२९

अस्माकं शिप्रिणीनां सोमपा सोमपाव्नाम् । सखे वज्रिन्त्सखीनाम् ।११।
तथा तदस्तु सोमपा सखे वज्रिन्तथा कृणु । यथा त उश्मसीष्टये ।१२।
रेवतीर्न. सधमाद इन्द्रे सन्तु तुविवाजा क्षुमन्तो याभिर्मदेम ।१३।
आ घ त्वावान्त्मनाप्त स्तोतृभ्यो धृष्णवियानः । ऋणोरक्षं न चक्र्यो ।१४।
आ यद्दुव. शतक्रतवा कामं जरितृणाम् ।
ऋणोरक्षं न शचीभि: ।१५।३०।

हे सोमपायी वज्रिन् ! सोम के बलवान हुए हमारे मित्रो के तुम मित्र हो ।१। हे सोमपायी वज्रिन् ! हमारी यह इच्छा पूरी करो कि हम अपने अभीष्ट के निमित्त सदा तुम्हारी ही कामना किया करे ।१२। इन्द्र के

प्रसन्न होने पर हमारी गायें अधिक दूध दें, जिससे हम अधिक पुष्टि को प्राप्त कर सकें ।।१३।। हे इन्द्र ! तुम्हारी प्रार्थना करने पर तुम स्वयं ही पहिये की धुरी के समान भाग्य को घुमाकर धन देते हो ।।१४।। हे इन्द्र साधकों की साधना और कामना के अनुसार ही तुम पहिये की धुरी के समान उनकी दरिद्रता को पलट देते हो ।।१५।। (३०)

शाश्वदिन्द्रः पोप्रुथद्भिर्जिगाय नानदद्भिः शाश्वसद्भिर्धनानि ।
स नो हिरण्यरथं दंसनावान्त्स नः सनिता सनये स नोऽदात् ।।१६।
आश्विनावश्वावत्येषा यातं शवीरया । गोमद्दस्रा हिरण्यवत् ।।१७।
समानयोजनो हि वां रथो दस्रावमर्त्यः समुद्रे अश्विनेयते ।।१८।
न्य घ्न्यस्य मूर्धनि चक्रं रथस्य येमथुः । परि द्यामन्यदीयते ।।१९।
कस्त उषः कधप्रिये भुजे मर्तो अमर्त्ये । कं नक्षसे विभावरि ।२०।
वयं हि ते अमन्मह्यान्तादा पराकात् अश्वे न चित्रे अरुषि ।२१।
त्वं त्येभिरा गहि वाजेभिर्दुहितर्दिवः । अस्मे रयिं नि धारय ।२२।३१।

इन्द्र सदा ही शत्रुओं के धन को अपने स्फूर्तियुक्त घोड़ों के द्वारा जीतता रहा है । उसने स्नेहवश हमको सोने का रथ प्रदान किया है ।।१६।। हे भीषण बल वाले अश्विनीकुमारो ! तुम अश्वों की गति से गौ और स्वर्णादि धन के साथ यहाँ आओ ।।१७।। हे अश्विनी कुमारो ! तुम दोनों के लिए जुतने वाला एक ही रथ आकाश मार्ग में चलता है । उसे कोई नष्ट नहीं कर सकता ।।१८।। हे अश्विनी कुमरो । तुमने अपने रथ के एक पहिये को पर्वत पर स्थित किया है तथा दूसरा पहिया आकाश के चारों ओर चलता है ।।१९।। हे पापों का नाश करने वाली ऊषे ! कौन मरणधर्मा मनुष्य तुम्हारे सुख को प्राप्त कर सकता है ।।२०।। हे अश्व के समान गमन करने वाली, कांतिमती ऊषे ! तुम क्रोध रहित हो ही हमने निकट या दूर तक चिंतन किया है ।। २१ ।। हे आकाश-पुत्री ! तुम उन शक्तियों के साथ यहाँ आओ जिनके द्वारा उत्तम ऐश्वर्य को हमारे लिये स्थापना कर सको ।।२२।। (३१)

३१ सूक्त [सांतवा अनुवाक]

(ऋषि—हिरण्यस्तूप, आङ्गिरस । देवता-अग्नि । छन्द—त्रिष्टुप्)

त्वमग्ने प्रथमो अङ्गिरा ऋषिर्देवो देवानामभव शिव सखा ।
तव व्रते कवयो विद्मनापसोऽजायन्त मरुतो भ्राजदृष्टय ॥१॥
त्वमग्ने प्रथमो अंगिरस्तम कविर्देवाना परि भूषसि व्रतम् ।
विभुर्विश्वस्मै भुवनाय मेधिरो द्विमाता शयु कतिधा चिदायवे ॥२॥
त्वमग्ने प्रथमो मातरिश्वन आविर्भव सुक्रतूया विवस्वते ।
अरेजेता रोदसी होतृवूर्येऽसघ्नोर्भारमयजो महो । वसो ॥३॥
त्वमग्ने मनवे द्यामवाशय पुरूरवसे सुकृते सुकृत्तर ।
श्वात्रेण यत्पित्रोर्मुच्यसे पर्या त्वा पूर्वमनयन्नापर पुन ॥४॥
त्वमग्ने वृषभ पुष्टिवर्धन उद्यतस्रुचे भवसि श्रवाय्य ।
य आहुति परि वेदा वषट् कृतिमेकायुरग्रे विश आविवाससि ॥५॥३२

त्वमग्ने वृजिनवर्तनिं नरं सक्मन्पिपर्षि विदथे विचर्षणे ।
यः शूरसाता परितक्म्ये धने दभ्रेभिश्चित्समृता हंसि भूयसः ।६।
त्वं तमग्ने अमृतत्व उत्तमे मर्तं दधासि श्रवसे दिवे दिवे ।
यस्तातृषाण उभयाय जन्मने मयः कृणोषि प्रय आ च सूरये ।७।
त्वं नो अग्ने सनये धनानां यशसं कारुं कृणुहि स्तवानः ।
ऋध्याम कर्मापसा नवेन देवैर्द्यावापृथिवी प्रावतं नः ।८।
त्वं नो अग्ने पित्रोरुपस्थ आ देवो देवेष्वनवद्य जागृविः ।
तनूकृद्बोधि प्रमतिश्च कारवे त्वं कल्याण वसु विश्वमोपिषे ।९।
त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि नस्त्वं वयस्कृत्तव जामयो वयम् ।
सं त्वा रायः शतिनः सं सहस्रिणः सुवीरं यन्ति व्रतपामदाभ्य ।१०।३३।

हे विशिष्ट द्रष्टा अग्ने ! तुम पाप-वर्तियों का भी उद्धार करते हो । तुम युद्ध उपस्थित होने पर थोड़े से धर्मवीरों द्वारा भी बहुसंख्यक पापियों को नष्ट करा देते हो ।६। हे अग्ने ! तुम उस सेवक को भी अविनाशी पद देकर यशस्वी बनाते हो । उस पद की देवता और मनुष्य दोनों ही कामना करते हैं । तुम अपने साधक को अन्न-धन द्वारा सुखी करते हो ।७। हे अग्ने ! हमको धन-प्राप्ति की योग्यता दो । साधक को यशस्वी बनाओ । नये उत्साह से यज्ञादि कर्म करें । देवताओं सहित आकाश-पृथिवी हमारे रक्षक हों ।८। हे निर्दोष अग्ने ! तुम देवताओं में चैतन्य, आकाश-पृथिवी के मध्य में स्थित हमको पुत्र रूप समझो । तुम शासक का कल्याण करने वाले उसे हर प्रकार का ऐश्वर्य दो ।९। हे अग्ने ! तुम कृपा करने वाले हो । तुम्हें कोई धोखा नहीं दे सकता, तुम वीर युक्त गुण वाले और सहस्रों धनों के कर्त्ता हो ।१०। [३३]

त्वामग्ने प्रथममायुमायवे देवा अकृण्वन्नहुषस्य विश्पतिम् ।
इलामकृण्वन्मनुषस्य शासनीं पितुर्यत्पुत्रो ममकस्य जायते ।११।
त्वं नो अग्ने तव देव पायुभिर्मघोनो रक्ष तन्वश्च वन्द्य ।
त्राता तोकस्य तनये गवामस्यनिमेषं रक्षमाणस्तव व्रते ।१२।

त्वमग्ने यज्यवे पायुरन्तरोऽनिषङ्गाय चतुरक्ष इध्यसे ।
यो रातहव्योऽवृकाय धायसे कीरेश्चिन्मन्त्रं मनसा वनोषि तम् ।१३।
त्वमग्न उरुशंसाय वाघते स्पार्हं यद्रेक्णः परमं वनोषि तत् ।
आध्रस्य चित्प्रमतिरुच्यसे पिता प्र पाकं शास्सि प्र दिशो विदुष्टरः ।१४।
त्वमग्ने प्रयतदक्षिणं नरं वर्मेव स्यूतं परि पासि विश्वतः ।
स्वादुक्षद्मा यो वसतौ स्योनकृज्जीवयाजं यजते सोपमा दिवः ।१५।३४।

हे अग्ने ! तुमको देवताओं ने मनुष्यों का हित करने को उनका राजा, स्वामी बनाया है। जब पिता (अङ्गिरा ऋषि) के पुत्र रूप में जब तुम उत्पन्न हुए तब देवताओं ने इला को मनु की उपदेशिका बनाया ।११। हे पूज्य अग्ने ! तुम्हारी कृपा से धनी हुए हमारे शरीरों का पोषण और रक्षा करो। अविलम्ब हमारी सन्तान और पशुओं की रक्षा करो ।१२। हे अग्ने ! तुम पूजक के पालनकर्त्ता हो। जिसने तुमको अहिंसित हवि दी है और जो निरस्त्र है, उसे तुम सब ओर से देखते हो तुम अपने साधक की कामना पर ध्यान देते हो ।१३। हे अग्ने ! उत्तम अभीष्ट धन को ऋत्विज के निमित्त साध्य करते हो ।१३। तुम निबल के पिता और मूर्ख को ज्ञान देने वाले हो ।१४। हे अग्ने ! तुम दक्षिणा वाले यजमान के लिये कवच के समान रक्षक हो। जो अपने घर में मधुर अन्न-हवि से सुख देने वाले यज्ञ को करता है, वह स्वर्गीय उपमा का अधिकारी होता है ।१५। [३४,

इमामग्ने शरणिं मीमृषो न इममध्वानं यमगाम दूरात् ।
आपि. पिता प्रमति. सोम्यानां भृमिरस्यृषिकृन्मर्त्यानाम् ।१६।
मनुष्वदग्ने अङ्गिरस्वदङ्गिरो ययातिवत्सदने पूर्ववच्छुचे ।
अच्छ याह्या वहा दैव्यं जनमा सादय बर्हिषि यक्षि च प्रियम् ।१७।
एतेनाग्ने ब्रह्मणा वावृधस्व शक्ती वा यत्ते चकृमा विदा वा ।
उत प्रणेष्यभि वस्यो अस्मान्त्सं न. सृज सुमत्या वाजवत्या ।१८।३५।

हे अग्ने ! तुम हमारे यज्ञ में हुई भूलों को क्षमा करो। जो कुमार्ग में बहुत बढ़ गया है, उसे क्षमा करो। तुम सोम वाले यजमान के बन्धु, पिता

और उस पर कृपा करने वाले ॥ १६ ॥ हे अग्ने ! हे अङ्गिरा ! तुम अत्यन्त पवित्र हमारे यज्ञ को प्राप्त होओ । पूर्वकाल में मनु, अङ्गिरा, ययाति के यज्ञ मे आने वाले देवताओं को बुलाकर कुश पर प्रतिष्ठित करते हुये उनका पूजन करो ॥१७॥ हे अग्ने ! इस मन्त्र रूप स्तुतियों से वृद्धि को प्राप्त होओ। यह स्तुति शक्ति ज्ञान से तुम्हारे निमित्त ही हमने प्राप्त की है। तुम हमको महान् ऐश्वर्य प्रदान करो और बल देने वाली बुद्धि दो ॥१८॥ (३५)

३२ सूक्त

(ऋषि—हिरण्यस्तूप आङ्गिरस । देवता इन्द्रः । छन्द-त्रिष्टुप्)

इन्द्रस्य नु वीर्याणि प्र वोचं यानि चकार प्रथमानि वज्री ।
अहन्नहिमन्वपस्ततर्द प्र वक्षणा अभिनत्पर्वतानाम् ॥१॥
अहन्नहिं पर्वते शिश्रियाणं त्वष्टास्मै वज्रं स्वर्यं ततक्ष ।
वाश्रा इव धेनवः स्यन्दमाना अञ्जः समुद्रमव जग्मुरापः ॥२॥
वृषायमाणोऽवृणीत सोमं त्रिकद्रुकेष्वपिबत्सुतस्य ।
आ सायकं मघवादत्त वज्रमहन्नेनं प्रथमजामहीनाम् ॥३॥
यदिन्द्राहन्प्रथमजामहीनामान्मायिनाममिनाः प्रोत मायाः ।
आत्सूर्यं जनयन्द्यामुषासं तादीत्ना शत्रुं न किला विवित्से ॥४॥
अहन्वृत्रं वृत्रतरं व्यंसमिन्द्रो वज्रेण महता वधेन ।
स्कन्धांसीव कुलिशेना विवृक्णाहिः शयत उपपृक्पृथिव्याः ॥५॥३६॥

पूर्वकाल में वज्रधारी इन्द्र ने जो पराक्रम किये, उन्हें कहता हूं। पहिले इन्होंने मेघ को मारा फिर वर्षा की। प्रवाहित नदियों के लिये मार्ग बनाया ॥ १ ॥ इस इन्द्र के लिये त्वष्टा ने शब्दकारी वज्र को पैना किया, जिससे पर्वत में टिके हुए मेघ को मारकर जल [illegible] । वे जल रंभाती हुई गायों के समान सीधे समुद्र को चले गये ॥ २ ॥ बैल के समान बल वाले इन्द्र ने सोम का [illegible] किया । त्रिकद्रु को (तीन प्रकार के) यज्ञ में [illegible] सोम को पिया । [illegible] इन्द्र ने वज्र को ग्रहण कर मेघों में [illegible]

देया ।३। हे इन्द्र तुमने मेघो मे उत्पन्न प्रथम मेघ (वृत्र) का वध किया, मायावियो का नाश किया । फिर सूर्य, उषा और आकाश को प्रकट किया तब कोई शत्रु शेष नही रहा ॥ ४ ॥ इन्द्र ने घोर अन्धकार करने वाले वृत्रासुर का भीषण वज्र से वृक्षो के तनो के समान काट डाला। तब वह पृथिवी पर गिर पडा ।।५।। (३६)

अयोद्धेव दुर्मद आ हि जुह्वे महावीरं तुविबाधमृजीषम् ।
मातारीदस्य समृतिं दधानां सं रुजानाः पिपिष इन्द्रशत्रुः ।६।
अपादहस्तो अपृतन्यदिन्द्रमास्य वज्रमधि सानौ जघान ।
वृष्णो वध्रिः प्रतिमानं बुभूषन्पुरुत्रा वृत्रो अशयद्व्यस्तः ।७।
नदं न भिन्नममुया शयानं मनो रुहाणा अति यन्त्यापः ।
याश्चिद्वृत्रो महिना पर्यतिष्ठत्तासामहिः पत्सुतःशीर्बभूव ।८।
नीचावया अभवद्वृत्रपुत्रेन्द्रो अस्या अव वधर्जभार ।
उत्तरा सूरधरः पुत्र आसीद्दानुः शये सहवत्सा न धेनुः ।९।
अतिष्ठन्तीनामनिवेशनानां काष्ठानां मध्ये निहितं शरीरम् ।
वृत्रस्य निण्यं वि चरन्त्यापो दीर्घं तम आशयदिन्द्रशत्रुः ।।१०।२७।

मिथ्याभिमानी वृत्र ने महाबली, शत्रुनाशक, अत्यन्त वेग वाले इन्द्र को योद्धाओं को बुलाने के समान ललकारा । तब इन्द्र ने घोर वज्र-वर्षा की, जिससे बहते हुए वृत्र ने नदियो को भी पीस डाला ॥६॥ पाँव और हाथो से हीन वृत्र ने इन्द्र से युद्ध की इच्छा व्यक्त की । इन्द्र ने उसके कन्धे पर वज्र प्रहार किया । तब वह खण्ड-विच्छिन्न हो धराशायी हुआ ॥७॥ जैसे नदी तटो को लाँघ जाते है, वैसे ही मन को प्रसन्न करने वाले जल वृत्र को लाँघ जाते है । जो वृत्र अपने बल से जलो को रोक रहा था, वही अब उनके नीचे पड़ा सो रहा है ।८। वृत्र की माता उसकी रक्षा के लिये उसकी देह पर टेढी होकर लेट गई । परन्तु इन्द्र के प्रहार करने पर वह बछड़े के साथ गौ के समान सो गई ॥९॥ स्थिरविहीन अविश्रान्त जलो के मध्य गिरे हुए वृत्रासुर के देह को जल जानते है । वह अनन्त निद्रा मे सोता पड़ा है ॥१०॥ (३७)

उपेदहं धनदामप्रतीतं जुष्टां न श्येनो वसतिं पतामि ।
इन्द्रं नमस्यन्नुपमेभिरर्कैर्यः स्तोतृभ्यो हव्यो अस्ति यामन् ।।२।।
नि सर्वसेन इषुधीँरसक्त समर्यो गा अजति यस्य वष्टि ।
चोष्कूयमाण इन्द्र भूरि वामं मा पणिर्भूरस्मदधि प्रवृद्ध ।।३
वधीर्हि दस्युं धनिनं घनेनं एकश्चरन्नुपशाकेभिरिन्द्र ।
धनोरधि विषुणक्ते व्यायन्नयज्वानः सनकाः प्रेतिमीयुः ।।४
परा चिच्छीर्षा ववृजुस्त इन्द्रायज्वानो यज्वभिः स्पर्धमानाः ।
प्र यदिवो हरिव स्थातरुग्र निरव्रताँ अधमो रोदस्योः ।।५।।

आओ गाय की इच्छा वाले हम इन्द्र के समक्ष उपस्थित हों। वे विघ्न-नाशक, हमारे धन को बढ़ाते हुए, हमारी गौ की इच्छा को पूर्ण करेंगे ।।१।। जिसे युद्ध में स्तोता बुलाते हैं, उस इन्द्र का कोई सामना नहीं कर सकता। मैं उस धनदाता इन्द्र को उपयुक्त स्तोत्रों से पूजन करता हुआ अभिलाषा करता हूँ ।।२।। सेना वाले इन्द्र ने स्तोताओं के पक्ष में तूणीर किस लिए प्रजाओं के स्वामी वे इन्द्र गवादि धन को जीतने में समर्थ हैं। हे इन्द्र ! तुम हमारे साथ विनिमय करने वाले न बनो ।। ३ ।। हे इन्द्र सहायक मरुतों के साथ अपने भीषण वज्र से बहुत धन के चोर वृत्र को तुमने मारा। फिर उस वृत्र के अनुचरों ने सङ्गठित होकर तुम पर आक्रमण किया, तब वे यज्ञ-कर्मों से हीन मृत्यु को प्राप्त हुए ।।४।। हे इन्द्र ! यज्ञ-कर्म वालों के सामने से अयाज्ञिक भाग गये। हे अश्वयुक्त, युद्ध में डटे रहने वाले भीषण इन्द्र ! तुमने आकाश और पृथिवी पर स्थित व्रतहीनों को निःशेष कर दिया ।।५।।   (१)

अयुयुत्सन्ननवद्यस्य सेनामयातयन्त क्षितयो नवग्वाः ।
वृषायुधो न वध्रयो निरष्टाः प्रवद्भिरिन्द्राच्चितयन्त आयन् ।।६
त्वमेतान्रुदतो जक्षतश्चायोधयो रजस इन्द्र पारे ।
अवादहो दिव आ दस्युमुच्चा प्र सुन्वतः स्तुवतः शंसमावः ।।७
चक्राणासः परीणहं पृथिव्या हिरण्येन मणिना शुम्भमानाः ।

न हिन्वानासस्तितिरुस्त इन्द्रं परि स्पशो अदधात्सूर्येण ॥८
परि यदिन्द्र रोदसी उभे अबुभोजीर्महिना विश्वत: सीम् ।
अमन्यमानां अभि मन्यमानैर्निर्ब्रह्मभिरधमो दस्युमिन्द्र ॥९
न ये दिव: पृथिव्या अन्तमापुर्न मायाभिर्धनदां पर्यभूवन् ।
युजं वज्रं वृषभश्चक्र इन्द्रो निर्ज्योतिषा तमसो गा अदुक्षत् ॥१०

अयाज्ञिकों ने अनिन्द्य इन्द्र से लडने की इच्छा की । तब वीरों के ... कायरों के युद्ध करने के समान परास्त हुए ॥ ३ ॥ हे इन्द्र ! तुमने रो... और हँसते हुये वृत्रों को युद्ध मे मारा । चौर वृत्र को ऊँचा उठाकर आकाश से जलाकर गिराया । फिर तुमने सोम वालों की स्तुतियों से हर्ष प्राप्त किया ॥ ७ ॥ उन वृत्रों ने भूमि को ढक लिया, वे स्वर्ण रत्नादि से युक्त हुये। परन्तु वे इन्द्र को न जीत सके । इन्द्र ने उन्हे सूर्य के द्वारा भगा दिया ॥ ८ ॥ हे इन्द्र ! तुमने आकाश-पृथिवी का सब ओर से उपयोग किया है । तुमने अपने अनुयाइयों द्वारा विरोधियों को जीता । तुम्हारी मन्त्र रूप स्तुतियों ने शत्रु पर विजय प्राप्त की ॥ ९ ॥ मेघ आकाश-पृथिवी की सीमा को प्राप्त नही करते और गर्जन करते हुए अन्धकारादि कर्मों से भी सूर्य रूप इन्द्र को नही ढक सकते परन्तु इन्द्र अपने सहायक वज्र से, मेघ से जलों को गाय समान दुह लेता है ॥१०॥

अनु स्वधामक्षरन्नापो अस्यावर्धत मध्य आ नाव्यानाम् ।
सध्रीचीनेन मनसा तमिन्द्र ओजिष्ठेन हन्मनाहन्नभि द्यून् ॥११
न्याविध्यदिलीबिशस्य दृळ्हा वि शृङ्गिणमभिनच्छुष्णमिन्द्र: ।
यावत्तरो मघवन्यावदोजो वज्रेण शत्रुमवधी: पृतन्युम् ॥१२
अभि सिध्मो अजिगादस्य शत्रून्वि तिग्मेन वृषभेणा पुरोऽभेत् ।
सं वज्रेणासृजद्वृत्रमिन्द्र: प्र स्वां मतिमतिरच्छाशदान: ॥१३
आव: कुत्समिन्द्र यस्मिञ्चाकन्प्रावो युध्यन्तं वृषभं दशद्युम् ।
शफच्युतो रेणुर्नक्षत द्यामुच्छ्वैत्रेयो नृषाह्याय तस्थौ ॥१४
आव: शमं वृषभं तुग्र्यासु क्षेत्रजेषे मघवञ्छ्वित्र्यं गाम् ।

(ऋषि—हिरण्यस्तूप आङ्गिरस । देवता—अश्विनौ । छन्द—जगती)

त्रिश्चिन्नो अद्या भवतं नवेदसा विभुर्वां याम उत रातिरश्विना ।
युवोर्हि यन्त्रं हिम्येव वाससोऽभ्यायंसेन्या भवतं मनीषिभिः ॥१

त्रयः पवयो मधुवाहने रथे सोमस्य वेनामनु विश्व इद्विदुः ।
त्रयः स्कम्भासः स्कभितास आरभे त्रिर्नक्तं याथस्त्रिर्वश्विना दिवा ॥२

समाने अहन्त्रिरवद्यगोहना त्रिरद्य यज्ञं मधुना मिमिक्षतम् ।
त्रिर्वाजवतीरिषो अश्विना युवं दोषा अस्मभ्यमुषसश्च पिन्वतम् ॥३

त्रिर्वर्तिर्यातं त्रिरनुव्रते जने त्रिः सुप्राव्ये त्रेधेव शिक्षतम् ।
त्रिर्नान्द्यं वहतमश्विना युवं त्रिः पृक्षो अस्मे अक्षरेव पिन्वतम् ॥४

त्रिर्नो रयिं वहतमश्विना युवं त्रिर्देवताता त्रिरुतावतं धियः ।
त्रिः सौभगत्वं त्रिरुत श्रवांसि नस्त्रिष्ठं वां सूरे दुहिता रुहद्रथम् ॥५

युवोर्हि पूर्वंसवितोपसोर अमृताय चित्र घृतवन्तमिष्यति ॥१०
आ नासत्या त्रिभिरेका दैरिह देवेभिर्यात मधुपेयमश्विनां ।
प्रायुस्तारिष्टं नो रपांसि मृक्षतं द्वेषो भवत सचाभुवा ॥११
आ नो नो अश्विना त्रिवृता रथेनार्वाञ्चं रयि वहत सुवीरम् ।
शृण्वन्ता वामवसे जोहवोहिम वृधे च ना भवत बाजसातौ ।।१२।५

हे अश्विद्वय ! तुम नित्य तीन बार पूजने योग्य हो । तुम पृथिवी पर तीन बार तीन लपेटे वाले कुशासन पर सोओ । हे असत्य रहित रथी ! आत्मा द्वारा शरीरों को प्राप्त करने के समान तुम तीन यज्ञों को प्राप्त कराओ ॥७॥ हे अश्विद्वय ! सप्त मातृ भूत जलों द्वारा हमने तीन बार सोमों को सिद्ध किया है । यह तीन कलश भर कर हैं । इसी प्रकार से हवि भी तैयार की है । तुम आकाश के ऊपर चलते हुए तीनों लोकों की रक्षा करते हो ॥८॥ हे अश्विद्वय ! जिस रथ के द्वारा तुम यज्ञ को प्राप्त होते हो, उस त्रिकोण रथ के तीन पहिये किधर लगे हैं ? रथ के आधारभूत तीनों काष्ठ कहाँ हैं ? तुम्हारे रथ में बल-शाली गर्दभ कब संयुक्त किया जायेगा ॥९॥ हे अश्विद्वय ! आओ, मैं हव्य देता हूँ । अत: मधुरपान करने वाले मुखों से मधुर हवियों को ग्रहण करो । उषा काल से पूर्व सूर्य तुम्हारे घृतयुक्त रथ को यज्ञ में आने के लिए प्रेरणा देते हैं ॥१०॥ हे असत्य-रहित अश्वियो ! तुम तैंतीस देवताओं के साथ यहाँ आकर मधु पान करो । हमको आयु देकर पापों को हटाओ । शत्रुओं को भगाकर हम में वास करो ॥११॥ हे अश्वियो ! त्रिकोण रथ द्वारा, वीरों से युक्त ऐश्वर्य को यहाँ लाओ । तुम्हारा आह्वान करता हूँ । तुम युद्धों में हमारी बल-वृद्धि करो ॥१२॥ (५)

३५ सूक्त

(ऋषि—हिरण्यस्तूप आङ्गिरस । देवता—अग्निमित्रावरुणौ प्रभृति छन्द – जगती त्रिष्टुप् पंक्ति)

ह्वयाम्यग्निं प्रथमं स्वस्तये: ह्वयामि मित्रावरुणाविहावसे ।
ह्वयामि रात्रीं जगतो निवेशनीं ह्वयामि देवं सवितारमूतये ॥१

आ कृष्णेन रसजा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च ॥१
हिरण्ययेन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन् ॥२
याति देवः प्रवता यात्युद्वता याति शुभ्राभ्यां यजतो हरिभ्याम् ।
आ देवो याति सविता परावतोऽप विश्वा दुरिता बाधमानः ॥३
अभीवृतं कृशनैर्विश्वरूपं हिरण्यशम्यं यजतो बृहन्तम् ।
आस्थाद्रथं सविता चित्रभानुः कृष्णा रजांसि तविषीं दधानः ॥४
वि जनाञ्छ्यावाः शितिपादो अख्यन्रथं हिरण्यप्रउगं वहन्तः ।
शश्वद्विशः सवितुर्दैव्यस्योपस्थे विश्वा भुवनानि तस्थुः ॥५
तिस्रो द्यावः सवितुर्द्वा उपस्थाँ एका यमस्य भुवने विराषाट् ।
आणिं न रथ्यममृताधि तस्थुरिह ब्रवीतु य उ तच्चिकेतत् ।६।६

कल्याण के लिए अग्नि, मित्र और वरुण का आह्वान करता हूं और प्राणियो को विश्राम देने वाली रात्रि तथा सूर्य देवता का रक्षा के लिए आह्वान करता हूं ॥१॥ अन्धकारपूर्ण आकाश मे भ्रमण करते हुए प्राणियो को चैतन्य करने वाले सूर्य सोने के रथ से हमको प्राप्त होते हैं ॥ २ ॥ वे सूर्य देवता नीचे मार्गों या ऊँचे मार्गों पर श्वेत अश्वों से युक्त रथ पर गमन करते हैं वे अन्धकारादि का नाश करते हुए दूर से आते हैं ॥ ३ ॥ पूज्य एवं अद्भुत रश्मियों से युक्त सूर्य, अन्धकारयुक्त लोकों के निमित्त शक्ति को धारण करते हैं । वे स्वर्ण साधनो से युक्त रथ पर चढ़ते हैं ॥ ४ ॥ श्वेत आश्रय वाले, जुओं बांधने वाले श्याम युक्त रथ को चलाते हुए सूर्य के अश्वो ने मनुष्यों को प्रकाश दिया । सब प्राणी और लोक सूर्य अङ्क मे ही स्थित हैं ॥ ५ ॥ तीन लोकों में आकाश और पृथिवी सूर्य के समीप हैं । एक अन्तरिक्ष यमलोक का द्वार रूप है । रथ के पहिये की अगली कील पर अवलम्बित रहने के समान सभी नक्षत्र सूर्य पर अवलम्बित हैं ॥६॥   (६)

वि सुपर्णो अन्तरिक्षाण्यख्यद्गभीरवेपा असुरः सुनीथः ।
क्वेदानीं सूर्यः कश्चिकेत कतमां द्यां रश्मिरस्या ततान ॥७
अष्टौ व्यख्यत्ककुभः पृथिव्यास्त्री धन्व योजना सप्त सिन्धून् ।

हिरण्याक्षः सविता देव आगाद्दधद्रत्ना दाशुषे वार्याणि ॥८
हिरण्यपाणिः सविता विचर्षणिरुभे द्यावापृथिवी अन्तरीयते ।
अपामीवां बाधते वेति सूर्यमभि कृष्णेन रजसा द्यामृणोति ॥९
हिरण्यहस्तो असुरः सुनीथः सुमृळीकः स्ववां यात्वर्वाङ् ।
अपसेधन्रक्षसो यातुधानानस्थाद्देवः प्रतिदोषं गृणानः ॥१०
ये ते पन्थाः सवितः पूर्व्यासोऽरेणवः सुकृता अन्तरिक्षे ।
तेभिर्नो अद्य पथिभिः सुगेभी रक्षा च नो अधि च ब्रूहि देव ॥११॥७

गम्भीर कम्पनयुक्त, सुन्दर प्राणयुक्त सविता ने अन्तरिक्ष को प्रकाशित किया है। वह सूर्य कहाँ रहता है, उसकी किरणें किस आकाश में व्याप्त हैं — यह कौन कह सकता है? सूर्य ने पृथिवी की आठों दिशाओं को मिलाने वाले तीनों लोकों को और सातों समुद्रों को प्रकाशित किया। वह स्वर्णिम नेत्र वाले सूर्य दाता को धन देने के निमित्त यहाँ आवें ॥ ७-८॥ सोने के हाथ वाले सर्वद्रष्टा सूर्य आकाश और पृथिवी के मध्य गति करते हैं। वे रोगादि बाधाओं को मिटाकर अन्धकारनाशक तेज से आकाश को व्याप्त कर देते हैं ॥ ९ ॥ सुवर्णपाणि, प्राणवान्, श्रेष्ठ कृपालु ऐश्वर्यवान् सूर्य हमारे सामने आवें। वे सूर्य नित्यप्रति राक्षसों का दमन करते हुए यहाँ ठहरें ॥ १० ॥ हे सूर्य! आकाश में तुम्हारे धूल रहित पुरातन मार्ग सुनिर्मित हैं। उन मार्गों से आकर हमारी रक्षा करो। जो मार्ग हमारे अनुकूल हो, उसे बताओ ॥११॥

३६ सूक्त [आठवां अनुवाक]

(ऋषि—कण्वो घौर। देवता – अग्नि। छन्द—अनुष्टुप् आदि)

प्र वो यह्वं पुरूणां विशां देवयतीनाम् ।
अग्निं सूक्तेभिर्वचोभिरीमहे यं सीमिदन्य ईलते ॥१
जनासो अग्निं दधिरे सहोवृधं हविष्मन्तो विधेम ते ।
स त्वं नो अद्य सुमना इहेविता भव वाजेषु सन्त्य ॥२
प्र त्वा दूतं वृणीमहे होतारं विश्ववेदसम् ।

महस्ते सतो वि चरन्त्यर्चयो दिवि स्पृशन्ति भानवः ॥३
देवासस्त्वा वरुणो मित्रो अर्यमा सं दूतं प्रत्नमिन्धते ।
विश्वं सो अग्ने जयति त्वया धनं यस्ते ददाश मर्त्यः ॥४
मन्द्रो होता गृहपतिरग्ने दूतो विशामसि ।
त्वे विश्वा संगतानि व्रता ध्रुवा यानि देवा अकृण्वत ॥५॥८

हे मनुष्यो ! तुम बहु संख्यक व्यक्ति देवताओं की कामना करते हो तुम्हारे निमित्त हम उन महान् अग्नि के सूक्त वचनों द्वारा प्रार्थना करते हैं उनकी अन्य लोग भी स्तुति करते हैं ॥ १ ॥ मनुष्यों ने जिस बलवर्द्धक अग्नि को धारण किया हैं, हम उसको हवियों से तृप्त करें। दानी तुम प्रसन्न होकर, इस युद्ध मे हमारी रक्षा करो ॥ २ ॥ हे सम्पूर्ण ऐश्वर्य वाले, देव-दूत और होता ! तुम्हारा हम वरण करते हैं। तुम महान् और सत्य रूप हो। तुम्हारी लपटें आकाश की ओर उठती हैं ॥ ३ ॥ हे अग्ने ! तुम पुरातन पुरुष को वरुण, मित्र और अर्यमा प्रदीप्त करते हैं। तुमको हवि देने वाला साधक सभी धनों को प्राप्त करता है ॥ ४ ॥ हे अग्ने ! तुम मन को प्रसन्न करने वाले, प्रजाओं के स्वामी, गृह पालक और देव-दूत हो। देवताओं के सभी कर्म तुम मे मिलते हैं ॥५॥ (८)

त्वे इदग्ने सुभगे यविष्ठय विश्वमा हूयते हविः ।
स त्वं नो अद्य सुमना उतापरं यक्षि देवान्त्सुवीर्या ॥६
तं घेमित्था नमस्विन उप स्वराजमासते ।
होत्राभिरग्निं मनुषः समिन्धते तितिर्वांसो अति स्रिधः ॥७
घ्नन्तो वृत्रमतरन्रोदसी अप उरु क्षयाय चक्रिरे ।
भुवत्कण्वे वृषा द्युम्न्याहुतः क्रन्ददश्वो गविष्टिषु ॥८
स सीदस्व महां असि शोचस्व देववीतमः ।
वि धूममग्ने अरुषं मियेध्य सृज प्रशस्त दर्शतम् ॥९
यं त्वा देवासो मनवे दधुरिह यजिष्ठं हव्यवाहन ।
यं कण्वो मेध्यातिथिर्धनस्पृतं यं वृषा यमुपस्तुतः॥१० ९

हे युवा अग्ने ! तुम सौभाग्यशाली हो क्योंकि तुम में ही सब हवियां डाली जाती हैं। तुम प्रसन्न होकर हमारे निमित्त आज और आगे भी पराक्रमी देवताओं का पूजन करो ॥ ६ ॥ नमस्कार करने वाले व्यक्ति स्वयं प्रकाशित अग्नि की पूजा करते हैं शत्रुओं से बढ़े हुए मनुष्य स्तुतियों द्वारा अग्नि को प्रदीप्त करते हैं ॥ ७ ॥ देवताओं ने प्रहारपूर्वक वृत्र को जीता और तीनों लोकों का विस्तार किया। अभीष्ट वर्षक अग्नि आह्वान करने पर मुझ कण्व को गवादि धन प्रदान करें ॥ ८ ॥ हे अग्ने ! आओ, विराजमान होओ। देवताओं के लाने वाले, तुम चैतन्य होओ। उत्तम लालिमा लिए सुन्दर धुएं को फैलाओ ॥ ९ ॥ हे हविवाहक अग्ने ! तुम पूजने योग्य को देवताओं ने मनु के निमित्त इस लोक में स्थापित किया। तुम धन से सन्तुष्ट करने वाले को कण्व और मेधातिथि ने तथा वृषा और उपस्तुत ने धारण किया ॥१०॥ (९)

यमग्निं मेध्यातिथिः कण्व ईध ऋतादधि ।
तस्य प्रेषो दीदियुस्तमिमा ऋचस्तमग्निं वर्धयामसि ॥११
रायस्पूधि स्वधावोऽस्ति हि तेऽग्ने देवेष्वाप्यम् ।
त्वं वाजस्य श्रुत्यस्य राजसि स नो मृळ महाँ असि ॥१२
ऊर्ध्व ऊ षु ण ऊतये तिष्ठा देवो न सविता ।
ऊर्ध्वो वाजस्य सनिता यदञ्जिभिर्वाघद्भिर्विह्वयामहे ॥१३
ऊर्ध्वो नः पाह्यंहसो नि केतुना विश्वं समत्रिणं दह ।
कृधी न ऊर्ध्वाञ्चरथाय जीवसे विदा देवेषु नो दुवः ॥१४
पाहि नो अग्ने रक्षसः पाहि धूर्तेरराव्णः ।
पाहि रीषत उत वा जिघांसतो बृहद्भानो यविष्ठ्य ॥१५॥१०

जिस अग्नि को मेधातिथि और कण्व ने यज्ञ के लिए प्रज्वलित किया, वह अग्नि दीप्तिमान् है। इन ऋचाओं द्वारा हम उस अग्नि को बढ़ाते हैं ॥११॥ हे अन्नवान् अग्ने ! हमारे भण्डार भरो। तुम देवताओं के मित्र और ऐश्वर्य के स्वामी हो। हे महान् ! हम पर कृपा करो ॥ १२ ॥ तुम हमारी रक्षा के लिए ऊँचे खड़े होओ। तुम उन्नत शक्ति के प्रदाता हो। हम विद्वानों के सह-

तुम बड़े जोड़ों वाले पर्वतों को भी कँपा देते हो ॥७॥ उन मरुतों की गति से पृथिवी वृद्ध राजा के समान भय से कांपती है ॥८॥ इनका जन्म स्थान स्थिर है। इनकी मातृ-भूमि आकाश में पक्षी की गति भी निर्बाध है। उनका बल दुगुना होकर व्याप्त है ॥ ९ ॥ वे अन्तरिक्ष में उत्पन्न मरुद्गण गमन के लिए जल का विस्तार करते हैं और रमाने वाली गायों को घुटने-घुटने जल में ले जाते हैं॥ १०॥ (१३)

त्यं चिद्घा दीर्घं पृथुं मिहो नपातममृध्रम् प्र च्यावयन्ति यामभिः ॥११
मरुतो यद्ध वो बलं जनां अचुच्यवीतन गिरींरचुच्यवीतन ॥१२
यद्ध यान्ति मरुतः सं ह ब्रुवतेऽध्वन्ना । शृणोति कश्चिदेषाम् ॥१३
प्र यात शीभमाशुभिः सन्ति कण्वेषु वो दुवः । तत्रो षु मादयाध्वै ॥१४
अस्ति हि ष्मा मदाय वः स्मसि ष्मा वयमेषाम् ।
विश्वं चिदायुर्जीवसे ॥१५॥१४

अवश्य ही मरुद्गण उस विशाल, अवाध्य मेघ पुत्र को अपनी गति से कपाते हैं ॥११॥ हे मरुतो तुमने अपने बल से मनुष्यों को कर्म में प्रेरित किया है। तुम्हीं मेघों को प्रेरित करने वाले हो ॥१२॥ मरुद्गण चलते हैं, तब मार्ग में परस्पर बातें करते हैं। उनके उस शब्द को सुनते हैं ॥ १३ ॥ हे मरुतो! वेग वाले वाहन से शीघ्र आओ। यहां कण्ववंशी और अन्य विद्वान एकत्रित है, उनके द्वारा हर्ष प्राप्त करो ॥१४॥ हे मरुतो ! तुम्हारी प्रसन्नता के लिए हवि प्रस्तुत है। हम आयु प्राप्त करने के लिए यहां विद्यमान है ॥१५॥ (१४)

३८ सूक्त

(ऋषि—काण्वो घौरः । देवता—मरुत । छन्द—गायत्री)

कद्ध नूनं कधप्रियः पिता पुत्रं न हस्तयोः । दधिध्वे वृक्तबर्हिषः ॥१
क्व नूनं कद्वो अर्थं गन्ता दिवो न पृथिव्याः ।
क्व वो गावो न रण्यन्ति ॥२
क्व वः सुम्ना नव्यांसि मरुतः क्व सुविता । क्वो विश्वानि सौभगा ॥३
यदूयूयं पृश्निमातरो मर्तासः स्यातन । स्तोता वो अमृतः स्यात् ॥४

मा वो मृगो न यवसे जरता भूदजोष्य. । पथा यमस्य गादुप ।५।१५

हे स्तुतियों को चाहने वाले मरुतो ! तुम्हारे लिए कुश बिछाई गई है। पिता द्वारा पुत्र को धारण करने के समान तुम हमें कब धारण करोगे ? ॥१॥ हे मरुतो ! अब तुम कहां हो ? किस लिए आकाश मार्ग में घूमते हो ? पृथिवी में क्यों नहीं घूमते ? तुम्हारी गौएँ तुम्हें नहीं पुकारतीं क्या ? ॥ २ ॥ हे मरुतो ! तुम्हारी अभिनव कृपायें, शुभ और सौभाग्य कहां है ? ॥ ३ ॥ हे आकाश-पुत्रो ! यद्यपि तुम मरणधर्मा पुत्र हो पर तुम्हारा स्तोता (उपदेष्टा) अमर और शत्रु से कभी नाश न होने वाला हो ॥ ४ ॥ जिस प्रकार घास के मैदान में मृग आहार प्राप्त करता है पर मृग के लिए घास असेवनीय नहीं होती उसी प्रकार स्तोता भी सेवा प्राप्त करता रहे जिससे उसे यम मार्ग से न जाना पड़े ॥५॥ (१५)

मा पु णः परापरा निऋ तिर्दु हणा वधीत । पदाष्ट तृष्णया सह ॥६
सत्यं त्वेषा अमवन्तो धन्वञ्चिदा रुद्रियासः मिह । कृण्वन्त्यवाताम् ॥७
वाश्रेव विद्युन्मिमाति वत्स न माता सिषक्ति । यदेषा वृष्टिरसर्जि ॥८
दिवा चित्तमः कृण्वन्ति पर्जन्येनोदवाहेन । यत्पृथिवी व्युन्दन्ति ॥९
अध स्वनान्मरुतां विश्वमा सद्मपार्थिवम् । अरेजन्त प्र मानुषा ।१०।१६

बारम्बार प्राप्त होने वाली पाप की शक्ति हमारी हिंसा न करे। वह तृष्णा के समान नष्ट हो जाय ॥ ६ ॥ वे कान्तिमान् रुद्र के पुत्र मरुद्गण मरुभूमि में भी वायु रहित वर्षा करते हैं ॥ ७ ॥ रंभाने वाली गौ के समान जब बिजली कड़कती है और वर्षा होती है तब बछड़े का पोषण करने वाली माता के समान ही मौन हुई बिजली मरुतों की सेवा करती है ॥ ८ ॥ जलवर्षक बादलों द्वारा मरुद्गण दिन में भी अंधेरा कर देते हैं। उस समय वे भूमि को वर्षा से सींचते हैं ॥९॥ मरुतों की गर्जना से पृथिवी पर बने हुए घर तथा मनुष्य काँप जाते हैं ॥१०॥ (१६)

मरुतो वीळुपाणिभिश्चित्रा रोधस्वतीरनु । यातेमखिद्रयामभिः ॥११
स्थिरा वः सन्तु नेमयो रथा अश्वास एषाम् । सुसंस्कृता अभीशवः ॥१२

अच्छा वदा तना गिरा जरायै ब्रह्मणस्पतिम् । अग्निं मित्रं नदर्शतम् ॥१३
मिमीहि श्लोकमास्ये पर्जन्य इव ततनः । गाय गायत्रमुक्थ्यम् ॥१४
वन्दस्व मारुतं गणं त्वेषं पनस्युमर्किणम् । अस्मे वृद्धा असन्निह ॥१५॥१७

हे मरुद्गण ! तुम दृढ़ गुर वाले निरन्तर गति वाले अश्वों द्वारा उज्जवल नदियों की ओर गति करो ॥ ११ ॥ हे मरुतो ! तुम्हारी पहिये की हाल, रथ की धुरी और रासें उत्तम हों तथा अश्व स्थिर बलिष्ठ हों ॥ १२ ॥ मित्र के समान वेद-रक्षक अग्नि को साध्य बनाकर स्तुति वचनों का उच्चारण करो ॥ १३ ॥ अपने मुख से स्तोत्र रचना करो। मेघ के समान स्तोत्र को बढ़ाओ। शास्त्रानुकूल का गायन करो ॥ १४ ॥ कांतिमान्, स्तुत्य और स्तुतियों से युक्त मरुतों की स्तुति करो। वे महान् हमारे यहाँ वास करें ॥ १५ ॥ (१७)

३९ सूक्त

(ऋषि—कण्वो घोर. । देवता—मरुत । छन्द – गायत्री)

प्र यदित्था परावत. शोचिर्न मानमस्यथ ।
कस्य क्रत्वा मरुत. कस्य वर्पसा कं यथा कं ह धूतयः ॥१
स्थिरा वः सन्त्वायुधा पराणुदे वीळू उत प्रतिष्कभे ।
युष्माकमस्तु तविषि पनीयसा मा मर्त्यस्य मायिन. ॥२
परा ह यत्स्थिरं हथ नरो वर्त यथा गुरू ।
वि याथन वनिन. पृथिव्या व्याशाः पर्वतानाम् ॥३
नहि वः शत्रुर्विविदे अधि द्यवि न भूम्यां रिशादसः ।
युष्माकमस्तु तविषी तना युजा रुद्रासो नू चिदाधृषे ॥४
प्र वेपयन्ति पर्वतान्वि । विञ्चन्ति वनस्पतीन् ।
प्रो आरत मरुतो दुर्मदा । इव देवासः सर्वया विशा ॥५॥१८

हे कांपने वाले मरुतो ! जब तुम दूर से धारा के समान, अपने तेज को इस स्थान पर फैंकते हो तब तुम किसके यज्ञ द्वारा आकर्षित होते और किसके पास जाते हो ? । हे मरुतो ! तुम्हारे शस्त्र शत्रुओं का नाश

करने को स्थिर हो। दृढ़तापूर्वक शत्रुओं को रोको। तुम्हारा बल स्तुत्य हो। कपट करने वालों की हमारे निकट प्रशंसा न हो ॥ २ ॥ हे मरुतो ! तुम वृक्षों को गिराने, पत्थरों को घुमाते और पृथ्वी के नये वृक्षों के मध्य से तथा पर्वतों में छिद्र करके निकल जाते हो ॥ ३ ॥ हे शत्रुनाशक मरुतो ! आकाश और पृथिवी में तुम्हारा कोई शत्रु नहीं है। हे रुद्र पुत्रो ! तुम मिलकर शत्रुओं के दमन के बल बढ़ाओ ॥ ४ ॥ वे मरुद्गण पर्वतों को कम्पित करते, वृक्षों को पृथक्-पृथक् करते हैं। हे मरुतो ! तुम मदमत्त के समान प्रजागण के साथ आगे चलो ॥५॥

उपो रथेषु पृषतीरयुग्ध्वं प्रष्टिर्वहति रोहितः ।
आ वो यामाय पृथिवी चिदश्रोदबीभयन्त मानुषाः ॥६
आ वो मक्षू तनाय कं रुद्रा अवो वृणीमहे ।
गन्ता नूनं नोऽवसा यथा पुरेत्था कण्वाय बिभ्युषे ॥७
युष्मेषितो मरुतो मर्त्येषित आ यो नो अभ्व ईषते ।
वि तं युयोत शवसा व्योजसा वि युष्माकाभिरूतिभिः ॥८
असामि हि प्रयज्यवः कण्वं दद प्रचेतसः ।
असामिभिर्मरुत आ न ऊतिभिर्गन्ता वृष्टिं न विद्युतः ॥९
असाम्योजो बिभृथा सुदानवोऽसामि धूतयः शवः ।
ऋषिद्विषे मरुतः परिमन्यव इषुं न सृजत द्विषम् ॥१०॥१६

हे मरुतो ! तुमने बिन्दुयुक्त मृगों को रथ में जोता है। लाल मृग सबसे आगे जुड़ा है। पृथिवी तुम्हारी प्रतीक्षा करती है और मनुष्य भयभीत हो गये है ॥ ६ ॥ हे रुद्र पुत्रो ! सन्तान की रक्षा के लिए हम आपकी स्तुति करते हैं। जैसे तुम पूर्वकाल में रक्षा के लिये आये थे, वैसे ही भयभीत यजमान के पास आओ ।७। हे मरुतो ! तुम्हारे द्वारा सहायता प्राप्त या किसी अन्य द्वारा उकसाया हुआ शत्रु हमारे सामने आये तो तुम उसे अपने बल, तेज और रक्षक साधनों द्वारा दूर हटा दो ॥ ८ ॥ हे पूजनीय मेधावी मरुतो ! तुमने कण्व को सम्पूर्ण ऐश्वर्य दिया था। बिजलियों में वर्षा के निमित्त प्राप्त होने के समान समस्त रक्षण साधनों से युक्त हुये हमको प्राप्त होओ ॥९॥

हे मङ्गलमय मरुतो ! तुम अत्यन्त तेजस्वी हो । हे कम्पित करने वालो, तुम सम्पूर्ण बलों से युक्त हो । अतः ऋषियों से बैर करने वालों के समान अपनी उग्रता को प्रेरित करो ॥१०॥　　　　(१९)

४० सूक्त

(ऋषि—कण्वो घौर । देवता-ब्रह्मणस्पति । छन्द—बृहती त्रिष्टुप्)

उत्तिष्ठ ब्रह्मणस्पते देवयन्तस्त्वेमहे ।
उप प्रयन्तु मरुतः सुदानव इन्द्र प्राशूर्भवा सचा ॥१
त्वामिद्धि सहसस्पुत्र मर्त्य उपब्रूते धने हिते ।
सुवीर्यं मरुत आ स्वश्व्यं दधीत यो व आचके ॥२
प्रैतु ब्रह्मणस्पतिः प्र देव्येतु सूनृता ।
अच्छा वीरं नर्यं पङ्क्तिराधसं देवा यज्ञं नयन्तु नः ॥३
यो वाघते ददाति सूनरं वसु स धत्ते अक्षिति श्रवः ।
तस्मा इलां सुवीरामा यजामहे सुप्रतूर्तिमनेहसम् ॥
प्र नूनं ब्रह्मणस्पतिर्मन्त्रं वदत्युक्थ्यम् ।
यस्मिन्निन्द्रो वरुणो मित्रो अर्यमा देवा ओकांसि चक्रिरे ।५।२

हे ब्रह्मणस्पते ! उठो । देवताओं की कामना करने वाले हम तुम्हारी स्तुति करते हैं । कल्याणकारी मरुद्गण हमारे निकट आवें । हे इन्द्र ! तुम शीघ्र यहाँ आओ ॥ १ ॥ हे बल के पुत्र ब्रह्मणस्पते ! धनी होने पर मनुष्य सुन्दर घोड़ों और बन से युक्त ऐश्वर्य को प्राप्त करता है ॥ २ ॥ ब्रह्मणस्पति हमको प्राप्त हों । प्रिय सत्यरूप वाणी हमको प्राप्त हो । देवगण पंच हवि से युक्त हमारे यज्ञ से मनुष्यों के हित के लिए आवें ॥ ३ ॥ ऋत्विज को उत्तम धन देने वाला यजमान अक्षय यश प्राप्त करता है । उसके लिए हम शत्रु हिंसक, किसी के द्वारा न मारी जाने वाली इडा को यज्ञ में बुलाते हैं ॥ ४ ॥ ब्रह्मणस्पति ही शास्त्र-सम्मत मन्त्र का उच्चारण करते हैं । उस मन्त्र में इन्द्र वरुण, मित्र और अर्यमा का वास है ।　　　　(२०)

यज्ञ को प्राप्त होने के लिए तुम्हारे मार्ग मे कोई कण्टक नही है। इस यज्ञ में तुम्हारे लिये हवि रूप भोजन निकृष्ट नही है।४। हे पुरुषो ! जिस यज्ञ को सरल विधान से करते हो, वह यज्ञ तुम्हे प्राप्त हो।५।   (५)

स रत्नं मर्त्यो वसु विश्व तोकमुतत्मना । अच्छा गच्छत्यस्तृतः ।६।
कथा राधाम सखायः स्तोमं मित्रस्यार्यम्ण. । महिप्सरो वरुणस्य ।७।
मा वा घ्नन्तं माशपन्तं प्रति वोचे देवयन्तम् । सुम्नैरिद्व आ विवासे ।८
चतुरश्चिद्ददमानाब्दिभीयादा निधतोः । न दुरुक्ताय स्पृहयेत् ।६।२६

हे आदित्यो ! तुम्हारा साधक किसी से पराजित नहीं होता। वह उपभोग्य धन और सन्तानो को प्राप्त करता है।६। हे मित्रो ! मित्र और अर्यमा के स्तोत्र का हम कैसे साधन करें ? वरुण के हवि रूप भोजन को किस प्रकार सिद्ध करें ?।७। हे देवगण ! यजमान की हिंसा करने के इच्छुक अथवा उसके प्रति कटु वचन कहने वाले की बात तुमसे नही कहता। मैं तो स्तुतियो से तुम्हें प्रसन्न करता हूँ।८। चारो प्रकार के कुकर्म वालो को वश मे रखने वाले से डरना चाहिये परन्तु दुर्वचन बोलने वाले को पास न बैठावें।६।   (२३)

४२ सूक्त

(ऋषि—कण्वो घोर । देवता—पूषा । छन्द—गायत्री)

सं पूषन्नध्वनस्तिर व्यंहो विमुचो नपात् । सक्ष्वा देव प्रणस्पुरः ।१।
यो नः पूषन्नघो वृको दुःशेव आदिदेशति । अप स्म तं पथो जहि ।२।
अप त्यं परिपन्थिनं मुषीवाणं हुरश्चितम् । दूरमधि स्रुतेरज ।३।
त्वं तस्य द्वयाविनोऽघशंसस्य कस्य चित् । पदाभि तिष्ठ तपुषिम् ।४
आ तत्ते दस्र मन्तुमः पूषन्नवो वृणीमहे । येन पितॄनचोदयः ।५।२३

हे पूषन् ! हमको दुःखों से पार लगाओ और हमारे पापों को नष्ट करो। हमारे आगामी बनो।१। हे पूषादेव ! हिंसक, चोर, जुआ खेलने वाले जो हम पर शासन करना चाहते हैं, उन्हें हमसे दूर कर दो।२। मार्ग रोकने वाले, चोरी

मेधावी, अभीष्ट वर्षक, महौली रुद्र के निमित्त किस सुखकारी स्तुति का पाठ करें ।१। जिससे पृथिवी हमारे पशु, मनुष्य, गौ, सन्तान आदि के निमित्त रुद्र सम्बन्धी औषधि को उपजावे ।२। जिससे मित्र वरुण और रुद्र देवता तथा समान प्रीति वाले, अन्य सभी देवता हमसे सतुष्ट हों ।३। हम स्तुतियों को बढाने वाले, यज्ञ के स्वामी, सुख-स्वरूप औषधियों से युक्त रुद्र से आरोग्यता और सुख की याचना करते हैं ।४। सूर्य की तरह दमकते हुए स्वर्ण की तरह चमकते हुए वे रुद्र देवताओं मे श्रेष्ठ और ऐश्वर्यों के स्वामी हैं ।५। (२६)

शं नः करत्यर्वते सुगं मेषाय मेष्ये । नृभ्यो नारिभ्यो गवे ।६।
अस्मे सोम श्रियमधि नि धेहि शतस्य नृणाम् । महि श्रवस्तुविनृम्णम् ।७।
मा नः सोम परिबाधो मारातयो जुहुरन्त । आ न इन्दो वाजे भज ।८।
यास्ते प्रजा अमृतस्य परस्मिन्धामन्नृतस्य ।
मूर्धा नाभा सोम वेन आभूषन्तीः सोम वेदः ।९।२७

हमारे अश्व, मेढ, भेड़ और गवादि के लिए वे रुद्र कल्याणकारी हों ।६। हे सोम ! मनुष्यों मे व्याप्त सौगुना ऐश्वर्य दो । हमको बल सहित महान यश प्रदान करो ।७। सोमयाग मे बाधा देने वाले हमको दुःख न दें । शत्रु हमको न सतावें । हे सोम ! हमको बल प्रदान करो ।८। हे सोम ! तुम उत्तम स्थान वाले तुम संसार की मूर्धा के समान अपनी प्रजा पर स्नेह करो तुम अपने को विभूषित करने वाली प्रजा को जानने वाले बनो ।९। (२७)

४४ सूक्त [नवां अनुवाक]

(ऋषि—कण्वो प्रस्कण्व. । देवता—अग्नि. । छन्द—बृहती, त्रिष्टुप्.)

अग्ने विवस्वदुषसश्चित्रं राधो अमर्त्य ।
आ दाशुषे जातवेदो वहा त्वमद्या देवाँ उषर्बुधः ।१।
जुष्टो हि दूतो असि हव्यवाहनोऽग्ने रथीरध्वराणाम् ।
सजूरश्विभ्यामुषसा सुवीर्यमस्मे धेहि श्रवो बृहत् ।२।
अद्या दूतं वृणीमहे वसुमग्निं पुरुप्रियम् ।

हे अत्यन्त युवा अग्ने ! तुम स्तुत्य, मधुर जिह्व, सरलता से प्राप्त हो। स्तोता की ओर ध्यान दो और आयु-वृद्धि करते हुए देवताओं का पूजन करो।६। हे ऐश्वर्य वाले ! तुमको मनुष्य उत्तम प्रकार से प्रज्वलित करते हैं । तुम अत्यन्त मेधावी देवगण को इस स्थान पर लाओ ।७। हे सुन्दर यज्ञ वाले अग्ने ! तुम प्रातःकालों और रात्रियों में उषा, अश्विद्वय, भग और अग्नि देवताओं के लिये यहाँ लाओ । सोम निष्पक्ष कर्ता यजमान तुम हविवाहक को प्रदीप्त करते हैं ।८। हे अग्ने ! तुम यज्ञ स्वामी और प्रजा-दूत हो । तुम प्रातः चैतन्य, प्रकाशदर्शी देवगण को सोमपान के लिये यहाँ लाओ ।९। हे प्रकाश रूप धन के स्वामिन् ! सबके दर्शन योग्य तुम पूर्वकाल में भी उषाओं के साथ प्रदीप्त किये गये हो। मनुष्यों के लिए तुम ग्रामों के रक्षक और यज्ञों में पुरोहित होओ ।१०। (२)

नि त्वा यज्ञस्य साधनमग्ने होतारमृत्विजम् ।
मनुष्वद्देव धीमहि प्रचेतसं जीरं दूतममर्त्यम् ।११।
यद्देवानां मित्रमहः पुरोहितोऽन्तरो यासि दूत्यम् ।
सिन्धोरिव प्रस्वनितास ऊर्मयोऽग्नेर्भ्राजन्ते अर्चयः ।१२।
श्रुधि श्रुत्कर्ण वह्निभिर्देवैरग्ने सयावभिः ।
आ सीदन्तु बर्हिषि मित्रो अर्यमा प्रातर्यावाणो अध्वरं ।१३।
शृण्वन्तु स्तोमं मरुतः सुदानवोऽग्निजिह्वा ऋतावृधः ।
पिबतु सोमं वरुणो धृतव्रतोऽश्विभ्यामुषसा सजूः ।१४।३।

हे अग्ने ! तुम देवार्चन के साधन, होता, ऋत्विज ज्ञानी, वेगवान् दूत और अविनाशी हो । मनु के समान हम भी तुम्हें अपने घरों में स्थापित करते हैं ।११। हे मित्रों के हितैषी अग्ने ! जब यज्ञ में पुरोहित रूप से तुम देव कार्यों को प्राप्त होते हो, तब तुम्हारी ज्वालायें समुद्र की लहरों के समान वेग और ध्वनि वाली होकर दमकती हैं ।१२। हे अग्ने ! हमारे सुनने योग्य स्तुति वचनों को सुनो। मित्र, अर्यमा, और प्रातःकाल आने वाले देवताओं के सहित यज्ञ में कुशा पर विराजमान होओ ।१३। मङ्गलकारी अग्नि की जिह्वा से हवि आस्वादन करने

नित्वा होतारमृत्विजं दधिरे वसुवित्तमम् ।
श्रुत्कर्ण सप्रथस्तमं विप्रा अग्ने दिविष्टिषु ।७।
आ त्वा विप्रा अचुच्यवुः सुतसोमा अभि प्रयः ।
बृहद्भा बिभ्रतो हविरग्ने मर्ताय दाशुषे ।८।
प्रातर्याव्णः सहस्कृत सोमपेयाय सन्त्य ।
इहाद्य दैव्यं जनं बर्हिरा सादया वसो ।९।
अर्वाञ्चं दैव्य जनमग्ने यक्ष्व सहूतिभिः ।
अयं सोम. सुदानवस्तं पात तिरो अह्न्यम् ।१०।३२।

हे अद्भुत कीर्ति वाले अग्निदेव ! तुम बहुतो के प्रिय हो । तु प्रकाश वाले का हवि के निमित्त आह्वान करते हैं ।६। हे अग्ने होता, ऋत्विज, धन के जानने वाले, प्रख्यात, स्तुति सुनने वाले, तुम विद्वानों ने स्वर्ग-प्राप्त की इच्छा से यज्ञो में स्थापित किया ।७। अग्ने ! निष्पन्न सोम और हवि वाले विद्वानो ने आपको मरणधर्म यजमान के निमित्त स्थापित किया है ।८। हे बलोत्पन्न अग्ने ! तुम दाता औ धन के स्वामी हो । प्रात. काल में आने वाले देवगण को कुश पर बैठाकर सो -पान के लिए तैयार करो ।९। हे अग्ने ! साक्षात् हुये देव-समूह को स्तुतिपूर्वक पूजो । हे मङ्गलकारी देवगण ! यह निचोड़ा हुआ सोम प्रस्तुत है, इसका पान करो ।१०। (३२)

४६ सूक्त

(ऋषि—प्रस्कण्व. काण्व। देवता—अश्विनौ । छन्द—गायत्री)

एषो उषा अपूर्व्या व्युच्छति प्रिया दिवः । स्तुषे वामश्विना बृहत् ।१।
या दस्रा सिन्धुमातरा मनोतरा रयीणाम् । धिया देवा वसुविदा ।२।
वच्यन्ते वां ककुहासो जूर्णायामधि विष्टपि यद्वां रथो विभिष्पतात् ३।
हविषा जारो अपां पिपर्ति पपुरिर्नरा । पिता कुटस्य चर्षणिः ।४
आदारो वां मतीनां नासत्या मतवचसा । पातं सोमस्य धृष्णुया ५।३३

जो प्रिय उषा पहले दिखाई नहीं दी, वह आकाश से प्रकट होती है ।

कुमारो । मैं हृदय से तुम्हारी स्तुति करता हूँ ।१। जो समुद्र से सम्पन्न ऐश्वर्य का उत्पादन करने वाले तथा ध्यान से धनों के ज्ञाता हैं, स्तवन करता हूँ ।२। हे अश्विद्वय ! जब तुम्हारा रथ अन्तरिक्ष में जाता तुम्हारी सभी स्तुतियाँ करते हैं ।३। हे पुरुषो ! जलों से स्नेह करने वाले गृह पालक और द्रष्टा अग्नि हमारी हवि से तुम्हें पूर्ण करते हैं ।।४।। स्व सहित अश्वियो ! हमारे आदर-पूर्वक वचनों को ग्रहण करते हुए, द्वारा प्रेरित सोम का निःशङ्क पान करो ।५। [३३]

पीपरदश्विना ज्योतिष्मती तमस्तिरः । तामस्मे रासाथामिषम् ।६।
नावा मतीनां यातं पाराय गन्तवे । युञ्जाथामश्विना रथम् ।७।
वां दिवस्पृथु तीर्थे सिन्धूनां रथः । धिया युयुज्र इन्दव ।८।
ण्वाम इन्दवो वसु सिन्धूनां पदे । स्वं वव्रिं कुह धित्सथः ।९।
भा उ अशवे हिरण्यं प्रति सूर्यः । व्यख्यज्जिह्वयासितः ।१०।३४

अश्विनो ! प्रकाश से युक्त और अँधेरे से रहित अन्न धन को हमारे में प्रदान करो ।६। हे अश्विनीकुमारो ! हमारी स्तुतियों से प्रेमपूर्ण बंधन कर हमको दुःख समुद्र से पार करो । अपने रथ में अश्वों को जोतो ।७। वनो ! तुम्हारा जहाज समुद्र से भी विस्तृत है । समुद्र के किनारे पर रथ खड़ा है तथा यहाँ सोमरस तैयार खड़ा है ।८। हे कण्व वंशियो ! दिव्य गुणों को प्रेम हुआ है । समुद्र के किनारे पर ऐश्वर्य है । हे अश्विद्वय पना स्वरूप कहाँ रखना चाहते हो ? ।९। उषाकाल में सूर्य सोने को सहित प्रकाशित हो गया । अग्नि श्यामवर्ण का होता हुआ अपनी लपट जिह्वा से प्रकट होने लगा ।१०। [३४]

पारमेतवे पन्था ऋतस्य साधुया । अदर्शि व स्रुतिर्दिवः ।११।
दश्विनोरवो जरिता प्रति भूषति । मदे सोमस्य पिप्रतः ।१२।
साना विवस्वति सोमस्य पीत्या गिरा । मनुष्वच्छंभू आगतम् ।१३
एषा अनु श्रियं परिज्मनोरुपाचरत् । ऋतावनथो अक्तुभिः ।१४।
पिबतमश्विनोभा नः शर्म यच्छतम् । अविद्रियाभिरूतिभिः ।१५।३५

पार जाने के लिये यज्ञ रूप उत्तम मार्ग है। उसमें से निकटवर्ती आकाश की पगडंडी दिखाई दे रही है ।११। स्तोता सोम के आनन्द से करने वाले अश्विद्वयों की रक्षा की बार—बार सराहना दे ।१२। हे प्रकाश आकाश के निवासी, सुखदायक अश्विनी कुमारो ! मनु की स्तुतियों से उ प्राप्त होने के समान हमारे स्तवन से हमको प्राप्त होओ ।१३। हे अश्विद्वय तुम चारों ओर गमन करने वाले की शोभा के पीछे-पीछे उषा फिर रही तुम रात्रि में हवियों की इच्छा करो ।१४। हे अश्विनो ! तुम दोनों सोम-करते हुए अपनी रक्षाओं से हमको सुखी करो ।१५। (३

। तृतीय अध्याय समाप्त ।

४७ सूक्त

(ऋषि—प्रस्कण्वः काण्व । देवता—अश्विनौ । छन्द—बृहति, पंक्ति)

अयं वां मधुमत्तमः सुतः सोम ऋतावृधा ।
तमश्विना पिबतं तिरोअह्न्यं धत्तं रत्नानि दाशुषे ।१।
त्रिवन्धुरेण त्रिवृता सुपेशसा रथेना यातमश्विना ।
कण्वासो वां ब्रह्म कृण्वन्त्यध्वरे तेषां सुश्रुणुत हवम् ।२।
अश्विना मधुमत्तमं पात सोममृतावृधा ।
अथाद्य दस्रा वसु बिभ्रता रथे दाश्वांसमुप गच्छतम् ।३।
त्रिषधस्थे बर्हिषि विश्ववेदसा मध्वा यज्ञं मिमिक्षतम् ।
कण्वासो वां सुतसोमा अभिद्यवो युवां हवन्ते अश्विना ।
याभिः कण्वमभिष्टिभिः प्रावतं युवमश्विना ।
ताभिः ष्व स्माँ अवतं शुभस्पती पात सोमवृतावृधा ।५।१

हे यज्ञ-वर्द्धक अश्विनो ! यह अत्यन्त मधुर सोम तुम्हारे लिए निचं गया है, उसका पान करो और हविदाता को रत्नादि धन प्रदान करो ।१। अश्विद्वय ! अपने तीन काठो मे युक्त त्रिकोण सुन्दर रथ से हमको प्राप्त होओ यह कण्ववंशी अपने यज्ञ में मन्त्रयुक्त स्तुतियाँ अर्पित करते हैं, उनको

सुनो ।२। हे यज्ञ वर्द्धक विकराल अश्विनो ! तुम मधुर सोमो का पान करो । फिर अपने रथ मे धनो को धारण करते हुये हविदाता की ओर पधारो ।३। हे सर्वज्ञाता अश्विद्वय ! तीन स्थानो में रखे हुये कुश पर विराजमान होकर मधुर रस के यज्ञ का सिंचन करो । स्वर्ग की कामना से सोम को निष्पन्न करने वाले कण्ववंशी तुम्हारा आह्वान करते हैं ।४। हे यज्ञवर्द्धक सुकर्मों का पोषण करने वाले अश्विद्वय ! जिन साधनो से तुमने कण्व की रक्षा की थी, उनसे हमारी भी रक्षा करो और इस सोम-रस का पान करो ।५।   (१)

सुदा से दस्रा वसु बिभ्रता रथे पृक्षो वहतमश्विना ।
रयिं समुद्रादुत वा दिवस्पर्यस्मे धत्तं पुरुस्पृहम् ।६।
यन्नासत्या परावति यद्वा स्थो अधि तुर्वशे ।
अतो रथेन सुवृता न आ गतं साकं सूर्यस्य रश्मिभिः ।७।
अर्वाञ्चा वां सप्तयोऽध्वरश्रियो वहन्तु सवनेदुप ।
इषं पृञ्चन्ता सुकृते सुदानव आ बर्हिः सीदतं नरा ।८।
तेन नासत्या गतं रथेन सूर्यत्वचा ।
येन शश्वदूहथुर्दाशुषे वसु मध्वः सोमस्य पीतये ।९।
उक्थेभिरर्वागवसे पुरूवसू अर्कैश्च नि ह्वयामहे ।
शश्वत्कण्वानां सदसि प्रिये हि कं सोमं पपथुरश्विना ।१०।२

हे उग्र कर्मा अश्विद्वय ! रथ मे धन को धारण कर तुमने सुदास नामक राजा को अन्न पहुँचाया । उसी प्रकार अन्तरिक्ष या आकाश से बहुत सा इच्छित धन हमारे लिये स्थापित करो ।६। हे असत्य-रहित अश्विद्वय ! तुम दूर हो या पास सूर्य की किरणो सहित, घूमने वाले रथ न हमको प्राप्त होओ ।७। हे पुरुषो ! यज्ञ मे आने वाले अश्व सोमपान मे तुम्हें हमारे सामने ले आवें । उत्तम कर्म और दान वाले यजमान को अन्न से पुष्ट करते हुए तुम कुश के आसनो पर बैठो ।८। हे असत्य रहित अश्विद्वय ! जिस रथ से तुमने हविदाता को निरन्तर धन दिया है, उसी से सोमो का पान करने के लिए यहाँ पधारो ।९। हे ऐश्वर्यवान्‌

अश्विद्वय ! रक्षा के निमित्त स्तोत्रों से हम बारम्बार तुम्हारा आह्वान करते हैं। कण्ववंशियों के समाज में तुम सोम-पान करते रहे हो, यह प्रसिद्ध ही है ।१०। [२]

४८ सूक्त

(ऋषि—प्रस्कण्व काण्व । देवता—उषा । छन्द—बृहती पंक्ति)

सह वामेन न उषो व्युच्छा दुहितर्दिवः ।
सह द्युम्नेन बृहता विभावरि राया देवि दास्वती ।१।
अश्वावतीर्गोमतीर्विश्वसुविदो भूरि च्यवन्त वस्तवे ।
उदीरय प्रति मा सूनृता उषश्चोद राधो मघोनाम् ।२।
उवासोषा उच्छाच्च नु देवी जीरा रथानाम् ।
ये अस्या आचरणेषु दध्रिरे समुद्रे न श्रवस्यवः ।३।
उषो ये ते प्र यामेषु युञ्जते मनो दानाय सूरयः ।
अत्राह तत्कण्व एषां कण्वतमो नाम गृणाति नृणाम् ।४।
आ घा योषेव सूनर्युषा याति प्रभुञ्जती ।
जरयन्ती वृजनं पद्वदीयत उत्पातयति पक्षिणः ।५।३

हे आकाश-पुत्री अत्यन्त कीतिमती उषे ! हमको प्रशंसायुक्त उपभोग और धन प्राप्त कराने वाले ऐश्वर्य के साथ तुम प्रकट होओ ।१। अश्वों और गौओं से युक्त, सबको जानने वाली उषा हमको निरन्तर प्राप्त हो। हे उषे ! मेरे निमित्त प्रिय और सत्य बात कहो तथा धन प्रेरित कर धनी बना दो ।२। उषा पहिले भी हमारे पास निवास करती थी। वह आज भी प्रकट हो। उसके आगमन की हम प्रतीक्षा में हैं। जैसे रत्नों के इच्छुक समुद्र में मन लगाये रहते हैं ।।३।। हे उषे ! तुम्हारे आने के साथ ही जो स्तोता दान की इच्छा करते हैं, उन पुरुषों के नाम को कण्वों में महान् कण्व प्रशंसा वचनों सहित कहता है ।४। उत्तम-मार्ग [illegible] नशीलों — [illegible] हुई उषा गृह-स्वामिनी के समान सबको पालत [illegible]

को वृद्धावस्था प्राप्त करती है । पैर वाले जीवों को कर्म मे लगाती और पक्षियो को उड़ाती है ।५।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　[३]

वि या सृजति समनं व्यर्थिनः पदं न वेत्योदती ।
वयो नकिष्टे पप्तिवांस आसते व्युष्टौ वाजिनीवती ।६।
एषायुक्त परावतः सूर्यस्योदयनादधि ।
शतं रथेभिः सुभगोषा इयं वि यात्यभि मानुषान् ।७।
विश्वमस्या नानाम चक्षसे जगज्ज्योतिष्कृणोति सूनरी ।
अप द्वेषो मघोनी दुहिता दिव उषा उच्छदप स्रिधः ।८।
उष आ भाहि भानुना चन्द्रेण दुहितर्दिवः ।
आवहन्ती भूर्यस्मभ्यं सौभगं व्युच्छन्ती दिविष्टिषु ।९।
विश्वस्य हि प्राणनं जीवनं त्वे वि यदुच्छसि सूनरि ।
सा नो रथेन बृहता विभावरि श्रुधि चित्रामघे हवम् ।१०।४

वही उषा युद्धों की ओर प्रेरित तथा कर्मशीलो को काम मे लगाती है । वह स्वयं विश्राम नही करती । हे अन्न वाली उषा ! तुम्हारे आने पर पक्षी भी अपने घोंसले छोड़ देते हैं ।६। इसने सूर्य के उदयस्थान से दूर देशों को जोड़ दिया । यह सौभाग्य-शालिनी उषा सौ रथों द्वारा मनुष्य लोक मे आती है ।७। सब संसार इसके दर्शनों के लिए झुकता है । यह प्रकाशवती सबको सुमार्ग बताती है । आकाश की पुत्री, धन वाली यह उषा हमारे वैरियो और दुःख देने वालो को दूर हटावे ।८। हे आकाशपुत्री उषे ! हमको सौभाग्यशाली बनाती हुई हमारे यज्ञो मे प्रकट हो और आनन्द दायक प्रकाश से सर्वत्र चमकती रहे ।९। हे सुमार्ग पर ले चलने वाली उषे ! तू प्रकट होती है, इसी मे तेरी महत्ता और जीवन है । तुम कांतिमती, धन वाली हमारी ओर रथ मे आकर आह्वान को सुनो ।१०।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　[४]

उषो वाजं हि वंस्व यश्चित्रो मानुषे जने ।
तेना वह सुकृतो अध्वराँ उप ये त्वा गृणन्ति वह्नयः ।११।

विश्वान्देवाँ आ वह सोमपीतयेऽन्तरिक्षादुषस्त्वम् ।
सास्मासु धा गोमदश्वावदुक्थ्य मुषो वाजं सुवीर्यम् ।१२।
यस्या रुशन्तो अर्चयः प्रतिभद्रा अदृक्षत ।
सा नो रयिं विश्ववारं सुपेशसमुषा ददातु सुग्म्यम् ।१३।
ये चिद्धि त्वामृषयः पूर्व ऊतये जुहूरेऽवसे महि ।
सा नः स्तोमाँ अभि गृणीहि राधसोषः शुक्रेण शोचिषा ।१४।
उषो यदद्य भानुना वि द्वारावृणवो दिवः ।
प्र नो यच्छतादवृकं पृथु च्छर्दिः प्र देवि गोमतीरिषः ।१५।
सं नो राया बृहता विश्वपेशसा मिमिक्ष्वा समिलाभिरा ।
सं द्युम्नेन विश्वतुरोषो महि सं वाजैर्वाजिनीवति ।१६।५

हे उषे ! मनुष्य के लिये विभिन्न प्रकार के अन्नो की कामना करो । हविदाताओं की स्तुतियों से उनको सत्कर्मयुक्त यज्ञों की ओर प्रेरित करो ।११। हे उषे ! सोमपान के लिये अन्तरिक्ष से सब देवताओं को यहाँ लाओ । तुम हमें अश्वों और गौओं से युक्त धन और वीरता सहित अन्न को प्रदान करो ।१२। जिसकी चमकती हुई कान्ति मङ्गल रूप है, वह उषा सबके वरण करने योग्य उत्त धनो को हमारे लिये सुप्राप्य कराये ।१३। हे पूजनीय ! प्राचीन ऋषि भी तुमको अन्न और रक्षा के निमित्त बुलाते थे । तुम हमारे स्तोत्रों का उत्तर यश और धन से दो ।१४। हे उषे ? तुमने अपने प्रकाश से आकाश के दोनों द्वारों को खोला है । तुम हमको हिंसकों से रहित बड़ा घर और गवादि युक्त धन प्रदान करो ।१५। हे उषे ! हमको ऐश्वर्यशाली बनाओ और गौओं को युक्त करो। हमको शत्रु का नाश करने वाला पराक्रम देकर अन्नो से सम्पन्न बनाओ ।१६।　　　　　　　　　　　　　　　　(५)

४९ सूक्त

(ऋषि—प्रस्कण्वः । देवता—उषा । छन्द—अनुष्टुप्)

उषो भद्रेभिरा गहि दिवश्चिद्रोचनादधि ।
वहन्त्वरुणप्सव उप त्वा सोमिनो गृहम् ।१

सुतेराम सुग रथ यमव्यस्या उपस्तवम् ।
तेना सुस्रवसं जनं प्रवाद्य दुहितर्दिव ।२।
वयश्चित्ते पतत्रिणो द्विपच्चतुष्पदर्जुनि ।
उप प्रारन्नृतूँरनू दिवो अन्तेभ्यस्परि ।३।
व्युच्छन्ती हि रश्मिभिर्विश्वाभासि रोचनम् ।
ता त्वामुषर्वसूयवो गीर्भि कण्वा अहूषत ।४।८

हे उषे ! प्रकाशमान आकाश से भी उत्तम मार्गों से आओ । सोमयाग वाले के घर लाल रंग के घोड़े तुम्हें पहुँचावें ।१। हे आकाश की पुत्री उषे ! तुम जिस सुन्दर और सुखदायक रथ पर विराजमान हो, उसके सहित आकर यजमान की रक्षा करो ।२। हे उज्ज्वल वर्ण वाली उषे ! तेरे आते ही दो पैर वाले मनुष्य, पंख वाले पक्षी तथा चौपाये आदि सब ओर विचरने लगते हैं ।३। हे उषे अपनी किरणों से उदय होती हुई तुम समस्त संसार को प्रकाशित करती हो। धन की कामना से कण्ववंशी स्तुतियों द्वारा तुम्हारा आह्वान करते हैं ।४।
[४]

५० सूक्त

(ऋषि—प्रस्कण्व. कण्व । देवता सूर्य । छन्द—गायत्री)

उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः । दृशे विश्वाय सूर्यम् ।१।
अप त्ये तायवो यथा नक्षत्रा यन्त्यक्तुभिः सूराय विश्वचक्षसे ।२।
अदृश्रमस्य केतवो विरश्मयो जनाँ अनु । भ्राजन्तो अग्नयो यथा ।३।
तरणिर्विश्वदर्शतो ज्योतिष्कृदसि सूर्य । विश्वमा भासि रोचनम् ।४।
प्रत्यङ् देवानां विशः प्रत्यङ्ङुदेषि मानुषान् । प्रत्यङ् विश्वं स्वर्दृशे ।५।६

सर्वभूतों के ज्ञाता प्रकाशमान सूर्य की रश्मियाँ आकाश में ही गमन करती हैं ।१। सर्वदर्शी सूर्य के प्रकट होते ही नक्षत्रादि प्रसिद्ध चोर के समान छिप जाते हैं ।२। सूर्य की ध्वजा रूप रश्मियाँ प्रज्ज्वलित अग्नि के समान मनुष्यों की ओर जाती हुई स्पष्ट दिखाई देती हैं ।३। हे सूर्य !

तुम वेगवान् सबके दर्शन करने योग्य हो। तुम प्रकाश करो सबको प्रकाशित करते हो।४। सूर्य ! तुम देवगण मनुष्य तथा सभी प्राणियों के निमित्त व्याप्त हुए तेज को प्रकाशित करने को आकाश में गमन करते हो।५।

येना पावक चक्षसा भुरण्यन्तं जनाँ अनु ।
त्वं वरुण पश्यसि ।६।
वि द्यामेषि रजस्पृथ्वहा मिमानो अक्तुभिः पश्यञ्जन्मानि सूर्य ।७।
सप्त त्वा हरितो रथे वहन्ति देव सूर्य । शोचिष्केशं विचक्षण ।८।
अयुक्त सप्त शुन्ध्युवः सूरो रथस्य नप्त्यः । ताभिर्याति स्वयुक्तिभिः ।९।
उद्वयं तमसस्परि ज्योतिष्पश्यन्त उत्तरम् ।
देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् ।१०।
उद्यन्नद्य मित्रमह आरोहन्नुत्तरां दिवम् ।
हृद्रोगं मम सूर्य हरिमाणं च नाशय ।११।
शुकेषु मे हरिमाणं रोपणाकासु दध्मसि ।
अथो हारिद्रवेषु मे हरिमाणं नि दध्मसि ।१२।
उदगादयमादित्यो विश्वेन सहसा सह
द्विषन्तं मह्यं रन्धयन्मो अहं द्विषते रधम् ।१३।८।

हे पवित्रताकारक वरुण ! तुम जिस नेत्र से मनुष्यों की ओर देखते हो, उस नेत्र को हम प्रणाम करते हैं ।६। हे सूर्य ! रात्रियों को दिनों से पृथक करते हुए, जीव-मात्र को देखते हुए तुम विस्तृत आकाश में गमन करते हो ।७। हे दूरद्रष्टा सूर्य ! तेजवन्त रश्मियों सहित रथारोही हुए तुमको सात घोड़े चलाते हैं ।८। सूर्य रथ की पुत्री स्वयं जुड़ने वाली सात घोड़ियों को रथ में जोड़कर आकाश में गमन करते हैं ।९। अन्धकार के ऊपर विस्तृत प्रकाश को फैलाते हुए देवताओं में श्रेष्ठ सूर्य को हम प्राप्त हों ।१०। हे मित्रों के मित्र सूर्य ! तुम उदय होकर आकाश में उठते हुए मेरे हृदय रोग और पीतवर्ण को मिटाओ ।११। हे सूर्य ! मैं अपने पीलेपन को शुक-सारिकाओं पर स्थापित करता हूँ ।१२। यह सूर्य

अपने पूर्ण तेज से सब रोगों के नाश के निमित्त उदय हुए हैं। मैं उन रोगों के वश में न पड़ सकूँ ॥१३॥ (८)

५१ सूक्त [दशवाँ अनुवाक]

(ऋषि—सव्य आङ्गिरस । देवता-इन्द्र । छन्द-जगती)

अभि त्यं मेषं पुरुहूतमृग्मियमिन्द्रं गीर्भिर्मदता वस्वो अर्णवम् ।
यस्य द्यावो न विचरन्ति मानुषा भुजे मंहिष्ठमभि विप्रमर्चत ॥१
अभीमवन्वन्त्स्वभिष्टिमूतयोऽन्तरिक्षप्रां तविषीभिरावृतम् ।
इन्द्रं दक्षास ऋभवो मदच्युतं शतक्रतुं जवनी सूनृतारुहत् ॥२
त्वं गोत्रमङ्गिरोभ्योऽवृणोरपोतात्रये शतदुरेषु गातुवित् ।
ससेन चिद्विमदायावहो वस्वाजावद्रिं वावसानस्य नर्तयन् ॥३
त्वमपामपिधानावृणोरपाधारयः पर्वते दानुमद्वसु ।
वृत्रं यदिन्द्र शवसावधीरहिमादित्सूर्यं दिव्यारोहयो दृशे ॥४
त्वं मायाभिरप मायिनोऽधमः स्वधाभिर्ये अधि शुप्तावजुह्वत ।
त्वं पिप्रोर्नृमणः प्रारुजः पुरः प्र ऋजिश्वानं दस्युहत्येष्वाविथ ॥५

हे मनुष्यो! बहुतों द्वारा बुलाये गये स्तुत्य, धन-सागर, श्रेष्ठ वीर इन्द्र को प्रसन्न करो। मनुष्यों के हित में किये गये जिसके कार्य प्रसिद्ध हैं। तुम बुद्धिपूर्वक उसी की पूजा करो ॥ १ ॥ सहायता देने वाले, कर्मों में कुशल, ऋभुओं से पूज्य, अत्यन्त बल वाले इन्द्र का स्तवन करने वालों की प्रिय वाणी सत्कर्मा इन्द्र को उत्साहवर्द्धक हुई ॥ २ ॥ तुमने अङ्गिरा और अत्रि के निमित्त गौओं का समूह प्राप्त कराया। तुमने "विमद" के लिये वज्र द्वारा अन्नयुक्त धनों को प्राप्त कराते हुये उनकी रक्षा की ॥३॥ हे इन्द्र! तुमने जलों वाले मेघ को खोला। पर्वत पर धन प्राप्त करने के लिये वृत्र को मारा और सूर्य को दर्शन के निमित्त प्रेरित किया है ॥ ४ ॥ हे इन्द्र! जो स्वधा युक्त की हव्य सामग्रियों को ला जाते थे उन छल विद्यो को तुमने दूर हटाया। तुमने "पिप्रु" नामक राक्षस का गढ़ तोड़कर युद्ध में राक्षसों का नाश कर "ऋजिश्वा" की रक्षा की ॥ ५ ॥ (९)

त्वं कुत्सं शुष्णहत्येष्वाविथारन्धयोऽतिथिग्वाय शम्बरम् ।
महान्तं चिदर्बुदं नि क्रमीः पदा सनादेव दस्युहत्याय जज्ञिषे ॥६
त्वे विश्वा तविषी सध्र्यग्घिता तव राधः सोमपीथाय हर्षते ।
तव वज्रश्चिकिते बाह्वोर्हितो वृश्चा शत्रोरव विश्वानि वृष्ण्या ॥७
वि जानीह्यार्यान्ये च दस्यवो बर्हिष्मते रन्धया शासदव्रतान् ।
शाकी भव यजमानस्य चोदिता विश्वेत्ता ते सधमादेषु चाकन ॥८
अनुव्रताय रन्धयन्नपव्रतानाभूभिरिन्द्रः श्नथयन्ननाभुवः ।
वृद्धस्य चिद्वर्धतो द्यामिनक्षतः स्तवानो वम्रो वि जघान संदिहः ॥९
तक्षद्यत्त उशना सहसा सहो वि रोदसी मज्मना बाधते शवः ।
आ त्वा वातस्य नृमणो मनोयुज आ पूर्यमाणमवहन्नभि श्रवः ॥१०॥१०

हे इन्द्र ! तुमने "शुष्ण" के साथ युद्ध कर "कुत्स" को बचाया। "शम्बर" को "अतिथिग्व" से पराजित कराया । 'अर्बुद" नामक असुर को पाँवो से रोंदा । तुम राक्षसो का नाश करने को ही उत्पन्न हुये हो ॥ ६ ॥ हे इन्द्र ! तुम सभी बलो से पूर्ण हो । सोम पीने के निमित्त तुम हर्ष प्राप्त कर वज्र हाथ मे लिये आते हो । उसी से शत्रुओ के सम्पूर्ण व्रतो को नष्ट करते हो ॥ ७ ॥ हे इन्द्र तुम आर्य और अनार्य को भले प्रकार जानते हो। कर्महीनो को ललकारते हुए कुश-आसन बिछाने वाले यजमान को वशीभूत करो । यज्ञानुष्ठान से प्रेरक तुम्हारा मै यज्ञो मे आह्वान करता हूँ ॥ ८ ॥ हे इन्द्र तुम कर्महीनो को कर्मवान् के वशीभूत करते एव प्रशसको द्वारा निन्दकों को मारने हो 'वम्र' ऋषि ने बढते हुये, इन्द्र से दिव्य ऐश्वर्य को प्राप्त किया ॥९॥ हे इन्द्र ! 'उशना' ने स्तुतियो द्वारा तुम्हारा बल बढाया। उस बल ने आकाश और पृथिवी को भी कम्पित कर दिया । हे मनुष्यो पर कृपा करने वाले ! सब ओर से प्रसन्नताप्रद होकर, मन से जुतने वाले अश्वो सहित हविरूप अन्न सेवन के निमित्त यहाँ आओ ॥१०॥   (१०)

मन्दिष्ट यदुशने काव्ये सचाँ इन्द्रो वङ्कू वङ्कुतराधि तिष्ठति ।
उग्रो ययिं निरपः स्रोतसासृजद्वि शुष्णस्य दृंहिता ऐरयत्पुरः ॥११

आ स्मा रथं वृषपाणेषु तिष्ठसि शार्यातस्य प्रभृता येषु मन्दसे ।
इन्द्र यथा सुतसोमेषु चाकनोऽनर्वाणं श्लोकमा रोहसे दिवि ॥१२
अददा अर्भां महते वचस्यवे कक्षीवते वृचयामिन्द्र सुन्वते ।
मेनाभवो वृषणश्वस्य सुक्रतो विश्वेता ते सवनेषु प्रवाच्या ॥१३
इन्द्रो अश्रायि सुध्यो निरेकेवज्रेषु स्तोमो दुर्यो न यूपः ।
अश्वयुर्गव्यू रथयुर्वसूयुरिन्द्र इन्द्राय. क्षयति प्रयन्ता ॥१४
इदं नमो वृषभाय स्वराजे सत्यशुष्माय तवसेऽवाच ।
अस्मिन्निन्द्र वृजने सर्ववीराः स्मत्सूरिभिस्तव शर्मन्त्स्याम ।१५।११

'उशना' की स्तुति से प्रसन्न हुये इन्द्र वेगवान् अश्वों पर चढ़े । फिर उन्होंने मेघों से प्रवाह रूप जल को मुक्त किया और 'शुष्ण' के दुर्गों को नष्ट कर दिया ॥ ११ ॥ हे वीर्यवान् ! तुम सोम पीने के लिये रथ पर चढ़ते हो, जिन सोमों से तुम प्रसन्न होते हो, वे 'शार्य्यात' ने सिद्ध किये थे । सोम निष्पन्न करने वाले यज्ञ की जितनी कामना करते हैं उतनी ही विमल कीर्ति तुम्हें प्राप्त होती है ॥ १२ ॥ हे इन्द्र ! तुमने स्तुति करने वाले राजा 'कक्षीवान्' को 'वृचया' नामक पत्नी प्रदान की । तुम श्रेष्ठ कर्म वाले, 'वृषणश्व' राजा के लिये वाणी रूप बने, इस बात को सब प्रकार कहना चाहिये ॥ १३ ॥ अङ्गिरा वंश वालों के स्तोत्र रूप द्वार में स्तम्भ के समान स्थिर इन्द्र उत्तम कर्म वालों को अश्व, गौ, रथ तथा अभीष्ट ऐश्वर्य प्रदान करते हैं ॥ १४ ॥ हे श्रेष्ठ ! तुम प्रकाशमान् बलवान् और उन्नतिशील को हमारा प्रणाम है । हे इन्द्र ! इस युद्ध में अपने सब वीरों के सहित हम आपकी शरण में उपस्थित हैं ॥१५॥   (११)

५२ सूक्त

(ऋषि—सव्य आङ्गिरस । देवता—इन्द्र । छन्द—त्रिष्टुप्)

त्यं सु मेषं महया स्वर्विदं शतं यस्य सुभ्वः साकमीरते ।
अत्यं न वाजं हवनस्यदं रथमेन्द्रं ववृत्यामवसे सुवृक्तिभिः ॥१
स पर्वतो न धरुणेष्वच्युतः सहस्रमूतिस्तविषीषु वावृधे ।

इन्द्रो यद्वृत्रमवधीन्नदीवृतमुब्जन्नर्णांसि जर्हृषाणो अन्धसा ॥२
स हि द्वरो द्वरिषु वव्र ऊधनि चन्द्रबुध्नो मदवृद्धो मनीषिभिः ।
इन्द्रं तमह्वे स्वपस्यया धिया मंहिष्ठरातिं स हि पप्रिरन्धसः ॥३
आ यं पृणन्ति दिवि सद्मबर्हिषः समुद्रं न सुभ्वः स्वा अभिष्टयः ।
तं वृत्रहत्ये अनु तस्थुरूतयः शुष्मा इन्द्रमवाता अह्रुतप्सव ॥४
अभि स्ववृष्टिं मदे अस्य युध्यतो रघ्वीरिव प्रवणे सस्रुरूतय ।
इन्द्रो यद्वज्री धृषमाणो अन्धसा भिनद्वलस्य परिधींरिव त्रितः ।५।१२

स्वर्ग प्राप्त कराने वाले इन्द्र का भले प्रकार पूजन करो । गतिमा अश्व के रथ मे स्तुतियो से इन्द्र शीघ्र आते हैं । मैं आगत इन्द्र का नमस्का पूर्वक स्वागत करता हूँ ।। १ ।। जब जलो में पर्वत के समान अविचल र से प्रजाओं की रक्षा के लिये इन्द्र ने जलो को रोकने वालो राक्षसों को मार तब वे अत्यन्त बलिष्ठ हो गये ।। २ ।। इन्द्र ने जलो को रोकने वालों पर विज प्राप्त की । इन्द्र आकाशव्यापी हैं । वे आनन्द के मूल और विद्वानों द्वारा सो रस से वृद्धि को प्राप्त हैं । मैं उन महान् दाता इन्द्र का अन्न के निमित्त आह्वा करता हूँ ।।३।। समुद्र मे गिरती हुई नदियाँ जैसे समुद्र को भरती हैं वैसे ह कुश पर रखे हुये सोम इन्द्र को पूर्ण करते है । शत्रुओ का शोषण करने वाले वह इन्द्र अविचल मरुद्गण को सहायक बनाते हैं ।। ४ ।। अभिमुख गमन करने वाली नदियो के समान वृत्र से युद्ध करने वाले इन्द्र और उसके सहायक मरुतों को सोम का आनन्द प्राप्त हुआ । तब सोम-पान से साहस मे बढ़े हुये इन्द्र ने उसके दुर्गों को तोड़ दिया ।। ५ ।।   (१२)

परी घृणा चरति तित्विषे शवोऽपो वृत्वी रजसो बुध्नमाशयत् ।
वृत्रस्य यत्प्रवणे दुर्गृभिश्वनो निजघन्थ हन्वोरिन्द्र तन्यतुम् ।।६
हृदं न हि त्वा न्यृषन्त्यूर्मयो ब्रह्माणीन्द्र तव यानि वर्धना ।
त्वष्टा चित्ते युज्यं वावृधे शवस्ततक्ष वज्रमभिभूत्योजसम् ।।७
जघन्वाँ उ हरिभिः संभृतक्रतविन्द्र वृत्रं मनुषु

अयच्छथा बाह्वोर्वज्रमायसमधारयो दिव्या सूर्यं दृशे ॥८
बृहत्स्व श्चन्द्रममवद्यदुक्थ्य मकृण्वत भियसा रोहणं दिवः ।
यन्मानुषप्रधना इन्द्रमूतय स्वर्नृषाचो मरुतोऽमदन्ननु ॥९
द्यौश्चिदस्यामवाँ अहेः स्वनादयोयवीद्भियसा वज्र इन्द्र ते ।
वृत्रस्य यद्वद्वधानस्य रोदसी मदे सुतस्य शवसाभिनच्छिरः ॥१०॥१३

हे इन्द्र ! तुम अत्यन्त तेजस्वी हो। बल से उत्तेजित हुए तुमने वृत्र के जबड़े के नीचे वज्र प्रहार किया ॥६॥ हे इन्द्र ! प्रवाहित जल के जलाशय को प्राप्त करने के समान यह स्तोत्र तुमको प्राप्त होते हैं। त्वष्टा ने तुम्हारे बल की वृद्धि की और जीतने वाली शक्ति से तुम्हारे वज्र को बनाया ॥ ७ ॥ हे इन्द्र ! तुमने अश्व पर चढ़कर मनुष्यों के हित के लिए वृत्र को मारा। उस समय लोहे का वज्र हाथ में लेकर हमारे दर्शन के लिये सूर्य को स्थापित किया ॥ ८ ॥ आनन्द देने वाला, बलयुक्त तथा स्तुति के योग्य स्तोत्र को मनुष्यों ने वृत्र के भय से बचने के लिए रचना की। तब मनुष्यों के लिये युद्ध करने वाले उपकारी इन्द्र की मरुतों ने सहायता की ॥९॥ हे इन्द्र ! वृत्र के भय से विशाल आकाश काँप गया। तब तुमने अपने वज्र से उसे मार डाला ॥१०॥ (१२)

यदिन्न्विन्द्र पृथिवी दशभुजिरहानि विश्वा ततनन्त कृष्टयः ।
अत्राह ते मघवन्विश्रुतं सहो द्यामनु शवसा बर्हणा भुवत् ॥११
त्वमस्य पारे रजसो व्योमनः स्वभूत्योजा अवसे धृषन्मनः ।
चकृषे भूमिं प्रतिमानमोजसोऽपः स्वः परिभूरेष्या दिवम् ॥१२
त्वं भुवः प्रतिमानं पृथिव्या ऋष्ववीरस्य बृहतः पतिर्भूः ।
विश्वमाप्रा अन्तरिक्षं महित्वा सत्यमद्धा नकिरन्यस्त्वावान् ॥१३
न यस्य द्यावापृथिवी अनु व्यचो न सिन्धवो रजसो अन्तमानशुः ।
नोत स्ववृष्टिं मदे अस्य युध्यत एको अन्यच्चकृषे विश्वमानुषक् ॥१४
आर्चन्नत्र मरुतः सस्मिन्नाजौ विश्वे देवासो अमदन्ननु त्वा ।
वृत्रस्य यद्भृष्टिमता वधेन नि त्वमिन्द्र प्रत्यानं जघन्थ ॥१५॥१४

हे इन्द्र ! पृथिवी दस गुने भोग वाली हो और मनुष्य उत्तरोत्तर वृद्धि को प्राप्त हो । ऐश्वर्यशालिन् ! तुम्हारा पराक्रम पृथिवी और आकाश में सर्वत्र फैले ॥११॥ हे निर्भय इन्द्र ! तुमने अन्तरिक्ष के ऊपर रहते हुये हमारी रक्षा के लिये पृथिवी को रचा । तुम जल और ज्योति के पुंज हुये स्वर्ग में वास करते हो ॥ १२ ॥ हे इन्द्र ! तुम अन्तरिक्ष और पृथिवी के प्रतिमान हो । तुम वीरों से युक्त आकाश के स्वामी और अन्तरिक्ष के पूर्ण करने वाले हो। वास्तव में तुम्हारे समान और कोई नहीं हैं ॥ १३ ॥ जिसकी समानता आकाश और पृथिवी नहीं कर सकते, अन्तरिक्ष के जल जिसकी सीमा को नहीं पाते, वृत्र के प्रति युद्ध करते हुए जिसकी तुलना नहीं हो सकता । हे इन्द्र ! ये सब प्राणी एक मात्र तुम्हारे ही अधीन हैं ।। १४ ॥ उस युद्ध में मरुतो ने तुम्हारी स्तुति की और सब देवता हर्षित हुये । तब हे इन्द्र ! तुमने वृत्र के मुख पर वज्र प्रहार किया था ।

५३ सूक्त

(ऋषि—सव्य आङ्गिरस. । देवता—इन्द्र.। छन्द-जगती)

न्यू षु वाच प्र महे भरामहे गिर इन्द्राय सदने विवस्वत. ।
नू चिद्धि रत्न समतामिवाविदन्न दुष्टुतिर्द्रविणोदेषु शस्यते ॥१
दुरो अश्वस्य दुर इन्द्र गोरसि दुरो यवस्य वसुन वनस्पतिः ।
शिक्षानरः प्रदिवो अकामकर्शन सखा सखिभ्यस्तमिदं गृणीमसि ॥२
शचीव इन्द्र पुरुकृद्द्युमत्तम तवेदिदमभितश्चेकिते वसु ।
अतः सगृभ्याभिभूत आ भर मा त्वायतो जरितु काममूनयीः ॥३
एभिर्द्युभिः सुमना एभिरिन्दुभिर्निरुन्धानो अमतिं गोभिरश्विना ।
इन्द्रेण दस्यु दरयन्त इन्दुभिर्युतद्वेपसः समिषा रभेमहि ॥४
समिन्द्राया समिषा रभेमहि सं वाजेभिः पुरुश्चन्द्रैरभिद्युभिः ।
सं देव्या प्रमत्या वीरशुष्मया गोअग्रयाश्वावत्या रभेमहि ॥५॥१५

हम इन्द्र के लिए सुन्दर स्तोत्रो को कहते हैं । इन्द्र ने दैत्यों के धनों को सोते हुये मनुष्यों के धन पर अधिकार करने [illegible] छीन लिया ।

धन देने वालों की उत्तम स्तुति की जाती है ॥ १ ॥ हे इन्द्र ! तुम अश्व, गाय धन धान्यादि के दाता हो । तुम प्राचीनकाल से दान करते आये हो । तुम किसी की आशा भङ्ग नहीं करते तथा मित्रता रखने वालों के मित्र हो । हम तुम्हारे लिये यह स्तुति करते हैं ॥ २ ॥ हे मेधावी, वह्कर्मा धनों को प्रकाशित करने वाले इन्द्र ! सम्पूर्ण धन तुम्हारा ही बताया जाता है । उसे हमारे निमित्त लाओ । अपने स्तोताओं की कामना व्यर्थ न करो ॥ ३ ॥ हे इन्द्र ! हमारी दी हुई हवियों और सोमों से हर्षित हुये तुम गौ, घोड़ों से युक्त धन देकर हमारी दरिद्रता दूर करो । हमारे शत्रुओं को मारकर द्वेष रहित बल हमको दो ॥ ४ ॥ हे इन्द्र ! हम अन्न-धन वाले हों बहुतों को प्रसन्न करने वाले बलों से युक्त हों । वीरतायुक्त, अश्व, गवादि प्राप्त करने की उत्तम बुद्धि से सम्पन्न हों ॥५॥ (१५)

ते त्वा मदा अमदन्तानि वृष्ण्या ते सोमसो वृत्रहत्येषु सत्पते ।
यत्कारवे दश वृत्राण्यप्रति बर्हिष्मते नि सहस्राणि वर्हय ॥६
युधा युधमुप घेदेषि धृष्णुया पुरा पुर समिदं हंस्योजसा ।
नम्या यदिन्द्र सख्या परावति निबर्हयो नमुचिं नाम मायिनम् ॥७
त्वं करञ्जमुत पर्णयं वधीस्तेजिष्ठयातिथिग्वस्य वर्तनी ।
त्वं शता वङ्गृदस्याभिनत्पुरोऽनानुदः परिषूता ऋजिश्वना ॥८
त्वमेताञ्जनराज्ञो द्विर्दशाबन्धुना सुश्रवसोपजग्मुषः ।
षष्टिं सहस्रा नवतिं नव श्रुतो नि चक्रेण रथ्या दुष्पदावृणक् ॥९
त्वमाविथ सुश्रवसं तवोतिभिस्तव त्रामभिरिन्द्र तूर्वयाणाम् ।
त्वमस्मै कुत्समतिथिग्वमायुं महे राज्ञे यूने अरन्धनायः ॥१०
य उदृचीन्द्र देवगोपाः सखायस्ते शिवतमा असाम ।
त्वां स्तोषाम त्वया सुवीरा द्राघीय आयुः प्रतरं दधानाः ॥११॥१६

हे सज्जनों के रक्षक इन्द्र ! वृत्र को मारने वाले युद्ध में सोमों से प्राप्त आनन्दों ने तुम्हें बढ़ाया । तब यजमान की स्तुति से दस हजार शत्रुओं को तुमने मारा ॥ ६ ॥ हे इन्द्र ! तुम युद्ध में निःशङ्क जाते हो ।

तुम एक के बाद दूसरे दुर्ग को तोड़ते ही । तुमने अपने वज्र से 'नमुचि' नाम दैत्य को दूर में जाकर मार डाला ।। ७ ।। हे इन्द्र ! जिसके समान दानी नहीं, ऐसे तुमने 'अतिथिग्व' के लिये 'करञ्ज' और 'पर्णय' नामक दैत्य को अत्यन्त चमकते हुये अस्त्र से मारा । तुमने 'ऋजिश्वन' राजा के द्वा 'वंगृद' नामक दैत्य को पराजित कराया ।। ८ ।। हे इन्द्र ! तुमने सुश्रवा युद्ध के लिये आते हुये बीस राजाओं को उनके साठ हजार निन्यान अनुचरों सहित रथ के पहिये से भगा दिया ।। ९ ।। हे इन्द्र ! तुमने अप रक्षा-साधनों से 'सुश्रवा'' को, पोषण-साधनों से 'तूर्वयाण'' को बचाया तुम्हीं ने ''कुत्स'', 'अतिथिग्व' और आयु' नामक राजाओं को ''सुश्रवा के अधीन कराया ।। १० ।। हे इन्द्र ! देवताओं द्वारा रक्षित हम तुम्हा मित्र हैं । हम भविष्य में भी सुखी रहें । हम बहुत से वीरों से युक्त लम्बी आयु को धारण करते हुये तुम्हारा स्तवन करते रहें ।।११।। (१६

५४ सूक्त

(ऋषि—सव्य आङ्गिरस, । देवता-इन्द्र । छन्द-जगती)

मा नो अस्मिन्मघवन्पृत्स्वंहसि नहि ते अन्त शवसः परीणशे ।
अक्रन्दयो नद्यो रोरुवद्वना कथा न क्षोणीर्भियसा समारत ।।१
अर्चा शक्राय शाकिने शचीवते शृण्वन्तमिन्द्रं महयन्नभि ष्टुहि ।
यो धृष्णुना शवसा रोदसी उभे वृषा वृषत्वा वृषभो न्यृ ते ।।२
अर्चा दिवे बृहते शूष्यं वचः स्वक्षत्रं यस्य धृषतो धृषन्मनः ।
बृहच्छ्रवा असुरो बर्हणा कृतः पुरो हरिभ्यां वृषभो रथो हि ष ।।३
त्वं दिवो बृहत सानु कोपयोऽव त्मना धृषता शम्बरं भिनत् ।
यन्मायिनो व्रन्दिनो मन्दिना धृषच्छितां गभस्तिमशनिं पृतन्यसि ।।४
नि यद् वृणक्षि श्वसनस्य मूर्धनि शुष्णस्य चिद्व्रन्दिनो रोरुवद्वना ।
प्राचीनेन मनसा बर्हणावता यदद्या चित्कृणवः कस्त्वा परि ।।५।१७

हे महान् इन्द्र ! इस कष्ट रूप युद्ध में हम [illegible] न करो । तुम्हारा को म[illegible] है । तुमने जलों को शब्द देकर [illegible] युक्त किया

तब पृथिवी क्यों न डरती ? ॥ १ ॥ हे मनुष्यो ! सर्वशक्तिमान मेधावी इन्द्र को नमस्कार करो। आदर सहित स्तुतियों को सुनने वाले इन्द्र की प्रशंसा करो, जो प्रजाओं और धनों के वर्षक, श्रेष्ठ बल द्वारा आकाश पृथिवी को सुशोभित करते हैं ।२॥ जिस बली इन्द्र का मन भय रहित है, उसके निमित्त आदरपूर्वक वचनों को कहो। वे शत्रुओं को दूर करने वाले, अश्वयुक्त और अभीष्ट की वर्षा करने वाले है ॥ ३ ॥ हे इन्द्र ! तुमने आकाश की मूर्द्धा को कँपा दिया और अपनी महान् सामर्थ्य से 'शम्बर' को मारा । तुम निःशङ्क मन से युद्ध मे राक्षसो को मारने की इच्छा करते हो ॥ ४ ॥ हे इन्द्र ! तुमने वायु के ऊपर जलो को गर्जना के लिए प्रेरित करते हुए भी शुष्ण का वध किया। तुम उसी कार्य को करने की अब इच्छा करो तो करो तो कोई नहीं रोक सकता ॥५॥   (१७)

त्वमाविथ नर्यं तुर्वशं यदुं तुर्वीतिं वय्यं शतक्रतो ।
त्वं रथमेतशं कृत्व्ये धने त्वं पुरो नवतिं दम्भयो नव ॥६
स घा राजा सत्पतिः शूशुवज्जनो रातहव्यः प्रति यः शासमिन्वति ।
उक्था वा यो अभिगृणाति राधसा दानुरस्मा उपरा पिन्वते दिवः ॥७
असमं क्षत्रमसमा मनीषा प्र सोमपा अपसा सन्तु नेमे ।
ये त इन्द्र ददुषो वर्धयन्ति महि क्षत्रं स्थविरं वृष्ण्यं च ॥८
तुभ्येदेते बहुला अद्रिदुग्धाश्चमूषदश्चमसा इन्द्रपानाः ।
व्यश्नुहि तर्पया काममेषामथा मनो वसुदेयाय कृष्व ॥९
अपामतिष्ठद्धरुणह्वरं तमोऽन्तर्वृत्रस्य जठरेषु पर्वतः ।
अभीमिन्द्रो नद्यो वव्रिणा हिता विश्वा अनुष्ठाः प्रवणेषु जिघ्नते ॥१०
स शेवृधमधि धा द्युम्नमस्मे महि क्षत्रं जनाषाळिन्द्र तव्यम् ।
रक्षा च नो मघोनः पाहि सूरीन्राये च नः स्वपत्या इषे धाः ॥११॥१८

हे बहुकर्मा इन्द्र ! तुमने प्रजाजनों के हित-चिन्तक 'तुर्वश', 'यदु' और 'तुर्वीति' की रक्षा की। तुमने रथ और घोड़ो की बचाते हुए 'शम्बर' के निन्यानबे पुरों को नष्ट कर डाला ॥ ६ ॥ हविदाता और नियम पर चलने

वाला मनुष्य उत्तम पुरुषों का स्वामी हुआ बढ़ता है। उत्तम स्तुतियों के गायक के निमित्त आकाश से जल वर्षा होती है ॥ ७ ॥ सोमपायी इन्द्र के बल बुद्धि की तुलना नहीं हो सकती। हे इन्द्र ! तुम दानशील के राज्य और बल को बढ़ाने वाले हो ॥८॥ हे इन्द्र ! पाषाणों से कूटकर और छानकर यह पेय सोम रखे हैं, इनका उपभोग करो। यह तुम्हारे ही निमित्त है । अपनी इच्छा तृप्त करने के पश्चात् हमको देने की बात सोचो ॥ ९ ॥ जब जलों की धाराओं को रोकने वाला अन्धकार स्थिर था और मेघ वृत्र के उदर-प्रदेश में थे, तब इन्द्र ने उन जलों को नीचे स्थानों की ओर बहाया ॥ १० ॥ हे इन्द्र ! सुख, यश, मनुष्यों को वशीभूत करने वाला शासन और शक्ति की हम में स्थापना करो। तुम हमारे प्रमुख जनों की रक्षा करते हुये ऐश्वर्य श्रेष्ठ सन्तान और बल को हमारी ओर प्रेरित करो ॥११॥ (१८)

५५ सूक्त

(ऋषि—सव्य आङ्गिरस । देवता-इन्द्र । छन्द-जगती)

दिवश्चिदस्य वरिमा वि पप्रथ इन्द्रं न मह्ना पृथिवी चन प्रति ।
भीमस्तुविष्मांश्चर्षणिभ्य आतपः शिशीते वज्रं तेजसे न वंसगः ॥१
सो अर्णवो न नद्यः समुद्रियः प्रति गृभ्णाति विश्रिता वरीमभिः ।
इन्द्रः सोमस्य पीतये वृषायते सनात्स युध्म ओजसा पनस्यते ॥२
त्वं तमिन्द्र पर्वतं न भोजसे महो नृम्णस्य धर्मणामिरज्यसि ।
प्र वीर्येण देवताति चेकिते विश्वस्मा उग्रः कर्मणे पुरोहितः ॥३
स इद्वने नमस्युभिर्वचस्यते चारु जनेषु प्रब्रुवाण इन्द्रियम् ।
वृषा छन्दुर्भवति हर्यतो वृषा क्षेमेण धेनां मघवा यदिन्वति ॥४
स इन्महानि समिथानि मज्मना कृणोति युध्म ओजसा जनेभ्यः ।
अधा चन श्रद्दधति त्विषीमत इन्द्राय वज्रं निघनिघ्नते वधम् ॥५॥१९

इन्द्र की कीर्ति सर्वत्र फैली है। पृथिवी भी इनके समान नहीं है। विकराल, बलवान् मनुष्यों को सन्तापित करने वाला इन्द्र ... तीक्ष्ण वज्र को तेज करता है ॥ १ ॥ अन्तरिक्ष व्यापी इ...

जलों को समुद्र द्वारा नदियों को प्राप्त करने के समान प्रभाव से ग्रहण करते हैं। वे सोम-पान के लिये वृषभ के समान गति करते हैं। वहा बली इन्द्र स्तुतियों को चाहते हैं ॥ २ ॥ हे इन्द्र ! तुम मेघ के स्वामी और सब धनों के धारणकर्त्ता हो। तुम बलों में बढ़े हुये विकराल कर्म वालों में अग्रगण्य हो ॥३॥ वह इन्द्र मनुष्यों में वीर्यरूप, पूजकों से स्तुत्य, पूज्य, अभीष्ट वर्षक हैं। जब सम्पदाता यजमान स्तुति वाक्य उच्चारण करता है उस समय अभीष्टप्रदायक इन्द्र उसे यज्ञ में तत्पर करते हैं ॥ ४ ॥ वही वीर इन्द्र अपने पवित्र बल को मनुष्यों के लिये युद्ध करते हैं। मनुष्य गण उस वज्रधारी इन्द्र को श्रद्धा से नमस्कार करते हैं ॥ ५ ॥ (१९)

स हि श्रवस्यु सदनानि कृत्रिमा क्ष्मया वृधान ओजसा विनाशयन्।
ज्योतींषि कृण्वन्नवृकाणि यज्यवेऽव सुक्रतु सर्तवा अपः सृजत् ॥६
दानाय मन सोमपावन्नस्तु तेऽर्वाञ्चा हरी वन्दनश्रुदा कृधि।
यमिष्ठास सारथयो य इन्द्र ते न त्वा केता आ दम्नुवन्ति भूर्णय. ॥७
अप्रक्षितं वसु बिभर्षि हस्तयोरषाल्हं सहस्तन्वि श्रुतो दधे।
आवृतासोऽवतासो न कर्तृभिस्तनूषु ते क्रतव इन्द्र भूरयः ।८।२०

उप यश की इच्छा वाले, उत्तम कर्म वाले इन्द्र ने असुरों के घरों को नष्ट करते हुये आकाश के नक्षत्रों को निवारण कर जल वर्षा की ॥ ६ ॥ हे सोमपायी इन्द्र ! तुम दान में मन लगाओ। तुम स्तुतियों को सुनते हो तुम अपने घोड़ों को हमारे सामने लाओ। तुम अश्व विद्या में कुशल सारथी हो जो मार्ग नहीं भूलते ॥ ७ ॥ हे इन्द्र तुम्हारे दोनों हाथों में अक्षय धन है। तुम्हारे शरीर में महान बल है। स्तुति करने वालों ने तुम्हारे बल को बढ़ाया है ॥८॥ (२०)

५६ सूक्त

(ऋषि—सव्य, आङ्गिरस। देवता-इन्द्र। छन्द—जगती, त्रिष्टुप्)

एष प्र पूर्वीरव तस्य चम्रिषोऽत्यो न योषामुदयंस्त भुर्वणिः।
दक्षं महे पाययते हिरण्ययं रथमावृत्या हरियोगमृभ्वसम् ॥१

तं गूर्तयो नेमन्निषः परीणसः समुद्रं न संचरणे सनिष्यवः ।
पतिं दक्षस्य विदथस्य नू सहो गिरिं न वेना अधि रोह तेजसा ॥२

स तुर्वणिर्महां अरेणु पौंस्ये गिरेर्भृष्टिर्न भ्राजते तुजा शवः ।
येन शुष्णं मायिनमायसो मदे दुध्र आभूषु रामयन्नि दामनि ॥३

देवी यदि तविषी त्वावृधोतय इन्द्रं सिषक्त्युषसं न सूर्यः ।
यो धृष्णुना शवसा बाधते तम इयर्ति रेणुं बृहदर्हरिष्वणिः ॥४

वि यत्तिरो धरुणमच्युतं रजोऽतिष्ठिपो दिव आतासु बर्हणा ।
स्वर्मीह्ळे यन्मद इन्द्र हर्ष्याहन्वृत्रं निरपामौब्जो अर्णवम् ॥५

त्वं दिवो धरुणं धिष ओजसा पृथिव्या इन्द्र सदनेषु माहिनः ।
त्वं सुतस्य मदे अरिणा अपो वि वृत्रस्य समया पाष्यारुजः ॥६॥२१

यह इन्द्र यजमान के पात्रों में रखे सोमों को पीने की इच्छा से उठते हैं । वह अपने रथ को रोककर सोम पीते हैं ॥ १ ॥ हविदाता यजमान धन के लिए समुद्र को प्राप्त होने वाले मनुष्यों के समान बल और यज्ञ के स्वामी इन्द्र को प्राप्त करते हैं । मनुष्य ! तू भी उसे आत्म-बल से प्राप्त कर ॥ २ ॥ वे द्रुतवेग वाले महान् इन्द्र युद्ध में पर्वत के शिखर के समान चमकते हैं । उन्हीं बली ने मायावी 'शुष्ण' को बाँध कर रखा था ॥ ३ ॥ हे स्तोता ! सूर्य द्वारा उषा को प्राप्त करने के समान तेरे द्वारा बढ़ाया गया बल इन्द्र को प्राप्त होता है, तब वह शत्रुओं में आर्तनाद उठाकर दुष्कर्मों को मिटाते हैं ॥ ४ ॥ हे इन्द्र ! तुमने आकाश की दिशाओं में जल धारण करने वाले अन्तरिक्ष की स्थापना की । सोम का आनन्द प्राप्त कर तुमने वृत्र को मारकर जलों को नीचे की ओर प्रवाहित किया ॥ ५ ॥ हे इन्द्र ! तुमने अपने बल से आकाश-पृथिवी के मध्य जल को स्थापित किया । तुमने निष्पन्न सोम के आनन्द [illegible] गुहाया और पाषाण दुर्गों का खण्डन किया ॥६॥ [२१]

तुम अत्यन्त बलवान् हो । आकाश भी तुम्हारे बल का लोहा मानता है और पृथिवी तुम्हारे सामने झुकी हुई है ॥ ५ ॥ हे वज्रिन् ! तुमने उस फैले हुये वृत्र को खण्ड-खण्ड किया और जलों को छोड़ा । तुम अवश्य ही बहुत बलवान् हो ॥३॥ (२२)

५८ सूक्त [ग्यारहवाँ अनुवाक]

(ऋषि—नोधा गौतम । देवता-अग्नि । छन्द-जगती)

नू चित्सहोजा अमृतो नि तुन्दते होता यद्दूतो अभवद्विवस्वतः ।
वि साधिष्ठेभि: पथिभी रजो मम आ देवतानां हविषा विवासति ॥१
आ स्वमद् युवमानो अजरस्तृष्वविष्यन्नतसेषु तिष्ठति ।
अत्यो न पृष्ठं प्रुषितस्य रोचते दिवो न सानु स्तनयन्नचिक्रदत् ॥२
क्राणा रुद्रेभिर्वसुभिः पुरोहितो होता निषत्तो रयिषालमर्त्यः ।
रथो न विक्ष्वृञ्जसान आयुषु व्यानुषग्वार्या देव ऋण्वति ॥३
वि वातजूतो अतसेषु तिष्ठते वृथा जुहूभिः सृण्या तुविष्वणिः ।
तृषु यदग्ने वनिनो वृषायसे कृष्णं त एम रुशदूर्मे अजर ॥४
तपुर्जम्भो वन आ वातचोदितो यूथे न साह्वाँ अव वाति वंसगः ।
अभिव्रजन्नक्षितं पाजसा रजः स्थातुश्चरथं भयते पतत्रिणः ॥५॥२३

बल से उत्पन्न अविनाशी अग्नि कभी भी सन्ताप देने वाले नहीं हैं। वह यजमान के दूत एवं होता नियुक्त हुये । उन्होंने ही अन्तरिक्ष को प्रकटाया तथा वे ही यज्ञ में हव्य द्वारा देवताओं की सेवा करते हैं ॥१॥ जरा रहित यह अग्नि हवियों को एकत्रित कर खाते हुये काष्ट पर चढ़े । इनकी घी से चिकनी पीठ अश्व के समान दमकती है । इन्होंने आकाशस्थ मेघगर्जना के समान शब्द वाली ज्वाला को प्रकट किया ॥ २ ॥ अमर अग्नि रुद्रों और वसुओं के सम्मुख स्थान पाये हुये हैं और यज्ञ स्थानों में उपस्थित रहते हैं । रथानुरूप अग्नि यजमानों की स्तुतियाँ सुनकर मनुष्यों को बार-बार धन प्रदान करते हैं ॥ ३ ॥ हे अग्ने ! वायु के योग से अधिक शब्दवान् हुए तुम शस्त्र के समान जिह्वाओं से काष्ठों को प्राप्त होते हो । तुम जरा रहित दीप्ति-

वान् ज्वालायुक्त वन-वृक्षों में वृष समान आचरण करते हो। तुम्हारा मार्ग कृष्ण वर्ण का हो जाता है ॥ ४ ॥ ज्वाला रूप दाढ़ वाले, विजेता, वायु द्वारा प्रेरित तुम जब वन में तैरते हुये, गौ-समूह में जाने वाले बैल के समान, आकाश की ओर उठते हो, तब सभी जीव काँप जाते हैं ॥५॥ (२३)

दधुष्ट्वा भृगवो मानुषेष्वा रयिं न चारुं सुहवं जनेभ्यः ।
होतारमग्ने अतिथिं वरेण्यं मित्रं न शेवं दिव्याय जन्मने ॥६
होतारं सप्त जुह्वो यजिष्ठं यं वाघतो वृणते अध्वरेषु ।
अग्निं विश्वेषामरतिं वसूनां सपर्यामि प्रयसा यामि रत्नम् ॥७
अच्छिद्रा सूनो सहसो नो अद्य स्तोतृभ्यो मित्रमहः शर्म यच्छ ।
अग्ने गृणन्तमंहस उरुष्योर्जो नपात्पूर्भिरायसीभिः ॥८
भवा वरूथं गृणते विभावो भवा मघवन्मघवद्भ्यः शर्म ।
उरुष्याग्ने अंहसो गृणन्तं प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥९।८

हे अग्ने! मनुष्य के सुख के निमित्त आह्वान किए गए होता रूप वरणीय अतिथि, देवताओं के मित्र तुम्हें भृगुओं ने मनुष्यों में स्थापित किया ॥६॥ आह्वानकर्ता सात ऋत्विज श्रेष्ठ एवं पूज्य होता अग्नि का यज्ञ में वरण करते हैं। उनको अन्न रूप हवि से सेवा करता हुआ मैं रमणीय धन की याचना करता हूँ। ७॥ हे बल के पुत्र! हे मित्रों का सुख करने वाले अग्नि-देव! हम स्तोताओं को उत्तम आश्रय दो और रक्षा करते हुए मुझे पाप से बचाओ ॥८॥ प्रदीप्तमान्! स्तोता के लिए आश्रय रूप होओ। धन वालों को धारण दो। तुम प्रातःकाल शीघ्र प्राप्त होते हुए मुझे पाप से बचाओ ॥ ९ ॥ (२४)

(ऋषि नोधा गौतम। देवता अग्निर्वैश्वानर। छन्द-त्रिष्टुप् पंक्ति)

५९ सूक्त

वया इदग्ने अग्नयस्ते अन्ये त्वे विश्वे अमृता मादयन्ते ।
वैश्वानर नाभिरसि क्षितीनां स्थूणेव जनाँ उपमिद्ययन्थ ॥१
मूर्धा दिवो नाभिरग्निः पृथिव्या अथाभवदरती रोदस्योः ।

ा२वनि पुत्र 'राजा पुरणीय' के बनाधरो द्वारा प्रस्तुत किये गये हो ।।२।।   (२५)

६० सूक्त

[ऋषि—नोधा गोतम । देवता—अग्नि । छन्द—त्रिष्टुप् पंक्ति.

वह्नि यशस विदथस्य केतु सुप्राव्य सद्योअर्थम् ।
द्विजन्मान रयिमिव प्रशस्त राति भरद्भृगवे मातरिश्वा ।१।
अस्य शासुरुभयास· सचन्ते हविष्मन्त उशिजो ये च मर्ताः ।
दिवश्चित्पर्वो न्यसादि होतापृच्छयो विश्पतिर्विक्षु वेधा ।२।
तं नव्यसी हृद आ जायमानमस्मत्सुकीतिर्मधुजिह्वमश्या ।
यमृत्विजो वृजने मानुषास. प्रयस्वन्त आयवो जीजनन्त ।३।
उशिक्पावको वसुर्मानुषेषु वरेण्यो होताधायि विक्षु ।
दमूना गृहपतिर्दम आं अग्निर्भुवद्रयिपती रयीणाम् ।४।
त त्वा वय पतिमग्ने रयीणा प्र शंसातो मतिभिर्गोतमास ।
आशु न वाजम्भर मर्जयन्त प्रातर्नक्षु धियावसुर्जगम्यात् ।५।२६

अग्रणि, यशस्वी, यज्ञपति, द्रुतगामी दूत, अरण-मन्थन से उत्पन्न धन के समान प्रशंसित अग्नि को भृगु के समीप ले आवें ।।१।। मेधावी और हविदाता मनुष्य अग्नि का सेवन करते हैं । ये प्रजापालक, फल वर्षक अग्नि सूर्य से भी पहिले प्रभाओ मे स्थापित होते हैं ।।२।। हृदय से उत्पन्न उस मधुर जिह्वा अग्नि को हमारी अभिनव स्तुतियाँ प्राप्त हो , जिसे मनुष्य ऋत्विजो ने हवियों से उत्पन्न किया ।।३।। वे मनुष्यो द्वारा इच्छित पावक धनयुक्त प्रजाओं मे वरणीय नियुक्त हुए हैं । घर में आसक्ति वाले वे रक्षक हमारे घरो मे धन की वृद्धि करें ।४। हे अग्ने ! हम गौतमवंशी तुम धनाधिप, अग्निवाहक की स्तोत्रो से पूजा करते हैं । तुम उषाकाल मे हमें प्राप्त होओ ।५।   (२६)

(ऋषि - नाध गोतम । देवता—इन्द्र । छन्द—त्रिष्टुप् ओ

६१ सूक्त

अस्मा इदु प्र तवसे तुराय प्रयो न हर्मि स्तोम माहिनाय।
ऋचीषमायाध्रिगव ओहमिन्द्राय ब्रह्माणि राततमा ।१।
अस्मा इदु प्र यामि भराम्यांगूष बाधे सुवृक्ति।
इन्द्राय हृदा मनीता प्रत्नाय पत्य धियो मर्जयन्त ।२।
अस्मा इदु त्यमुपम स्वर्षां भराम्यांगूषमास्येन।
महिष्ठमच्छोक्तिभिर्मतीना सुवृक्तिभि सूरि वावृधध्यै ।३।
अस्मा इदु स्तोम स हिनोमि रथ न तष्टेव तत्सिनाय।
गिरश्च गिर्वाहसे सुवृक्तीन्द्राय विश्वमिन्व मेधिराय ।४।
अस्मा इदु सप्तिमिव श्रवस्येन्द्रायार्कं जुह्वा समञ्जे।
वीर दानौकस वन्दध्यै पुरा गूर्तश्रवस दर्माणम् ।५।२७

वृद्धि को प्राप्त शीघ्र कार्य करने वाले, मन्त्रो मे वर्णित, कीर्ति वा को अन्न के समान ही स्तोत्र को अर्पण करता हूँ। वे मेरी हविशो ग्रहण करें ।१। मैं उस इन्द्र के लिए हवियुक्त स्तोत्र अर्पित करता हूँ। उन पीडक के लिए स्तुति-गान करता हूँ। ऋषिगण उस प्राचीन इन्द्र के निमि मन बुद्धि से स्तुतियाँ करते हैं ।२। वृद्धि को प्राप्त मेधावी इन्द्र को आकर्षि करने वाले उपमा योग्य स्तुतियो को सुन्दर नादपूर्वक उच्चारण करता हूँ ।।३।। जिस प्रकार रथ का बनाने वाला उसे तैयार करके स्वामी के पास ले जाता है, उसी प्रकार मैं मेधावी इन्द्र को आकर्षित करने को इस स्तोत्र को उनके समीप पहुँचाता हूँ ।४। घोडो को रथ मे जोडने समान, यश प्राप्ति के लिये इन्द्र के स्तोत्र-गान करता हूँ। यह स्तोत्र मङ्ग करने वाले दानशील, गुण-गान योग्य, यशस्वी इन्द्र को प्राप्त हो ।५।

अस्मा इदु त्वष्टा तक्षद्वज्रं स्वपस्तमं स्वर्यं रणाय।
वृत्रस्य चिद्विदद्येन मर्मं तुजन्नीशानस्तुजता कियेधाः ।६।
अस्येदु मातुः सवनेषु सद्यो महः पितुं पपिवाञ्चार्वन्ना।

ापदिष्णु पचन गहीयान्विध्यद्वराह् तिरो अद्रिमस्ता ।७।
स्मा इदुग्नाश्चिद्देव पत्नीरिन्द्रायार्कमहिहत्य ऊवुः ।
रि द्यावापृथिवी जभ्र उर्वी नास्य ते महिमान परिष्ट ।८।
स्येदेव प्र रिरिचे महित्व दिवस्पृथिव्या पर्यन्तरिक्षात् ।
वगालिन्द्रो दम आ विश्वगूर्तं स्वरिरमत्रो ववक्षे रणाय ।९।

त्वष्टा ने इन्द्र के लिये कार्य सिद्ध करने वाले, घोर शब्द युक्त वज्र को बनाया। उसने (इन्द्र ने) वृत्र के मर्म-स्थल को नष्ट किया।६। संसार के रचयिता इन्द्र को यज्ञ में तीन अभिषव दिये, जिनमें उन्होंने सोम को तुरन्त पी लिया तथा हव्य भी सेवन किया। असुरों का धन जीतने वाले इन्द्र जगत् में व्याप्त हैं। वे विजेता, वज्रधारी और मेघ का भेदन करने वाले हैं।७। वृत्र के मरने पर देव-पत्नियों ने इन्द्र की स्तुति की। इन्द्र ने आकाश-पृथिवी का अति-क्रमण किया, परन्तु आकाश और पृथिवी इन्द्र की मर्यादा को नहीं लाँघ सकते।८। आकाश, पृथिवी, अन्तरिक्ष से भी इन्द्र की महिमा महान् है। स्वयं प्रकाशित, सर्वप्रिय, असीमित बल वाले इन्द्र वृद्धि को प्राप्त हुए हैं।९। इन्द्र बल से क्षीण होता हुआ वृत्र उसके (इन्द्र के) के द्वारा वज्र से मारा गया। इससे अपहृत गायों के समान जल भी मुक्त हुआ। हविदाता को वे इन्द्र अभीष्ट अन्न देते हैं।१०।   (२८,

अस्येदेव शवसा शुषन्त वि वृश्चद्वज्रेण वृत्रमिन्द्र ।
गा न व्राणा अवनीरमुञ्चदभि श्रवो दावने सचेता ।१०।२८
अस्येदु त्वेषसा रन्त सिन्धव परि यद्वज्रेण सीमयच्छत् ।
ईशानकृद्दाशुषे दशस्यन्तुर्वीतये गाधं तुर्वणि. कः ।११।
अस्मा इदु प्र भरा तूतुजानो वृत्राय वज्रमीशान. कियेधाः ।
गोर्न पर्व वि प्र भरा तिरश्चेष्यन्नर्णां स्यपां चरध्यै ।१२।
अस्येदु प्र ब्रूहि पूर्व्याणि तुरस्य कर्माणि नव्य उक्थै. ।
युधे यदिष्णान आयुधान्यृघायमाणो निरिणाति शत्रून् ।१३।
अस्येदु भिया गिरयश्च दृह्ला द्यावा च भूमा जनुषस्तुजेते ।

उपो वेनस्य जोगुवान ओणिं सद्यो भुवद्वीर्याय नोधाः ॥१४॥
अस्मा इदु त्यदनु दाय्येषामेको यद्वव्ने भूरेरीशानः ।
प्रैतशं सूर्ये पस्पृधानं सौवश्व्ये सुष्विमावदिन्द्रः ॥१५॥
एवा ते हारियोजना सुवृक्तीन्द्र ब्रह्माणि गोतमासो अक्रन् ।
ऐषु विश्वपेशसं धियं धाः प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥१६॥२८

इन्द्र की दीप्ति से नदियाँ सुशोभित है क्योंकि इन्द्र ने वज्र से उनको सीमित कर दिया। हविदाता को धन देते हुए ऐश्वर्य युक्त इन्द्र ने "तुर्वीति" के लिए उचित स्थान दिया ।११। हे शीघ्र कार्यकारी, महाबली इन्द्र स्व ईश्वर ! तुम इस वृत्र पर वज्र फेंको और उसके जोड़ों को वधिक द्वारा पशुओं को काटने के समान काट डालो ।१२। मनुष्यो ! इन्द्र के प्राचीन पराक्रमों का बखान करो। वे उत्तेजित हुए अस्त्रों को चलाकर शत्रुओं को पीड़ित करते हैं। ।१३। इस प्रकट हुए इन्द्र के डर से दृढ़ पर्वत तथा आकाश, पृथिवी सभी कांपते हैं। नोधा ऋषि इन्द्र के रक्षण-सामर्थ्यों का वर्णन करते हुए बल प्राप्त कर सके ।१४। अत्यन्त धन वाले इन्द्र ने जो इच्छा की, वही अर्पण किया गया। सोम-साधक "एतश" ऋषि से स्पर्द्धा करने वाले स्वश्व-पुत्र 'सूर्य' को पराजित कराया ।१५। दो अश्वों से युक्त रथ वाले इन्द्र ! गोतमों ने तुम्हें आकर्षित करने वाली मन्त्र रूप स्तुतियों को किया। तुम प्रातःकाल आकर हमको सर्व कर्म सिद्ध करने वाली बुद्धि प्रदान करो ।१६। (२१)

॥ चतुर्थ अध्याय समाप्तम् ॥

६२—सूक्त

(ऋषि— नोधा गौतम । देवता—इन्द्रः । छन्द–त्रिष्टुप्, पंक्तिः ।)

प्र मन्महे शवसानाय शूषमाङ्गूषं गिर्वणसे अङ्गिरस्वत् ।
सुवृक्तिभिः स्तुवत ऋग्मियायार्चामार्कं नरे विश्रुताय ॥१॥
प्र वो महे महि नमो भरध्वमाङ्गूष्यं शवसानाय साम ।
येना नः पूर्वे पितरः पदज्ञा अर्चन्तो आङ्गिरसो गा अविन्

इन्द्रम्याङ्गिरसां चेष्टौ विदत्सरमा तनयाय धासिम् ।
बृहस्पतिर्भिनदद्रिं विदद् गाः समुस्रियाभिर्वावशन्त नरः ।३।
स सुष्टुभा स स्तुभा सप्त विप्रैः स्वरेणाद्रिं स्वर्यो नवग्वैः ।
सरण्युभिः फलिगमिन्द्र शक्र वल रवेणा दरयो दशग्वैः ।४।
गृणानो अङ्गिरोभिर्दस्म वि वरुषसा सूर्येण गोभिरन्धः ।
वि भूम्या अप्रथय इन्द्र सानु दिवो रज उपरं मस्तभाय ।५।१

हम इन्द्र के प्रति अङ्गिराओं के समान स्तुतियों को धारण करते हैं। हम अत्यन्त आकर्षक मन्त्रों का उच्चारण करें ।।१।। हे मनुष्यो! उस महान इन्द्र को नमस्कार करो, जिसकी स्तुति से अङ्गिराओं ने गौओं को प्राप्त किया था, उसकी उच्च स्वर से स्तुतियाँ गाओ ।।२।। इन्द्र और अङ्गिराओं की इच्छा से 'सरमा' ने अपनी सन्तान के लिये अन्न पाया। इन्द्र ने राक्षस को मार, गौओं को पाया तथा गायों के साथ देवगण ने भी हर्षयुक्त नाद किया ।।३।। हे शक्ति-शालिन्! उत्तम स्तोत्र से गान योग्य तुमने शीघ्रता पूर्वक नौ अथवा दस महीनों यज्ञ समाप्त करने वाले सप्त-ऋषियों की प्रार्थना सुनी। तुम्हारे शब्द से पर्वत और मेघ भी काँप गये ।।४।। हे विचित्रकर्मा इन्द्र! तुमने अङ्गिराओं की स्तुतियाँ प्राप्त कीं और उषा, सूर्य तथा रश्मियों द्वारा अन्धकार हटाया। तुमने पृथवी पर पर्वतों को बढ़ाया तथा आकाश के नीचे अन्तरिक्ष को दृढ़ किया ।।५।।　　(१)

तद् प्रयक्षतममस्य कर्म दस्मस्य चारुतममस्ति दंसः ।
उपह्वरे यदुपरा अपिन्वन्मध्वर्णसो नद्यश्चतस्रः ।६।
द्विता वि वव्रे सनजा सनीले अयास्यः स्तवमानेभिरर्कैः ।
भगो न मेने परमे व्योमन्नधारयद्रोदसी सुदंसाः ।७।
सनाद्दिवं परि भूमा विरूपे पुनर्भुवा युवती स्वेभिरेवैः ।
[illegible] द्भिर्वपुरा चरतो अन्याया ।८।
[illegible] पयः सूनुर्दाधार शवसा सुदंसाः ।
[illegible] न्त पयः कृष्णासु रुशद्रोहिणीषु ।९।

सनात्सनीळा अवनीरवाता व्रता रक्षन्ते अमृताः सहोभिः ।
पुरू सहस्रा जनयो न पत्नीर्दुवस्यन्ति स्वसारो अह्रयाणम् ॥१०॥

अद्भुतकर्मा इन्द्र का यह कर्म प्रशंसनीय है कि इसने नदियों को जल से भर दिया ।६। ऋत्विजों द्वारा स्तुत इन्द्र ने परस्पर मिले हुए प्राचीन आकाश और पृथिवी को पृथक्-पृथक् किया । फिर उत्तम कर्म वाले ने आकाश के समान उन दोनों को धारण किया ।७। श्याम वर्ण से रात्रि और दीप्ति वर्ण से उषा अपनी गतियों से बारम्बार उत्पन्न होती है और आकाश-पृथिवी के चारों ओर पुरातन काल से ही चक्कर काटती है ।८। उत्तम कर्म वाले महान् इन्द्र यजमानों से मित्रता रखते हैं । हे इन्द्र ! तुम अपरिपक्व गायों में भी पक्व दूध स्थापित करते हो । काले रंग वाली गायों में भी श्वेत दूध देते हो ।९। सनातन काल से एक साथ रहने वाली उँगलियाँ अनन्य कर्मों को करती हैं । यह सभी बहनें गृहस्थ पत्नियों के समान गति करती हुई इन्द्र का सेवा-कार्य करती हैं ।१०।

सनायुवो नमसा नव्यो अर्कैर्वसूयवो मतयो दस्म दद्रुः ।
पतिं न पत्नीरुशतीरुशन्तं स्पृशन्ति त्वा शवसावन्मनीषाः ॥११॥
सनादेव तव रायो गभस्तौ न क्षीयन्ते नोप दस्यन्ति दस्म ।
द्युमाँ असि क्रतुमाँ इन्द्र धीरः शिक्षा शचीवस्तव नः शचीभिः ॥१२॥
सनायते गोतम इन्द्र नव्यमतक्षद् ब्रह्म हरियोजनाय ।
सुनीथाय नः शवसान नोधाः प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ॥१३॥३

हे अद्भुत कर्म वाले ! प्राचीन धर्म की इच्छा से अभिनव स्तोत्रों के साथ ऋत्विगण आपको प्राप्त करते हैं । कामना वाले पतियों को प्राप्त होने वाली पत्नियों के समान यह स्तुतियाँ तुम्हें प्राप्त होती हैं ।११। हे विचित्र इन्द्र तुम्हारी सम्पत्ति का नाश नहीं होता वह कम नहीं होती । तुम दीप्तियुक्त, ज्ञानयुक्त, दृढ़ विचार वाले हो । हमको धन और बल प्रदान करो ।१२। हे इन्द्र !

पुरुष ! तुम अग्रणी रथ मे घोडो को जोतने वाले हो ! गौतम ने अभि-
ो्रों की रचना की है, प्रात काल में शीघ्रता पूर्वक पधारो ॥२३॥ [३।

६३ सूक्त

(ऋषि - नोधा गौतम । देवता—इन्द्र । छन्द – पंक्ति प्रभृति)

हाँ इन्द्र यो ह शुष्मैर्द्यावा जज्ञान पृथिवी अमे धा. ।
ते विश्वा गिरयश्चिदभ्वा भिया दृहलस किरणा नैजन् ।१।
ादरी इन्द्र विव्रता वेरा ते वज्र जरिता बाह्वोर्धात् ।
वेहर्यतक्रतो अभित्रान्पुर इष्णासि पुरुहूत पूर्वी ।२।
सत्य इन्द्र घृष्णुरेतान्त्वमृभुक्षा नर्यस्त्व षाट् ।
शुष्ण वृजने पृक्ष आणौ यूने कुत्साय द्युमते सचाहन् ।३।
ह त्यदिन्द्र चोदी सखा वृत्र यद्वज्रिन्वृपकर्म सुम्ना ।
शूर वृपमण: परार्चैवि दस्यूर्योनावकृतो वृथाषाट् ।४।
ह त्यदिन्द्रारिषण्यन्दृलहस्य चिन्मर्तानामजुष्टौ ।
मदा काष्ठा अर्वते वर्धनेव वज्रिञ्छ्नथिह्यमित्रान् ।५।

हे इन्द्र ! तुम महान हो । तुमने प्रकट होते ही बल से आकाश-पृथ्वी को
ण किया यब तुम्हारे भय से सभी प्राणी और महान् पर्वत भी किरणों के
न काँपने लगे ।१। हे निष्काम, स्तुत्य इन्द्र ! जब तुम अपने अश्वों को सारे
तब स्तोता तुम्हारे हाथो मे वज्र देता है । उससे तुम शत्रुओं पर प्रहार
ते हुये उनके दुर्गों को तोडते हो ।२। हे सत्य रूप इन्द्र ! तुम शत्रुओं को वश
करने वाले और महान हो । तुम मनुष्यो का हित करने वाले विजेता हो ।
। युवक "कुत्स" के सहायक होकर युद्ध मे "शुष्ण" का वध किया । ३ । हे
र कर्मा वज्रिन ! तुम मित्रता को निभाने वाले हो । वृत्र को मारकर गाजमो
ृढ सहित तुमने नष्ट किया ।४। हे इन्द्र ! तुम किसी दृढ मनुष्य से भी पीड़ित
ी हो सकते । तुम वज्रधारी हमारे घोडो के लक्ष को बाधा रहित करो ।
ठिन वज्र से हमारे शत्रुओं का विनाश करो ।५।   (४)

त्वं ह त्यदिन्द्रार्णसातौ स्वर्मीलहे नर आजा हवन्ते ।
तव स्वधाव इयमा समर्य ऊतिर्वाजेष्वतसाय्या भूत् ।६।
त्वं ह त्यदिन्द्र सप्त युध्यन्पुरो वज्रिन्पुरुकुत्साय दर्द. ।
बर्हिर्न यत्सुदासे वृथा वर्ग हो राजन्वरिवः पूरवे कः ।७।
त्वं त्यां न इन्द्र देव चित्रामिषमापो न पीपयः परिज्मन् ।
यया शूर प्रत्यस्मभ्य यंसि त्मनमज न विश्वध क्षरध्यै ।८।
अकपि त इन्द्र गौतमेभिर्व्रह्मण्योक्ता नमसा हरिभ्याम् ।
सुपेशसं वाजमा भरा नः प्रातमक्षू धियावसजंगम्यात् ।९।५

हे इन्द्र ! धन प्राप्ति और कीर्ति के निमित्त मनुष्य, युद्ध में सहायार्थ तुम्हारा आह्वान करते हैं। युद्ध-क्षेत्र मे तुम्हारी रक्षा निरन्तर प्राप्त होती ।६। हे वज्रिन् ! 'पुरुकुत्स' के लिये युद्ध करते हुये तुमने सातो दुर्ग ध्वंस किये। तुमने 'सुदास' के लिये शत्रुओं को कुश के समान काट डाला। राजा 'पुरु' की दरिद्रता दूर करने को धन दिया ।७। हे इन्द्र ! जल के समान विभिन्न अन्नों की वृद्धि करो। तुम हमारे लिये जीवन और बल प्रदान करते हो ।८। हे इन्द्र ! गौतम ने तुम्हारी मन्त्रयुक्त स्तुतियों की तुम्हारे अश्व को भी नमस्कार किया। तुम हमको श्रेष्ठ धन दो प्रात: काल में शीघ्र यहाँ पधारो ।।९।। (५)

६४ सूक्त

(ऋषि—नोधा गोतम । देवता—इन्द्र । छन्द—जगती)

वृष्णे शर्धाय सुमखाय वेधसे नोधः सुवृक्तिं प्र भरा मरुद्भ्यः ।
अपो न धीरो मनसा सुहस्त्यो गिरः समञ्जे विदथेष्वाभुवः ।।१।।
ते जज्ञिरे दिव ऋष्वास उक्षणो रुद्रस्य मर्या असुरा अरेपसः ।
पावकासः शुचयः सूर्या इव सत्वानो न द्रप्सिनो घोरवर्पसः ।२।
युवानो रुद्रा अजरा अभोग्घनो ववक्षुरध्रिगावः पर्वता इव ।
दृळ्हा चिद्विश्वा भुवनानि पार्थिवा प्र च्यावयन्ति दिव्यानि मज्मना ।।
चित्रैरञ्जिभिर्वपुषे व्यञ्जते वक्षःसु रुक्माँ अधि येति

अ मेष्वेषा नि मिमृक्षुर्ऋष्टय. साकं जज्ञिरे स्वधया दिवो नर. ।३।
ईशानकृतो धुनयो रिशादसो वातान्विद्युतस्तविषीभिरक्रत ।
दुहन्त्यूधर्दिव्यानि धूतये भूमिं पिन्वन्ति पयसा परिज्रय ।४।६

हे नोधा ! पौरुषवान, पूज्य, मेधावी मरुतों के निमित्त आकर्षक स्तुतियाँ करो। जैसे कर्मवान व्यक्ति जलों को सिद्ध करते हैं वैसे ही मैं स्तुतियों को सिद्ध करता हूँ।१। वे महान, समर्थ मरुत के पुत्र हैं। वे प्राणवान, निष्पाप, पवित्रकर्ता, सूर्य के समान तेजस्वी, विकराल रूप वाले हैं।२। युवा, विकराल, अजर,न देने वालों के हिंसक अवाघगति से चलने वाले मरुद्गण पर्वत के समान महत्व वाले हुये अपने बल से पृथ्वी आकाश में उत्पन्न जीवों को कँपाते हैं।३। शोभा के निमित्त विविध अलङ्कारों से अपने को सजाने वाले मरुद्गण ने स्वर्णा-भूषण धारण किये। ये कन्धों पर अस्त्र रखते स्वेच्छा से आकाश द्वारा प्रकट हुए।४। ऐश्वर्यदाता, शत्रु को भयभीत करने वाले, भक्षक मरुतों ने अपने बल से वायु और विद्युत को प्रकट किया। सर्वत्र गमनशील वे आकाशस्थ मेघ को दुह कर पृथ्वी पर सींचते हैं।५।   [६]

पिन्वन्त्यपो मरुतः सुदानवः पयो घृतवद्विदथेष्वाभुवः ।
अत्यं न मिहे वि नयन्ति वाजिनमुत्सं दुहन्ति स्तनयन्तमक्षितम् ।६।
महिषासो मायिनश्चित्रभानवो गिरयो न स्वतवसो रघुष्यदः ।
मृगा इव हस्तिनः खादथा वना यदारुणीषु तविषीरयुग्ध्वम् ।७।
सिंहा इव नानदति प्रचेतसः पिशा इव सुपिशो विश्ववेदसः ।
क्षपो जिन्वन्तः पृषतीभिरृष्टिभिः समित्सबाधः शवसाहिमन्यवः ।८।
रोदसी आ वदता गणश्रियो नृषाचः शूराः शवसाहिमन्यवः ।
आ वन्धुरेष्वमतिर्न दर्शता विद्युन्न तस्थौ मरुतो रथेषु वः ।९।
विश्ववेदसो रयिभिः समोकसः संमिश्लासस्तविषीभिर्विरप्शिनः ।
अस्तार इषुं दधिरे गभस्त्योरनन्तशुष्मा वृषखादयो नरः ।१०।

कल्याणकारी मरुद्गण जलों को सींचते हुए यज्ञों में घृत युक्त दूध को

गण्पूर्ण ऐश्वर्य वा र, वल वान, सनुनाशक, रम सुशल मरुतो ने दोनों हाथों मे हथियार धारण किये हैं ।१०। [७]

हिरण्ययेभिः पविभिः पयोवृध उज्जिघ्नन्त आपथ्यो न पर्वतान्।
मखा अयासः स्वसृतो ध्रुवच्युतो दुध्रकृतो मरुतो भ्राजदृष्टयः ।११।
घृषुं पावकं वनिनं विचर्षणिं रुद्रस्य सूनुं हवसा गृणीमसि ।
रजस्तुरं तवसं मारुतं गणमृजीषिणं वृषणं सश्चत श्रिये ।१२।
प्र नू स मर्तः शवसा जनाँ अति तस्थौ व ऊती मरुतो यमावत ।
अर्वद्भिर्वाजं भरते धना नृभिरापृच्छ्यं क्रतुमा क्षेति पुष्यति ।१३।
चर्कृत्यं मरुतः पृत्सु दुष्टरं द्युमन्तं शुष्मं मघवत्सु धत्तन ।
धनस्पृतमुक्थ्यं विश्वचर्षणिं तोकं पुष्येम तनयं शतं हिमाः ।१४।
नू ष्ठिरं मरुतो वीरवन्तमृतीषाहं रयिमस्मासु धत्त ।
सहस्रिणं शतिनं शूशुवांसं प्रातर्मक्षू धियावसुर्जगम्यात् ।१५।८

जलों को बढ़ाने वाले पूज्य, द्रुतगति वाले, अचल पदार्थों को चलाने वाले, अबाध गतियुक्त मरुद्गण सोने के रथ चक्रों से मेघों को उठाते हैं ।११। शत्रु नाशक पतितपावन, बहुकर्मा रुद्र पुत्र मरुतों की हम स्तुति करते हैं उन धूल-प्रेरक, वृद्धिप्रद, वीर्यवान् मरुतों के आश्रम मे धन के निमित्त जाओ ।१२। हे मरुतो ! तुम्हारे द्वारा रक्षित मनुष्य सब मनुष्यों मे अधिक बली हुआ। वह अश्वों द्वारा और मनुष्यों द्वारा धनों को प्राप्त

करके उत्तम यज्ञ द्वारा सुख पाया है ।१३। हे मरुतो ! कार्यों में समर्थ युद्धों में अजेय, दीप्तिमान सुख वाले की स्थापना करो । तुम अपने पुत्रों को सौ वर्ष तक पालने वाले हो ।१४। मरुद्गण ! तुम हमको स्थायी और शत्रु को जीतने वाली सामर्थ्य दो । हमको शत सहस्त्र एक साथ सम्पन्न धन स्थापित करो । तुम प्रातः काल शीघ्र हमको प्राप्त होओ ।१५। (८)

६५ सूक्त [बारहवां अनुवाक]

(ऋषि—पराशर शाक्त्य । देवता—अग्नि । छन्द—पंक्ति)

पश्वा न तायु गुहा चतन्त नमो युजानं नमो वहन्तम् ।
सजोषा धीराः पदैरनु ग्मन्नुप त्वा सीदन्विश्वे यजत्राः ।१।
ऋतस्य देवा अनु व्रता गुर्भुवत्परिष्टिर्द्यौर्न भूम ।
वर्धन्तीमापः पन्वा सुशिश्विमृतस्य योना गर्भे सुजातम् ।२।
पुष्टिर्न रण्वा क्षितिर्न पृथ्वी गिरिर्न भुज्म क्षोदो न शम्भु ।
अत्यो नाज्मन्त्सर्गप्रतक्तः सिन्धुर्न क्षोदः क ईं वराते ।३।
जामिः सिन्धूनां भ्रातेव स्वस्रामिभ्यान्न राजा वनान्यत्ति ।
यद्वातजूतो वना व्यस्थादग्निर्ह दाति रोमा पृथिव्याः ।४।
श्वसित्यप्सु हंसो न सीदन् क्रत्वा चेतिष्ठो विशामुषर्भुत् ।
सोमो न वेधा ऋतप्रजातः पशुर्न शिश्वा विभुर्दूरेभाः ।५।९

हे अग्ने ! पशु चराने वाले के पीछे-पीछे जाने वाले मनुष्य के समान तुम्हारे पद चिन्हों पर मेधावी देवता चलें । तुम यज्ञ धारण करने वाले देवताओं को हवि पहुँचाते हो इसलिए देवता तुमको प्राप्त होते हैं । १ । देवगण अग्नि को खोज में पृथवी पर आये । अग्नि जल के गर्भ में जन्मे और स्तोत्रों द्वारा उनकी वृद्धि हुई ।२। यह अग्नि अभीष्ट फल के आश्वासन के समान रमणीय, पृथिवी के समान विस्तृत पर्वत के समान भोजनदाता जल के समान शांतिप्रद, अश्व के समान युद्ध में अग्रणी और समुद्र के समान विशाल हैं । इन्हें कौन रोक सकता है ।३। बहिनों के भाई की भाँति जलों के भ्राता अग्नि राजा के शत्रुओं के समान वनों का भक्षण करते हैं । वायु के

यह अग्नि भव्य है। अग्नि कन्याओं का कौमार्य समाप्त करने वाले तथा विवाहिता के पति हैं। (विवाहिता गार्हपत्य अग्नि की पति के साथ नित्य पूजन करती है, इस दृष्टि से उसको पति कहा गया है।३।) पशु (पशु के दुग्धघृत) की तथा अन्न की आहुति से प्रदीप्त अग्नि को हम प्राप्त करें। वह अग्नि प्रवाहित जल के समान ज्वालाओं को प्रवाहित करता है। उसकी दर्शनीय किरणें आकाश में ऊपर की ओर उठती हैं।४। [१०]

६७ सूक्त

(ऋषि— पराशर शाक्त्य । देवता -- अग्नि । छन्द – पंक्ति)

वनेषु जायुर्मर्तेषु मित्रो वृणीते श्रुष्टिं राजेवाजुर्यम् ।
क्षेमो न साधुः क्रतुर्न भद्रो भुवत्स्वाधीर्होता हव्यवाट् ।१।
हस्ते दधानो नृम्णा विश्वान्यमे देवान्धाद्गुहा निषीदन् ।
विदन्तीमत्र नरो धियन्धा हृदा यत्तष्टान्मन्त्राँ अशंसन् ।२।
अजो न क्षां दाधार पृथिवीं तस्तम्भ द्यां मन्त्रेभिः सत्यैः ।
प्रिया पदानि पश्वो नि पाहि विश्वायुरग्ने गुहा गुहं गाः ।३।
य ईं चिकेत गुहा भवन्तमा यः ससाद धारामृतस्य ।
वि ये चृतन्त्यृता सपन्त आदिद्वसूनि प्र ववाचास्मै ।४।
वि यो वीरुत्सु रोधन्महित्वोत प्रजा उत प्रसूष्वन्तः ।
चित्तिरपां दमे विश्वायुः सद्मेव धीराः संमाय चक्रुः ।५।११

जैसे राजा सर्वगुण सम्पन्न वीर पुरुष का सम्मान करता है, वैसे ही जङ्गलों में उत्पन्न जयशील अग्नि यजमान पर कृपा करते हैं। वह अग्नि चतुर के समान अनुकूल और ज्ञान के समान कल्याणकारी हों। १। अग्नि अन्नों को साथ में धारण कर गुफा हृदय में बैठ गये, इसके फल स्वरूप देवता भतभीत हो गये। इस गुफा स्थित अग्नि को मेधावी जन हृदय से उत्पन्न स्तुतियों के उच्चारण द्वारा जान पाते हैं।२। जैसे सूर्य पृथ्वी को धारण करता है, वैसे अग्नि ने अन्तरिक्ष को धारण किया है तथा सत्य संकल्पों से आकाश को भी धारण किया है। हे अग्ने ! तुम पशुओं के स्थान की रक्षा

आह्वान करता है। तव तुम अग्नि हो सब देव-भाव को प्राप्त हो जाते हैं।३। अग्ने । जिन कर्म नियमों से तुमने मनुष्यों को सुखी किया, वे तुम्हारे नियमों को नहीं तोड़ते । तुमने ही पाप रूप दैत्यों को मनुष्यों के सहयोग से मारकर भगा दिया ।४। उषा प्रेमी सूर्य के समान प्रकाशित, प्रख्यात अग्नि मुझे जानें। अग्नि की सुन्दर लपटें, हवियाहक हुई यज्ञ गृह के द्वार को खोल कर आकाश मार्ग को जाती है ।५०।

७० सूक्त

(ऋषि—पाराशर शक्ति-पुत्र । देवता—अग्नि । छन्द—पंक्ति)

वनेम पूर्वीरयो मनीषा अग्नि सुशोको विश्वान्यश्याः ।
आ दैव्यानि चिकित्वाना मानुषस्य जनस्य जन्म ।१।
गर्भो यो अपां वनाना गर्भश्च स्थाता गर्भश्चरथाम् ।
अद्रौ चिदस्मा अन्तर्दु रोणे विशा न विश्वो अमृत स्वाधी. ।२।
स हि क्षपावाँ अग्नी रयीणा दाशद्यो अस्मा अरं सूक्तै. ।
एता चिकित्वो भूमा नि पाहि देवाना जन्म मर्तांश्च विद्वान् ।३।
वर्धान्यं पूर्वी क्षपो विरूपा स्थातुश्च रथमृतप्रवीतम् :
अराधि होता स्वर्निपत्त कृण्वन्विश्वान्यपांसि सत्या ।४।
गोषु प्रशस्ति वनेषु धिषे भरन्त विश्वे बलि स्वर्ण ।
वि त्वा नरः पुरुत्रा सपर्यन्पितुर्न जिव्रेर्वि वेदो भरन्त ।५।
साधुर्न गृध्नुरस्तेव शूरो यातेव भीमस्त्वेष. समत्सु ।६।१४

हे मनुष्यो ! हम बहुत अन्न की कामना वाले स्तोत्रो को पढ़ें । उत्तम प्रकाशवान अग्नि देवता और मनुष्यो के कार्यो और सृष्टि के रूप को जानते हुए सब मे व्यापक हैं ।१। अग्ने । जल, वन स्थावर जङ्गम के बीज विद्यमान अमर ध्यान युक्त प्राणियो को आत्मा के समान तुमको यजमान के घर या पर्वत पर हवि देते है ।२। रात्रि मे अग्नि की उत्तम स्तुति करने वालो को धन देते है । हे चैतन्य देव अग्नि ! तुम देवता और मनुष्य को जानते हुए उनके रक्षक हो । ३ । विभिन्न रूप वालो

जिस

तब उसने आकाश के गर्भ मे बीज मे डाला । इससे अनिंद्य, युवा, उत्तम कर्म वाले मरुत उत्पन्न हुए जिन्हे वृष्टि के लिए प्रेरित किया ॥ ८ ॥ मन के समान द्रुत गति वाले, मेधावी, धन, के स्वामी, सुन्दर भुजाओ वाले मित्र और वरुण हमारी गायो के उत्पन्न और अमृत तुल्य दूध की रक्षा करें ॥९॥ हे अग्ने ! सर्वज्ञाता और मेधावी तुम हमारी पैतृक मित्रता को न भूलो । बुढ़ापा कायर के समान आकर हमको नष्ट करता है । अतः वह हमारे विनाश को न आवे, उससे पहिले ही वह उपाय करो ॥१०॥ (१६)

७२ सूक्त

(ऋषि—पराशर शाक्त्य । देवता-अग्नि । छन्द त्रिष्टुप्, पंक्ति)

नि काव्या वेधस शश्वतस्कर्हस्ते दधानो नर्या पुरूणि ।
अग्निर्भुवद्रयिपती रयीणा सत्रा चक्राणो अमृतानि विश्वा ।१।
अस्मे वत्स परि षन्त न विन्दन्निच्छन्तो विश्वे अमृता अमूरा ।
श्रमयुव पदव्यो धियंधास्तस्थु पदे परमे चार्वग्ने ।२।
तिस्रो यदग्ने शरदस्त्वामिच्छुचि घृतेन शुचय सपर्यान् ।
नामानि चिद्दधिरे यज्ञियान्यसूदयन्त तन्व सुजाता ।३।
आ रोदसी बृहती वेविदाना प्र रुद्रिया जभ्रिरे यज्ञियास. ।
विदन्मर्तो नेमधिता चिकित्वानग्नि पदे परमे तस्थिवासम् ।४।
संजानाना उप सीदन्नभिज्ञु पत्नीवन्तो नमस्य नमस्यन् ।
रिरिक्वांसस्तन्व: कृण्वत स्वा. सखा सख्युर्निमिषि रक्षमाणा. ।५।१७

मनुष्यो का हित करने वाले अग्नि बहुत सा धन हाथ मे लिये हुए है । वे विधाता के ज्ञान से सभी रमणीय धनो को उत्पन्न करते हुए ऐश्वर्यों के स्वामी होते हैं ।१। हमारे प्रिय अग्नि की इच्छा होते हुए भी अमर और सुमति वाले देवताओ ने उन्हे ठीक प्रकार नही जाना । तब वे थके हुए पैरो से चलते हुए, ध्यानपूर्वक अग्नि के स्थान मे पहुँचे ॥२॥ हे अग्ने ! जब मरुतो ने तीन वर्ष पर्यन्त तुम्हारा घृत मे पूजन किया, तब उन्होने यज्ञयोग्य नामो को धारण कर उच्च देवो मे उत्पन्न हो अमरत्व को प्राप्त किया ॥ ३ ॥ महान

पृथिवी और आकाश का ज्ञान कराते हुए पुण्य कर्मों ने अग्नि के [illegible] को भेद किया, तब उन्होंने उत्तम स्थान में स्थित अग्नि को पाया ॥ देवगण दर्शनीय हुए और [illegible] और [illegible] सहित उनकी पू[illegible] फिर अग्नि को मित्र जानकर उसका पालन कर यश किया और अपने [illegible] की रक्षा की ॥ ५ ॥

त्रिः सप्त यद् गुह्यानि त्वे इत् पदाविदन्निहिता यज्ञियासः ।
तेभी रक्षन्ते अमृतं सजोषाः पशूञ्च स्थातॄञ्चरथं च पाहि ।६।
विद्वाँ अग्ने वयुनानि क्षितीनां व्यानुषक् छुरुधो जीवसे धाः ।
अन्तर्विद्वाँ अध्वनो देवयानानतन्द्रो दूतो अभवो हविर्वाट् ।७।
स्वाध्यो दिव आ सप्त यह्वी रायो दुरो व्यृतज्ञा अजानन् ।
विदद्गव्यं सरमा दृळहमूर्वं येना नु कं मानुषी भोजते विट् ।८।
आ ये विश्वा स्वपत्यानि तस्थुः कृण्वानासो अमृतत्वाय गातुम् ।
मह्ना महद्भिः पृथिवी वि तस्थे माता पुत्रैरदितिर्धायसे वेः ।९।
अधि श्रियं नि दधुश्चारुमस्मिन्दिवो यदक्षी अमृता अकृण्वन् ।
अध क्षरन्ति सिन्धवो न सृष्टाः प्र नीचीरग्ने अरुषीरजानन् ।१०।१८

हे अग्ने ! तुममें स्थित जिन इक्कीस गूढ पदों को देवगण ने प्राप्त किया, वे उनसे अपनी रक्षा करते हैं । हे अग्ने ! तुम पशुओं और स्थावर जङ्गम की रक्षा करो ॥ ६ ॥ हे अग्ने ! मनुष्यों के व्यवहारों के ज्ञाता तुमने जीवन के निमित्त अन्नों की स्थापना की तथा देव-मार्गों को जानते हुए तुम निरालस्य हुए, हविवाहक दूत बने ॥ ७ ॥ हे अग्ने ! ध्यान से सृष्टि के नियमों को जानने वाले ऋषियों ने आकाश से नकली सात नदियों को धन का द्वार रूप समझा । तुम्हारी प्रेरणा से सरमा ने गौओं को खोज लिया, जिनसे मनुष्यों का पोषण होता है ॥ ८ ॥ हे अग्ने ! जिन्होंने उत्तम कर्मों द्वारा अमरत्व प्राप्ति का यत्न किया, उन्हीं के सत्कर्मों से यह पृथिवी महिमा पूर्वक अपने स्थान पर स्थित है ॥ ९ ॥ देवगण ने इस लोक में सुन्दर शोभा स्थापित की और आकाश को दो नेत्र दिये । इसके पश्चात ही मनुष्य सरित के समान नीचे उतरती हुई उषा को जान[illegible] ॥१०॥

७३ सूक्त

(ऋषि – पाराशर शाक्त्य । देवता-अग्नि । छन्द-त्रिष्टुप्)

रयिर्न य पितृवित्तो वयोधा सुप्रणीतिश्चिकितुषो न शासु ।
स्योनशीरतिथिर्न प्रीणानो होतेव सद्म विधतो वि तारीत् ।१।
देवो न य सविता सत्यमन्मा क्रत्वा निपाति वृजनानि विश्वा ।
पुरुप्रशस्तो अमतिर्न सत्य आत्मेव शेवो दिधिषाय्यो भूत् ।२।
देवो न य पृथिवी विश्वधाया उपक्षेति हितमित्रो न राजा ।
पुर सद शर्मसदो न वीरा अनवद्या पतिजुष्टेव नारी ।३।
त त्वा नरो दम आ नित्यमिद्धमग्ने सचन्त क्षितिषु ध्रुवासु ।
अधि द्युम्न नि दधुर्भूर्यस्मिन्भवा विश्वायुर्धरुणो रयीणाम् ।४।
वि पृक्षो अग्ने मघवानो अश्युर्वि सूरयो ददतो विश्वमायु ।
सनेम वाज समिथेष्वर्यो भाग देवेषु श्रवसे दधाना ।५।१६

यह अग्नि पैतृक धन के समान देने है । मेधावी के समान शासक है । अतिथि के समान प्रिय है तथा होता के समान यजमान के घर की वृद्धि करते है ।।१।। ज्योतिर्मान सूर्य के समान प्रकाशित अग्नि अपने कर्मों द्वारा रक्षक हैं । मनुष्यों मे प्रशसा पाये हुए वे प्रकृति के समान परिवर्तन शील नहीं, है । वे आत्मा के समान सतोषी और यजमान द्वारा ग्रहण किये जाते हैं ।। २ ।। दीप्तिमान सूर्य के समान ससार का धारक यह अग्नि अनुकूल अनुचरों मे सम्पन्न राजा के समान निर्भय है । सभी जीव उसके पितृ तुल्य आश्रय मे रहते हैं और पतिव्रता प्रशसित नारी के समान अग्नि का अभिनन्दन करते हैं ।। ३ ।। हे अग्ने ! उपद्रव रहित घरो मे प्रदीप्त हुए तुम्हारी मनुष्यगण सेवा करते है । देवताओं ने तुम मे अत्यन्त तेज भरा है । तुम सबके प्राण रूप हो । हमारे लिए सब धनों को दो ।। ४ ।। हे अग्ने ! हम अन्न दाता अन्न प्राप्त करें ! हविदाता पूर्ण आयु प्राप्त करें । यज्ञ के निमित्त देवताओं को हवि देते हुए हम युद्ध में शत्रु के अन्न को प्राप्त करें ।।५।।　　　　(१६)

ऋतुस्य हि धेनवो वावशानाः स्मदूध्नी पीपयन्तः जुभक्ताः ।
परावतः सुमतिं भिक्षमाणा वि सिन्धवः समया सस्रु रद्रिम् ।६।
त्वे अग्ने सुमतिं भिक्षमाणा दिवि श्रवो दधिरे यज्ञियासः ।
नक्ता च चक्रुरुषसा विरूपे कृष्णं च वर्णमरुणं च सं धुः ।७।
यानुराये मर्तान्त्सुषूदो अग्ने ते स्याम मघवानो वयं च ।
छायेव विश्वं भुवनं सिसक्ष्यापप्रिवान्रोदसी अन्तरिक्षम् ।८।
अर्वद्भिरग्ने अर्वतो नृभिर्नृन्वीरैर्वीरान्वनुयामा त्वोताः ।
ईशानास. पितृवित्तस्य रायो वि सूरयः शतहिमा नो अश्युः ।९।
एता ते अग्न उचथानि वेधो जुष्टानि सन्तु मनसे हृदे च ।
शकेम रायः सुधरो यमं तेऽधि श्रवो देवभक्तं दधानाः ।१०।२०

नित्य दूध देने वाली गौयें कामना पूर्वक यज्ञ स्थान मे अग्नि को दूध से सींचती हैं । कल्याणकारिणी नदियाँ, पर्वत के निकट से बहती हुई अग्नि के सामने झुकती है ॥ ६ ॥ हे अग्ने ! कल्याणकारी बुद्धि की याचना करते हुए पूज्य देवगण ने तुमको यशस्वी बनाया है । विभिन्न रूप वाली रात्रि और उषा को विभिन्न अनुष्ठानो के लिये नियुक्ति किया है । इन दोनो के काले और अरुण रङ्ग हैं ॥७॥ हे अग्ने ! तुम जिन्हे धन के लिये प्रेरित करते हो, वे और हम धनवान हों । तुम सब संसार के साथ छाया के समान रहते हो । तुम्हीं ने आकाश, पृथिवी और अन्तरिक्ष को प्राप्त किया ॥ ८ ॥ हे अग्ने ! तुम्हारी रक्षा से रहित हुए हमने पैतृक धन को प्राप्त किया । हमारे घोड़ों से शत्रु के घोड़ों को, मनुष्यों से मनुष्यों को, योद्धा से योद्धा को हटाते हुए स्तोता को शतायु करो ॥९॥ हे मेधावी अग्ने ! यह स्तोत्र तुमको प्रिय हों । देवताओं के दिये हुए धन को धारण करते हुए हम तुम्हारे धनवाहक रथ को स्थिर करने मे समर्थ हों । १०॥ (२०)

७४ सूक्त [तेरहवाँ अनुवाक]

(ऋषि - गोतमो राहूगणः । देवता - अग्नि । छन्द—गायत्री)

... मन्त्रं वोचेमाग्नये । आरे अस्मे च ...

यः स्नीहितीषु पूर्व्यः संजग्मानासु कृष्टिषु । अरक्षद्दाशुषे गयम् ।२।
उत ब्रुवन्तु जन्तव उदग्निर्वृत्रहाजनि । धनञ्जयो रणेरणे ।३।
यस्य दूतो असि क्षये वेषि हव्यानि वीतये । दस्मत्कृणोष्यध्वरम् ।४।
तमित्सुहव्यमङ्गिरः सुदेवं सहसो यहो ।
जना आहुः सुबर्हिषम् ।५।२१

दूर से भी स्तुतियों को सुनने वाले अग्नि के निमित्त यज्ञ के समीप जाते हुए स्तुति करे ॥ १ ॥ जो अग्नि हिंसक स्वभाव वाली प्रजाओं के एकत्र होने पर यजमान के घर की रक्षा करते हैं उनका हम स्तवन करें ॥ २ ॥ अग्नि शत्रु-नाशक और युद्ध में धन को जीतने वाले हैं, उनका जय घोष करें ॥३॥ हे अग्ने ! जिस घर में दूत बने तुम देवताओं के लिए हवि वहन करते हो, उस घर में यज्ञ को अभीष्टदायक बनाते हो ॥ ४ ॥ हे बल के पुत्र अग्ने ! तुम यजमान को सुन्दर हवि से युक्त सुन्दर देवताओं से तथा सुन्दर यज्ञ से पूर्ण करते हो ॥५॥　　　　　　　　　　　　　　　　　(२१)

आ च वहासि ता इह देवा उप प्रशस्तये । हव्या सुश्चन्द्र वीतये ।६।
न योरुपब्दिरश्व्यः शृण्वे रथस्य कच्चन । यदग्ने यासि दूत्यम् ।७।
त्वोतो वाज्यह्रयोऽभि पूर्वस्मादपरः । प्र दाश्वाँ अग्ने अस्थात् ।८।
उत द्युमत्सुवीर्यं बृहदग्ने विवाससि । देवेभ्यो देव दाशुषे ।९।२२।

हे सुखदाता अग्ने ! उन देवता को स्तुतियां सुनने और हवि ग्रहण करने के लिए यहाँ लाओ ॥६॥ हे अग्ने ! जब तुम दूत बनकर चलते हो तब तुम्हारे शक्तिशाली रथ या अश्व का शब्द सुनाई नहीं पड़ता ॥७॥ हे अग्ने ! पहले अरक्षित रहा यजमान तुमसे रक्षित होने पर बलयुक्त साहसी हुआ वृद्धि को प्राप्त होता है ॥८॥ हे अग्ने ! तुम हविदाता के लिये सुन्दर तेज तथा बल को देवताओं से प्राप्त करते हो ॥९॥　　　　　　　　　　　　　　　　　(२२)

७५ सूक्त

(ऋषि—गौतमो राहूगण । देवता अग्नि । छन्द—गायत्री)

जुषस्व सप्रथस्तमं वचो देवप्सरस्तमम् । हव्या जुह्वान आसनि ।१।

अथा ते अङ्गिरस्तमाग्ने वेधस्तम प्रियम् । वोचेम ब्रह्म सानसि ।२।
कस्ते जामिर्जनानामग्ने को दाश्वध्वरः । को ह कस्मिन्नसि श्रितः ।३।
त्वं जामिर्जनानामग्ने मित्रो असि प्रियः । सखा सखिभ्य ईड्यः ।४।
यजा नो मित्रावरुणा यजा देवाँ ऋतं बृहत् ।
अग्ने यक्षि स्वं दमम् ।५।२१

हे अग्ने ! मुख मे हवियों को ग्रहण कर हमारे द्वारा देवताओं को अत्यन्त प्रसन्न करने वाले स्तोत्र को स्वीकार करो ॥ १ ॥ अङ्गिराओं में श्रे अग्ने ! हम स्नेह पूर्वक तुम मेधावी की स्तुति करते हैं ॥ २ ॥ हे अग्ने मनुष्यों मे तुम्हारा बन्धु कौन है, तुम्हारा पूजक कौन है ? तुम कौन हो तथ किसके आश्रित हो ? ॥३॥ हे अग्ने ! तुम मनुष्यो मे सबके बन्धु हो । पूजक के रक्षक और मित्रों के लिये स्तुत्य मित्र हो ॥ ४ ॥ हे अग्ने ! तुम हमारे लिए मित्र, वरुण तथा अन्य देवताओं की पूजा करो । अपने यज्ञ वाले घर मे निवास करो ॥५॥

(२३)

७६ सूक्त

(ऋषि गोतम राहूगण । देवता—अग्नि । छन्द-त्रिष्टुप्)

का त उपेतिर्मनसो वराय भुवदग्ने शंतमा का मनीषा ।
को वा यज्ञैः परि दक्षं त आप केन वा ते मनसा दाशेम ।१।
एह्यग्न इह होता नि षीदादब्धः सु पुरएता भवा नः ।
अवतां त्वा रोदसी विश्वमिन्वे यजा महे सौमनसाय देवान् ।२।
प्र सु विश्वान् रक्षसो धक्ष्यग्ने भवा यज्ञानामभिशस्तिपावा ।
अथा वह सोमपतिं हरिभ्यामातिथ्यमस्मै चकृमा सुदाव्ने ।३।
प्रजावता वचसा वह्निरासा च हुवे नि च सत्सीह देवैः ।
वेषि होत्रमुत पोत्रं यजत्र बोधि प्रयन्तर्जनितर्वसूनाम् ।४।
यथा विप्रस्य मनुषो हविर्भिर्देवाँ अयजः कविभिः कविः सन् ।
एवा होतः सत्यतर त्वमद्याग्ने मन्द्रया जुह्वा यजस्व ।५।२२

हे अग्ने ! तुम्हारा मन सन्तुष्ट करने के लिए तुम्हारे पास आकर कौन-सी स्तुति करें जो तुमको सुख देने वाली हो ? तुम्हारे सामर्थ्य के योग्य यज्ञ कौन करे ? किस बुद्धि से तुमको हवि दें ? ॥ १ ॥ हे अग्ने ! यहाँ, इस यज्ञ में 'होता' रूप विराजो। तुम पीड़ा रहित हुए हमारे लिए अग्रणी बनो। सर्व व्यापक आकाश पृथिवी तुम्हारी रक्षा करें। तुम हमको महान प्रसाद प्राप्त कराने के लिये देवार्चन करो। २ ॥ हे अग्ने ! राक्षसों को दग्ध करो। यज्ञ को हिंसकों से बचाओ। फिर सोमस्वामी इन्द्र को अश्वों सहित हमारे आतिथ्य के लिये आओ ॥ ३ ॥ तुम अग्नि का मैं आह्वान करता हूँ। तुम देवताओं के साथ यज्ञ में रहते हो। हे पूज्य ! तुम 'होता' और 'पोता' का कर्म करने वाले हो। तुम धनोत्पादक हो, धन के निमित्त मुझ पर कृपा करो ॥४॥ हे अग्ने ! तुम सत्य स्वरूप तथा होता रूप हो ! तुमने ऋषियों के साथ मेधावी मनु की हवियाँ देवताओं को ग्रहण कराई थी। अतः प्रसन्नता देने वाली जुहू (आहुति देने का पात्र) से आहुति ग्रहण करो ॥५॥ (२४)

७७ सूक्त

(ऋषि—गोतमो राहूगण । देवता अग्नि । छन्द पंक्ति त्रिष्टुप्)

कथा दाशेमाग्नये कास्मै देवजुष्टोच्यते भामिने गीः।
यो मर्त्येष्वमृत ऋतावा होता यजिष्ठ इत्कृणोति देवान् ॥१॥
यो अध्वरेषु शंतम ऋतावा होता तमू नमोभिरा कृणुध्वम्।
अग्निर्यद्वेर्मर्ताय देवान्त्स चा बोधाति मनसा यजाति ॥२॥
स हि क्रतुः स मर्यः स साधुर्मित्रो न भूदद्भुतस्य रथीः।
तं मेधेषु प्रथमं देवयन्तीर्विश उप ब्रुवते दस्ममारीः ॥३॥
स नो नृणां नृतमो रिशादा अग्निर्गिरोऽवसा वेतु धीतिम्।
तना च ये मघवानः शविष्ठा वाजप्रसूता इषयन्त मन्म ॥४॥
एवाग्निर्गोतमेभिर्ऋतावा विप्रेभिरस्तोष्ट जातवेदाः।
स एषु द्युम्नं पीपयत्स वाजं स पुष्टिं याति जोषमा चिकित्वान् ॥५॥२५

अग्नि को किस प्रकार हवि दें ? कौन-सी देव प्रिय स्तुति कहें ? यह मरण धर्म वाले मनुष्य के लिए उत्तम यज्ञ करने वाले, देवताओं के निमित्त यज्ञ करते हैं ॥१॥ यज्ञ-कर्म द्वारा अत्यन्त सुखदायक यज्ञ युक्त होता को नमन करो। देवताओं के समीप पहुँचने वाले अग्नि उनको जानते हैं और हृदय से उनको पूजते हैं। अग्नि ही यज्ञ, यजमान हैं, वे ही दिव्य धन प्राप्त कराने वाले मित्र के समान परोपकारी हैं तथा देवताओं की कामना करते हैं। यज्ञों में पहले उन्हीं अद्भुत कर्म वाले का आह्वान किया जाता है ॥३॥ मनुष्यों में श्रेष्ठ, शत्रु-भक्षक वह अग्नि हमारी स्तुतियों को चाहें। वे महान ऐश्वर्य वाले, ऐश्वर्य प्रेरित करने के लिए हमारे पूजन को ग्रहण करें ॥४॥ यज्ञ युक्त अग्नि की गौतमों ने स्तुति की। सर्व प्राणियों के ज्ञाता-अग्नि ने यश और धन की वृद्धि कर पोषण शक्ति को बढ़ाया। वे अग्नि अपने साधक की भक्ति को जानकर कृपा करते हैं। (५)

७८ सूक्त

(ऋषि—गोतमो राहूगण । देवता—अग्नि । छन्द—गायत्री)

अभि त्वा गोतमो गिरा जातवेदो विचर्षणे ।
द्युम्नै रभि प्र णोनुमः ।१।
तमु त्वा गोतमो गिरा रायस्कामो दुवस्यति ।
द्युम्नैरभि प्र णोनुमः ।२।
तमु त्वा वाजसातममङ्गिरस्वद्धवामहे । द्युम्नैरभि प्र णोनुमः ।३।
तमु त्वा वृत्रहन्तमं यो दस्यूँरवधूनुषे । द्युम्नैरभि प्र णोनुमः ।४।
अवोचाम रहूगणा अग्नये मधुमद्वचः । द्युम्नैरभि प्र णोनुमः ।५।२६

हे सर्वभूतों के ज्ञाता, द्रष्टा अग्ने ! गौतम वंशी तुम्हारे लिए अत्यन्त उज्ज्वल स्तुतियों को मधुर वचनों से निवेदन करते हैं ॥१॥ धन की कामना से गौतमवंशी तुम्हारी स्तुतियाँ करते हैं। हम भी उज्ज्वल मन्त्रों से तुम्हारा स्तवन करते हैं ॥ २ ॥ अत्यन्त अन्न प्रदानकर्त्ता तुम्हारा हम अङ्गिराओं के समान आह्वान करते हैं और उज्वल मन्त्रों से तुम्हा[illegible] हैं ॥ ३ ॥

मनुष्यों के शत्रुओं को बींधने वाले वृत्र नाशक अग्नि को हम मन्त्रों द्वारा नमस्कार करते हैं ॥४॥ राहूगण ऋषियों ने अग्नि के प्रति मधुर स्तुतियों को। उन्हीं के निमित्त हम प्रकाशित मन्त्रों से स्तुति करते हैं ॥५॥ (२६)

७९ सूक्त

(ऋषि—गोतम राहूगण । देवता अग्नि । छन्द-त्रिष्टुप्)

हिरण्यकेशो रजसो विसारेऽहिर्धुनिर्वात इव ध्रजीमान् ।
शुचिभ्राजा उषसो नवेदा यशस्वतीरपस्युवो न सत्याः ॥१॥
आ ते सुपर्णा अमिनन्त एवैः कृष्णो नोनाव वृषभो यदीदम् ।
शिवाभिर्न स्मयमानाभिरागात्पतन्ति मिहः स्तनयन्त्यभ्रा ॥२॥
यदीमृतस्य पयसा पियानो नयन्नृतस्य पथिभी रजिष्ठैः ।
अर्यमा मित्रो वरुणः परिज्मा त्वचं पृञ्चन्त्युपरस्य योनौ ॥३॥
अग्ने वाजस्य गोमत ईशानः सहसो यहो ।
अस्मे धेहि जातवेदो महि श्रवः ॥४॥
स इधानो वसुष्कविरग्निरीळेन्यो गिरा ।
रेवदस्मभ्य पुर्वणीक दीदिहि ॥५॥
क्षपो राजन्नुत त्मनाग्ने वस्तोरुतोषसः ।
स तिग्मजम्भ रक्षसो दह प्रति ॥६॥२७

अग्नि आकाश के समान विस्तृत, लहराते हुए सर्पों के समान स्वर्णिम केशों वाले वायु के समान वेग वाले, उत्तम प्रकाशयुक्त तथा उषा के ज्ञाता है। वे कर्तव्य में लीन यशस्विनी महिला के समान शोभित है ॥ १ ॥ हे अग्ने ! काले बादल रूप वाले बैल के गर्जन के समान पक्षयुक्त तुम्हारी दमक, चमक कर लुप्त हो गई, तब कल्याणकारी वृष्टि हँसती-सी वर्षा ने लगी और मेघों में तुम गर्जने लगे ॥ २ ॥ यज्ञ के हव्य से वृद्धि को प्राप्त अग्नि सरल मार्ग में देवगण को यज्ञ में पहुँचाते हैं। तब अर्यमा, वरुण और मरुद्गण दिशाओं में मेघों को एकत्र करते हैं ॥ ३ ॥ हे बल के पुत्र अग्ने ! स

[illegible] के [illegible] हमको [illegible] ॥४॥ [illegible], धनों के [illegible], [illegible] उत्तम [illegible] ॥५॥ हे [illegible] और [illegible] में भी [illegible] ॥६॥ (२७)

अवा नो अग्न ऊतिभिर्गायत्रस्य प्रभर्मणि । विश्वासु धीषु वन्द्य ।७।
आ नो अग्ने रयिं भर सत्रासाहं वरेण्यम् । विश्वासु पृत्सु दुष्टरम् ।८।
आ नो अग्ने सुचेतुना रयिं विश्वायुपोषसम् । मार्डीकं धेहि जीवसे ।९।
प्र पूतास्तिग्मशोचिषे वाचो गोतमाग्नये । भरस्व सुम्नयुर्गिरः ।१०।
यो नो अग्नेऽभिदासत्यन्ति दूरे पदीष्ट सः । अस्माकमिद्वृधे भव ।११।
सहस्राक्षो विचर्षणिरग्नी रक्षांसि सेधति ।
होता गृणीत उक्थ्यः ।१२।२८।

हे सम्पूर्ण कर्मों मे पूज्य अग्ने ! हमारे द्वारा स्तोत्र निवेदन करने पर तुम अपने रक्षा-साधनों से हमारी रक्षा करो ।।७।। हे अग्ने ! हमारे निमित्त सदा जयशील, दूसरों के द्वारा न जीता जा सके, ऐसे ग्रहणीय धन को प्राप्त कराओ ।। ८ ।। हे अग्ने ! हमारे जीवन में सुख देने वाले तुम पूर्ण आयु के पोषक धन को स्थापित करो ।। ९ ।। हे गौतम ! सुख की इच्छा से तीक्ष्ण से तीक्ष्ण ज्वाला वाले अग्नि के निमित्त पवित्र वचनों वाली स्तुतियाँ उच्चारण करो ।।१०।। हे अग्ने ! पास या दूर वाला जो भी हमको वश मे करना चाहे उसका पतन हो । तुम हमारी वृद्धि करने वाले होओ ।११। हे सहस्राक्ष अग्ने तुम यशस्वी होता और विशेष दृष्टि वाले हो । तुम राक्षसों को दूर करने वाले हो, हम तुम्हारा पूजन करते है ।।१२।। (२८)

८० सूक्त

(ऋषि—गोतमो राहूगणः । देवता—इन्द्र । छन्द-पंक्ति)

इत्था हि सोम इन्मदे ब्रह्मा चकार वर्धनम् ।
शविष्ठ वज्रिन्नोजसा पृथिव्या निः शशा अहिमर्चन्नन[illegible]राज्यम् ।१।

स त्वामदद्वृषा मद सोम श्येनाभृत. सुत ।
येना वृत्र निरद्भ्यो जघन्थ वज्रिन्नोजसार्चन्ननु स्वराज्यम् ।२।
प्रेह्यभीहि धृष्णुहि न ते वज्रो नि यंसते ।
इन्द्र नृम्ण हि ते शवो हनो वृत्र जया अपोऽर्चन्ननु स्वराज्यम् ।३।
निरिन्द्र भूम्या अधि वृत्र जघन्थ निर्दिव ।
सृजा मरुत्वतीरव जीवधन्या इमा अपोऽर्चन्ननु स्वराज्यम् ।४।
इन्द्रो वृत्रस्य दोधत सानु वज्रेण हीलित ।
अभिक्रम्याव जिघ्नतेऽप गर्माय चोदयन्नर्चन्ननु स्वराज्यम् ।५।२६।

हे महाबली इन्द्र ! हर्षदायक सोम के प्रभाव से स्तोता ने प्रशंसा की तुम वज्रधारी ने अपने बल से वृत्र को दण्डित किया । तुम स्वराज्य में प्रकाशित हुए प्रतिष्ठित हो ॥ १ ॥ हे वज्रिन ! श्येन से लाये निष्पन्न बलयुक्त सोम ने तुमको हर्ष युक्त और बलवान बनाया, उससे तुमने वृत्र को जलों से पृथक कर पीड़ित किया । तुम स्वराज्य में प्रकाशित हो ॥ २ ॥ हे इन्द्र ! बढ़ो, शत्रु का सामना करो । तुम निर्भय हो । तुम्हारे वज्र का सामना कोई नहीं कर सकता । तुम्हारा वीर्य ही बल है । तुमने वृत्र को पृथिवी से खींचकर मारा और आकाश से खींचकर वध किया । तुम जीव रक्षक मरुतों से युक्त जलों की वर्षा करो । अपने में तुम स्वयं प्रकाशित हो ॥४॥ क्रोधित इन्द्र ने भय से कांपते हुए वृत्र पर प्रहार किया और जलों को प्रवाह में प्रेरित किया । वे इन्द्र स्वयं प्रकाशमान हैं ॥५॥ (२६)

अधि सानौ नि जिघ्नते वज्रेण शतपर्वणा ।
मन्दान इन्द्रो अन्धसः सखिभ्यो गातुमिच्छत्यर्चन्ननु स्वराज्यम् ।६।
इन्द्र तुभ्यमिदद्रिवोऽनुत्तं वज्रिन्वीर्यम् ।
यद्ध त्यं मायिनं मृगं तमु त्वं माययावधीरर्चन्ननु स्वराज्यम् ।७।
वि ते वज्रासो अस्थिरन्नवतिं नाव्या अनु ।

महत्त इन्द्र वीर्यं बाह्वोस्ते बलं हितमर्चन्ननु स्वराज्यम् ।८।
सहस्रं साकमर्चत परि ष्टोभत विंशतिः ।
शतैनमन्वनोनवुरिन्द्राय ब्रह्मोद्यतमर्चन्ननु स्वराज्यम् ।९।
इन्द्रो वृत्रस्य तविषीं निरहन्त्सहसा सह ।
महत्तदस्य पौंस्यं वृत्रं जघन्वाँ असृजदर्चन्ननु स्वराज्यम् ।१०।३०

सोम से आनन्दित इन्द्र ने सौ गाँठों वाले वज्र से जबड़े पर प्रहार किया । वे मित्रों के लिये धन की कामना करते हुए प्रकाशमान हैं ।। ६ ।। हे वज्रिन ! शत्रुओं का तिरस्कार करने वाला पुरुषार्थ तुम्हारा ही है । तुम्ही ने पशु रूप मायावी वृत्र को मारा । तुम स्वयं प्रकाशमान हो ।।७।। हे इन्द्र ! नब्बे गाढ़ी नदियों के समान तुम्हारा वज्र विस्तृत है । तुम्हारा बल महान है । तुम्हारी दोनों भुजायें दृढ हैं । तुम स्वयं प्रकाशमान हो ।।८।। हे मनुष्यो ! तुम हजारों की संख्या मे एकत्रित होकर इन्द्र का स्तवन करो । बीस स्तोत्र गाओ । यह इन्द्र बहुतो द्वारा स्तुत्य है । ऋषियो ने इन्द्र के लिए मन्त्र रूप स्तुतियों को उन्नत किया है । वे स्वयं प्रकाशमान हैं ।। ९ ।। इन्द्र ने वृत्र का बल क्षीण किया । अपने साहस से उसे साहसहीन बनाया । वृत्र को मारना इसका महान बल है । अपने राज्य मे यह स्वय प्रकाशमान हैं ।।१०।।　　　　(३०)

इमे चित्तव मन्यवे वेपेते भियसा मही ।
यदिन्द्र वज्रिन्नोजसा वृत्रं मरुत्वाँ अवधीरर्चन्ननु स्वराज्यम् ।११।
न वेपसा न तन्यतेन्द्रं वृत्रो वि बीभयत् ।
अभ्येनं वज्र आयसः सहस्रभृष्टिरायतार्चन्ननु स्वराज्यम् ।१२।
यद्वृत्रं तव चाशनिं वज्रेण समयोधयः ।
अहिमिन्द्र जिघांसतो दिवि ते बद्बधे शवोऽर्चन्ननु स्वराज्यम् ।१३।
अभिष्टने ते अद्रिवो यत्स्था जगच्च रेजते ।
त्वष्टा चित्तव मन्यव इन्द्र वेविज्यते भियार्चन्ननु स्वराज्यम् ।१४।
नहि नु यादधीमसीन्द्रं को वीर्या परः ।

आ पप्रौ पार्थिवं रजो बद्बधे रोचना दिवि ।
न त्वावाँ इन्द्र कश्चन न जातो न जनिष्यतेऽति विश्वं ववक्षिथ ॥५॥

शत्रु को मारने वाले इन्द्र की प्रसन्नता और बल के मनुष्यों द्वारा वृद्धि की जाती है। उस इन्द्र का बड़े-छोटे युद्ध मे रक्षा के लिये आह्वान करते है ॥१॥ हे वीर, इन्द्र ! तुम सेना संग तथा अत्यन्त धन दाता हो। तुम छोटे को बढ़ाते हो। तुम सोम वाले यजमान को बहुत धन देते हो ॥ २ ॥ युद्धो मे अभय देने वाले इन्द्र ! तुम दोनों अश्वो को रथ मे जोड़ो। तुम मारते भी हो धन भी देते हो। हमको धन प्रदान करो ॥३॥ महान बुद्धि वाले विकराल इन्द्र ने अपने दर्शनीय बल को वृद्धि की और अश्वो से युक्त दृढ दाढ वाले इन्द्र ने यश के निमित्त-लोह वज्र को ग्रहण किया ॥४॥ इन्द्र ने पृथिवी से सम्बन्धित अन्तरिक्ष को पूर्ण किया और आकाश मे नक्षत्र स्थापित किये। हे इन्द्र ! उत्पन्न हुए प्राणियो में तुम्हारे समान कोई नही तुम अत्यन्त महान हो ॥५॥ (१)

यो अर्यो मर्तभोजनं परा ददाति दाशुषे ।
इन्द्रो अस्मभ्य शिक्षतु वि भजा भूरि ते वसु भक्षीय तव राधसः ।६।
मदेमदे हि नो ददिर्यूथा गवामृजुक्रतुः ।
स गृभाय पुरू शतोभया हस्त्या वसु शिशीहि राय आ भर ।७।
मादयस्व सुते सचा शवसे शूर राधसे ।
विद्मा हि पुरूवसुमुप कामान्तससृज्महेऽथा नोऽविता भव ।८।
एते त इन्द्र जन्तवो विश्व पुष्यन्ति वार्यम् ।
अन्तर्हि ख्यो जसनामर्यो वेदो अदाशुषां तेषाँ नो वेद आ भर ।६।२

जो इन्द्र ! हविदाता को मनुष्यो के उपभोग्य पदार्थो को देते है, वह हमको भी दें। हे इन्द्र ! तुम्हारे पास अनन्त धन है, उसे बाट डालो। मैं भी तुम्हारे धन मे भाग प्राप्त करूँ ॥ ३ ॥ उत्तम बुद्धि वाले इन्द्र हमको गवादि धन देते हैं। हे इन्द्र ! हमको दोनों हाथो से धन प्राप्त करने के लिये हमारी बुद्धि को तीक्ष्ण करो ॥७॥ हे वीर इन्द्र ! सोम सिद्धि होने पर तुम धन के

ए उससे हर्ष प्राप्त करो। तुम अत्यन्त धन वाले माने गये हो। तुम हमारी मना पर ध्यान देते हुए रक्षा करो ॥ ८ ॥ हे इन्द्र ! यह मनुष्य आपके पूर्ण करने योग्य पदार्थों को बढ़ाते है। तुम दान करने वालों के धनों को लेकर हमारे लिए ले आओ ॥९॥ (२)

८२ सूक्त

(ऋषि—गौतमो राहूगण। देवता – इन्द्र। छन्द पंक्ति जगती।)

उपो षु शृणुही गिरो मघवन्मातथा इव ।
यदा न सूनृतावत कर आदर्थयास इद्योजा न्विन्द्र ते हरी ।१।
अग्नि बल के पुत्र हैं। उनके लिए नवीन स्तोत्र भेंट करता हूँ। वे जल से उत्पन्न हैं और होता रूप से धनों के साथ यज्ञ स्थान में विराजमान हैं ॥१॥ वह अग्नि मातरिश्वा के लिए उच्च आकाश में प्रकट हुए। उन उज्ज्वल कर्म से आकाश और पृथिवी दोनों प्रकाशित हुए ॥ २ ॥ उनके अ[जर] प्रकाश और चमकती हुई चिनगारी रूप किरणें बलशाली हैं। वे समुद्र समान रात्रि को पार करते हुए भी कभी काँपते नहीं ॥३॥ लोकों के स्वामी जिन अग्नि को भृगुओं ने अपने बल से प्रेरित किया, उनकी स्तुति करें। वे वरुण के समान सब धनों के एकमात्र स्वामी हैं ॥ ४ ॥ जो अग्नि मरुतों के शब्द, आक्रामक सेना और आकाश के वज्र के समान बाधा रहित हैं, वे वनों को भस्म करते हैं और वनों को योधाओं द्वारा शत्रुओं को भून डालने के समान ही जला देते हैं ॥ ५ ॥ अग्नि हमारे स्तोत्र की कामना करते हुये हमारी धन की इच्छा को पूर्ण करें। हमारे लाभ के लिए कर्मों को प्रेरित करें। मैं अग्नि की स्तुति करता हूँ ॥६॥ अग्नि को प्रदीप्त करने वाले यजमान घृत चिन्ह को मित्र बनाने के इच्छुक हैं। वे प्रकाश के दुर्ग के समान यज्ञ में प्रज्वलित होकर हमारे मन को श्रेष्ठ स्तुति की ओर प्रेरित करते हैं ॥ ७ ॥ हे अग्ने! निरन्तर विश्राम-रहित कल्याण रूप तुम हमारी रक्षा करो, तुम क्लेश-रहित निद्रा-रहित सामर्थ्यों से युक्त हो। हमारी सन्तान की सब ओर से रक्षा करो ॥८॥

१४४ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता—अग्नि । छन्द—जगती पंक्ति)

एति प्र होता व्रतमस्य माययोर्ध्वां दधानः शुचिपेशसं धियम् ।
अभि स्रुचः क्रमते दक्षिणावृतो या अस्य धाम प्रथमं ह निंसते ॥१॥
अभीमृतस्य दोहना अनूषत योनौ देवस्य सदने परीवृताः ।
अपामुपस्थे विभृतो यदावसदध स्वधा अधयद्याभिरीयते ॥२॥
युयूषतः सवयसा तदिद्वपुः समानमर्थं वितरित्रता मिथः ।
आदीं भगो न हव्यः समस्मदा वोळ्हुर्न रश्मीन्त्समयंस्त सारथिः ॥३॥
यमीं द्वा सवयसा सपर्यतः समाने योना मिथुना समोकसा ।
दिवा न नक्तं पलितो युवाजनि पुरू चरन्नजरो मानुषा युगा ॥४॥
तमीं हिन्वन्ति धीतयो दश व्रिशो देवं मर्तास ऊतये हवामहे ।
धनोरधि प्रवत आ स ऋण्वत्यभिव्रजद्भिर्वयुना नवाधितः ॥५॥
त्वं ह्यग्ने दिव्यस्य राजसि त्वं पार्थिवस्य पशुपा इव त्मना ।
एनी त एते बृहती अभिश्रिया हिरण्ययी वक्वरी बर्हिराशाते ॥६॥
अग्ने जुषस्व प्रति हर्य तद्वचो मन्द्र स्वधाव ऋतजात सुक्रतो ।
यो विश्वतः प्रत्यङ्ङसि दर्शतो रण्वः सन्दृष्टौ पितुमाँ इव क्षयः ॥७॥१३

देवाह्वाता अग्नि यज्ञ की ओर स्तोत्रों को बल देते हुए जाते हैं । वे स्रुचों से आहुति प्राप्त करते हुए उठते हैं ॥१॥ अग्नि की ज्वालाएं देवस्थान में, वेदी से घिरे हुए यज्ञ में निकलती हैं । जलों की गोद में अन्तर्हित रहे अग्नि ने प्रकट होकर अपना गुण ग्रहण किया ॥ २ ॥ एक रूप वाली दोनो अरणियाँ परस्पर मिलकर उज्ज्वल रूप वाले की कामना करती हैं । वे अग्नि आह्वान के योग्य हैं । सारथी द्वारा रास पकड़ने के समान, अग्नि हमारी घृत धारा को ग्रहण करते हैं ॥ ३ ॥ समान अवस्था वाले दो मनुष्य, अग्नि की दिन-रात पूजा करते हैं । वे अग्नि कभी वृद्ध नहीं होते । युवा रहते हुए ही हवि भक्षण करते हैं ॥४॥ दश उङ्गलियाँ उस अग्नि की सेवा करती हैं । हम

उन्हें रक्षा के लिये आहूत करते है । वे वायु की गति के समान चलते हुये नई स्तुतियों को धारण करते हैं ॥ ५॥ हे अग्ने ! तुम आकाश और पृथिवी के प्राणियों के स्वामी हो । यह ऐश्वर्य युक्त दोनो ही तुम्हारे यज्ञ को प्राप्त होते है ॥६॥ हे प्रसन्न मन वाले स्वेच्छावान् बली दक्षोत्पन्न अग्ने ! प्रसन्न होकर इस स्तोत्र को स्वीकार करो । तुम अत्यन्त रमणीक और ऐश्वर्यों से पूर्ण हो ॥७॥ (१३)

१४५ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता—अग्नि । छन्द-जगती, त्रिष्टुप्)

तं पृच्छता स जगामा स वेद स चिकित्वाँ ईयते सा न्वीयते ।
तस्मिन्त्सन्ति प्रशिपस्तस्मिन्निष्टयः सवाजस्य शवसः शुष्मिणस्पतिः ।१।
तमित्पृच्छन्ति न सिम्रो वि पृच्छति स्वेनेव धीरो मनसा यदग्रभीत् ।
न मृष्यते प्रथमं नापरं वचोऽस्य क्रत्वा सचते अप्रदृपितः ।२।
तमिद् गच्छन्ति जुह्व स्तमर्वतीर्विश्वान्येक शृणवद्वचांसि मे ।
पुरुप्रैषस्तुरियंज्ञसाधनोऽच्छिद्रोतिः शिशु रादत्त स रभः ।३।
उपस्थायं चरति यत्समारत सद्यो जातस्तत्सार युज्येभिः ।
अभि श्वान्तं मृशते नान्द्ये मुदे यदी गच्छन्त्युशतीरपिष्ठितम् ।४।
स ईं मृगो अप्यो वनर्गुरुप त्वच्युपमस्यां नि धायि ।
व्यब्रवीद्वयुना मर्त्येभ्योऽग्निर्विद्वां ऋतचिद्धि सत्य ।५। ४

वे अग्नि सर्वज्ञाता, सर्वत्र गमनशील, सब के स्तुति-पात्र, अभीष्टयुक्त एवं महाबली हैं ॥ १ ॥ उस अग्नि को सब जानते है । उनके सम्बन्ध में पूछना अनुचित है । स्थिर मन वाला किसी को प्रथम और बाद की बातें नही भूलता । इसलिये अहंकार से शून्य मनुष्य अग्नि का आश्रय लेता है ॥२॥ उसी अग्नि को आहुतियाँ और स्तुतिया प्राप्त होती है । वह आह्वानों को सुनने वाला है, यज्ञ को सिद्ध करने वाला तथा बालक के समान बल वृद्धि को प्राप्त होता है ॥ ३ ॥ अग्नि प्रकट होते ही विचरणशील हैं । यह

तुरन्त ही हविया ग्रहण करते हैं और थके मनुष्यों की थकान को मिटाकर प्रसन्नता प्रदान करते हैं।४। वन मे फिरने वाला अग्नि ईधन से प्राप्त होता है। मेधावी यज्ञ ज्ञाता अग्नि मनुष्यो मे रहकर यज्ञ कर्म मे प्रेरित करता हुआ ज्ञान देता है।५। (१४)

१४६—सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा। देवता अग्नि। छन्द—त्रिष्टुप्।)

त्रिमूर्धान सप्तरश्मि गृणीषेऽनूनमग्नि पित्रोरुपस्थे।
निषत्तमस्य चरतो ध्रुवस्य विश्वा दिवो रोचनापप्रिवासम्।१।
उक्षा महां अभि ववक्ष एने अजरस्तस्थावितऊतिर्ऋष्व।
उर्व्याः पदो नि दधाति सानौ रिहन्त्यूधो अरुषासो अस्य।२।
समानं वत्समभि सञ्चरन्ती विष्वग्धेनू विचरत सुमेके।
अनपवृज्यां अध्वनो मिमाने विश्वान्केतां अधि महो दधाने।३।
धीरास: पद कवयो नयन्ति नाना हृदा रक्षमाणा अजुर्यम्।
सिषासन्त पर्यपश्यन्त सिन्धुमाविरेभ्यो अभवत्सूर्यो नृन्।४।
दिदृक्षेण्य: परि काष्ठासु जेन्य ईलेन्यो महो अर्भाय जीवसे।
पुरुत्रा यदभवत्सूरहैभ्यो गर्भेभ्यो मघवा विश्वदर्शत।५।१५

हे मनुष्य! तीन मस्तक वाले, सात किरणो वाले, पूर्ण रूप वाले आकाश और पृथिवी के मध्य विराजमान और प्रकाशित नक्षत्रों में तेज रूप से व्याप्त इस अग्नि का स्तवन कर।१। इस वीर अग्नि ने आकाश और पृथिवी को सब ओर से व्याप्त किया है। वह जरा रहित और साधनों से युक्त है। पृथिवी के सिर पर अपने पैरों को रख कर खड़े हुए इसकी ज्वालाएँ मेघ रूप स्तन को चाटती है।२। यह आकाश पृथिवी रूप गौयें साझे के बछड़े रूप अग्नि को प्राप्त कर सभी कामनाओं को धारण करती हुई विचरती है।३। बुद्धिमान् ऋषिगण मनुष्यों की रक्षा करते हुए उनको मार्ग दिखाते है। उन्होंने अग्नि की चाहना से समुद्र को सब ओर से देखा तब मनुष्यों का

कल्याण करने वाला सूर्य उत्पन्न हुआ ।४। दिशाओं के विजेता अग्नि छोटे शरीर धारियों के लिये जीवनदाता हुए । वे धन और प्रजाओं को करने में समर्थ हैं ।५।

१४७ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमाः । देवता-अग्नि । छन्द —पंक्ति. त्रिष्टुप ।)

कथा ते अग्ने शुचयन्त आयोर्ददाशुर्वाजेभिराशुषाणाः ।
उभे यत्तोके तनये दधाना ऋतस्य सामन्नणयन्त देवा ।।१।
बोधा मे अस्य वचसो यविष्ठ मंहिष्ठस्य प्रभृतस्य स्वधावः ।
पीयति त्वो अनु त्वो गृणाति वन्दारुस्ते तन्वं वन्दे अग्ने ।२।
ये पायवो मामतेयं ते अग्ने पश्यन्तो अन्धं दुरितादरक्षन् ।
ररक्ष तान्त्सुकृतो विश्ववेदा दिप्सन्त इद्रिपवो नाह देभुः ।३।
यो नो अग्ने अररिवाँ अघायुररातीवा मर्चयति द्वयेन ।
मन्त्रो गुरुः पुनरस्तु सो अस्मा अनु मृक्षीष्ट तन्वं दुरुक्तैः ।४।
उत वा यः सहस्य प्रविद्वान्मर्तो मर्तं मर्चयति द्वयेन ।
अतः पाहि स्तवमान स्तुवन्तमग्ने माकिर्नो दुरिताय धायी. ।५।।६

हे अग्ने ! तुम्हारी प्रकाशित किरणें बलयुक्त जीवन देती हैं । वे पौत्रादि को बढाती हुई पुष्ट करती हैं ।१। हे अत्यन्त युवा अग्ने ! मेरे इस आदर योग्य स्तोत्र को सुनो । एक मनुष्य आपको पीड़ा पहुँचाता है एक स्तुति करता है । मैं तो आपकी स्तुति करने वाला हूँ ।२। हे अग्ने ! तुम्हारी रक्षा से युक्त भक्तो ने ममता के अन्धे पुत्र को बचाया । उन उत्तम कर्म वालों की तुमने रक्षा की । तुम्हें शत्रु किसी प्रकार छल नहीं सकते ।३। हे अग्ने ! ईर्षा युक्त अदानशील पापी हमको छल से दुख देता है उसका वह दुर्विचार उसी को भार स्वरूप हो और वह उसी को नष्ट करे ।४। हे बलवान् ! जो मनुष्य दूसरे से किसी को पीड़ित करना चाहता है, उससे स्तोता की रक्षा रोक । हम दुखी न हों ।५।
(११)

१४८ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता—अग्नि । छन्द—पंक्ति, त्रिष्टुप)

मथीद्यदी विष्टो मातरिश्वा होतारं विश्वाप्सुं विश्वदेव्यम् ।
नि यं दधुर्मनुष्यासु विक्षु स्वर्ण चित्रं वपुषे विभावम् ॥१॥
ददानमिन्न ददभन्त मन्माग्निर्वरूथं मम तस्य चाकन् ।
जुषन्त विश्वान्यस्य कर्मोपस्तुतिं भरमाणस्य कारोः ॥२॥
नित्ये चिन्नु यं सदने जगृभ्रे प्रशस्तिभिर्दधिरे यज्ञियासः ।
प्र सू नयन्त गृभयन्त इष्टावश्वासो न रथ्यो रारहाणाः ॥३॥
पुरूणि दस्मो नि रिणाति जम्भैराद्रोचते वन आ विभावा ।
आदस्य वातो अनु वाति शोचिरस्तुर्न शर्यामसनामनु द्यून् ॥४॥
न यं रिपवो न रिषण्यवो गर्भे सन्तं रेषणा रेषयन्ति ।
अन्धा अपश्या न दभन्नभिख्या नित्यास ईं प्रेतारो अरक्षन् ॥५॥१७

उन सर्व रूप वाले देवस्वरूप होता का मातरिश्वा ने मन्थन किया और उस सूर्य के समान देदीप्यमान अग्नि को देवगण ने मनुष्यों में स्थापन किया ।१। स्तोत्र उच्चारण करते हुये मुझे पात्र पीड़ित न कर पाये मेरी स्तुति सुन अग्नि ने शरण दी और मेरे स्तोत्र को सब देवताओं ने स्वीकार किया ।२। यजमानों ने जिसे ग्रहण कर स्तुतियों से स्थापित किया और रथ में घोड़े जोड़ने के समान आगे बढ़ाया ।३। अद्भुत अग्नि वृक्षों का वर्णन करता है और प्रकाश से वन में चमकता है। इसकी दमकती हुई ज्वाला को वायु तीक्ष्ण रूप में बढ़ाता है ।४। जिसे अप्रकट रहने पर हिंसक पीड़ित न कर सके और अन्धे इसके महात्म को न मिटा सके । इससे प्रीति करने और नित्य धारण करने वाले ही इस अग्नि की रक्षा करते रहे हैं ।५। (१७)

१४९ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता—अग्नि । छन्द—अनुष्टुप ।)

महः स राय एषते पतिर्दन्निन इनस्य वसनः पद आ ।

उप प्रजन्तमद्रयो विधन्नित् ।१।
स यो वृषा नरां न रोदस्यो. श्रवोभिरस्ति जीवपीतसर्ग ।
प्र यः सस्राणः शिश्रीत योनौ ।२।
आ यः पुर नार्मिणीमदीदेदत्य. कविर्नभन्यो नार्वा ।
सूरो न रुरुक्वाञ्छतात्मा ।३।
अभि द्विजन्मा त्री रोजनानि विश्वा रजांसि शुशुचानो अस्थात् ।
होता यजिष्ठो अपां सधस्थे ।४।
अयं स होता यो द्विजन्मा विश्वा दधे वार्याणि श्रवस्या ।
मर्तो यो अस्मै सुतुको ददाश ।५।१८

वह अत्यन्त ऐश्वर्यवान् धन स्वामी देने के लिये यज्ञ में आतेहैं। सोम कूटने के पाषाण उनके लिये रस तैयार करने हैं ।१। जो आकाश और पृथिवी मे यशस्वी रहते है उसे त्याग कर जीव दुःख भोगते हैं। वह अग्निवेदी में वास करते हैं। । जिसने मनुष्य शरीर मे दोहन किया, वह अग्नि शीघ्रगामी अश्व के समान प्रशंसनीय हैं ।३।दो जन्म वाले अग्नि तीनो ज्योतियो और सब लोकों को प्रकाशित करते हैं। यह अत्यन्त पूज्य होता के रूप मे नियुक्त हुए हैं ।४। वह दो जन्म वाले देवताओं के बुलाने वाले हैं। जो मनुष्य इनको हवि देता है उसे वह वरणीय धन और यश का देने वाला है ।५। (१८

१५० सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमाः । देवता—अग्नि । छन्द—गायत्री उष्णिक)

पुरुत्वा दाश्वान्वोचेऽरिरग्ने तव स्विदा ।
तोदस्येव शरण आ महस्य ।१।
व्यनिनस्य धनिनः प्रहोषे चिदररुषः ।
कदा चन प्रजिगतो अदेवयोः ।२।

स चन्द्रो विप्र मर्त्यो महो व्राधन्तमो दिवि ।
प्रप्रेत्ते अग्ने वनुषः स्याम ।३।१६

हे अग्ने ! आपके आश्रय का इच्छुक स्तोता हवि देता हुआ बार-बार आह्वान करता है ।१। वे अग्नि देवताओं से द्वेष करने वालों के आग्रह पूर्ण आह्वान पर भी नहीं आते ।२। हे मेधावी अग्ने ! वह मनुष्य अत्यन्त यशस्वी होता है, वह सबको प्रसन्न करता है । तुम्हारे साधक हम सदा वृद्धि को प्राप्त हों ।३। (१६)

१५१ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता - मित्रावरुणौ । छन्द—त्रिष्टुप जगती)

मित्रं न यं शिम्या गोषु गव्यवः स्वाध्यो विदथे अप्सु जीजनन् ।
अरेजतां रोदसी पाजसा गिरा प्रति प्रियं यजतं जनुषामवः ॥१॥
यद्ध त्यद्वां पुरुमीळ्हस्य सोमिनः प्र मित्रासो न दधिरे स्वाभुवः ।
अध क्रतुं विदतं गातुमर्चत उत श्रुतं वृषणा पस्त्यावतः ।
आ वां भूषन्क्षितयो जन्म रोदस्योः प्रवाच्यं वृषणा दक्षसे महे ।
यदीमृताय भरथो यदर्वते प्र होत्रया शिम्या वीथो अध्वरम् ॥३॥
प्र सा क्षितिरसुर या महि प्रिय ऋतावानावृतमा घोषथो बृहत् ।
युवं दिवो बृहतो दक्षमाभुवं गां न धुर्युप युञ्जाथे अपः ॥४॥
मही अत्र महिना वारमृण्वथोऽरेणवस्तुज आ सद्मन्धेनवः ।
स्वरन्ति ता उपरताति सूर्यमा निम्रुच उषसस्तक्ववीरिव ।५।६•

प्रकाश की इच्छा से ध्यानरत देवगण ने जीव मात्र की रक्षा के लिये मित्र के समान जिस पूजनीय अग्नि को जलों से उत्पन्न किया, प्रकट होने पर उसके बल और वाणी के प्रभाव से आकाश और पृथिवी कांप उठे ।१। हे मित्रावरुण ! ऋत्विजों ने तुम्हारे लिए अभीष्टदायी सोमरस को अर्पण किया । इसलिए साधक के घर आकर उसका आह्वान सुनो ।२। हे मित्रावरुण ! तुम्हारी वर्णन योग्य उत्पत्ति आकाश, पृथिवी से बताई गई है । तुम इन नियमों का पालन करके और अपने उपासकों के निमित्त प्रकट होते हो । तुम

उत्तम यज्ञों में स्तुतियो द्वारा प्राप्त होते हो ।३। हे मित्र, वरुण ! तुमको मनुष्य अत्यन्त प्रिय है । तुम नियमो की उच्च स्वर से घोषणा करने वाले ०० तुम बैल को धुरे में जोतने के समान विशाल आकाश में सामर्थ्य को जोड़ते हो ।४। हे मित्र और वरुण ! तुम वरणीय धनों को प्राप्त कराने वाले हो । गोष्ठ में रहने वाली गौऐं प्रातकाल और सायकाल आकाश मे उडते हुए पक्षियों के समान सूर्य को देखती हुई रमाती है ।५। (२०)

आ वामृताय केशिनीरनूपत मित्र यव वरुण गातुमर्चथ. ।
अव त्मना सृजतं पिन्वतं धियो युवं विप्रस्य मन्मनामिरज्यथः ।६।
यो वां यज्ञैः शशमानो ह दाशति कविर्होता जजति मन्मसाधनः ।
उपाह तं गच्छथो वीथो अध्वरमच्छा गिर सुमतिं गन्तमस्मयू ।७।
युवां यज्ञैः प्रथमा गोभिरञ्जत ऋतावना मनसो न प्रयुक्तिषु ।
भरन्ति वां मन्मना संयता गिरोऽदृप्यता मनसा रेतदाशाथे ।८।
रेवद्वयो दधाथे रेवदाशाथे नरा मायाभिरितऊति माहिनम् ।
न वां द्या वोऽहभिर्नोत सिन्धवो न देवत्व पणयो नानशुर्मघम् ।९२ ।

हे मित्र और वरुण ! जब तुम धर्म मार्ग की उन्नति करते हो तब यज्ञाग्नि ज्वालाऐं तुम्हारा स्तवन करती है । तुम ऋषियो के स्तोत्र के स्वामी हो । हमारी स्तुतियो की वृद्धि करो ।६। हे मित्रावरुण ! जो स्तोता यज्ञ मे तुम्हारे लिये हवि देता है और जो स्तोत्र रचयिता कवि तुम्हारा स्तवन करता है । तुम दोनो उसे प्राप्त होते हुए उसके यज्ञ को काम्य बनाते हो । अत. हमारी स्तुतियों को सुनकर यहाँ आओ ।७। हे पूर्वनियमा मित्रावरुण ! जो मनुष्य अपने यज्ञों मे हार्दिक भावना से तुम्हारा पूजन करते हैं, वे स्थिर ध्यान से तुम्हारी स्तुति करते हैं । तुम उन्हें प्राप्त होते हो ।८। हे मित्रावरुण ! तुम धनयुक्त बल के धारक हो और मानसिक बल से रक्षा साधन युक्त हुए महान् बनते हो। दिन, रात्रि, नदियाँ और पणि तुम्हारे देवत्व नहीं पा सके, प्राणियों को तुम्हारा हाल भी नहीं मिला ।९। (२१)

१५२ सूक्त

(ऋषि-दीर्घतमा । देवता—मित्रावरुणौ । छन्द—त्रिष्टुप ।)

[य]ुव वस्त्राणि पीवसा वसाथे युवोरच्छिद्रा मन्तवो ह सर्गा ।
[अ]वातिरतमनृतानि विश्वा ऋतेन मित्रावरुणा सचेथे ।१।
[ए]तच्चन त्वो वि चिकेतदेषा सत्यो मन्त्र कविशस्त ऋघावान् ।
[त्रि]रश्रि हन्ति चतुरश्रिरुग्रो देवनिदो ह प्रथमा अजूर्यन् ।२।
[अ]पादेति प्रथमा पद्वतीना कस्तद्वा मित्रावरुणा चिकेत ।
[ग]र्भो भार भरत्या चिदस्य ऋत पिपर्त्यनृत नि तारीत् ।३।
प्रयन्तमित्परि जार कनीना पश्यामसि नोपनिपद्यमानम् ।
अनवपृग्णा वितता वसान प्रिय मित्रस्य वरुणस्य धाम ।।४।।
अनश्वो जातो अनभीशुरर्वा कनिक्रदत्पतयदूर्ध्वसानु ।
अचित्त ब्रह्म जुजुषुर्युवान. प्र मित्रे धाम वरुणो गृणन्तः ।५।
आ धेनवो मामतेयमवन्तीर्ब्रह्मप्रिय पीपयन्त्सस्मिन्नूधन् ।
पित्वो भिक्षेत वयुनानि विद्वानासाविवासन्नदितिमुरुष्येत् ।६।
आ वा मित्रावरुणा हव्यजुष्टि नमसा देवाववसा ववृत्याम् ।
अस्माक ब्रह्म पृतनासु सह्या अस्माक वृष्टिर्दिव्या सुपारा ।७।२२

हे मित्र वरुण ! तुम दोनो तेजरूप वस्त्रो को धारण करते हो, तुम्हारी सृष्टिया सुन्दर और छिद्र रहित है । तुम हर प्रकार से असत्य से दूर रहते हुए सत्य के साथी हो ।१। ऋषियो के वाक्य सत्य है कि मित्र वरुण चतुर्गुण अस्त्रो से सुसज्जित है और वे त्रिगुणात्मक अस्त्र वालो को नष्ट करते हैं । इनके महत्व को कोई नही जानता । देव निन्दको को यह सबसे पहले मारते हैं ।२।। पद-रहित उषा पद युक्त मनुष्यो के आगे जाती है, इससे कर्म को कौन जानता है ? रात्रि का गर्भस्थ पुत्र सूर्य इस ससार का भार वहन करता हुआ सत्य को दृण करता और असत्य को मिटाता है ।३। हम प्रचण्ड तेज रूप वस्त्रधारी मित्रा वरुण के स्थान की ओर उषाओ की कान्ति

क्षीण करने वाले सूर्य को आगे बढता देखते हैं । मित्रावरुण का स्थान
कभी नहीं रहता ।४। बिना घोड़े और बिना रास वाला आदित्य प्रकट होते
ऊँचा चढता और शब्द करता है । मित्रावरुण के स्थानरूप सूर्य की मनुष्य
स्तुति करते हैं ।५। हे मित्र वरुण ! स्नेह दायनी गौऐं मुझ ममता के
अपने थन से उत्पन्न दूध पिलावें । धर्म मार्ग वाले अन्न मांगें और
सेवा करते हुए यज्ञ को बढावें ।६। हे मित्रवरुण ! मैं अपनी रक्षा के लिए
नमस्कार पूर्वक हविदान करूँ । हमारी स्तुतियों के प्रभाव से युद्ध में
शत्रु वशीभूत हों तथा दिव्य वर्षा कर हमको दुखों से पार लगावें ।७। (२२)

१५३ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता—मित्रावरुणौ । छन्द—त्रिष्टुप्, पंक्ति)

यजामहे वां महः सजोषा हव्येभिर्मित्रावरुणा नमोभिः ।
घृतैर्घृतस्नू अध यद्वामस्मे अध्वर्यवो न धीतिभिर्भरन्ति ।१।
प्रस्तुतिर्वां धाम न प्रयुक्तिरयामि मित्रावरुणा सुवृक्तिः ।
अनक्ति यद्वां विदथेषु होता सुम्नं वां सूरिर्वृषणावियक्षन् ।२।
पीपाय धेनुरदितिर्ऋताय जनाय मित्रावरुणा हविर्दे ।
हिनोति यद्वां विदथे सपर्यन्त्स रातहव्यो मानुषो न होता ।३।
उत वां विक्षु मद्यास्वन्धो गाव आपश्च पीपयन्त देवीः ।
उतो नो अस्य पूर्व्यः पतिर्दन्वीतं पात पयस उस्रियायाः ।४।२३

हे जल रूप घृत वर्षक मित्रा वरुण ! हम घृत युक्त हवियों से नमस्कार
पूर्वक तुम्हारी पूजा करते हैं । हमारे अध्वर्यु तुमको हवि भेंट करते हैं ।१। हे
मित्रा वरुण ! तुम्हारी स्तुति तेज की प्रेरक है । इसलिये मैं सुन्दर स्तुतियों से
तेज प्राप्त करता हूँ । जो होता तुम्हें पूजने की इच्छा करता और तुम्हें प्रसन्न
करना चाहता है , वह यज्ञ में तुमको पुष्ट युक्त हवि देता है ।२। हे मित्रावरुण
"रातहव्य" के यज्ञ कर्म से प्रसन्न हुए तुमने उसकी गाय को दूध वाली किया
था, वैसे ही यजमान तुम्हें हवि देता हुआ अपनी गायों को अत्यन्त दूध वाली
होने की याचना करता है ।३। हे तेजस्वी पुरुषो ! आपके यज्ञ आदि कार्यों की
वृद्धि हो । आपको पर्याप्त गो दुग्ध उपलब्ध हों ताकि शरीर हर प्रकार से पुष्ट
रहे ।   (४)

१५४ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता - विष्णु । छन्द त्रिष्टुप्)

विष्णोर्नु कं वीर्याणि प्र वोचं यः पार्थिवानि विममे रजांसि ।
यो अस्कभायदुत्तरं सधस्थं विचक्रमाणस्त्रेधोरुगायः ॥१॥
प्र तद्विष्णु स्तवते वीर्येण मृगो न भीमः कुचरो गिरिष्ठाः ।
यस्योरुषु त्रिषु विक्रमणेष्वधिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा ॥२॥
प्र विष्णवे शूषमेतु मन्म गिरिक्षित उरुगायाय वृष्णे ।
य इदं दीर्घं प्रयतं सधस्थमेको विममे त्रिभिरित्पदेभिः ॥३॥
यस्य त्री पूर्णा मधुना पदान्यक्षीयमाणा स्वधया मदन्ति ।
य उ त्रिधातु पृथिवीमुत द्यामेको दाधार भुवनानि विश्वा ॥४॥
तदस्य प्रियमभि पाथो अश्यां नरो यत्र देवयवो मदन्ति ।
उरुक्रमस्य स हि बन्धुरित्था विष्णोः पदे परमे मध्व उत्सः ॥५॥
ता वां वास्तून्युश्मसि गमध्यै यत्र गावो भूरिशृङ्गा अयासः ।
अत्राह तदुरुगायस्य वृष्णः परमं पदमव भाति भूरि ॥६॥

हम तुम दोनो के उस स्थान को कामना करते है जहां अत्यन्त शक्ति वाली सिद्ध रूप गौएं हैं। स्तुति के योग्य विष्णु का उच्च पद तेज मे परिपूर्ण हैं।६। (२४)

१५५ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमा । देवता- विष्णु । छन्द–त्रिष्टुप जगती)

प्र व: पान्तमन्धसो धियायते महे शूराय विष्णवे चाचत ।
या सानुनि पर्वतानामदाभ्या महस्तस्थतुरर्वतेव साधुना ।१।
त्वेषमित्था समरणं शिमीवतोरिन्द्राविष्णु सुतपा वामुरुष्यति ।
या मर्त्याय प्रतिधीयमानमित्कृशानोरस्तुरसनामुरुष्यथ: ।२।
ता ईं वर्धन्ति मह्यस्य पौंस्य नि मातरा नयति रेतसे भुजे ।
दधाति पुत्रोऽवरं परं पितुर्नाम तृतीयमधि रोचने दिव: ।३।
तत्तदिदस्य पौंस्यं गृणीमसीनस्य त्रातुरवृकस्य मीलहुष: ।
य: पार्थिवानि त्रिभिरिद्विगामभिरुरु क्रमिष्टोरुगाय जीवसे ।।४।।
द्वे इदस्य क्रमणे स्वर्दृशोऽभिख्याय मर्त्यो भुरण्यति ।
तृतीयमस्य नकिरा दधर्षति वयश्चन पतयन्त: पतत्रिण: ।५।
चतुर्भि: साकं नवतिं च नामभिश्चक्रं न वृत्तं व्यतींरवीविपत् ।
बृहच्छरीरो विमिमान ऋक्वभिर्युवाकुमार: प्रत्येत्याहवम् ।६।२५

मनुष्यो ! अपने रक्षक सोम रूप अन्न को इन्द्र और विष्णु के लिये सिद्ध करो। वे दोनो उन्नत कर्म वाले किसी के बहकावे मे नही आते ।१। हे इन्द्र और विष्णु ! तुम कर्मों के फल देने वाले स्वामी हो। तुम्हारे लिये साधक सोम निचोड कर तैयार करता है। तुम शत्रु द्वारा लक्ष्य कर फेंके गये बाणो से उसकी रक्षा करने मे समर्थ हो।२। सभी आहुतियां इन्द्र के बल वीर्य को पुष्ट करती हैं। इन्द्र वृष्टि से अन्न देते हैं। अन्न रूप वीर्य रज से पुत्र प्राप्ति होती है उसी से तृतीय नाम पौत्र हुआ। प्राणियो की उत्पत्ति इन्द्र और विष्णु के

दया प्राप्त करे ।३। मरुतों को प्रेरणा देने वाले इन विष्णु की इच्छा मे वरुण और अश्विनीकुमार सदा तत्पर रहते हैं । विष्णु ही मित्रयुक्त दिन को प्राप्त कराने वाले श्रेष्ठ बल को धारण करते हुऐ अन्धकार को मिटाकर प्रकाश करते हैं ।४। जो उत्तम कर्म वाले विष्णु और इन्द्र की सेवा मे तत्पर रहते है, वे त्रैलोक्य स्वामी परमात्मा से यजमान को यज्ञ फल का भागी बनाते हैं ।५। .२६)

१५७ सूक्त [बाइसवां अनुवाक]

(ऋषि—दीर्घतमा. । देवता—अश्विनौ । छन्द—त्रिष्टुप जगती)

अबोध्यग्निर्ज्म उदेति सूर्योव्यु षाश्चन्द्रा मह्यावो अर्चिषा ।
आयुक्षातामश्विना यातवे रथ प्रासावीद्देवः सविता जगत्पृथक् ॥१॥
यद्यु ञ्जाथे वृषणमश्विना रथ घृतेन नो मधुना क्षत्रमुक्षतम् ।
अस्माक ब्रह्म पृतनासु जिन्वत वयं धना शूरसाता भजेमहि ॥२॥
अर्वाङ् त्रिचक्रो मधुवाहनो रथो जीराश्वो अश्विनोर्यातु सुष्टुतः ।
त्रिवन्धुरो मघवा विश्वसौभगः श न आ वक्षद्द्विपदे चतुष्पदे ।३।
आ न ऊर्जं वहतमश्विना युव मधुमत्या नः कशया मिमिक्षतम् ।
प्रायुस्तारिष्टं नी रपांसि मृक्षतं सेधत द्वेषो भवत सचाभुवा ।४।
युव ह गर्भं जगतीषु धत्थो युवं विश्वेषु भुवनेष्वन्तः ।
युवमग्निं च वृषणावपश्च वनस्पती रश्विनावैरयेथाम् ।५।
युवं ह स्थो भिषजा भेषजेभिरथो ह स्थो रथ्या राथ्येभिः ।
अथो ह क्षत्रमधि धत्थ उग्रा यो वा हविष्मान्मनसा ददाश ।६।२७

अग्निदेव चैतन्य हुए सूर्य उदित हुए आनन्द दायनी उषा प्रकाश के साथ आई । अश्विदेवों ने रथ को जोड़ा और सवितादेव ने संसार को उत्तम प्रेरणा दी ।१। हे रथ जोतने वाले अश्विदेवो ! हमारी मातृभूमि को मधु और घृत से सिंचित करो । हमारी स्तुतियों को युद्ध मे बलिष्ठ करो । हम युद्ध मे विशाल धन को जीतें ।२। तुम्हारा तीन पहिये वाला धनों से युक्त द्रुतगामी रथ हमारी

स्तुतियों द्वारा प्रत्यक्ष हो और हमारे दुपायें और चौपायों को सुखी बनाओ ।३। हे अश्विद्वय ! तुम हमको धनी बनाओ । मधुर रस से हमें सींचो । हमारी आयु की वृद्धि करो । पाप को दूर करो, वैरियों को हटाओ और हर प्रकार हमारी सहायता करो ।४। हे अश्विद्वय ! तुम गौओं में गर्भ धारण करते हो । तुम अग्नि, जल और वनस्पतियों को प्रेरित करते हो ।५। हे उग्र अश्विद्वय ! तुम औषधि वाले वैद्य हो रथ वाले रथी हो । तुम्हारे निमित्त जो चित्त से हवि देता है, उसे तुम ऐश्वर्य वान बनाते हो ।६। (१०)

द्वितीय अध्याय समाप्तम्

१५८ सूक्त

(ऋषि - दीर्घतमा । देवता - अश्विनौ । छन्द - त्रिष्टुप् पंक्ति ।)

वसू रुद्रा पुरुमन्तू वृधन्ता दशस्यतं नो वृषणावभिष्टौ ।
दस्रा ह यद्रेक्ण औचथ्यो वां प्र यत्सस्राथे अकवाभिरूती ।१।
को वां दाशत्सुमतये चिदस्यै वसू यद्धेथे नमसा पदे गोः ।
जिगृतमस्मे रेवतीः पुरंधीः कामप्रेणेव मनसा चरन्ता ।२।
युक्तो ह यद्वां तौग्र्याय पेरुर्वि मध्ये अर्णसो धायि पज्रः ।
उप वामवः शरणं गमेयं शूरो नाज्म पतयद्भिरेवैः ।३।
उपस्तुतिरौचथ्यमुरुष्येन्मा मामिमे पतत्रिणी वि दुग्धाम् ।
मा मामेधो दशतयश्चितो धाक् प्र यद्वां बद्धस्त्मनि खादति क्षाम् ।४।
न मा गरन्नद्यो मातृतमा दासा यदीं सुसमुब्धमवाधुः ।
शिरो यदस्य त्रैतनो वितक्षत्स्वयं दास उरो अंसावपि ग्ध ।५।
दीर्घतमा मामतेयो जुजुर्वान्दशमे युगे ।
अपामर्थं यतीनां ब्रह्मा भवति सारथिः ।६।

हे अश्विद्वय ! उचथ्य पुत्र दीर्घतमा द्वारा [illegible] (पुत्र [illegible]) को हमें प्रदान करो ।१। हे अश्विद्वय ! [illegible]

नमस्कारों से जिस दया बुद्धि को धारण करते हो, उस धन युक्त बुद्धि को हमारे अभीष्ट पूर्ण होने में लगावें ।२। हे अश्विद्वय ! तुग्र" का जो पुत्र समुद्र में डाला गया था, उसे पार लगाने को तुम्हारा रथ जोड़ा गया था। जैसे तुम द्रुतगामी घोड़ों से युद्ध में पहुँचते हो, वैसे ही मैं तुम्हारी शरण प्राप्त करूँ ।३। हे अश्विद्वय ! यह स्तुतियाँ उचथ्य पुत्र की रक्षा करें। यह गतिमान दिन रात मुझे क्षीण न करें। दश गुने ढेर वाला ईंधन मुझे न जला पावे ! तुम्हारी शरण को प्राप्त मैं पृथिवी पर झुका हुआ हूँ ।४। हे अश्विद्वय ! मातृ रूप नदी का जल भी मुझे न डुबो सका। दस्युओं ने इस वृद्ध को बाँधकर फेंक दिया। "त्रैतन" दास ने जब मेरा सिर काटने की चेष्टा की तब वह स्वयं ही कन्धों से आहत हुआ ।५। ममता की पुत्र दीर्घतमा दश काल पश्चात् वृद्ध हुआ। कर्म फल की इच्छा से स्तुति करने वाले स्तोता रथ युक्त हुए ।६।　　(1)

१५६ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमाः । देवता—द्यावापृथिवी । छन्द —जगती)

प्र द्यावा यज्ञैः पृथिवी ऋतावृधा मही स्तुषे विदथेषु प्रचेतसा ।
देवेभिर्ये देवपुत्रे सुदंससेत्था धिया वार्याणि प्रभूषतः ॥१॥
उत मन्ये पितुरद्रुहो मनो मातुर्महि स्वतवस्तद्धवीमभिः ।
सुरेतसा पितरा भूम चक्रतुरुरु प्रजाया अमृतं वरीमभिः ॥२॥
ते सूनवः स्वपसः सुदंससो मही जज्ञुर्मातरा पूर्वचित्तये ।
स्थातुश्च सत्यं जगतश्च धर्मणि पुत्रस्य पाथः पदमद्वयाविनः ।३।
ते मायिनो ममिरे सुप्रचेतसो जामी सयोनी मिथुना समोकसा ।
नव्यंनव्यं तन्तुमा तन्वते दिवि समुद्रे अन्तः कवयः सुदीतयः ।४।
तद्राधो अद्य सवितुर्वरेण्यं वयं देवस्य प्रसवे मनामहे ।
अस्मभ्यं द्यावापृथिवी सुचेतुना रयिं धत्तं वसुमन्तं शतग्विनम् ।५।२

यज्ञों को पुष्ट करने वाली, ज्ञान वर्द्धिनी आकाश पृथवी की मैं पूजा करता हूँ। यजमान उनके पुत्र हैं। वे देवगण के साथ वरणीय धनों से धन देती हो।१।

मैं आकाश रूप पिता और पृथिवी माता के महत्व का चिन्तन करता हूँ। उन उन अत्यन्त पुरुषार्थीयों ने जीवों को प्रकट किया और उनमें अन्नों को बनाया।३। हे आकाश पृथिवी! उत्तम कर्म वाले कुशल पुत्र रूप प्रजागण तुम्हें माता मानते हैं। तुम स्थावर जङ्गम में सत्व स्थापित करने के लिये सूर्य के स्थान की रक्षा करते हो।३। आकाश और पृथिवी एक स्थान से उत्पन्न हुए महोदय हैं। वे प्रजा से युक्त हैं। किरणें उनका विभाजन करती और नवीन सूत्रों को प्रकट करता है।४। हे द्यावा पृथिवी! सविता की प्रेरणा से स्थिर तुमसे हम उस अत्यन्त उत्तम धन की याचना करते हैं। तुम हमको उत्तम वास तथा गवादियुक्त ऐश्वर्य को प्रदान करो।५।

१६०

(ऋषि—दीर्घतमा। देवता—द्यावापृथिव्यौ। छन्द—जगती।)

ते हि द्यावा पृथिवी विश्वशम्भुव ऋतावरी रजसो धारयत्कवी।
सुजन्मनी धिषणे अन्तरीयते देवो देवी धर्मणा सूर्य शुचिः ॥१॥
उरुव्यचसा महिनी असश्चता पिता माता च भवनानि रक्षत।
सुधृष्टमे वपुष्ये व रोदसी पिता यत्सीमभि रूपरवासयत् ॥२॥
स वह्निः पुत्रः पित्रोः पवित्रवान्पुनाति धीरो भुवनानि मायया।
धेनुं . . . पयो अस्य दुक्षत।३।
ते . . . . :ौ विश्वशम्भुवा।
वि यो ममे रजसी सुक्रतूययाजरेभिः स्कम्भनेभिः समानृचे।४।
नो गृणाने महिनी महि श्रवः क्षत्र द्यावापृथिवी धासयो बृहत्।
येनाभि कृष्टीस्ततनाम विश्वहा पनाय्यमोजो अस्मे समिन्वतम्।५।३

अन्तरिक्ष को नरने से धारण करने वाली आकाश पृथिवी सबको सुख देने वाली है। उनके बीच सूर्य नित्य नियम पूर्वक गमन करता है।१। अत्यन्त विस्तृत और विशाल आकाश और पृथिवी, पिता और माता रूप से सब लोकों का पालन करते हैं। जैसे पिता अपने शिशु को उत्तम

वस्त्रों से आच्छादित करता है ।२। वह माता पिता का भार वहन करने व
गुर्य अपने बल संसार को पवित्र करता है । वह बहुत रङ्गोंवाली पृथिवी
धेनु और पौरुष युक्त आकाश रूप बैल को पवित्र करता हुआ पृथिवी से
रूप दूध को दोहन करता है ।३। देवताओं में श्रेष्ठ वह परमात्मा महान् का
है । उसने आकाश पृथिवी को उत्पन्न किया । उसी ने अपनी प्रजा से दोन
लोकों को नापा और जीर्ण न होने वाले स्तम्भों पर टिका दिया ।४। हे आकाश
पृथिवी ! तुम हमारे लिए महान् ऐश्वर्य और बल को धारण करो, जिससे हम
प्रजाओं का विस्तार करें । तुम हमको बल वाली स्तुति की प्रेरणा करो ।५।(१

१६१ सूक्त

(ऋषि—दीर्घतमाः । देवता—ऋभव । छन्द—जगती त्रिष्टुप पंक्ति)

किमु श्रेष्ठ किं यविष्ठो न आजगन्किमीयते दूत्य.ङ् कद्यदूचिम ।
न निन्दिम चमस यो महाकुलोऽग्ने भ्रातर्द्रुण इद्भूतिमूदिम ॥१॥
एक चमसं चतुरः कृणोतन रज्ञी देवा अब्रुवन्तद्व आगमम् ।
सौधन्वना यद्येवा करिष्यथ साक देवैर्यज्ञियासो भविष्यथ ।२।
अग्निं दूत प्रति यदब्रवीतनाश्वः कर्त्वो रथ उतेह कर्त्वं ।
धेनुः कर्त्वा युवशा कर्त्वा द्वा तानि भ्रातरनु वः कृत्व्येमसि ।३।
चकृवांस ऋभवस्तदपृच्छत क्वेदभूद्यः स्य दूतो न आजगन् ।
यदावाख्यच्चमसाञ्चतुरः कृतानादित्त्वष्टाग्नास्वन्तर्न्यानिजे ।४।
हनामैनाँ इति त्वष्टा यदब्रवीच्चमसं ये देवपानमनिन्दिषुः ।
अन्या नामानि कृण्वते सुते सचाँ अन्यैरेनान्कन्या नामभिः स्परत् ।५।

वे श्रेष्ठ और युवा हमारे पास आए हैं वे क्या दौत्य कर्म के लिये
आए हैं ? हे अग्ने हमने चमस की निन्दा नहीं की है हमारे उस काष्ठ
के कर्मों को ही कहा है ।१। हे सुधन्वा के पुत्रो ! मैं देवताओं के समान

पास आया हूँ। तुम एक चमस के चार कर दो। ऐसा करने पर देवताओं के साथ तुम भी यज्ञ भाग प्राप्त करोगे ।२। हे देवबन्धुओ! तुमने अग्नि को दूत बनाया है। हमको घोड़ा और गौ बनाकर दो। माता-पिता को युवावस्था दो। इन कार्यों के बाद हम तुम्हारे समक्ष उपस्थित होंगे ।३। हे ऋभुगण! कार्य करने के पश्चात् ही तुमने पूछा कि जो दूत यहाँ आया था वह कहाँ है? जब त्वष्टा ने चमस के चार टुकडे किये तब स्त्रियों को देखकर वह लज्जा से छिप गया ।४। त्वष्टा ने कहा कि जिन्होंने देवगणों के पीने के पात्र चमस की निन्दा की, उन्हें हम मार डालें। तब ऋभुओं ने सोम तैयार होने पर दूसरा नाम दिया और त्वष्टा की कन्या ने भी इसी नाम से पुकार कर प्रसन्न किया ।५।

इन्द्रो हरी युयुजे अश्विना रथं बृहस्पतिर्विश्वरूपामुपाजत ।
ऋभुर्विभ्वा वाजो देवा अगच्छत स्वपसो यज्ञियं भागमैतन ॥६
निश्चर्मणो गामरिणीत धीतिभिर्या जरन्ता युवशा ताकृणोतन ।
सौधन्वना अश्वादश्वमतक्षत युक्त्वा रथमुपदेवा अयातन ॥७
उदमुदक पिवतेत्यब्रवीतनेदं वा घा पिवता मुञ्जनेजनम् ।
सौधन्वना यदि तन्नेव हर्यथ तृतीये धी सवने मादयाध्वै ॥८
आपो भूयिष्ठा इत्येको अब्रवीदग्निर्भूयिष्ठ इत्यन्यो अब्रवीत् ।
वधर्यन्तीं बहुभ्यः प्रैको अब्रवीदृता वदन्तश्चमसा अपिंशत ॥९
श्रोणमेक उदकं गामवाजति मांसमेकः पिंशति सूनयाभृतम् ।
आ निम्रुचः शकृदेको अपाभरत्किं स्वित्पुत्रेभ्यः पितरा उपावतुः ।१०।५

इन्द्र ने घोड़ों को जोड़ा, अश्विद्वय ने रथ को जोड़ा, बृहस्पति ने गौ, को पुकारा। ऋभु, विभ्वा और वाज यह देवताओं के पास गये यथा यज्ञ भाग प्राप्त किया ।६। हे सुधन्वा-पुत्रो! तुमने अपने कर्मों से चर्म द्वारा गौ को पुनर्जीवन दिया। तुमने वृद्ध माता-पिता को जवानी दी। तुमने अश्व से अश्व उत्पन्न किया और रथ जोड़ कर देवताओं के समक्ष उपस्थित हुए ।७।

हे देवगण ! तुमने कहा था कि 'सुधन्वा-पुत्रो !' मूँज से निचोड़े रस को पीओ या जल पीओ। यदि इन दोनो मे से किसी को नही पीना चाहते हो तो तीसरे सायकाल सोम रस का पान करना।८। एक ने जल को, दूसरे ने अग्नि को और तीसरे ने पृथिवी को सर्वश्रेष्ठ कहा। ऐसी सत्य बात कहते हुए उन ऋभुओं ने चमसों की रचना की।९। एक ने लँगडी को जल की जल की ओर हाँका, दूसरे ने माँस को पृथक किया, तीसरे ने सूर्यास्त से पूर्व ही पुरीष को लिया। माता-पिता पुत्रो का क्या उपकार कर सकते हैं ?।१०।

उद्वत्स्वस्मा अकृणोतना तृणं निवत्स्वपः स्वपस्यया नरः।
अगोह्यस्य यदसस्तना गृहे तदद्येदमृभवो नानु गच्छथ ॥११
सम्मील्य यद्भुवना पर्यसर्पत क्व स्वित्तात्या पितरा व आसतुः।
अशपत यः करस्नं व आददे यः प्राब्रवीत्प्रो तस्मा अब्रवीतन ॥१२
सुषुप्वांस ऋभवस्तदपृच्छतागोह्य क इदं नो अबूबुधत्।
श्वानं बस्तो बोधयितारमब्रवीत्संवत्सर इदमद्या व्यख्यत ॥१३
दिवा यांति मरुतो भूम्याग्निरयं वातो अन्तरिक्षेण याति।
अद्भिर्याति वरुणः समुद्रैर्युष्मां इच्छन्तः शवसो नपातः ॥१४।६

हे ऋभुओ ! तुमने उत्तम कर्म की इच्छा से इन प्राणियों के लिए ऊँचे स्थान में तृणादि को और नीचे स्थान में जलों को प्रकट किया। तुम अब तक सूर्य मण्डल में सोते रहे। अब तुम वैसा कार्य क्यों नहीं करते ? ।११। हे ऋभुगण ! जब तुम भुवनों को छिपाकर चारों ओर फिरते हो, तब तुम्हारे माता-पिता कहाँ रहते हैं ? जो तुम्हारा हाथ पकड़ कर याचना करते हैं, तुम उन्हें वचन देते हो। जो तुम्हारी प्रशंसा करता है, उसे तुम अग्रणी बनाते हो।१२। हे ऋभुओ ! सूर्य मण्डल में सोने के पश्चात् चैतन्य होकर तुमने पूछा कि 'किसने हमें जगाया ?' सूर्य ने कहा कि 'वायु ने तुम्हें जगाया।' वर्ष भर बीत गया, अब फिर अपने कर्मों को प्रकाशित करो।१३। हे ऋभुओ !

हे देवगण ! तुमने कहा था कि 'गुधन्या-पुत्रो !' मूँज से निचोडे रस को पं या जल पीओ। यदि इन दोनों में से किसी को नहीं पीना चाहते हो तो ती सायकाल सोम रस का पान करना।८। एक ने जल को, दूसरे ने अग्नि और तीसरे ने पृथिवी को सर्वश्रेष्ठ कहा। ऐसी सत्य बात कहते हुए उन ऋभु ने चमसों की रचना की।९। एक ने लँगड़ी को जल की जल की ओर हाँ दूसरे ने मांस को पृथक किया, तीसरे ने सूर्यास्त से पूर्व ही पुरीष को उ लिया। माता-पिता पुत्रों का क्या उपकार कर सकते हैं ?।१०। (

उद्वत्स्वरमा अकृणोतना तृण निवत्स्वपः स्वपस्यया नरः।
अगोह्यस्य यदसस्तना गृहे तदद्य दभृभा नानु गच्छथः ॥११
सम्मील्यः यद्भुवना पर्यसर्पत क्व स्वित्तात्या पितरा व आसतुः।
अशपत यः करस्नं व आददे यः प्राब्रवीत्प्रो तस्मा अब्रवीतन ॥१२
सुपुप्वास ऋभवस्तदपृच्छतागोह्य क इद नो अबूबुधत्।
श्वान वस्तो बोधयितारमब्रवीत्संवत्सर इदमद्या व्यख्यत ॥१३
दिवा याति मरुतो भूम्याग्निरय वातो अन्तरिक्षेण याति।
अद्भिर्याति वरुणः समुद्रैर्युष्माँ इच्छन्त. शवसो नपातः ॥१४।६

हे ऋभुओ ! तुमने उत्तम कर्म की इच्छा से इन प्राणियों के लिए ऊँचे स्थान में तृणादि को और नीचे स्थान में जलों को प्रकट किया। तुम अब तक सूर्य मण्डल में सोते रहे। अब तुम वैसा कार्य क्यों नहीं करते ?।११। हे ऋभुगण ! जब तुम भुवनो को छिपाकर चारो ओर फिरते हो, तब तुम्हारे माता-पिता कहाँ रहते हैं ? जो तुम्हारा हाथ पकड कर याचना करते है, तुम उन्हे वचन देते हो। जो तुम्हारी प्रशसा करता है, उसे तुम अग्रणी बनाते हो ।१२। हे ऋभुओ ! सूर्य मण्डल में सोने के पश्चात् चैतन्य होकर तुमने पूछा कि 'किसने हमें जगाया ?' सूर्य ने कहा कि 'वायु ने तुम्हें जगाया।' वर्ष भर बीत गया, अब फिर अपने कर्मों को प्रकाशित करो।१३। हे ऋभुओ !

तुममे मिलने को मरुद्गण आकाश से आ रहे हैं। अग्नि पृथिवी से और वायु अन्तरिक्ष से तथा वरुण जल रूप समुद्र मार्ग से चले आते हैं।१३। (६)

१६२ सूक्त

(ऋषि दीर्घतमा । देवता मित्रादयो लिङ्गोक्ता । छन्द–त्रिष्टुप् पंक्ति, जगती)

मा नो मित्रो वरुणो अर्यमायुरिन्द्र ऋभुक्षा मरुत. परि ख्यन् ।
यद्वाजिनो देवजातस्य सप्ते प्रवक्ष्यामो विदथे वीर्याणि ॥१
यन्निर्णिजा रेक्णसा प्रावृतस्य राति गृभीतां मुखतो नयन्ति ।
सुप्राङजो मेम्यद्विश्वरूप इन्द्रापूष्णो प्रियमप्येति पाथः ॥२
एषच्छाग. पुरो अश्वेन वाजिना पूष्णो भागो नीयते विश्वदेव्य. ।
अभिप्रय यत्पुरोलाशमर्वता त्वष्टेदेन सौश्रवसाय जिन्वति ॥३
यद्धविष्यमृतुशो देवयान त्रिर्मानुषाः पर्यश्व नयन्ति ।
अत्रा पूष्ण. प्रथमो भाग एति यज्ञ देवेभ्य प्रति वेदयन्नज. ॥४
होताध्वर्यु रावया अग्निमिन्धो ग्रावग्राभ उत शस्ता सुविप्र' ।
तेन यज्ञेन स्वरङ्कृतेन स्विष्टेन वक्षणा आ पृणध्वम् ॥५।७

मित्र, वरुण अर्यमा, वायु, इन्द्र और मरुद्गण हमसे वियुक्त न हो। हम देवताओ के अत्यन्त वेगवान् अश्व के वीरतापूर्ण कर्मों का यज्ञ मे वर्णन करते हैं।१। हम चमकते हुए वस्त्रो सुवर्णयुक्त आभूषणो से सुसज्जित अश्व के आगे विभिन्न वर्ण वाली सामग्री ले जाते हैं, वह इन्द्र और पूषा के लिये प्रिय हो।२। सब देवगण से योग्य पूषा का भाग आगे ले जाया जाता है, जिसे त्वष्टा अत्यन्त पुष्टिप्रद बनने के लिये प्रेरित करते हैं।३। जहाँ मनुष्य नियत काल मे देवगण के प्राप्त कराने योग्य अश्व को घुमाते हैं, वहाँ पूषा का भाग देवताओ के यज्ञ को प्रख्यात करता हुआ चलता है।४। होता, अध्वर्यु, प्रति प्रस्थाता, अग्नीत् ग्राव-स्तुत, प्रशस्ता ये सब अत्यन्त शोभित हुए हमारे हवियो वाले यज्ञ नदियो को पूर्ण करे।५। (५)

यूपव्रस्का उत ये यूपवाहाश्चषालं ये अश्वयूपाय तक्षति ।
ये चार्वते पचनं सम्भरन्त्युतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु ॥६
उप प्रागात्सुमन्मेऽधायि मन्म देवानामाशा उप वीतपृष्ठः ।
अन्वेनं विप्रा ऋषयो मदन्ति देवानां पुष्टे चकृमा सुबन्धुम् ॥७
यद्वाजिनो दाम सन्दानमर्वतो या शीर्षण्या रशना रज्जुरस्य ।
यद्वा घास्य प्रभृतमास्ये तृणं सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु ॥८
यदश्वस्य क्रविषो मक्षिकाश यद्वा स्वरौ स्वधितौ रिप्तमस्ति ।
यद्धस्तयोः शमितुर्यन्नखेषु सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु ॥९
यदूवध्यमुदरस्यापवाति य आमस्य क्रविषो गन्धो अस्ति ।
सुकृता तच्छमितारः कृण्वन्तूत मेधं शृतपाकं पचन्तु ॥१०॥८

यूप काटने वाले, यूप ढोने वाले, यूप के लिये चषाल को गढ़ने वाले और यज्ञ के लिये आवश्यक बर्तन तैयार करने वाले, इन सबका प्रयत्न हमको उत्साहजनक हो।६। उज्ज्वल पीठ वाला अश्व देवगण की ओर मुख करके गया है। मेरा स्तोत्र रुचिकर है। मेधावी ऋषि इसका समर्थन करते है। देवगण को पुष्ट करने के लिये हमने यह उत्तम मन्त्र तैयार किया है।७। वेगवान् अश्व की रास और मुख मे डाली हुई घास आदि अथवा अश्व की जो भी वस्तुयें हो, वे सब देवताओ की हो।८। जो कच्चा भाग मक्खी खाती है और जो भाग तापदायक कर्मों मे लग जाता है तथा जो भाग कार्यरत पुरुषो के हाथ मे लग जाता है, वह सब देवगण के अधीन हो।९। थोड़े पके अन्न और गन्धयुक्त खाद्य सामग्री को सिद्ध करने वाले उत्तम प्रकार से शुद्ध क[रें]
प्रस्तुत करें।१०।

यत्ते गात्रादग्निना पच्यमानादभि शूलं निहतस्यावधावति ।
मा तद्भूम्यामा श्रिषन्मा तृणेषु देवेभ्यस्तदुशद्भ्यो रातमस्तु ॥११
ये वाजिनं परिपश्यन्ति पक्वं य ईमाहुः सुरभिर्निर्हे

ये चार्वतो मांसभिक्षामुपासत उतो तेषामभिगूर्तिर्न इन्वतु ॥१२
यन्नीक्षणं मांस्पचन्या उखाया या पात्राणि यूष्ण आसेचनानि ।
ऊष्मण्यापिधाना चरूणामङ्काः सूनाः परिभूषन्त्यश्वम् ॥१३
निक्रमणं निषदनं विवर्तनं यच्च पड्बीशमर्वतः ।
यच्च पपौ यच्च घासिं जघास सर्वा ता ते अपि देवेष्वस्तु ॥१४
मा त्वाग्निर्ध्वनयीद्धूमगन्धिर्मोखा भ्राजन्त्यभि विक्त जघ्रिः ।
इष्टं वीतमभिगूर्तं वषट्कृतं देवास प्रति गृभ्णन्त्यश्वम् ॥१५॥६

हे अश्व ! क्रोधाग्नि द्वारा, जलते हुए तेरे शरीर से जो अत्यन्त स्वेद रूप रस टपके, वह भूमिसात् न हो जाय, बल्कि उससे देवगण का उत्साहवर्द्धन हो ।११। जो अश्व को अत्यन्त क्रोधित देखते हैं वे उसके सामने से हट जाने को कहते हैं । तब उसके उत्तम दिखाई देने के कारण सभी वीर उसे प्राप्त करने की याचना करते हैं, इससे भी अश्व स्वामी और वीर का उत्साह वर्द्धन होता है ।१२। मन को अच्छे लगने वाले, परिपाक करने वाले, सिंचन योग्य जो पात्र हैं, उनसे अश्व को सुभूषित करते हैं ।१३। अश्व का भागना, बैठना, लेटना, जल पीना खाना जो कुछ कर्म है वे सब देवताओं के अधीन हों ।१४। हे अश्व ! तुझे अग्नि का आँखो में घुस जाने वाला धुँआ कभी पीड़ित न करे । तुझ सुन्दर अश्व को देवगण स्वीकार करें ।१५।   (६)

यदश्वाय वास उपस्तृणन्त्यधीवासं या हिरण्यान्यस्मै ।
सन्दानमर्वन्तं पड्बीशं प्रिया देवेष्वा यामयन्ति ॥१६
यत्ते सादे महसा शूकृतस्य पार्ष्ण्या वा कशया वा तुतोद ।
स्रुचेव ता हविषो अध्वरेषु सर्वा ता ते ब्रह्मणा सूदयामि ॥१७
चतुस्त्रिंशद्वाजिनो देवबन्धोर्वङ्क्रीरश्वस्य स्वधितिः समेति ।
अच्छिद्रा गात्रा वयुना कृणोत परुष्परुरनुघुष्या वि शस्त ॥१८
एकस्त्वष्टुरश्वस्या विशस्ता द्वा यन्तारा भवतस्तथ ऋतुः ।
या ते गात्राणामृतुथा कृणोमि ताता पिण्डानां प्र जुहोम्यग्नौ ॥१९

मा त्वा तपत्प्रिय आत्माभियन्त मा स्वधितिस्तन्व आ तिष्ठिपत्ते ।
मा ते गृध्नुरविशस्तातिहाय छिद्रा गात्राण्यसिना मिथू कः ॥२०
न वा उ एतन्म्रियसे न रिष्यसि देवां इदेषि पथिभिः सुगेभिः ।
हरी ते युञ्जा पृषती अभूतामुपास्थाद्वाजी धुरि रासभस्य ॥२१
सुगव्यं नो वाजी स्वश्व्यं पुंसः पुत्रा उत विश्वापुष रयिम् ।
अनागास्त्वं नो अदितिः कृणोतु क्षत्रं नो अश्वो वनतां हविष्मान् ।२२

जो अश्व को वस्त्राभूषणो से सजाते हैं, वे देवगण को प्रसन्न क[illegible] हैं ।१६। हे अश्व ! तेरे हाँफने अथवा थम जाने पर तुझे जो कष्ट हुआ है, उ[illegible] मैं मन्त्र द्वारा निवृत्त करता हूँ ।१७। हे वीरो ! वेगवान् अश्व की पीठ [illegible] पसलियों पर शस्त्र पहुंच सकता है इसलिये उसके शरीर को निरावरण [illegible] करो । उसे अभ्यास द्वारा पूर्ण शिक्षित बनाओ ।१८। हे अश्व ! चतुर पुरु[illegible] तुझ पर नियन्त्रण रखे । तेरे अङ्गों को मैं कुशल नियन्ता के अधिकार मे[illegible] करूँ ।१९। हे अश्व ! चलते समय तुझे कोई पीडित न करे । तेरे शरीर में शस्त्र प्रविष्ट न हो । कोई मूर्ख मनुष्य लोभवश तेरे शरीर पर आघात न करे ।२०। हे अश्व ! तू मृत्यु को प्राप्त न हो, पीडित भी न हो, उत्तम मार्गों से गमन करे । युद्ध में इन्द्र और मरुद्गण के अश्व तेरे साथी रहेंगे । अश्विदेवों के रथ मे रासभ के स्थान पर भी कोई अश्व जोता जायगा ।२१। यह अश्व सुन्दर गवादियुक्त धनो से, एवं पुत्रादि से युक्त कराने वाला हो । अदिति हमारे पापों को दूर करें । यह अन्नयुक्त धन हमको बल प्रदान करे ।२२। (१०)

१६३ सूक्त

(ऋषि दीर्घतमाः । देवता अश्वाग्नि. प्रभृति । छन्द—त्रिष्टुप्, पंक्ति)

यदक्रन्दः प्रथमं जायमान उद्यन्त्समुद्रादुत वा पुरीषात् ।
श्येनस्य पक्षा हरिणस्य बाहू उपस्तुत्यं महि जातं ते अर्वन् ।१
यमेन दत्तं त्रित एनमायुनगिन्द्र [illegible] प्रथमो अध्यति[illegible]

गन्धर्वो अस्य रशनामगृभ्णात्सूरादश्वं वसवो निरतष्ट ॥२
असि यमो अस्यादित्यो अर्वन्नसि त्रितो गुह्येन व्रतेन ।
असि सोमेन समया विपृक्त आहुस्ते त्रीणि दिवि बन्धनानि ॥३
त्रीणि त आहुर्दिवि बन्धनानि त्रीण्यप्सु त्रीण्यन्तः समुद्रे ।
उतेव मे वरुणश्छन्त्स्यर्वन्यत्रा त आहुः परमं जनित्रम् ॥४
इमा ते वाजिन्नवमार्जनानीमा शफानां सनितुर्निधाना ।
अत्रा ते भद्रा रशना अपश्यमृतस्य या अभिरक्षन्ति गोपाः ॥५॥११

हे अश्व ! तुम्हारा जन्म अभिकथन योग्य है। तुम अन्तरिक्ष या जल से निकलकर अत्यन्त शब्द करते हो। तुम्हारे बाज के समान पङ्ख और हरिण के समान पैर हैं।१। यम द्वारा दिये गये इस अश्व को त्रित ने जोड़ा। इन्द्र इस पर प्रथम बार सवारी की। गन्धर्व ने इसकी रास पकड़ी। हे देवताओ ! तुमने इसे सूर्य से प्राप्त किया।२। हे अश्व ! तू यम रूप है, सूर्य रूप है और गोपनीय नियम वाला त्रित है। तू सोम से युक्त है। आकाश में तेरे बन्धन के तीन स्थान बताये जाते हैं।३। हे अश्व ! आकाश, जल और अन्तरिक्ष में तेरे तीन-तीन बन्धन स्थान बतलाये जाते हैं। तू ही वरुण है और जहाँ तेरा जन्म स्थान है, उसे बतलाते हैं।४। हे अश्व ! यह तुमको पवित्र करने वाले स्थान हैं। यह तुम्हारे पदचिह्नों वाले स्थान हैं। यहाँ तुम्हारी कल्याणकारिणी रासें रखी हैं यज्ञ-पालक इनकी रक्षा करते देखे जाते हैं।५।   (११)

आत्मानं ते मनसारादजानामवो दिवा पतयन्तं पतङ्गम् ।
शिरो अपश्यं पथिभिः सुगेभिररेणुभिर्जेहमानं पतत्रि ॥६
अत्रा ते रूपमुत्तममपश्यं जिगीषमाणमिष आ पदे गोः ।
यदा ते मर्तो अनु भोगमानळादिद्ग्रसिष्ठ ओषधीरजीगः ॥७
अनु त्वा रथो अनु मर्यो अर्वन्ननु गावोऽनु भगः कनीनाम् ।
अनु व्रातासस्तव सख्यमीयुरनु देवा ममिरे वीर्यं ते ॥८
हिरण्यशृङ्गोऽयो अस्य पादा मनोजवा अवर इन्द्र आसीत् ।

देवा इदस्य हविरद्यमायन्यो अर्वन्त प्रथमो अध्यतिष्ठत् ॥६
ईर्मान्तासः सिलिकमध्यमास स शूरणासो दिव्यासो अत्याः ।
हंसाइव श्र णिशो यतन्ते यदाक्षिषुर्दिव्यमज्ममश्वा. ॥१०॥१२

हे अश्व ! मैंने तुम्हारे शरीर को अपने मन से ही पहचान लिया तुमको आकाश में उड़ते हुए देखा है । तुम धूल रहित मार्गों से जाने का करते हो । तुम द्रुत गति से चलते हुए सिर को ऊँचा उठाते हो ।६। हे अ तुम्हारा श्रेष्ठ शरीर पृथिवी पर अन्नों के जीतने के लिए घूमता है । जब म तुम्हारे भक्षणार्थ तृणादि लाता है तब तुम उसे प्रसन्नता से खाते हो ।७ अश्व ! तुम्हारे पीछे रथ चलते हैं । मनुष्य, गौ आदि भी तुम्हारे पीछे चलते हैं । नारियों का सौभाग्य तुम्हारे पीछे चलता है । अन्य अश्व तुम्हे साथ चलते हुए मित्र-भाव रखते हैं । देवगण तुम्हारे पीछे वीर्य, कर्म के प्रश है ।८। इस अश्व का सिर सोने से सुसज्जित है । इसके पावों मे लोहे आवरण चढा है । देवता भी इससे आकंपित होते हैं । इन्द्र इस अश्व पर प्रथम सवार हुए ।९। जब यह घोडा मध्य मार्ग मे चलता है तब उसके सा अश्वों के साथ चलती हुई कतार हंसो की पंक्ति जैसी लगती है ।१०। (१२

तव शरीरं पतयिष्ण्वर्वन्तव चित्तं वातइव ध्रजीमान् ।
तव श्रृङ्गाणि विष्ठिता पुरुत्रारण्येषु जर्भुराणा चरन्ति ॥११
उप प्रागाच्छसनं वाज्यर्वा देवद्रीचा मनसा दोध्यानः ।
अजः पुरो नीयते नाभिरस्यानु पश्चात्कवयो यन्ति रेभाः ॥१२
उप प्रागात्परमं यत्सधस्थमर्वां अच्छा पितरं मातरं च ।
अद्या देवाञ्जुष्टतमो हि गम्या अथा शास्ते दाशुषे वर्याणि ॥१३॥१३

हे अश्व ! तू उड़ने मे समर्थ है । तू वायु-वेग से चलता है । तू विविध स्थानों मे भ्रमणशील है ।११। कुशल अश्व रण क्षेत्र की ओर जाता हुआ स्तुति के योग्य होता है । अन्य घोड़ा जो उसके साथ न जाने हुए भी इसका बं

बन्धु रूप है, साथ चलता है। मेधावी वीर उसके साथ आगे बढ़ते हैं।१२। ऐसा अश्व उत्तम स्थान को प्राप्त हुआ वीर देवताओं के पास पहुंचता है। उसे प्रदान करने वाला अश्व स्वामी यजमान वरणीय धन प्राप्त करता है।१३। (१२)

१६४ सूक्त

(ऋषि - दीर्घतमा । देवता विश्वेदेवा प्रभृति । छन्द-त्रिष्टुप् जगती प्रभृति)

अस्य वामनस्य पलितस्य होतुस्तस्य भ्राता मध्यमो अस्त्यश्न ।
तृतीयो भ्राता घृतपृष्ठो अस्यात्रापश्य विश्पति सप्तपुत्रम् ॥१
सप्त युञ्जन्ति रथमेकचक्रमेको अश्वो वहति सप्तनामा ।
त्रिनाभि चक्रमजरमनर्वं यत्रेमा विश्वा भुवनाधि तस्थु ॥२
इम रथमधि ये सप्त तस्थु सप्त वहन्त्यश्वा ।
सप्त स्वसारो अभि स नवन्ते यत्र गवा निहिता सप्त नाम ॥३
को ददर्श प्रथम जायमानमस्थन्वन्त यदनस्था बिभर्ति ।
भूम्या असुरसृगात्मा क्व स्वित्को विद्वांसमुप गात्प्रष्टुमेतत् ॥४
पाक पृच्छामि मनसाविजानन्देवानामेना निहिता पदानि ।
वत्से बष्कयेऽधि सप्त तन्तून्वि तत्निरे कवय ओतवा उ ॥५॥१४

आह्वान योग्य, सुन्दर, सर्व के मध्यम भ्राता वायु और कनिष्ठ भ्राता अग्नि हैं। मैं यहाँ प्रजापालक सात किरणों से युक्त सूर्य को देखता हूँ।१। एक पहिये वाले रथ में सात घोड़े जुतते हैं। इस अक्षर और तीन नाभि वाले पहिये को एक घोड़ा ले जाता है। सभी लोक इस पहिये के आश्रित हैं।२। सात पहिये वाले सप्तोदक्ष रथ को सात घोड़े चलाते हैं। किरण रूप सात बहनें इस रथ के आगे चलती हैं।३। प्रथम अन्न वाले को किसने देखा ? इस अस्थि रहित ने अस्थियुक्त को धारण किया। पृथिवी पर प्राण और रक्त उत्पन्न हुआ परन्तु आत्मा कहाँ से उत्पन्न हुई ? इस विषय को जानने के लिए विद्वान् के पास कौन जाता ? ।४। मैं अज्ञानी हूँ। मनन न करने के कारण ही यह सब पूछता हूँ। वत्सरूप यज्ञ के लिये विद्वानों ने कालरूप को

रस्सी प्रकट की, वे क्या है ? ('नवयुवक बछड़े' से तात्पर्य ग्रह नक्षत्रादि का है और सात सूत्र की रस्सी का अर्थ सूर्य की आकर्षण शक्ति से है) ।५। (१४)

अचिकित्वाश्चिकितुषश्चिदत्र कवीन्पृच्छामि विद्मने न विद्वान्।
वि यस्तस्तम्भ षलिमा रजांस्यजस्य रूपे किमपि स्विदेकम् ॥६
इह ब्रवीतु य ईमङ्ग वेदास्य वामस्य निहित पद वेः।
शीर्ष्णः क्षीर दुह्रते गावो अस्य वव्रि वसाना उदक पदापुः ॥७
माता पितरमृत आ बभाज धीत्यग्रे मनसा स हि जग्मे।
सा बीभत्सुर्गर्भरसा निविद्धा नमस्वन्त इदुपवाकमीयुः ॥८
युक्ता मातासीद्धुरि दक्षिणाया अतिष्ठद्गर्भो वृजनीष्वन्तः।
अमीमेद्वत्सो अनु गामपश्यद्विश्वरूप्यं त्रिषु योजनेषु ॥९
तिस्रो मातृस्त्रीन्पितॄन्बिभ्रदेक ऊर्ध्वस्तस्थौ नेमव ग्लापयन्ति।
मन्त्रयन्ते दिवो अमुष्य पृष्ठे विश्वविदं वाचमविश्वमिन्वाम् ॥१०॥१५

मैं अज्ञानी होने के कारण पूछता हूँ जिसने इन छः लोकों को स्थिर किया है वे अजन्मा क्या एक ही है ? ।६। कौन इस आदित्य रूप पक्षी के स्थान का ज्ञाता है ? इसकी किरण रूप गौएं तेज का दोहन करती हैं, वे जल पीने जाती है ।७। पृथिवी माता आकाशस्थ सूर्य को वृष्टि के लिये पूजती है। वह गर्भेच्छा से वर्षा रूप गर्भ से सींची गई, तब मनुष्यों से अन्न प्राप्त कर स्तुति की ।८। प्रदक्षिणा करती हुई पृथिवी गर्भभूत जल राशि के लिये ठहरी, तब वृष्टि रूप वत्स ने शब्द किया और विश्व रूप वाली गौ शस्य-श्यामला हुई ।९। ये आदित्य तीन माता और तीन पिताओं को धारण करता हुआ उच्च स्थान पर स्थित है। वे थकते नहीं देवगण आकाश की पीठ पर बैठे हुये सूर्य के सम्बन्ध में चर्चा करते है ।१०।

द्वादशारं नहि तज्जराय वर्वर्ति चक्रं परि द्यामृतस्य। (१५)
आ पुत्रा अग्ने मिथुनासो अत्र सप्त शतानि विंशतिश्च तस्थुः ॥११

अवः परेण पितरं यो अस्यानुवेद पर एनावरेण ।
कवीयमानः क इह प्र वोचद्देवं मनः कुतो अधि प्रजातम् ॥१८
ये अर्वाञ्चस्तां उ पराच आहुर्ये पराञ्चस्तां उ अर्वाच आहुः ।
इन्द्रश्च या चक्रथुः सोम तानि धुरा न युक्ता रजसो वहन्ति ॥१९
द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परि षस्वजाते ।
तयोरन्यः पिप्पलं स्वाद्वत्त्यनश्नन्नन्यो अभि चाकशीति ॥२०॥१७

किरणे स्त्री रूप होकर भी पुरुष के समान हैं । उन्हे नेत्रवान् मेधावी ही जानते है । जो जान लेते हैं, वे पितामह अनुभवी हैं ।१६। आकाश से नीचे पृथिवी के ऊपर वत्स को धारण करती हुई किरण ऊपर उठती हैं । वे कहा जाती और कहाँ सोती है ? ।१७। जो आकाशस्थ सूर्य और पृथिवी पर स्थित अग्नि की उपासना करते हैं, वे अवश्य ही विद्वान् हैं । इन बातों को किसने बताया ? कहाँ से यह दिव्याचरण वाला मन उत्पन्न हुआ ।१८। जो इधर आते है, वे उधर जाने वाले भी कहे जाते हैं । जो उधर जाते हैं उन्हें इधर आने वाला कहा जाता है । सोम और इन्द्र ने जो लोक बनाये वे प्राणी मात्र का भार वहन करते है ।१९। दो पक्षी वृक्ष पर रहते हैं । उनमे से एक स्वादिष्ट फल खाता है और दूसरा कुछ नही खाता, केवल देखता है । (जीवात्मा और परमात्मा दो पक्षी है । एक सांसारिक भोगो मे लिप्त है और दूसरा केवल देखता है ।) ।२०। (१७)

यत्रा सुपर्णा अमृतस्य भागमनिमेषं विदथाभिस्वरन्ति ।
इनो विश्वस्य भुवनस्य गोपाः स मा धीरः पाकमत्रा विवेश ॥२१
यस्मिन्वृक्षे मध्वदः सुपर्णा निविशन्ते सुवते चाधि विश्वे ।
तस्येदाहुः पिप्पलं स्वाद्वग्रे तन्नोन्नशद्यः पितरं न वेद ॥२२
यद्गायत्रे अधि गायत्रमाहितं त्रैष्टुभं निरतक्षत ।
यद्वा जगज्जगत्याहितं पदं य इत्तद्विदुस्ते अमृतत्वमानशुः ॥२३
गायत्रेण प्रति मिमीते अर्कमर्केण साम त्रैष्टुभेन वाकम् ।

वाकेन वाक द्विपदा चतुष्पदाक्षरेण मितते सप्त वाणी ॥२४
जगता सिन्धुं दिव्यस्तभायद्रथन्तरे सूर्यं पर्यपश्यत् ।
गायत्रस्य समिधस्तिस्त्र आहुस्ततो मह्ना प्र रिरिचे महित्वा ।२५।१८

जिसमे प्राणी अमर भाव के चिन्तनार्थ निरन्तर स्तुति करते हैं, वह लोक पालक, सबका स्वामी मुझ मूर्ख मे भी विद्यमान है ।२१। जिस वृक्ष मे सभी मधुर रस के इच्छुक निवास करते और प्रजोत्पत्ति मे लगे रहते हैं, उसके अग्रभाग मे स्वादिष्ट फल लगे बताते है । जो व्यक्ति पिता को नहीं जानता, वह इसके फल को नही पा सकता ।२२। पृथिवी पर गायत्री छन्द, अन्तरिक्ष में त्रिष्टुप छन्द और आकाश मे जगती छन्द जिसने स्थापित किया, उसे जो जानता है, वह देवत्व प्राप्त कर चुका है ।२३। गायत्री छन्द से जिन्होंने ऋचायें बनाईं, ऋचाओं से साम की रचा, त्रिष्टुप् छन्द से यजुर्वाक्य बनाया, दो पद और चार पद वाली वाणी से वाक् रचना की । अक्षर से सात छन्द बनाये ।२४। जगती से आकाश मे जलो को स्थापित किया, रथन्तर साम मे सूर्य को देखा । गायत्री के तीन चरण हैं, अत वह बल और महत्व मे सबसे बढ़ी हुई है ।२५। (१८)

उप ह्वये सुदुघां धेनुमेतां सुहस्तो गोधुगुत दोहदेनाम् ।
श्रेष्ठं सवं सविता साविषन्नोऽभीद्धो घर्मस्तदु षु प्र वोचम् ॥२६
हिङ्कृण्वती वसुपत्नी वसूनां वत्समिच्छन्ती मनसाभ्यागात् ।
दुहामश्विभ्यां पयो अघ्न्येयं सा वर्धतां महते सौभगाय ॥२७
गौरमीमेदनु वत्सं मिषन्तं मूर्धानं हिङ्ङकृणोन्मातवा उ ।
सृक्वाणं घर्ममभि वावशाना मिमाति मायुं पयते पयोभिः ॥२८
अयं स शिङ्क्ते येन गौरभीवृता मिमाति मायुं ध्वसनावधि श्रिता ।
सा चित्तिभिर्नि हि चकार मर्त्यं विद्युद्भवन्ती प्रति वव्रिमौहत ॥२९
अनच्छये तुरगातु जीवमेजद् ध्रुवं मध्य आ पस्त्यानाम् ।
जीवो मृतस्य चरति स्वधाभिरमर्त्यो मर्त्येना सयोनिः ॥३०

मैं इस सरलता से दुही जाने वाली गौ को बुलाता हूँ । कुशल दोहन-

कर्त्ता इसे दुहे। सविता हमको उत्साहित करें। मैं उनके तेज के लिए आह्वान करता हूँ।२६। बछड़े की इच्छा से रंभाती हुई दुग्धवती धेनु हमको प्राप्त हुई। वह अहिंसा के अयोग्य, अश्विनी कुमारों के लिए दूध दे, सौभाग्य लाभ के लिए बढ़े।२७। आँखें मींचते हुए बछड़े के पीछे शब्द करती हुई धेनु बछड़े के मुख को चाटती है। उसके होठों को थन से लगाने की इच्छा से बढ़ती हुई रंभाती है। उसके थनों में दूध पूर्ण हो जाता है।२८। बछड़ा निःशब्द गौ के चारों ओर घूमता। गौ रंभाती हुई अपनी पशु चेष्टाओं से मनुष्य को लेजाती परन्तु उज्ज्वल दूध देकर उसे प्रसन्न करती है।२९। चञ्चल मन वाला, श्वास युक्त जीव अपने घर में अविचल रूप में रहता है। मरण धर्म वालों के अन्न से युक्त होता हुआ वह अमर जीव स्वधा भक्षण करता हुआ रहता है।३०। (१६)

अपश्यं गोपामनिपद्यमानमा च परा च पथिभिश्चरन्तम्।
स सध्रीचीः स विषूचीर्वसान आ वरीवर्ति भुवनेष्वन्तः ॥३१
य ईं चकार न सो अस्य वेद य ईं ददर्श हिरुगिन्नु तस्मात्।
स मातुर्योना परिवीतो अन्तर्बहु प्रजा निर्ऋतिमा विवेश ॥३२
द्यौर्मे पिता जनिता नाभिरत्र बन्धुर्मे माता पृथिवी महीयम्।
उत्तानयोश्चम्वो योनिरन्तरत्रा पिता दुहितुर्गर्भमाधात् ॥३३
पृच्छामि त्वा परमन्तं पृथिव्याः पृच्छामि यत्र भुवनस्य नाभिः।
पृच्छामि त्वा वृष्णो अश्वस्य रेतः पृच्छामि वाचः परमं व्योम ॥३४
इयं वेदिः परो अन्तः पृथिव्या अयं यज्ञो भुवनस्य नाभिः।
अयं सोमो वृष्णो अश्वस्य रेतो ब्रह्मायं वाचः परमं व्योम ॥३५॥२०

मैंने इन रक्षक आदित्य को अन्तरिक्ष में गमन करते देखा है। वे किरणयुक्त वस्त्रों से आच्छादित हुए सब लोकों में विचरते हैं।३१। जिसने इसे रचा, वह भी इसे नहीं जानता। जिसने इसे देखा उससे वह छिपा है। वह माता गर्भ में टिका हुआ बहुत प्रजा वाला नाश को प्रा

मेरा पालनकर्ता पिता है, विस्तीर्ण पृथिवी मेरी माता है। आकाश पृथिवी के मध्य अन्तरिक्ष योनि रूप है, वहाँ पिता गर्भस्थापन करता है।३३। मैं तुम से पृथिवी की छोर पूछता हूँ। ससार की नाभि कहाँ है? यह जानना चाहता हूँ। अश्व का वीर्य कहाँ है और वाणी का परम स्थान कौनसा है?।३४। वेदि पृथिवी का अन्त है। यज्ञ ससार की नाभि है। सोम अश्व का वीर्य है। ब्रह्मा वाणी का परम स्थान है।३५। (२०)

सप्तार्धगर्भा भुवनस्य रेतो विष्णोस्तिष्ठन्ति प्रदिशा विधर्मणि।
ते धीतिभिर्मनसा ते विपश्चित परिभुव परि भवन्ति विश्वत ॥३६
न वि जानामि यदिवेदमस्मि निण्य सन्नद्धो मनसा चरामि।
यदा मागन्प्रथमजा ऋतस्यादिद्वाचो अश्नुवे भागमस्या ॥३७
अपाङ् प्राङेति स्वधया गृभीतोऽमर्त्यो मर्त्येना सयोनि.।
ता शश्वन्ता विषूचीना वियन्ता न्य न्य चिक्युर्न नि चिक्युरन्यम् ॥३८
ऋचो अक्षरे परमे व्योमन्यस्मिन्देवा अधि विश्वे निषेदु.।
यस्तन्न वेद किमृचा करिष्यति य इत्तद्विदुस्त इमे समासते ॥३९
सूयवसाद्भगवती हि भूया अथो वय भगवन्त स्याम।
अद्धि तृणमघ्न्ये विश्वदानी पिब शुद्धमुदकमाचरन्ती ॥४०।२१

लोक के वीर्य रूप सात आधे गर्भ विष्णु की आज्ञा से नियमों मे रहते हैं। वुद्धि और मन के द्वारा लोक को सब ओर से घेर लेते हैं।३६। मैं नहीं जानता कि मैं क्या हूँ? मैं मूर्ख और अर्द्ध विक्षिप्त के समान हूँ। जब मुझे ज्ञान का प्रथमांश प्राप्त होता है, तभी मैं किसी वाक्य को समझ पाता हूँ।३७। अमर, मरणधर्मा के साथ रहता है। अन्नमय शरीर पाकर वह कभी ऊपर, कभी नीचे जाता हैं। वह दोनों विरुद्ध गति वाले हैं। ससार उनमे एक को पहचानता है, परन्तु दूसरे को नहीं जानता। (जीव अमर है और शरीर मर जाता है। ससार शरीर को तो भली प्रकार जानता है पर जीव के विषय मे भ्रम मे पड़ा है।३८। ऋचायें उच्च स्थान को प्राप्त हैं। सब देवता उन पर आश्रय लिये हुवे हैं जो इस बात को नहीं जानता

यह ऋचा से क्या लाभ उठायेगा ? जो इसे जानता है, वही प्रसन्न रहता है ।. ६। हे सिंहा के अयोग्य, सुन्दर भाग्य वाली धेनु ! तू तृण सेवन करने वाली है । इनको भी भाग्यशाली बना । तू घास खाती हुई निर्मल जल पीने वाली हो ।४०। (१९)

गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षत्येकपदी द्विपदी सा चतुष्पदी ।
अष्टापदी नवपदी बभूवुषी सहस्राक्षरा परमे व्योमन् ।।४१
तस्याः समुद्रा अधि वि क्षरन्ति तेन जीवन्ति प्रदिशश्चतस्रः ।
ततः क्षरत्यक्षरं तद्विश्वमुप जीवति ।।४२
शकमयं धूममारादपश्यं विषुवता पर एनावरेण ।
उक्षाणं पृश्निमपचन्त वीरास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ।।४३
त्रयः केशिन ऋतुथा वि चक्षते संवत्सरे वपत एक एषाम् ।
विश्वमेको अभिचष्टे शचीभिर्ध्राजिरेकस्य ददृशे न रूपम् ।।४४
चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः ।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ।।४५
इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुरथो दिव्यः स सुपर्णो गुरुत्मान् ।
एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः ।।४६।।२२

जलों को प्रेरणा करने वाली बिजली शब्दवान् हुई । वह उन्नत आकाश में एक, दो, चार, आठ और नौ पदों से युक्त सहस्र अक्षर वाली हुई है ।४१। उसी बिजली से समुद्र प्रवाहित है, उससे चारों दिशायें स्थित है । उससे मेघ जल-वर्षा करते है और उसी से संसार प्राणवान् है ।४२। मैंने गोबर से उत्पन्न धूम को दूर से देखा । चारों दिशाओं में व्याप्त धूम के मध्य अग्नि को देखा । ऋत्विजों ने यहाँ सोम पान किया । यह उनका प्रथम कर्म है ।४३। केशयुक्त तीन देवता । नियम क्रम से दर्शन देते हैं । एक वर्ष में बोता है एक बलों से संसार को देखता है और एक का रूप दिखाई नहीं पड़ता, केवल गति ही दिखाई पड़ती है (यहाँ सूर्य अग्नि और वायु से अभिप्राय है ।) ।४४। वाणी चार प्रकार की है ।

विद्वान् उसके ज्ञाता है। उसके तीन पद अज्ञात है और चौथे पद को मनुष्य बोलते हैं ॥४५॥ उसे इन्द्र, मित्र या वरुण कहते हैं। वही आकाश में सूर्य है। वही अग्नि, यम और मातरिश्वा है। मेधावी जन एक ब्रह्म का अनेक रूप मे वर्णन करते है ॥४६॥ (२२)

कृष्ण नियान हरय सुपर्णा अपो वसाना दिवमुत्पतन्ति ।
त आववृत्रन्त्सदनादृतस्यादिद् घृतेन पृथिवी व्युद्यते ।४७।
द्वादश प्रधयश्चक्रमेक त्रीणि नभ्यानि क उ तच्चिकेत ।
तस्मिन्त्साकं त्रिशता न शङ्कवोऽर्पिता षष्टिर्न चलाचलास ।४८।
यस्ते स्तन. शशयो यो मयोभूर्येन विश्वा पुष्यसि वार्याणि ।
यो रत्नधा वसुविद्य सुदत्र' सरस्वति तमिह धातवे क. ।४९।
यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवास्तानि धर्माणि प्रथमान्यासन् ।
ते ह नाक महिमान' सचन्त यत्र पूर्व साध्य. सन्ति देवा: ।५०।
हे अग्ने ! यज्ञ के लिये तुमने मुझे सोम को प्रस्तुत करने को कहा, इसलिए मुझे शक्ति दो । तेजस्वी होता हुआ देवों के प्रति सोम कूटने के लिये पत्थर हाथ मे लेता और स्तुति करता हूं । तुम मेरे देह की रक्षा करो ॥१॥ हे अग्ने ! हमने उत्तम रूप से यज्ञ किया है, हमारी स्तुति बढ़े । समिधा और हवि से हम अग्नि की सेवा करें । आकाशवासी देवो ने स्तुति करने वालों का स्तोत्र बताया । स्तोता, स्तुति के योग्य अग्नि की स्तुति करना चाहते हैं ॥२॥ जो बुद्धिमान अ[illegible]त वती और जन्मजात श्रेष्ठ मित्र है, जो आकाश मे सुख को स्थापित करते है, उन दर्शनीय अग्निदेव को देवताओ न नदियों के जल मे से यज्ञ के लिए प्राप्त किया ॥ ३ ॥ सुशोभित धन से युक्त, उ[illegible] महिमावान प्रदीप्त अग्नि को प्रकट होते ही सप्त नदियो ने बढ़ाया । जैसे घोड़ी नवजात बालक को प्राप्त होती है वैसे ही नदियां सद्य उत्पन्न अग्नि के समीप पहुंची । अग्नि के उत्पन्न होते ही देवताओ ने उन्हें प्रकाश युक्त किया ॥ ४ ॥ उज्ज्वल वर्ण के तेज से अन्तरिक्ष को प्राप्त कर अग्नि स्तोता को तज से पवित्र करते तथा उसे अन्न धनादि दते है ॥५॥ (११)

[illegible]व्राजा सीमनदतीरदब्धा दिवो यह्वीरवसाना अनग्ना ।
[illegible]ना अत्र युवतयः सयोनीरेकं गर्भं दधिरे सप्त वाणीः ॥६॥
[illegible]तीर्णा अस्य संहतो विश्वरूपा घृतस्य योनौ स्रवथे मधूनाम् ।
[illegible]स्थुरत्र धेनवः पिन्वमाना मही दस्मस्य मातरा समीची ॥७॥
[illegible]भ्राणः सूनो सहसो व्यद्यौद्दधानः शुक्रा रभसा वपूंषि ।
[illegible]श्चोतन्ति धारा मधुनो घृतस्य वृषा यत्र वावृधे काव्येन ॥८॥
[illegible]पितुश्चिदूधर्जनुषा विवेद व्यस्य धारा असृजद्वि धेनाः ।
[illegible]गुहा चरन्तं सखिभिः शिवेभिर्दिवो यह्वीभिर्न गुहा बभूव ॥९॥
[illegible]पितुश्च गर्भं जनितुश्च बभ्रे पूर्वीरेको अधयत्पीप्यानाः ।

एता ते अग्ने जनिमा सनानि प्र पूर्व्याय नूतनानि वोचम् ।
महन्ति वृष्णे सवना कृतेमा जन्मञ्जन्मन् निहितो जातवेदा ॥२०॥
जन्मञ्जन्मन् निहितो जातवेदा विश्वामित्रेभिरिध्यते अजस्रः ।
तस्य वयं सुमतौ यज्ञियस्यापि भद्रे सौमनसे स्याम ॥२१॥
इमं यज्ञं सहसावन् त्वं नो देवत्रा धेहि सुक्रतो रराणः ।
प्र यंसि होतर्बृहतीरिषो नोऽग्ने महि द्रविणमा यजस्व ॥२२॥
इलामग्ने पुरुदंसं सनिं गोः शश्वत्तमं हवमानाय साध ।
स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे ॥२३॥१६॥

हे नीतिवन्त अग्ने ! हम तुम्हारी शरण माँगते है । हम सब धनो को प्राप्त करने वाला कर्म करते हुए हवि देते हैं । हम तुमको पुष्टिदायक हवि देकर देव विरोधी शत्रुओ पर विजय प्राप्त कर सकें ।१६। हे अग्ने ! तुम देवताओ से प्रशंसित इनके दूत हो । तुम सब स्तोत्रो को जानते हो । तुम मनुष्यो के बरसाने वाले रथी हो । तुम देवताओ का कार्य साधन करने के लिए उनका अनुसरण करते हो ।१७। राजा के सामने अग्नि यज्ञ-साधन करते हुए साधक के घर मे विराजमान होते हैं । वे सब स्तोत्रो के ज्ञाता हैं । अग्नि का शरीर घृत से प्रदीप्त होता है । वे अग्नि सूर्य के समान प्रकाशित होते है ।१८। गमन करने के इच्छुक अग्नि कल्याणमयी मैत्री और महती रक्षा से युक्त हुए हमारे पास पधारो और हमको अधिक सत्य मे, सुखदायक सुशोभित प्रशंसा योग्य धन प्रदान करो ।१६। हे अग्ने ! तुम पुरातन हो । तुम्हारे प्रति हम प्राचीन और नवीन स्तोत्रो से स्तुति करते है । सब प्राणियो मे व्याप्त अग्नि मनुष्यो मे वास करते हैं । उन अभीष्टवर्षी अग्नि के प्रति ही हमने यह स्तुति की है ।२०। सब मनुष्यो मे रमे हुए, सब प्राणियो मे व्याप्त अग्नि को विश्वामित्र ने चैतन्य किया । हम उनकी कृपा से यज्ञ योग्य अग्नि के प्रति उत्तम भाव रखें ।२१। हे अग्ने ! तुम बलवान् और उत्तम कर्म वाले हो । तुम हमारे यज्ञ को देवो के निकट पहुँचाओ हे देवताओं का आह्वान करने वाले अग्निदेव ! हमको अन्न और धन प्रदान करो ।२२। हे अग्नि ! स्तुति करने वाले को अनेक कर्मो की साधक तथा गौ देने वाली

इले कि च त्वा यजमानो हविर्भिरीले सखिन्व सुमति निकामः
देवैरवो मिमीहि सं जरित्रे रक्षा च नो दम्येभिरनीकैः ।।१५।।

यह महान अग्नि विस्तार वाले अन्तरिक्ष मे बढ़ते है वहा बहुत
वाला जल उनको भले प्रकार बढाता है । जल के गर्भ स्थान अन्तरिक्ष में
करने वाले अग्नि अपनी वहन रूप नदियो के जल मे शान्ति पूर्वक रहते है ।।
जो अग्नि संसार के पिता, जल से उत्पन्न मनुष्यो की रक्षा करने वाले शत्रुओं
पर आक्रमण करने वाले, युद्ध मे अपनी सेना की रक्षा करने वाले, सबके दे
योग्य तथा अपने तेज से प्रकाशित है, उन्होने यजमान के लिए पोषण सामर्थ्य
दी ।।१२।। सुन्दर अरणि ने जल और औषधियो के गर्भभूत तेजस्वी अग्नि को
उत्पन्न किया । सब देवता स्तुति के योग्य, बढ़े हुए तुरन्त उत्पन्न अग्नि के
समीप स्तुतियुक्त हुए पहुंचे अग्नि की उन्होने सेवा की ।।१३।। विद्युत के
अत्यन्त कांतियुक्त सूर्य अत्यन्त गम्भीर समुद्र मे अमृत मथन कर गुहा के
अपने घर अन्तरिक्ष मे बढ़ते हुए प्रकाशमान अग्नि का आश्रय प्राप्त करते
।।१४।। मैं यजमान हवियो सहित तुम्हारी स्तुति करता हूं । अग्ने ! देवता
सहित मुझ स्तुति करने वाले के पशु आदि की तथा मेरी, दमन करने योग्य सेना
से रक्षा करो ।।१५।।

(१५)

उपक्षेतारस्तव सुप्रणीतेऽग्ने विश्वानि धन्या दधाना ।
सुरेतसा श्रवसा तुञ्जमाना अभिष्याम पृतनायूंरदेवान् ।।१६।
आ देवा नामभवः केतुरग्ने मन्द्रो विश्वानि काव्यानि विद्वान् ।
प्रति मर्ता अवासयो दमूना अनु देव.न्रथिरो यासि साधन् ।।१७।
नि दुरोणे अमृतो मर्त्यानां राजा ससाद विदथानि साधन् ।
घृतप्रतीक उर्विया व्यद्यौदग्निर्विश्वानि काव्यानि विद्वान् ।।१८।
आ नो गहि सख्येभि शिवेभिर्महान्महीभिरूतिभिः सरण्यन् ।
अस्मे रयिं बहुलं सन्तरुत्रं सुवाचं भागं यशसं कृधी नः ।।१९।

कामना करने वाले ऋत्विगण कुश को बिछाते और स्रुक को उठाकर अन्न देने वाले, तेजस्वी, हितकारी, दुखनाशक तथा यज्ञ-साधक अग्नि का स्तवन करते हैं ।५।   (१७)

पावकशोचे तव हि क्षयं परि होतर्यज्ञेषु वृक्तबर्हिषो नर· ।
अग्ने दुव इच्छमानास आप्यमुपासते प्रविणं धेहि तेभ्य· ।।६
आ रोदसी अपृणदा स्वर्महज्जातं यदेनमपसो अधारयन् ।
सो अध्वराय परिणीयते कविरत्यो न वाजसातये चनोहितः ।।७
नमस्यत हव्यदातिं स्वध्वरं दुवस्यत दम्यं जातवेदसम् ।
रथीर्ऋतस्य बृहतो विचर्षणिरग्निर्देवानामभवत्पुरोहितः ।।८
तिस्रो यह्वस्य समिध· परिज्मनोऽग्नेरपुनन्नुशिजो अमृत्यवः ।
तासामेकामदधुर्मर्त्ये भुजमु लोकमुद्वे उप जामिमीयतु· ।।९
विशां कविं विश्पतिं मानुषीरिष· सं सीमकृण्वन्त्स्वधितिं न तेजसे ।
स उद्वतो निवतो याति वेविषत्स गर्भमेषु भुवनेषु दीधरत् ।।१०।।१८

पवित्र तेज वाले देव-आह्वाक अग्निदेव ! तुम्हारी सेवा करने के इच्छुक यजमान यज्ञ में कुश बिछाकर तुम्हारे यज्ञ स्थल को सजाते हैं। उनके लिये धन प्रदान करो ।६। अग्नि ने आकाश और पृथिवी को पूर्ण किया। यजमानो ने उनको तुरन्त प्रकट अग्नि को धारण किया सर्व व्यापक अन्न देने वाले अग्नि देव घोड़े के समान अन्न प्राप्त करने को प्रदीप्त किये जाते हैं।७। यज्ञ के स्वामी दर्शनीय अग्नि देवताओं को प्राप्त हुये। वे हवि देने वाले, सुन्दर यज्ञ से युक्त यथा जयमान का हित करने वाले हैं। उन अग्नि की नमस्कार पूर्वक सेवा करो ।८। अमरत्व प्राप्त देवताओं ने अग्नि की इच्छा से विश्वव्यापी अग्नि को पार्थिव, विद्युत और सूर्य रूप दिये। उन्होंने उन तीनों में से संसार के पालन कर्त्ता पार्थिव अग्नि को पृथिवी पर तथा शेष दोनों को आकाश में स्थापित किया ।९। धन की कामना करने वाले मनुष्यों ने अपने स्वामी अग्निदेव को तलवार के समान तीक्ष्ण करने के लिये सस्कारित

भूमि दो । हमारे वन की वृद्धि करने वाला और सन्तान को जन्म देने वाला पुत्र दो । हे अग्ने ! हम पर कृपा करो ॥२३॥

२ सूक्त

(ऋषि— विश्वामित्रः । देवता—अग्निर्वैश्वानरः । छन्द जगती)

वैश्वानराय विपणामृतावृधे घृतं न पूतमग्नये जनामसि ।
द्विता होतार मनुपश्च वाधतो धिया रथं न कुलिशः समृण्वति ॥१
स रोचयज्जनुपा रोदसी उभे स मात्रोरभवत्पुत्र ईड्यः ।
हव्यवालग्निरजरश्चनोहितो दूलभो विशामतिथिविभावसुः ॥२
क्रत्वा दक्षस्य तरुपो विधमणि देवासो अग्नि जनयन्त चित्तिभिः ।
रुरुचान भानुना ज्योतिपा महामत्य न वाज सनिष्यन्नुप ब्रुवे ॥३
आ मन्द्रस्य सनिष्यन्तो वरेण्यं वृणीमहे अह्रयं वाजमृग्मियम् ।
राति भृगूणामुशिज कविक्रतुमग्नि राजन्त दिव्येन शोचिपा ॥४
अग्नि सुम्नाय दधिरे पुरो जना वाजश्रवसमिह वृक्तवर्हिपः ।
यतस्रुचः सुरुच विश्वदेव्यं रुद्र यज्ञानां साधदिष्टिमपसाम् ॥५॥१७

यज्ञ के बढाने वाले वैश्वानर देव के प्रति हम शुद्ध घृत के समान सुख देने वाली स्तुति करेंगे । जैसे कठोर से रथ को ठीक किया जाता है, वैसे ही यजमान और ऋत्विक् देवताओं का आह्वान करने वाले गार्हपत्य और आहवनीय रूपों वाले अग्नि को संस्कारित करते हैं ॥१॥ वे अग्नि प्रकट होते ही आकाश पृथिवी को प्रकाशमान करते हैं । वे माता-पिता के प्रेम पात्र पुत्र हैं । हवि वहन करने वाले, अजर, अहिंसित, अन्न देने वाले, कान्तियुक्त अग्नि मनुष्यों में अतिथि के समान पूजनीय हैं ॥२॥ मेधावी जन विपत्ति से बचाने वाले बल से अग्नि को यज्ञ में प्रकट करते हैं । जैसे बोझा ढोने वाले अश्व की प्रशंसा होती है, वैसे ही मैं अन्न की कामना से कान्तियुक्त अग्नि का स्तवन करता हूँ ॥३॥ स्तुति के योग्य वैश्वानर के उत्तम प्रशंसनीय अन्न की अभिलाषा से भृगुओं की इच्छा पूर्ण करने वाले, इच्छा करने योग्य, मेधावी, दिव्य तेज से सुशोभित अग्नि की सेवा करता हूँ ॥४॥ कुश की

३ सूक्त

ऋषि विश्वामित्र । देवता— वैश्वानरोऽग्नि । छन्द—जगती पंक्ति)

वैश्वानराय पृथुपाजसे विपो रत्ना विधन्त धरुणेषु गातवे ।
अग्निर्हि देवाँ अमृतो दुवस्यत्यथा धर्माणि सनता न दूदुषत् ॥१॥
अन्तर्दूतो रोदसी दस्म ईयते होता निषत्तो मनुषः पुरोहितः ।
क्षयं बृहन्तं परि भूषति द्युभिर्देवेभिरग्निरिषितो धियावसुः ॥२॥
केतुं यज्ञानां विदथस्य साधनं विप्रासो अग्निं महयन्त चित्तिभिः ।
अपांसि यस्मिन्नधि संदधुर्गिरस्तस्मिन्त्सुम्नानि यजमान आ चके ॥३॥
पिता यज्ञानामसुरो विपश्चितां विमानमग्निर्वयुनं च वाघताम् ।
आ विवेश रोदसी भूरिवर्पसा पुरुप्रियो भन्दते धामभिः कविः ॥४॥
चन्द्रमग्निं चन्द्ररथं हरिव्रतं वैश्वानरमप्सुषदं स्वर्विदम् ।
विगाहं तूर्णिं तविषीभिरावृतं भूर्णिं देवास इह सुश्रियं दधुः ॥५॥२०

सन्मार्ग प्राप्ति के निमित्त बुद्धिमान स्तोता अत्यन्त यशी वैश्वानर के प्रति यज्ञ मे सुन्दर स्तुति करते है । अविनाशी अग्निदेव हवि वहन करते हुये देवताओं की सेवा करते है । इस पुरातन यज्ञ को कोई अपवित्र नही कर सकता ।१। प्रकाशमान होता अग्नि देवताओं के दूत हुये आकाश पृथिवी के मध्य गमन करते है । देवताओं द्वारा प्रेरित बुद्धिमान् अग्नि स्तोता के समक्ष स्थापित हुये यज्ञशाला को सुशोभित करते है ।२। यज्ञों को बताने वाले, यज्ञ-कार्य के साधन करने वाले अग्नि को विद्वज्जन अपने कर्म द्वारा पूजते है । स्तोतागण अपने कर्मों को जिन अग्नि को भेंट करते है, उन्ही अग्नि मे यजमान की कामनायें आश्रय प्राप्त करती हैं ।३। यज्ञ पिता, स्तुति करने वालो को बल देने वाले, ज्ञान के कारण तथा कर्मों के साधक अग्नि अपने पार्थिव और विद्युतादि रूप से लोको मे व्याप्त होते हुये, यजमान द्वारा पूजित होते है ।४। सबको आनन्द देने वाले, सुवर्णमय रथ वाले, पीतवर्ण वाले, जल मे वास करने वाले, सर्वज्ञ, सर्वव्यापी, द्रुतगामी, बली, पोषक, प्रदीप्त, वैश्वानर अग्नि को ऋषियों ने स्थापित किया ।५। (२०)

किया वे ऊँचे नीचे स्थलो को व्याप्त कर चलते और सब लोको मे सब औ
को धारण करते हैं ।१०।

(१८)

स जिन्वते जठरेषु प्रजज्ञिवान्वृषा चित्रेषु नानदन्न सिंहः ।
वैश्वानरः पृथुपाजा अमर्त्यो वसु रत्ना दयमानो वि दाशुषे ।११।
वैश्वानरः प्रत्नथा नाकमारुहद्दिवस्पृष्ठं मन्दमानः सुमन्मभिः ।
स पूर्ववज्जनयञ्जन्तवे धनं समानमज्मं पर्येति जागृविः ।१२।
ऋतावानं यज्ञियं विप्रमुक्थ्य मा यं दधे मातरिश्वा दिवि क्षयम् ।
तं चित्रयामं हरिकेशमीमहे सुदीतिमग्निं सुविताय नव्यसे । ३।
शुचिं न यामन्निषिरं स्वर्दृशं केतुं दिवो अग्निं रोचनस्थामुषर्बुधम् ।
अग्निं मूर्धानं दिवो अप्रतिष्कुतं तमीमहे नमसा वाजिनं बृहत् । ४।
मन्द्रं होतारं शुचिमद्वयाविनं दमूनसमुक्थ्यं विश्वचर्षणिम् ।
रथं न चित्रं वपुषाय दर्शतं मनुर्हितं सदमिद्राय ईमहे ।१५।१६

सद्यःजात वैश्वानर अग्नि अभीष्टवर्षक है । वे सिंह के समान गर्जते हुये बढाते है । वे अविनाशी अत्यन्त तेज वाले हैं । यजमान को उपभोग्य वस्तु प्रदान करते है ।११। स्तोताओ से स्तुत्य अन्तरिक्ष की पीठ सूर्य लोक पर चढ़ते हैं । प्राचीन ऋषियो के समान चैतन्य होकर यजमान को धन देते हुऐ सूर्य रूप से घूमते हैं ।१२। महाबली, मेधावी, स्तुत्य, आकाशवाणी विन अग्नि को वायु ने आकाश से लाकर पृथिवी पर प्रतिष्ठित किया, उन्ही विभिन्न गति वाले,पीत वर्ण तेजस्वी अग्नि से हम नवीन धन की याचना करते हैं ।१३। यज्ञ में प्रेरित करने वाले ज्ञान के कारणभूत, प्रदीप्त, ध्वज रूप सूर्य रूप से अवस्थित, उषाकाल मे चैतन्य होने वाले अग्नि को स्तोत्र द्वारा पूजा करता हूँ ।१४। स्तुति के योग्य, देवताओ का आह्वान करने वाले पवित्र, मोदे, मंत्र, सर्वदाता, दर्शनीय, विभिन्न वर्ण वाले, मनुष्यो के लिये कल्याणकारी अग्निदेव से मैं धन माँगता हूँ ।१५।

(११)

जाते हो ।१०। वैश्वानर अग्नि की दुःख नाशिनी क्रिया द्वारा महान् धन प्राप्त होता है। वे यज्ञादि श्रेष्ठ कर्मों की कामना से यजमान को धन दिया करते हैं। वे पौरुषयुक्त अग्नि आकाश पृथिवी रूप पिता-माता का स्तवन करते हुये प्रकट होते हैं ॥२१॥　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　(२१)

४ सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र । देवता—आप्रिय । छन्द—पंक्ति, त्रिष्टुप्)

समित्समित्सुमना बोध्यस्मे शुचाशुचा सुमतिं रासि वस्वः ।
आ देव देवान्यजथाय वक्षि सखा सखीन्त्सुमना यक्ष्यग्ने ॥१
यं देवासस्त्रिरहन्नायजन्ते दिवेदिवे वरुणो मित्रो अग्निः ।
सेमं यज्ञं मधुमन्तं कृधी नस्तनूनपाद्घृतयोनिं विधन्तम् ॥२
प्रदीधितिर्विश्ववारा जिगाति होतारमिळः प्रथमं यजध्यै ।
अच्छा नमोभिर्वृषभं वन्दध्यै स देवान्यक्षदिषितो यजीयान् ॥३
ऊर्ध्वो वां गातुरध्वरे अकार्यूर्ध्वा शोचींषि प्रस्थिता रजांसि ।
दिवो वा नाभा न्यसादि होता स्तृणीमहि देवव्यचा वि बर्हिः ॥४
सप्त होत्राणि मनसा वृणाना इन्वन्तो विश्वं प्रति यन्नृतेन ।
नृपेशसो विदथेषु प्र जाता अभी मं यज्ञं वि चरन्त पूर्वीः ।५।२२।

हे अग्ने तुम समृद्धि को प्राप्त होओ अनुकूल मन से चैतन्यता प्राप्त करो। तुम द्रुतगति वाले हो। अपने तेज से हम पर धन-युक्त दृष्टि करो। देवताओं को इस यज्ञ में लाओ, क्योंकि तुम देवताओं के मित्र हो। उत्तम मन से अपने मित्र देवताओं का यजन करो।१। वरुण, मित्र और अग्नि जिनका प्रतिदिन तीनों समय यज्ञ करते है वे तनूनपात अग्नि हमारे जल की कामना वाले यज्ञ का फल वर्षा के रूप में दें।२। देवों का आह्वान करने वाले अग्नि को सब की प्रिय स्तुति प्राप्त हो। सुख उत्पन्न करने के लिये इन्हा अभीष्ट पूरक पूज्य अग्नि के पास पहुंचे। यज्ञ-कुशल अग्निदेव हमारे निमित्त यजन करें।३। यज्ञ में अग्नि के लिये एक उन्नत मार्ग निश्चित है। उज्ज्वल हवि ऊपर उठती है। प्रकाशमान यज्ञशाला के नाभि

वैसा ही पुष्ट वीर्य हमको प्रदान करो ।६। हे वनस्पते ! तुम देवों को यहाँ ले आओ । प्राणों का संस्कारित करने वाले अग्निदेव देवाह्वान यज्ञ करें क्योंकि वही देवताओं के ज्ञाता है ।१०। हे अग्ने ! तुम प्रकाशमान हुये इन्द्रादि देवताओं के सहित एक रथ पर चढ़कर शीघ्रता से यहाँ आओ । पुत्रों सहित अदिति हमारे कुश के आसन पर विराजमान हों । अग्नि रूप से स्वाहाकार युक्त हुए देवगण तृप्त हों ।११ ॥ (२३)

५ सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र । देवता—अग्नि । छन्द—पंक्ति, त्रिष्टुप्)

प्रत्यग्निरुषसः चितानोऽबोधि विप्रः पदवी कवीनाम् ।
पृथुपाजा देवयद्भिः समिद्धोऽप द्वारा तमसो वह्निराव ।१।
प्रेद्वग्निर्वावृधे स्तोमेभिर्गीर्भिः स्तोतृणां नमस्य उक्थैः ।
पूर्वीऋ्र्तस्य सन्दृशश्चकानः स दूतो अद्यौदुषसो विरोके ।२।
अधाय्यग्निर्मानुषीषु विक्ष्व पां गर्भो मित्र ऋतेन साधन् ।
आ हर्यतो यजतः सान्वस्यादभूदु विप्रो हव्यो मतीनाम् ।३।
मित्रो अग्निर्भवति यत्समिद्धो मित्रो होता वरुणो जातवेदाः ।
मित्रो अध्वर्युरिषिरो दमूना मित्रः सिन्धूनामुत पर्वतानाम् ।४।
पाति प्रियं रिपो अग्रं पदं वेः पाति यह्वश्चरणं सूर्यस्य ।
पाति नाभा सप्तशीर्षाणमग्निः पाति देवानामुपमादमृष्वः ।५।२४

अग्नि उषा के ज्ञाता हैं वे विद्वानों का अनुसरण करने के लिये चैतन्य होते है । वे अत्यन्त तेजस्वी हैं । देवताओं की कामना करने वाले व्यक्ति उन्हें प्रज्वलित करते हैं तब वे ज्ञान का द्वार खोलते हैं ।१। पूजनीय अग्नि स्तुति करने वालों के स्तोत्र, वाणी और मन्त्र से बढ़ते है । वे अग्नि देवताओं के दूत रूप से प्रदीप्त होने के अभिलाषी हुये उषा काल मे प्रज्ज्वलित होते हैं ।२। यजमानों के सखा रूप अग्नि यज्ञ अभीष्ट फल देने के निमित्त मनुष्यों में विराजमान होते है । वे स्पृहणीय अग्नि यज्ञ योग्य है, वे मेधावी स्तुति करने वालों की स्तुति के पात्र है ।३। जब अग्नि प्रवृद्ध होते

समान सुशोभित औषधियाँ जल द्वारा वृद्धि को प्राप्त होती और फलयुक्त होती हैं। पृथिवी से आकाश तक उठते हुये अग्नि हमारे रक्षक हो।८। हमारे द्वारा प्रदीप्त और स्तुत्य अग्नि सब के मित्र. स्तुत्य और अरणियो द्वारा प्रदीप्त होते हैं। वे देवताओ के दूत होकर हमारे यज्ञ मे उन्हे बुलावें।६। जब मातरिश्वा ने भृगुओ के निमित्त गुफा मे विराजमान हविवाहक अग्नि को चैतन्य किया तब तेजस्वी, श्रेष्ठ अग्नि ने अपने तेज से सूर्य लोक को भी स्तब्ध कर दिया।१०। हे अग्ने ! तुम अपने स्तोता को अनेक कर्मों के फल रूप गवादि धन युक्त भूमि सदा देते रहो। हमारे वश की वृद्धि करने वाला सन्तानोत्पादन मे समर्थ पुत्र हो। यह सब तुम्हारी कृपा से ही होगा।११। (२५)

६ —सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र । देवता—अग्नि । छन्द त्रिष्टुप् पंक्ति)

प्र कारवो मनना वच्यमाना देवद्रीची नयत देवयन्त ।
दक्षिणावाड्वाजिनी प्राच्येति हविर्भरन्त्यग्नये घृताची ॥१
आ रोदसी अपृणा जायमान उत प्ररिक्था अग नु प्रयज्यो ।
दिविश्चिदग्ने महिना पृथिव्या वच्यता ते वह्नय. सप्तजिह्वा ॥२
द्यौश्च त्वा पृथिवी यज्ञियासो नि होतार सादयन्ते दमाय ।
यदी विशो मानुषीर्देवयन्तीः प्रयस्वतीरीलते शुक्रमर्चि. ॥३
महान्त्सधस्थे ध्रुव आ निषत्तोऽन्तर्द्यावा माहिने हर्यमाणः ।
आस्क्रे सपत्नी अजरे अमृक्ते सबर्दुघे उरुगायस्य धेनू ॥४
व्रता ते अग्ने महतो महानि तव क्रत्वा रोदसी आ ततन्थ ।
त्वं दूतो अभवो जायमानस्त्वं नेता वृषभ चर्षणीनाम् ।५२६।

हे यज्ञ करने वालो ! तुम सोम की कामना करते हो। मन्त्र से प्रेरणा पाकर देवोपासना मे साधन रूप स्रुक् को यहाँ लाओ। जिसे आहवनीय अग्नि दक्षिण दिशा मे ले जाते हैं, जिसका अग्रभाग पूर्व मे रहता है,

है। तब वे सखा भाव युक्त होते हैं, व मित्र होता और सबको जानने वाले वरुण हैं। वे मित्र भाव वाले ज्ञानमय स्वभाव युक्त अध्वर्यु और प्रेरणा देने वाले वायु रूप हैं। वे नदियों और पर्वतों से भी सख्य भाव रखते हैं॥ सर्वव्यापक अग्नि पृथिवी के प्रिय स्थान के रक्षक है। वे सूर्य के घूमने के स्थान की रक्षा करते हैं, अन्तरिक्ष में मरुद्गण का पालन करते और देवताओं को प्रसन्न करने वाले यज्ञ को पुष्ट करते हैं।५। (२४)

ऋभुश्चक्र ईड्यं चारु नाम विश्वानि देवो वयुनानि विद्वान्।
ससस्य चर्म घृतवत्पदं वेस्तदिदग्नी रक्षत्यप्रयुच्छन् ॥६
आ योनिमग्निर्घृतवन्तमस्थात्पृथुप्रगाणमुशन्तमुशान।
दीद्यानः शुचिर्ऋष्वः पावकः पुनः पुनर्मातरा नव्यसी कः ॥७
सद्यो जात ओषधीभिर्ववक्षे यदी वर्धन्ति प्रस्वो घृतेन।
आप इव प्रवता शुम्भमाना उरुष्यदग्निः पित्रोरुपस्थे ॥८
उदुष्टुतः समिधा यह्वो अद्यौद्वर्ष्मन्दिवो अधि नाभा पृथिव्याः।
मित्रो अग्निरीड्यो मातरिश्वा दूतो वक्षद्यजथाय देवान् ॥९
उदस्तम्भी समिधा नाकमृष्वो ग्निर्भवन्नुत्तमो रोचनानाम्।
यदी भृगुभ्यः परि मातरिश्वा गुहा सन्तं हव्यवाहं समीधे ॥१०
इलामग्ने पुरुदंसं सनिं गोः शश्वत्तमं हवमानाय साध।
स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे ॥११॥२५

सब ज्ञाता महान् अग्नि प्रशंसा योग्य रमणीय जल को उत्पन्न करने वाले हैं। अग्नि के सुप्त रहने पर भी उनका रूप चमकता रहता है। वे अग्नि सावधानी से अपने रूप की रक्षा करते हैं।६। स्तुति किये हुये, प्रकाश युक्त अपने स्थान से प्रेम करने वाले अग्निदेव विराजमान हुये। वे प्रकाशमान, तेजस्वी, पवित्र अग्नि आकाश पृथिवी रूप अपने पिता-माता को अभिनवता प्रदान करते हैं।७। अग्नि अपने जन्म से ओषधियों द्वारा धारण किये जाते हैं। उस समय मार्ग में बहते हुये जल

अश्वों के यज्ञ के सामने जोड़ो । फिर सब देवताओं को बुलाओ । तुम सब को यज्ञ-मय बनाओ ।६। हे अग्ने तुम जंगल में जल को सुखाते हो तब तुम्हारे प्रकाश सूर्य से भी अधिक प्रतीत होता है । तुम सुन्दर कांतिमती उषा के पीछे प्रकाशित होते हो । स्तोतागण, स्तुति के पात्र होता रूप अग्नि का स्तवन करते हैं ।७। जो देवगण विस्तृत अन्तरिक्ष में सुखी हैं, जो देवता प्रकाशमान आकाश में वास करते हैं, जो 'उम' संज्ञक पितरगण आह्वान पर आते हैं, वे सब रथ-युक्त अग्नि के अश्व रूप हैं ।८। हे अग्ने ! उन सभी देवताओं के सहित रथारूढ़ हुये हमारे पास आओ । तुम्हारे अश्व तुम्हें यहाँ लाते लाकर सोम द्वारा बलिष्ठ बनाओ ॥९॥ विशाल आकाश और पृथिवी सभी यज्ञों में जिन अग्निदेव की समृद्धि के निमित्त स्तुति करती है, वे देवताओं के होता, जल सम्पन्न, सुन्दर रूप वाली सत्य, रूपिणी आकाश-- हे अग्ने ? तुम स्तुति करने वाले को विविध कर्मों की कारणभूत गौ युक्त भूमि सदा प्रदान करो । हमको वंश की वृद्धि करने वाला सन्तानोत्पादन में समर्थ पुत्र दो । यही तुम्हारा अनुग्रह होना चाहिये ॥११॥ (२७)

॥ इति द्वितीयोऽष्टकः समाप्तः ॥

नदियाँ अग्नि का पालन करती हैं। त्वष्टा के पुत्र, अजर महान् तथा सम्पूर्ण जगत् को धारण करने की इच्छा करते है। युवा पुरुष के पत्नी के निकट जाने समान जल के निकट प्रदीप्त हुये अग्नि आकाश और पृथिवी में व्याप्त होते ॥४॥ कामनाओं के वर्षक अहिंसक अग्नि के आश्रय में उत्पन्न सुख को जानने वाले उपासक उनके आदेश मे उपस्थित रहते हैं। जिन स्तोताओं की स्तुति रूप वाणी उल्लेख योग्य होती है, वे आकाश को प्रकाशित करने वाले सुशोभित हुए स्वयं भी प्रकाशमान होते हैं ।५। (१)

उतो पितृभ्यां प्रविदानु घोषं महो महद्भ्यामनयन्त शूषम् ।
उक्षा ह यत्र परि धानमक्तोरनु स्वं धाम जरितुर्ववक्ष ॥६
अध्वर्युभिः पञ्चभिः सप्त विप्राः प्रियं रक्षन्ते निहितं पदं वेः ।
प्राञ्चो मदन्त्युक्षणो अजुर्या देवा देवानामनु हि व्रता गुः ॥७
दैव्या होतारा प्रथमा न्यृञ्जे सप्त पृक्षासः स्वधया मदन्ति ।
ऋतं शंसन्त ऋतमित्त आहुरनु व्रतं व्रतपा दीध्यानाः ॥८
वृषायन्ते महे अत्याय पूर्वीर्वृष्णे चित्राय रश्मयः सुयामाः ।
देव होतर्मन्द्रतरश्चिकित्वान्महो देवान् रोदसी एह वक्षि ॥९
पृक्षप्रयजो द्रविणः सुवाचः सुकेतव उषसो रेवदूषुः ।
उतो चिदग्ने महिना पृथिव्याः कृतं चिदेनः सं महे दशस्य ॥१०
इळामग्ने पुरुदंसं सनिं गोः शश्वत्तमं हवमानाय साध ।
स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे ॥११॥

दिव्य होता स्वरूप दो अग्नियो को मै सजाता हूँ। सप्त होता, सोम कि पर प्रसन्न होते हैं। वे होता स्तुति करते हुए यज्ञ की रक्षा करते हुए को ही सत्य बतलाते है। ।८। देवाह्वानकर्ता एवं प्रकाशमान अग्नि महान अभीष्टवर्धक है। हे अग्ने ! तुम्हारी आज्ञाकारिणी ज्वालायें विस्तृत होती सर्वत्र व्यापती हैं तथा वृषभ तुल्य प्रभाव वाली होती है। तुम हर्ष युक्त ज्ञानवान् हो। हमारे यज्ञ कर्म मे देवताओ और आकाश पृथिवी के बुलाने ब हो।९। सदा गतिमान् अग्नि के लिये जिस उषाकाल मे हवि देते हुए किया जाता है, वह उषा काल शुभोभित स्तुति रूप वाणी तथा ऋषियो अ मनुष्यों के श्रेष्ठ शब्दो से सुसज्जित है, वह उषा काल धनैश्वर्य से युक्त हो प्रकाशित होता । हे अग्नेय ! तुम अपनी महती कृपा द्वारा यजमान द्वारा कर्म का नाश करने मे समर्थ हो।१०। हे अग्ने ! स्तुति करने वाले को विवि कर्म की हेतु और गवादि धनयुक्त भूमि दो। हमें वंश बढ़ाने वाला, सतानोत्पा दन मे समर्थ पुत्र दो। तुम्हारा यही अनुग्रह हम चाहते है।११। (३)

८ सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र. । देवता—विश्वेदेवाः । छन्द-त्रिष्टुप्, पंक्ति ।)

अञ्जन्ति त्वामध्वरे देवयन्तो वनस्पते मधुना दैव्येन ।
यदूर्ध्वस्तिष्ठा द्रविणेह धत्ताद्यद्वा क्षयो मातुरस्या उपस्थे ॥१
समिद्धस्य श्रयमाणः पुरस्ताद् ब्रह्म वन्वानो अजरं सुवीरम् ।
आरे अस्मदमतिं बाधमान उच्छ्रयस्व महते सौभगाय ॥२
उच्छ्रयस्व वनस्पते वर्ष्मन्पृथिव्या अधि ।
सुमिती मीयमानो वर्चो धा यज्ञवाहसे ॥३
युवा सुवासाः परिवीत आगात्स उ श्रेयान्भवति जायमानः ।
तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देवयन्तः ॥४
जातो जायते सुदिनत्वे अह्नां समर्य आ विदथे वर्धमानः ।
पुनन्ति धीरा अपसो मनीषा देवया विप्र [illegible] ॥५॥१३

हे यूपो ! देवताओं की कामना करने वाले, कर्मों के पालक अध्वर्यु गण तुम्हें गड्ढे में फेंकते हैं । हे वनस्पते ! तुम कुठार से काटे गये हो । तुम उत्कृष्ट काष्ठ वाले हो । हमको सन्तानयुक्त श्रेष्ठ धन प्रदान करो ॥ ६ ॥ जो कुठार से काटे जाकर ऋत्विजों द्वारा गड्ढे में डाल दिए जाते हैं तथा जो यज्ञ का साधन करने वाले हैं, वे यूप हमारी हवियों को देवताओं के समीप पहुँचावें ॥ ७ ॥ आदित्यगण, रुद्र, वसु भले प्रकार सत्कृत होकर सूर्य मण्डल, पृथ्वी और अन्तरिक्ष तीनों स्थानों में व्याप्त हों और यज्ञ का पालन करें । वे ही यज्ञ की ध्वजारूप को बढ़ावें ॥ ८ ॥ सुन्दर त्वचा से ढके हुए, हंस के समान श्वेत खण्डयुक्त यूप हमको प्राप्त हों । विद्वान् अध्वर्युओं के द्वारा के पूर्व की ओर उठे हुए उज्ज्वल यूप देवताओं के मार्ग पर जाते हैं ॥ ९ ॥ काँटे आदि हटाने के पश्चात् सुन्दर हुए यूप पृथिवी पर उत्तम सींग वाले पशुओं के सींगों की भाँति लगते हैं । यज्ञ में ऋत्विजों के स्तोत्र श्रवण करने वाले यूप, युद्ध में हमारे रक्षक बनें ॥ १० ॥ हे वनस्पते ! तुम मूल से पृथक् हुए, तीक्ष्ण धार वाले कुठार ने तुम्हें अत्यन्त भाग्यवान् बनाया । तुम सहस्र शाखाओं से युक्त हुए उत्तम प्रकार से उत्पन्न होओ । हम भी सहस्र शाखा वाले होते हुए उत्तम प्रकार से ॥ ११ ॥

९ सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र । देवता—अग्नि । छन्द—बृहती पंक्तिः)

सखायस्त्वा ववृमहे देवं मर्तास ऊतये ।
अपां नपातं सुभगं सुदीदितिं सुप्रतूर्तिमनेहसम् ॥१
कायमानो वना त्वं यन्मातॄरजगन्नपः ।
न तत्ते अग्ने प्रमृषे निवर्तनं यद्दूरे सन्निहाभवः ॥२
अति तृष्टं ववक्षिथाथैव सुमना असि ।
प्रप्रान्ये यन्ति पर्यन्य आसते येषां सख्ये असि श्रितः ॥३
ईयिवांसमति स्रिधः शश्वतीरति सश्चतः ।
अन्वीमविन्दन्निचिरासो अद्रुहोऽप्सु

समृवासमिव त्मनाग्निमित्था तिरोहितम् ।
ऐनं नयन्मातरिश्वा परावतो देवेभ्यो मथितं परि ॥५॥

हे अग्ने ! तुम श्रेष्ठ ऐश्वर्य वाले, अविनाशी, प्रकाशमान, उपद्रव-रहित विश्व को प्राप्त होने वाले हो। हम मनुष्य तुम्हारे मित्र के समान हैं। हम तुमको अपने रक्षक रूप से वरण करते है ॥ १ ॥ अग्ने ! तुम सब जङ्गलो के रक्षक हो। तुम अपने आश्रयभूत जलो में वास कर शान्त होओ। तुम अपने शान्त भाव से जब ऊब जाते हो, तब दूर रहते हुए भी हमारे कोष्ठ मे प्रकट होते हो ॥२॥ हे अग्ने ! स्तुति करने वाले की कामना की पूर्ति का तुम विशेष रूप से विचार करते हो। तुम सदा तृप्त रहते हो। तुम्हारे मित्रभाव को प्राप्त करने वाले सोहल ऋत्विज हविदान करते हैं और तुम्हारे चारों ओर बैठते हैं ॥३॥ गुफा मे रहने वाले, शत्रु और उनकी सेनाओं को पराजित करने वाले अग्नि को, द्वेष-शून्य विश्वेदेवताओं ने प्राप्त किया ॥४॥ स्वेच्छाचारी पुत्र को पिता अपनी ओर आकर्षित करता है, वैसे ही स्वेच्छापूर्वक रमे हुए अग्नि को मथ कर मातरिश्वा देवताओं के लिए ले आए ॥५॥ (५)

तं त्वा मर्ता अगृभ्णत देवेभ्यो हव्यवाहन ।
विश्वान्यद्यज्ञाँ अभिपासि मानुष तव क्रत्वा यविष्ठय ॥६
तद्भद्रं तव दंसना पाकाय चिच्छदयति ।
त्वां यदग्ने पशवः समासते समिद्धमपिशर्वरे ॥७
आ जुहोता स्वध्वरं शीरं पावकशोचिषम् ।
आशुं दूतमजिरं प्रत्नमीड्यं श्रुष्टी देवं सपर्यत ॥८
त्रीणि शता त्री सहस्राण्यग्निं त्रिंशच्च देवा नव चासपर्यन् ।
औक्षन्घृतैरस्तृणन्बर्हिरस्मा आदिद्धोतारं न्यसादयन्त ॥६॥६

मनुष्यों के हित साधक, सतत युवा अग्नि देव ! तुम अपनी महत्ता से यज्ञ की रक्षा करते हो। तुम हवि वहन करने वाले को मनुष्यों ने देवताओं के निमित्त वरण किया ॥ ६ ॥ हे अग्ने ! सायंकाल में

प्रदीप्त होने पर सब पशु तुम्हारे आश्रय में बैठते हैं। तुम्हारा धूम्र स्वर्ग के समान सूर्य को भी अभीष्ट देकर तृप्त करता है ॥७॥ उन काष्ठादि में प्रथम कर्म वाले तथा पवित्र प्रकाश वाले अग्नि का यजन करो। इन प्राचीन, सर्व व्याप्त, दूत रूप स्तुत्य अग्नि का यजन करो ॥८॥ उन अग्नि को तीन सौ उनतालीस देवताओं ने पूजा, घृत से उन्हें सींचा है और उनके कुश बिछाये हैं। फिर उन्होंने अग्नि को होता रूप में वरण कर कुश पर प्रतिष्ठित किया है ॥९॥

१० सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र। देवता—अग्नि। छन्द—उष्णिक् गायत्री)

त्वामग्ने मनीषिणः सम्राजं चर्षणीनाम्।
देव मर्तास इन्धते समध्वरे।

त्वा यज्ञेष्वृत्विजमग्ने होतारमीलते।
गोपा ऋतस्य दीदिहि स्वे दमे।

स घा यस्ते ददाशति समिधा जातवेदसे।
सो अग्ने धत्ते सुवीर्यं स पुष्यति।

स केतुरध्वराणामग्निर्देवेभिरा गमत्!
अञ्जानः सप्त होतृभिर्हविष्मते।

प्र होत्रे पूर्व्यं वचोऽग्नये भरता बृहत्।
विपां ज्योतींषि बिभ्रते न वेधसे।

हे प्रजास्वामी अग्निदेव! तुम प्रकाशमान हो। तुम्हें मेधावी चैतन्य करते है।। १ ॥ हे अग्नि! तुम होता हो। तुम्ही ऋत्विक् हो। अध्वर्युगण यज्ञ मे तुम्हारा स्तवन करते हैं। तुम यज्ञ गृह में प्रकाशित होकर यज्ञ की रक्षा करो॥ २ ॥ हे अग्ने! तुम जन्म से ही मेधावी हो। जो यजमान तुमको हवि देते है, वे उत्तम वीर्यवान् पुत्र प्राप्त करते हुए पुत्र एवं ऐश्वर्य द्वारा समृद्ध होते है ॥ ३ ॥ यज्ञ को प्रकाशित करने वाले अग्निदेव सात होताओ द्वारा घृत से सींचे जाते है। वे देवताओ के साथ यजमान के पास आवें ॥ ४ ॥ हे ऋत्विजो! मनुष्यो मे बुद्धि रूप तेज व्याप्त

रने वाले, जगत् के रचयिता देवताओं के आह्वानकर्ता अग्नि के लिये पुरातन
ौर महान् स्तोत्रों का सम्पादन करो ॥५॥ (७)

अग्नि वर्धन्तु नो गिरो यतो जायत उक्थ्य ।
महे वाजाय द्रविणाय दर्शतः ।६।
अग्ने यजिष्ठो अध्वरे देवान्देवयते यज ।
होता मन्द्रो वि राजस्यति स्रिधः ।७।
स नः पावक दीदिहि द्युमदस्मे सुवीर्यम् ।
भवा स्तोतृभ्यो अन्तमः स्वस्तये ।८।
तं त्वा विप्रा विपन्यवो जागृवांसः समिन्धते ।
हव्यवाहममर्त्यं सहोवृधम् ।९।८।

अग्निदेव अन्न और धन के लिये दर्शन करने योग्य है जिस वाणी से उनकी प्रशंसा होती है हमारी वही वाणी स्तुति रूप में उस अग्नि को बढ़ावे ।६। अग्ने ! यज्ञकर्त्ताओं में तुम सर्वश्रेष्ठ हो । यजमानों के निमित्त यज्ञ में देवताओं के प्रति यजन करो । तुम यजमानों को सुख देने वाले रूप हो शत्रुओं को पराजित कर सुशोभित होते हो ॥ ७ ॥ हे अग्ने ! तुम पवित्र हो । हमको अत्यन्त शोभायमान दमकता हुआ ऐश्वर्य प्रदान करके स्तुति करने वालों का मङ्गल करने के लिए उन्हें प्राप्त होओ ।८। हे अग्ने ! तुम हविवाहक हो । अविनाशी हो । मन्थन रूप बल से बढ़े हुए हो । अत्यन्त विद्वान् स्तुतिकर्त्ता तुमको भले प्रकार चैतन्य करते है ।९। [८]

११ सूक्त

(ऋषि—विश्वामित्र । देवता—अग्नि । छन्द—गायत्री)

अग्निर्होता पुरोहितोऽध्वरस्य विचर्षणिः । स वेद यज्ञमानुषक् ।१।
स हव्यवाळमर्त्य उशिग्दूतश्चनोहितः । अग्निर्धिया समृण्वति ।२।
अग्निर्धिया स चेतति केतुर्यज्ञस्य पूर्व्यः । अर्थं ह्यस्य तरणि ।३।

अग्नि सूनुं सनश्रु तं सहसो जातवेदसम् । वह्निं देवा अकृण्वत ।
अदाभ्यः पुरएता विशामग्निर्मानुपीणाम् ।

तूर्णी रथः सदा नवः ॥

अग्नि यज्ञ के होता, पुरोहित और विशेष द्रष्टा हैं। वे यज्ञकर्म के ज्ञाता हैं ॥१॥ वे हविवहन करने वाले, अविनाशी देवताओ के दूत, अन्न हवियो की कामना वाले अग्निदेव अत्यन्त मेधावी है ॥ २ ॥ यज्ञ मे कर्ता पुरातन अग्नि अपनी बुद्धि के बल से सब कर्मों के ज्ञाता हैं। इनका तेज को नष्ट करने में समर्थ है ॥ ३ ॥ प्राचीन रूप मे प्रसिद्ध, जन्म से ही बल के पुत्र उन अग्निदेव को देवताओं ने हवि वहन करने वाला बनाया। मनुष्यो के नायक शीघ्रता से कार्य करने वाले, रथ के समान और सतत अग्नि की हिंसा करने में कोई समर्थ नही है ॥४॥

साह्वान्विश्वा अभियुजः क्रतुर्देवानाममृक्तः । अग्निस्तुविश्रवस्तमः ॥
अभि प्रयांसि वाहसा दाश्वाँ अश्नोति मर्त्यः क्षयं पावकशोचिषः ॥
परि विश्वानि सुधिताग्नेरश्याम मन्मभिः । विप्रासो जातवेदसः ॥
अग्ने विश्वानि वार्या वाजेषु सनिषामहे । त्वे देवास एरिरे ॥९॥

शत्रु की समस्त सेना को जीत लेने वाले, शत्रुओं द्वारा अधर्षणीय तथा देवताओं को पुष्ट करने वाले अग्निदेव अन्न राशियो से युक्त है ॥६॥ हवि देने वाला मनुष्य, हवि वहन करने वाले, अग्नि से समस्त अन्नो को पाता है। वह पवित्र करने वाले प्रकाशमान अग्नि यजमान को सुन्दर निवास स्थान प्राप्त कराते है ॥७॥ स्वयम् विद्वान अग्निदेव की स्तुति करते हुए हम सम्पूर्ण इच्छित धनों को प्राप्त करने वाले हो ॥ ८ ॥ हे अग्ने ! हम समस्त इच्छित धनो को प्राप्त करें, समस्त देवगण तुममें ही बसे हुये है ॥९॥

(१०)

१२ सूक्त

(ऋषि-विश्वामित्र । देवता इन्द्राग्नि । छन्द गायत्री)

इन्द्राग्नी आ गतं सुतं गीर्भिर्नभो वरेण्यम् । अस्य पातं धियेषिता ॥१
इन्द्राग्नी जरितुः सचा यज्ञो जिगाति चेतनः । अया पातमिमं सुतम् ॥२
इन्द्रमग्निं कविच्छदा यज्ञस्य जूत्या वृणे । ता सोमस्येह तृम्पताम् ॥३
तोशा वृत्रहणा हुवे सजित्वानापराजिता । इन्द्राग्नी वाजसातमा ॥४
प्र वामर्चन्त्युक्थिनो नीथाविदो जरितारः ।
इन्द्राग्नी इष आ वृणे ॥५॥११

हे इन्द्राग्ने ! स्तोत्रों द्वारा बुलाये जाकर तुम दिव्य, वरण करने योग्य सोम के निमित्त यहाँ आओ । हमारी साधना से प्रसन्न हुए इस सोम-रस का पान करो ॥१॥ हे इन्द्राग्ने ! स्तुति करने वाले की सहायता करने वाला यज्ञ का साधनभूत इन्द्रियों को पुष्ट करने वाला सोम प्रस्तुत है । इस निचोड़े हुए सोम-रस का पान करो ॥२॥ यज्ञ का साधन करने वाले सोम के द्वारा प्रेरणा प्राप्त कर स्तुति करने वालों को सुखी बनाने वाले इन्द्र और अग्नि का मैं पूजन करता हूँ । वे दोनों इस यज्ञ में सोम-रस पीकर तृप्ति को प्राप्त करें ॥३॥ शत्रु का नाश करने वाले, वृत्र-संहारक, विजयशील, किसी के द्वारा न जीते जाने वाले और बहुत सा अन्न देने वाले इन्द्राग्नि का आह्वान करता हूँ ॥४॥ हे इन्द्र, अग्ने ! स्तोतागण मन्त्र द्वारा तुम्हें पूजते हैं । स्तोत्रों के ज्ञाता मेधावी जन तुम्हारा पूजन करते हैं । अन्न प्राप्ति के लिये मैं भी तुम्हारा पूजन करता हूँ ॥५॥ (११)

इन्द्राग्नी नवतिं पुरो दासपत्नीरधूनुतम् । साकमेकेन कर्मणा ॥६
इन्द्राग्नी अपसस्पर्युप प्र यन्ति धीतयः । ऋतस्य पथ्या अनु ॥७
इन्द्राग्नी तविषाणि वां सधस्थानि प्रयांसि च । युवोरप्तूर्यं हितम् ॥८
इन्द्राग्नी रोचना दिवः परि वाजेषु भूषथः । तद्वां चेति प्र वीर्यम् ॥९॥१२

हे इन्द्राग्ने ! तुमने प्रथम चेष्टा से ही असुरों के नब्बे नगरों को एक साथ कम्पा दिया ॥६॥ हे इन्द्राग्ने ! स्तुति करने वाले विद्वान यज्ञ मार्ग पर चलते हुए हमारे कर्मों को विस्तृत करते हैं ॥७॥ हे इन्द्राग्ने ! तुम दोनों का बल और अन्न प्रसिद्ध ही है वर्षा को प्रेरित करने वाला कार्य तुम्हीं दोनों में स्थित है ॥८॥ हे इन्द्राग्ने ! तुम दिव्य लोक को सुशोभित करते हो। युद्ध में होने विजय तुम्हारी ही सामर्थ्य का परिणाम है ॥९॥ (१२)

१३ सूक्त

(ऋषि—प्रथमो वैतरामिर. । देवता—अग्नि । छन्द उष्णिक्, अनुष्टुप्)

प्र वो देवायाग्नये बर्हिष्ठमर्चास्मै ।
गमद्देवेभिरा स नो यजिष्ठो बर्हिरा सदत् ॥१॥
ऋतावा यस्य रोदसी दक्षं सचन्त ऊतयः ।
हविष्मन्तस्तमीलते तं सनिष्यन्तोऽवसे ॥२॥
स यन्ता विप्र एषां स यज्ञानामथा हि षः ।
अग्निं तं वो दुवस्यत दाता यो वनिता मघम् ॥३॥
स नः शर्माणि वीतयेऽग्निर्यच्छतु शन्तमा ।
यतोः नः प्रुष्णवद्वसु दिवि क्षितिभ्यो अप्स्वा ॥४॥
दीदिवांसमपूर्व्यं वस्वीभिरस्य धीतिभि. ।
ऋक्वाणो अग्निमिन्धते होतारं विश्पतिं विशाम् ॥५॥
उत नो ब्रह्मन्नविष उक्थेषु देवहूतमः ।
शं नः शोचा मरुद्वृधोऽग्ने सहस्रसातमः ॥६॥
नू नो रास्व सहस्रवत्तोकवत्पुष्टिमद्वसु ।
द्युमदग्ने सुवीर्यं वर्षिष्ठमनुपक्षितम् ॥७॥२३॥

अध्वर्युओ ! अग्निदेव के लिये स्तुति करो । वह अग्नि देवताओं के सहित यहाँ पधारें । यजन करने वालों में सर्वोपरि अग्निदेव कुश के

पर विराजमान हो ।। ।। आकाश पृथिवी जिनके वश में है, देवगण जिनकी शक्ति की सेवा करते है उन अग्नि का व्रत निरर्थक नहीं होता मेधावी अग्निदेव यजमानों को प्रेरणा देने वाले है। वे पुन पुन यह कार्य करते है। वे सबको बार-म्बार कर्मों मे लगाते है। व मनुष्यो को उन कर्मों का फल देते है। वे धन देने वाले है। उन अग्निदेव की सेवा करनी चाहिए ।।३।। वे अग्निदेव हमारे भोगने योग्य श्रेष्ठ धन और घर दे। आकाश, पृथिवी और अन्तरिक्ष का महान् धन अग्नि मे निहित है वह हमको प्राप्त होता है ।। ४ ।। स्तुति करने वाले मेधावी जन प्रकाशित, नवीन, देवताओ को बुलाने वाले, प्रजाओ का पालन करने वाले अग्निदेव को मनोरम स्तोत्रो द्वारा प्रदीप्त करते है।। ५ ।। हे अग्ने ! स्तुति के समय हमारे रक्षक होओ। तुम सहस्र सख्यक धन देने वाले हो। मरुद्गण तुम्हे बढ़ाते है। तुम हमारे सुख को बढाओ ।। ६ ।। हे अग्निदेव ! तुम हमको पुत्र सहित, पालन करने योग्य, यश देने वाला सर्वकार्य मे समर्थ, क्षय न होने वाला बहुत-सा अथवा सहस्र सख्या वाला धन प्रदान करो ।।७।। (१३)

१४ सूक्त

(ऋषि—ऋषभो वैश्वामित्र । देवता—अग्नि । छन्द – त्रिष्टुप्, पंक्ति)

आ होता मन्द्रो विदथान्यस्थात्सत्यो यज्वा कवितम स वेधाः ।
विद्युद्रथ सहसस्पुत्रो अग्निः शोचिष्केश. पृथिव्या पाजो अश्रेत् ।।१।।

अ यामि ते नमउक्ति जुषस्व ऋतावस्तुभ्य चेतते सहस्व. ।
विद्वा आ वक्षि विदुषो नि षत्सि मध्य आ वर्हिरूतये यजत्र ।।२।।

द्रवता त उषसा वाजयन्ती अग्ने वातस्य पथ्याभिरच्छ ।
यत्सीमजन्ति पूर्व्यं हविर्भिरा वन्धुरेव तस्थतुर्दुरोणे ।।३।।

मित्रश्च तुभ्य वरुण: सहस्वोऽग्ने विश्वे मरुतः सुम्नमर्चन् ।
यच्छोचिषा सहसस्पुत्र तिष्ठा अभि क्षितीः प्रथयन्त्सूर्यो नृन् ।।४।।

वय ते अद्यररिमा हि काममुत्तानहस्ता नमसोपसद्य ।

१५ सूक्त [दूसरा अनुवाक]

(ऋषि—उत्कील कात्य । देवता—अग्नि । छन्द-त्रिष्टुप् पंक्ति)

वि पाजसा पृथुना शोशुचानो बाधस्व द्विषो रक्षसो अमीवा ।
सुशर्मणो बृहतः शर्मणि स्यामग्नेरहं सुहवस्य प्रणीतौ ॥१
त्वं नो अस्या उषसो व्युष्टौ त्वं सूर उदिते बोधि गोपा ।
जन्मेव नित्यं तनयं जुषस्व स्तोमं मे अग्ने तन्वा सुजात ॥२
त्वं नृचक्षा वृषभानु पूर्वीः कृष्णास्वग्ने अरुषो वि भाहि।
वसो नेषि च पर्षि चात्यंहः कृधी नो राय उशिजो यविष्ठ ॥३
अषाल्हो अग्ने वृषभो दिदीहि पुरो विश्वाः सौभगा सञ्जिगीवान् ।
यज्ञस्य नेता प्रथमस्य पायोर्जातवेदो बृहतः सुप्रणीते ॥४
अच्छिद्रा शर्म जरितः पुरूणि देवाँ अच्छा दीद्यानः सुमेधाः ।
रथो न सस्निरभि वक्षि वाजमग्ने त्वं रोदसी नः सुमेके ।५
प्र पीपय वृषभ जिन्व वाजानग्ने त्वं रोदसी नः सुदोघे ।
देवेभिर्देव सुरुचा रुचानो मा नो मर्तस्य दुर्मतिः परिष्ठात् ॥६
इलामग्ने पुरुदंसं सनिं गोः शश्वत्तमं हवमानाय साध ।
स्यान्नः सूनुस्तनयो विजावाग्ने सा ते सुमतिर्भूत्वस्मे ॥७।१५

हे अग्ने ! विस्तृत तेज वाले तुम अत्यन्त प्रकाशित हो । तुम वैरि ो और दुष्ट राक्षसों का नाश करो । हम सर्वश्रेष्ठ महान्, सुख देने वाले और श्रेष्ठ आह्वान से युक्त हो । मैं तुम्हारे आश्रय को प्राप्त करने का इच्छुक हूँ ॥१॥ हे अग्ने ! तुम ऊषा के प्रकट होने के पश्चात् सर्वोदय काल में हमारी रक्षा के लिये प्रज्वलित होओ ! तुम स्वयं प्रकट होने वाले हो। पिता के पुत्र को प्राप्त करने के समान, तुम भी हमारी स्तुति को प्राप्त करो॥ २ ॥ हे अग्निदेव ! तुम इच्छितवर्षी हो। मनुष्यों को देखने वाले हो । तुम अन्धकार युक्त रात्रि में अधिक प्रकाशित होते हो। तुम्हारी लपटें बहुत हैं। तुम पितृ-रूप से हमको कर्मों का फल दो । हमारे पाप दूर करते हुये

..न को इच्छा वाले बनाओ ..।। हे अग्ने ! तुम्हें शत्रु हरा नहीं सकते। अभीष्टों की वर्षा करने वाले हो। तुम शत्रुओं के नगरों को धन सहित जीत प्रकाशित होते हो। तुम जन्म से ही मेधावी, महान् और शरण देने वाले हमारे यज्ञ के सम्पादन करने वाले बनो ॥४॥ हे अग्ने ! तुम संसार को निर प्रधाना बनाते हो। तुम उत्तम बुद्धि वाले और प्रकाशमान हो। देवताओं के निमित्त तुम हमारे यज्ञ कर्मों को निर्दोष बनाओ तुम रथ के समान यहां एक देवताओं के लिये हमारी हवियां पहुँचाओ। आकाश और पृथिवी को हमारे यज्ञ ..ा व्याप्त करो ॥५॥ हे अग्ने ! तुम अभीष्टों की वर्षा करने वाले हो हमको बढ़ाओ। हमको अन्न दो। उत्तम प्रकाश द्वारा शोभायमान तुम देवताओं के साथ मिलकर आकाश पृथिवी को अन्न दोहन के उपयुक्त करो। कुबुद्धि कभी भी ..मारे निकट न आवे ॥६॥ अग्ने ! तुम अनेक कर्मों के कारणभूत धन देने वाली ..पचो स्तुति करने वाले को दो। वंश को बढ़ाने वाला, सन्तानोत्पादन में समर्थ हमको मिले। तुम्हारी यह कृपा हम पर होनी चाहिये ॥७॥ (१५)

१६ सूक्त

(ऋषि—उत्कील. कात्य। देवता—अग्नि। छन्द—अनुष्टुप्, पंक्ति)

..ग्नि. सुवीर्यस्येशे मह. सौभगस्य।
राय ईशे स्वपत्यस्य गोमत ईशे वृत्रहथानाम् ॥१॥

इम नरो मरुत सश्चता वृध यस्मिन्राय शेवृधासः।
अभि ये सन्ति पृतनासु दूढ्यो विश्वाहा शत्रुमादभुः ॥२॥

स त्वं नो राय. शिशीहि मीढ्वो अग्ने सुवीर्यस्य।
तुविद्युम्न वर्षिष्ठस्य प्रजावतोऽनमीवस्य शुष्मिणः ॥३॥

..चक्रिर्यो विश्वा भुवनाभि सासहिश्चक्रिर्देवेष्वा दुवः।
आ देवेषु यतत आ सुवीर्य आ शस उत नृणाम् ॥४॥

.. नो अग्नेऽमतये मा वीरनायै रीरधः।
मा गोतायै सहसस्पुत्र मा निदेऽप द्वेषांस्या कृधि ॥५॥

समिध अग्ने मुनग प्रजावनोऽग्ने वृहतो अध्वरे ।
न गाया भूमा मूज मयोभुना तुविद्युम्न यशस्वता ।।६।।

हे अग्ने ! तुम महान् सामर्थ्य से युक्त, श्रेष्ठ सौभाग्य के अधिपति गवादि धनो मे सम्पन्न, सन्तानयुक्त ऐश्वर्यों के स्वामी तथा वृत्र वध करने वालो के नायक हो ।।१।। हे मरुद्गण ! तुम नायक रूप से सौभाग्य को बढाने वाले अग्निदेव से युक्त होओ । यह अग्नि सुख बढाने वाले धन से युक्त है । जिस सग्राम मे सेनाये युद्ध करती है, उसमे मरुद्गण शत्रुओं को हराते है । वे शत्रुओ के संहारक हैं ।।२।। हे अग्निदेव ! तुम अत्यन्त धन वाले तथा अभीष्टो की वर्षा करने वाले हो । हमको सन्तान वाला, आरोग्यतादायक, शक्ति और सामर्थ्य से युक्त धन देकर वृद्धि प्रदान करो ।।३।। वे अग्निदेव ससार के सभी कर्मों को पूर्ण करते हुए उनमे व्याप्त है । वे सभी भार को सहते हुये देवताओ को हवि पहुँचाते है । वे अग्नि स्तुति करने वालो से साक्षात् करते है । वे यज्ञानुष्ठान करने वालो की स्तुतियो के प्रति आते है । तथा युद्ध काल मे रणक्षेत्र मे पधारते है ।।४।। हे बलोत्पन्न अग्निदेव ! तुम हमको शत्रुओ से पीडित न होने देना, हम वीरो से शून्य न हो । पशुओ रहित एवं निन्दा भी न हो । तुम हमसे रुष्ट न होओ ।।५।। हे अग्ने ! तुम यज्ञ मे प्रकट हुए सन्तानवान् ऐश्वर्यों के स्वामी हो । हे वरणीय अग्निदेव ! तुम अत्यन्त वैभववान् हमको सुख देने वाला, यज्ञ बढाने वाला धन प्रदान करो ।।६।। (१६)

१७ सूक्त

(ऋषि—कतो वैश्वामित्र । देवता-अग्नि । छन्द—त्रिष्टुप्, पंक्ति)

समिध्यमानः प्रथमानु धर्मा समक्तुभिरज्यते विश्ववारः ।
शोचिष्केशो घृतनिर्णिक्पावकः सुयज्ञो अग्निर्यजथाय देवान् ।।१।।
यथायजो होत्रमग्ने पृथिव्या यथा दिवो जातवेदश्चिकित्वान् ।
एवानेन हविषा यक्षि देवान्मनुष्वद्यज्ञं प्र तिरेममद्य ।।२।।
त्रीण्यायूंषि तव जातवेदस्तिस्र आजानीरुषसस्ते अग्ने ।

ताभिर्देवानामवो यक्षि विद्वानथा भव यजमानाय शं योः ॥३
अग्नि सुदीतिं सुदृशं गृणन्तो नमस्यामस्त्वेड्यं जातवेदः ।
त्वां दूतमरतिं हव्यवाहं देवा अकृण्वन्नमृतस्य नाभिम् ॥४
यस्त्वद्धोता पूर्वो अग्ने यजीयान्द्विता च सत्ता स्वधया च शम्भुः ।
तस्यानु धर्म प्रयजा चिकित्वोऽथा नो धा अध्वरं देववीतौ ॥५॥१७

हे अग्निदेव ! धर्म को धारण करने वाले, ज्वाला रूप केश वाले, प्रदीप्त पवित्र और सत्कर्मों के कर्ता है । वे यज्ञ के आरम्भ काल मे प्रज्वलित होकर बढ़ते हुए देव यज्ञ को घृतादि युक्त हवियो से सींचते हैं ॥१॥ हे अग्ने तुम जन्म से ही मेधावी और सर्वज्ञ हो । तुमने जैसे पृथिवी और आकाश को हवियाँ दी थी वैसे ही हमारी हवियो को देते हुए देवताओ का यजन करो हमारे यज्ञ को मनु के समान ही सम्पन्न करो ॥२॥ हे जन्म से बुद्धिमान् अग्निदेव ! तुम्हारा अन्न आज्य, औषधि और सोम रूप तीन रूपों वाला है । एकाह, आहीन और समस्त रूप तीन उषा देवताएँ तुम्हारी मातृ रूप हैं । हे मेधावी ! तुम उनके सहित देवताओ को हविया देते हो । तुम यजमान को सुख और कल्याण प्राप्त कराने मे समर्थ होओ ॥ ३ ॥ हे अग्ने ! तुम स्वयं दीप्तिमान्, मेधावी, उत्तम दर्शन वाले, स्तुत्य हो । हम तुमको नमस्कार करते हैं । देवताओ ने तुम्हें मोह रहित और हवि पहुचाने वाले दौत्य कर्म मे नियुक्त किया है । तुम अमृत के नाभि रूप हो ॥ ४ ॥ हे अग्ने ? जो यज्ञकर्ता होता मध्यम और उत्तम स्थानों पर स्वधायुक्त बैठे हुये सुखी हैं, तुम उनके कर्तव्य को देखते हुये यज्ञ करो । फिर देवताओ को प्रसन्न करने के लिए हमारे इस यज्ञ को धारण करो ॥५॥ (१७)

१८ सूक्त

(ऋषि–कतो वैश्वामित्रः देवता–अग्नि । छन्द त्रिष्टुप्)

भवा नो अग्ने सुमना उपेतौ सखेव सख्ये पितरेव साधुः ।
पुरुद्रुहो हि क्षितयो जनानां प्रति प्रतीचीर्दहतादरातीः ॥१
तपोष्वग्ने अन्तरा अमित्रान् तपा शसमररुषः परस्य ।

तरो वमो विकिशानो अचित्तान्ति ते तिष्ठन्तामजरा अयास. ॥२
इध्मेनाग्ने इच्छमानो घृतेन जुहोमि हव्य तरसे बलाय ।
यावदीशे ब्रह्मणा वन्दमान इमा धिय शतसेयाय दवीम् ॥३
उच्छोचिषा सहसस्पुत्र स्तुतो वृहद्वय. शशमानेषु धेहि ।
रेवदग्ने विश्वामित्रपु शं योर्ममृ॑ज्मा ते तन्व भूरि कृत्व ॥४
कृधि रत्न सुनितर्धनाना स घेदग्ने भवसि सत्समिद्धः ।
स्तोतुदरोण सुभगस्य रेवत्सृप्रा करस्ना दधिषे वपू पि ॥५॥१८

हे अग्ने ! मित्र अथवा माता पिता के समान हितैषी बनो। हमसे प्रसन्न होओ। जो हम मनुष्यो के शत्रु अन्य विरुद्ध आचरण करने वाले मनुष्य हैं उनको भस्म कर डालो ॥१॥ हे अग्ने ! शत्रुओ के मार्ग मे बाधक बनो। जो दुष्ट हवि नही देते उनके अभीष्ट व्यर्थ हो। तुम उत्तम निवास-स्थान देने वाले, एव सर्वज्ञाता हो, *जिनका मन चलायमान हो उन मनुष्यो को दुख दो।* उनके लिये तुम्हारी जरा रहित किरणें बाधक बनें ॥२॥ हे अग्ने ! मैं धन की इच्छा से तुम वेगवान् और शक्तिशाली को समिधा और घृत युक्त हवि देता हूँ। मैं तुम्हारी स्तुति करके जब तक प्राणवान् रहूँ, तब तक मुझे धन देते रहो। धन देने के लिये मेरी स्तुति को प्रकाशमान बनाओ ॥३॥ हे बलोत्पन्न अग्निदेव ! तुम अपने तेज से प्रदीप्त होओ। तुम विश्वामित्र के वंशजों द्वारा स्तुति किये जाकर उन्हें धन सम्पन्न बनाओ। अन्न देते हुए आरोग्यता और निर्भयता भी दो। तुम कर्म करने वाले हो, हम साधक बारम्बार तुम्हारी साधना करेंगे ॥४॥ हे अग्निदेव ! तुम सब धनों के दाता हो, हमको धनो मे जो श्रेष्ठ धन है, वह प्रदान करो। जब तुम समिधाओ से युक्त होओ, तभी हमको प्रवृद्ध धन दो। तुम अपनी प्रकाशमान बाहुओं को स्तुति करने वाले के घर की ओर धन दान के निमित्त फैलाओ ॥५॥

१६ सूक्त

(ऋषि—तुविकपुत्रो गाथी। देवता—अग्नि। छन्द त्रिष्टुप्, पंक्ति)

अग्नि होतार प्र वृणे मियेधे गृत्स कवि विश्वविदममूरम्।
स नो यक्षद्देवताता यजीयान्राये वाजाय वनते मघानि।१।
प्र ते अग्ने हविष्मतीतियर्म्यच्छा सुद्युम्नां रातिनी घृताचीम्।
प्रदक्षिणिद्देवतातिमुराणः स रातिभिर्वसभिर्यज्ञमश्रेत।२।
स तेजीयसा मनसा त्वोत उत शिक्ष स्वपत्यस्य शिक्षो।
अग्ने रायो नृतमस्य प्रभतो भूयाम ते सष्टुतयश्च वस्वः।३।
भूरीणि हि त्वे दधिरे अनीकाग्ने देवस्य यज्यवो जनासः।
स आ वह देवताति यविष्ट शर्धो यदद्य दिव्य यजासि।४।
यत्त्वा होतारमनजन्मियेधे निषादयन्तो यजथाय देवाः।
स त्व नो अग्नेविनेहबोध्यधि श्रवांसि धेहि नस्तनूपु।५।१६।

हे अग्निदेव! तुम देवताओं के स्तोता, सर्वज्ञ प्रज्ञावान् हो। हम यज्ञ में तुम्हें होता रूप से ग्रहण करते हैं। वे अग्नि यज्ञ कर्मो में लग कर ताओं का यजन करें। वे धन और अन्न देने की इच्छा करते हुए हमारी हवि स्वीकार करें।१। हे अग्ने! मैं हवियुक्त हवि देने का साधन, घृत से पूर्ण को तुम्हारे सम्मुख करता हूँ। वे देवताओं के सम्मान करने वाले अग्नि हमको देने योग्य धन के सहित यज्ञ में भाग लें।२। हे अग्ने! तुम्हारी रक्षा प्राप्त कर साधक का हृदय अत्यन्त बल प्राप्त करता है। उसे सन्तानयुक्त धन दो। तुम फल देने की इच्छा वाले एवं महान् धन प्रदान करते हो, हम तुम्हारी महती रक्षा से निर्भय होते हुये-तुम्हारी स्तुति करें और धन के स्वामी बनेंगे। ३। हे अग्ने! तुम प्रकाशमान हो। यज्ञ करने वाले ने तुम्हें प्रदीप्त किया है। तुम यज्ञ में दिव्य तेज की साधना करने वाले हो, अतः देवताओं को आहूत करो।४। हे अग्ने! यज्ञ में विराजमान मेधावी ऋत्विग्गण तुम्हें होता कहते हैं। तुम हमारी रक्षा के निमित्त होओ। हमारे करो।५।

॥ प्रथम खण्ड समाप्त ॥

वेद, उपनिषद्, दर्शन, स्मृतियां, पुराण,
यंत्र, मंत्र, तंत्र, कर्मकाण्ड, स्वास्थ्य,
व्यायाम, योग, वेदान्त, ज्योतिष,
आयुर्वेद, होमियोपैथिक,
व
प्राकृतिक चिकित्सा सम्बन्धी
श्रेष्ठतम साहित्य
का

सूची पत्र

प्रकाशक :
संस्कृति संस्थान,
ख्वाजा कुतुब, वेद नगर,
बरेली—२४३००१

वेद

१—ऋग्वेद ४ खण्ड सम्पूर्ण	(भा० टी०)	... ... ३६)
२—अथर्व वेद २ खण्ड-सम्पूर्ण	(भा० टी०)	... ... १८)
३—यजुर्वेद-सम्पूर्ण	(भा० टी०)	... ... ६)
४—सामवेद-सम्पूर्ण	(भा० टी०)	... ... ८)
५—वेद महाविज्ञान		... ... १२)
६—वेद में अध्यात्म विद्या		... ... ६)५०
७—शत्पथ ब्राह्मण	(भा० टी०)	... ... १२)

उपनिषद्

८—१०८ उपनिषद् ३ खण्ड	(भा० टी०)	... ... ३०)
९—उपनिषद् रहस्य		... ... ६)५०
१०—वृहदारण्यकोपनिषद्	(भा० टी०)	... ... ४)
११—छान्दोग्योपनिषद्	(भा० टी०)	... ... ४)५०

गीता

१२—गीता विश्वकोश २ खण्ड		... ... १२)
१३—ज्ञानेश्वरी भगवद्गीता	(भा० टी०)	... ... १०)

दर्शन

१४—वैशेषिक दर्शन	(भा० टी०)	... ... ६)२५
१५—न्याय दर्शन	(भा० टी०)	... ... ५)७५
१६—सांख्य दर्शन	(भा० टी०)	... ... ५)७५
१७—योग दर्शन	(भा० टी०)	... [illegible])७५
१८—वेदान्त दर्शन	(भा० टी०)	...
१९—मीमांसा दर्शन	(भा० टी०)	...

पुराण

कथा, इतिहास

वेद

१—ऋग्वेद ४ खण्ड सम्पूर्ण (भा० टी०) ... ... ३६)
२—अथर्व वेद २ खण्ड-सम्पूर्ण (भा० टी०) ... ... १८)
३—यजुर्वेद-सम्पूर्ण (भा० टी०) ... ... ६)
४—सामवेद-सम्पूर्ण (भा० टी०) ... ... ८)
५—वेद महाविज्ञान ... ... १२)
६—वेद में अध्यात्म विद्या ... ... ६)५
७—शतपथ ब्राह्मण (भा० टी०) ... ... १२)

उपनिषद्

८—१०८ उपनिषद् ३ खण्ड (भा० टी०) ... ... ३०)
९—उपनिषद् रहस्य ... ... ६)५०
१०—बृहदारण्यकोपनिषद् (भा० टी०) ... ... ४)
११—छान्दोग्योपनिषद् (भा० टी०) ... ... ४)५०

गीता

१२—गीता विश्वकोश २ खण्ड ... ... १२)
१३—ज्ञानेश्वरी भगवद्गीता (भा० टी०) ... १०)

दर्शन

१४—वैशेषिक दर्शन (भा० ...
१५—न्याय दर्शन (भा
१६—सांख्य दर्शन (भा
१७—योग दर्शन (
१८—वेदान्त दर्शन (
१९—मीमांसा दर्शन

७१—मानस मन्त्र सिद्धि ... ... ४)
७२—कृष्ण नाम सिद्धि ... ... ४)
७३—शाबर मन्त्र सिद्धि ... ... ३)५०
७४—लक्ष्मी सिद्धि (भा० टी०) ... ... ८)७५
७५—गणेश सिद्धि ... ... ६)
७६—हनुमत् सिद्धि ... ... ६)५०
७७—बगलामुखी सिद्धि ... ... ५)७५
७८—काली सिद्धि ... ... ४)५०
७९—महामृत्युञ्जय साधना (भा० टी०) ... ... २)२५

तन्त्र साहित्य

८०—तन्त्र महाविज्ञान २ खण्ड (प्रेस में) ... ... २२)
८१—तन्त्र विज्ञान ... ... ६)
८२—तन्त्र रहस्य ... ... ६)
८३—तन्त्र महाविद्या ... ... ६)
८४—तन्त्र महासिद्धि ... ... ६)
८५—तन्त्र महासाधना (भा० टी०) ... ... १०)
८६—शारदा तिलक (भा० टी०) ... ... १०)
८७—यन्त्र महासिद्धि ... ... ४)५०

गायत्री साहित्य

८८—गायत्री रहस्य ... ... ५)
८९—गायत्री महासाधना ... ... ६)
९०—गायत्री महाविद्या ... ... ४)
९१—गायत्री सिद्धि ... ... ५)७५
९२—गायत्री तन्त्र ... ... ५)७५
९३—गायत्री योग ... ... ६)
९४—गायत्री साधना के चमत्कार ... ... ३)
९५—गायत्री की उच्च साधनायें ... ... ४)
९६—गायत्री का मर्म चिन्तन ... ... ३)५०
९७—सरल गायत्री साधना ... ... ३)५०

धर्म शास्त्र

नीति शास्त्र

धर्म, अध्यात्म

मन्त्र साहित्य

तन्त्र साहित्य

गायत्री साहित्य

कर्म काण्ड

१२७—षोडश संस्कार पद्धति ... ... ८)
१२८—गृह्य सूत्र संग्रह (भा० टी०) ... ... १०)
१२९—नित्य कर्म विधि ... ... ४)५०
१३०—सन्ध्या विधि ... ...)५०

स्तोत्र

१३१—वृहत् स्तोत्र-रत्नाकर ... ... १०)५०
१३२—संकट नाशक स्तोत्र ... ... ५)
१३३—गोपाल सहस्रनाम ... ... १)२५
१३४—सुन्दर काण्ड (ग्लेज) ... ...)७५

योग साहित्य

१३५—योग चिकित्सा २ खण्ड ... ... १२)५०
१३६—योग और यौवन ... ... ६)
१३७—योग और पुरुषत्व ... ... ६)
१३८—योग और महिलायें ... ... ६)२५
१३९—योग के चमत्कार ... ... ४)५०
१४०—प्राणायाम के असाधारण प्रयोग ... ... ५)७५
१४१—योगासन से रोग निवारण ... ... ६)
१४२—सूर्य नमस्कार से रोग निवारण ... ... १)५०
१४३—अष्टांग योग सिद्धि ... ... ६)
१४४—अष्टांग योग रहस्य ... ... ६)
१४५—भारत के योगी ... ... ३)७५
१४६—योग साधना (भा० टी०) ... ... ६)७५
१४७—हठयोग प्रदीपिका (भा० टी०) ... ... ४)२५
१४८—घेरण्ड संहिता (भा० टी०) ... ... १)७५
१४९—शिव संहिता (भा० टी०) ... ... ३)२५
१५०—गोरक्ष संहिता (भा० टी०) ... ... ३)२५
१५१—श्री गोरख नाथ चरित्र ... ... १)
१५२—बृहद् शिव स्वरोदय (भा० टी०) ... ... १)५०

वेदान्त

स्वास्थ्य, चिकित्सा, व्यायाम

प्राकृतिक चिकित्सा

आयुर्वेद साहित्य

जीवनोपयोगी

राजनीति

संस्कृत साहित्य

होमियोपैथिक

ज्योतिष और सामुद्रिक

जीवनोपयोगी

राजनीति

संस्कृत साहित्य

डॉ० चमन लाल गौतम द्वारा रचित–सम्पादित ग्रन्थ

डॉ० चमन लाल गौतम द्वारा रचित-सम्पादित ग्रन्थ

ग्रन्थ		मूल्य
१—मंत्र महाविज्ञान ४ खण्ड	...	३४)
२—तंत्र महाविज्ञान २ खण्ड (प्रेस मे)	...	२२)
३—उपासना महाविज्ञान	...	९)
४—देव रहस्य	...	९)
५—शिव रहस्य २ खण्ड	...	११)५०
६—पूजा रहस्य	...	५)७५
७—श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा (भाषा)	...	१४)
८—वैदिक मंत्र विद्या	...	८)
९—ओंकार सिद्धि	...	५)७५
१०—प्राणायाम के असाधारण प्रयोग	...	५)७५
११—योगासन से रोग निवारण	...	६)
१२—अष्टांग योग सिद्धि	...	६)
१३—अष्टांग योग रहस्य	...	६)
१४—तंत्र विज्ञान	...	६)
१५—तंत्र रहस्य	...	६)
१६—तंत्र महाविद्या	...	६)
१७—तंत्र महासिद्धि	...	६)
१८—गायत्री रहस्य	...	५)
१९—गायत्री महासाधना	...	६)
२०—गायत्री की उच्च साधनायें	...	४)
२१—महाभारत (भाषा)	...	८)
थ ब्राह्मण (भा० टी०)	...	१२)
ति (भा० टी०)	...	९)
चदशी पीताम्बरी (भा० टी०)	...	१०)
—ब्रह्मसूत्र (भा० टी०)	...	१०)
२६—लक्ष्मी सिद्धि (भा० टी०)	...	८)७५
२७—गणेश सिद्धि	...	९)